www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

67 YEARS देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 20 मई 2025। वर्ष – 67। अंक –34। पृष्ठ –12। मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59




■ आतंकवाद के खिलाफ एकता और भाजपा का पाखंड
■ मोदी सरकार प्रेस को दबाकर पाकिस्तान की चुनौती का सामना... पृष्ठ 6

■ 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ
■ तुर्की ने गाजा में इजरायल के जमीनी हमलों को तुरंत रोकने की मांग की पृष्ठ 7

मैसी ने इंटर मियामी से किया एकजुटता का आह्वान पृष्ठ 8


## एयर स्ट्राइक से पहले पाकिस्तान को अलर्ट करना पाप : कांग्रेस

# सिंदूर का सौदा होता रहा, प्रधानमंत्री चुप रहे

**नई दिल्ली**, 19 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने भाजपा को 'सिंदूर का सौदागर' कहा। उन्होंने कहा कि ट्रम्प दावा करते रहे कि उन्होंने युद्ध रुकवाया। भारत को व्यापार बंद करने की धमकी दी। यानी सिंदूर का सौदा होता रहा और प्रधानमंत्री चुप रहे। इसके साथ ही खेड़ा ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से राहुल गांधी के सवाल दोहराए। उन्होंने कहा– विदेश मंत्री ने स्वीकारा है कि उन्होंने एयर स्ट्राइक से पहले पाकिस्तान को जानकारी दे दी थी। अब सरकार बताए, इस वजह से हमने कितने विमान गंवाए। ये कोई गलती नहीं थी, ये एक अपराध था, पाप था। देश का सच्चाई जानने का हक है।

**देश से गद्दारी मंजूर नहीं**

गुस्सा हम सबके दिलों में है। हमारे सैनिक पराक्रम दिखाकर पाकिस्तान को घुटने पर ले आते हैं। अचानक डोनाल्ड ट्रम्प आते हैं और कहते हैं– सीजफायर। टीवी चैनल हम सबमें जोश भरते हैं कि इस्लामाबाद कब्जे में आ रहा है, कराची पर हमला हो गया है, लेकिन बीच में डोनाल्ड ट्रम्प आ जाते हैं और मोदी चुप हैं। सिंदूर से सौदा मंजूर नहीं है। देश से गद्दारी मंजूर नहीं है।



■ कांग्रेस ने की प्रेस कांफ्रेंस, भाजपा को 'सिंदूर का सौदागर'
■ अब सरकार बताए, इस वजह से हमने कितने विमान गंवाए
■ ट्रम्प ने भारत को व्यापार बंद करने की धमकी दी, मोदी चुप रहे

**इसे कूटनीति नहीं, मुखबिरी कहा जाता**

खेड़ा ने आरोप लगाया कि विदेश मंत्री ने जो किया है, उसे कूटनीति नहीं, बल्कि मुखबिरी कहा जाता है। उन्होंने सवाल किया, 'क्या इसी मुखबिरी की वजह से मसूद अज़हर ज़िंदा बच गया और हाफिज ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### राहुल ने फिर साधा विदेश मंत्री पर निशाना

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक्स पर लिखा– विदेशमंत्री की चुप्पी निंदनीय है और इससे सब साफ हो रहा है। मैं फिर से पूछूंगा कि उन्हें ऐसा करने का अधिकार किसने दिया, उनके ऐसा करने से हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए?

**तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा: विदेश मंत्रालय**

राहुल के आरोपों पर विदेश मंत्रालय ने जवाब देते हुए कहा, विदेश मंत्री ने कहा था कि ऑपरेशन की शुरुआत में पाकिस्तान को चेतावनी दी थी। इसे अब ऐसे पेश किया जा रहा है, जैसे ऑपरेशन से पहले उन्हें जानकारी दी गई हो। तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। हम इसका विरोध करते हैं।

### आतंकी ठिकानों पर हमले के बाद पाकिस्तान को जानकारी दी गई थी : मिस्त्री

विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति की आज यहां एक बैठक हुई जिसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने ऑपरेशन सिंदूर और भारत–पाकिस्तान के बीच हाल के तनाव के बारे में सिलसिलेवार जानकारी दी। सूत्रों ने यहां बताया कि बैठक में श्री मिस्त्री ने संसदीय स्थायी समिति को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सिलसिलेवार ढंग से घटनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर से भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का समुचित जवाब दिया और आतंकवादियों के ठिकानों, प्रशिक्षण स्थलों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार विदेश सचिव ने स्पष्ट किया कि आतंकवादी ठिकानों पर हमले के बाद पाकिस्तान को जानकारी दे ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# केंद्र सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं को अपने कब्जे में कर लिया : पायलट

**जांजगीर**, 19 मई (देशबन्धु)। संविधान कागज का टुकड़ा नहीं यह भारत की लोकतंत्र की आत्मा है, जो लोकतंत्र को जीवित रखने संचालित करने का संपूर्ण दस्तावेज है, इसकी मिसाल पूरे विश्व में दी जाती है। अब तक प्रत्येक सरकार ने इसे पोषित व संरक्षित किया है, मगर पिछले कुछ वर्षों से इस सरकार ने देश के संवैधानिक संस्थाओं को अपने कब्जे में कर लिया है जिससे आम लोगों को उनका अधिकार मिलना मुश्किल हो गया है। पहले की सरकारों में छात्र, मजदूर, किसान आंदोलन किया करते थे और सरकारी उनकी मांगों पर विचार करती थी, मगर आज हालात यह है कि किसान वर्षों से धरने पर बैठे रहते हैं, खिलाड़ी धरना देते हैं मगर उनकी आवाज दबाई जाती है, यहां तक की विपक्ष की आवाज भी दबाई जा रही है, इसकी रक्षा करने के लिए हमारे केंद्रीय तृत्व ने संविधान बचाओ अभियान शुरू किया है जिसकी शुरुआत आपके जिले से की जा रही है।

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



**जातिगत जनणना कांग्रेस की जीत :** राहुल गांधी द्वारा उठाए गए जातिगत जनगणना के मुद्दे पर बोलते हुए कई नेताओं ने इसे कांग्रेस की नैतिक जीत बताया। भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार पहले इसका विरोध कर रही थी लेकिन अब घुटने टेकते हुए इंसे स्वीकार कर लिया है।

### संविधान को खतरा : महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, लाल किताब संविधान है, जिसमें भारत समाहित है। लेकिन आज संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। संसद कानून बनाने की संस्था है, लेकिन विपक्ष को बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा। वे कहते है हम ही संविधान हैं, उसे पढ़ना, समझना और मानना होगा।

### बीजेपी पर आरक्षण विरोधी नीति अपनाने का आरोप

ताम्रध्वज साहू और टी.एस. सिंहदेव ने बीजेपी सरकार पर आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एससी, एसटी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के गरीबों को आरक्षण देने की कोशिश की गई, लेकिन राज्यपाल ने रोक लगा दी।

## सार संक्षेप

### प्रतिनिधिमंडल में कौन जाएगा, यह पार्टी करेगी फैसला: अभिषेक

**कोलकाता**। केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न देशों में सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को भेजने के फैसले को लेकर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस के बाद अब टीएमसी ने भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों के चुने जाने को लेकर सवाल उठाए हैं। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि हमारी पार्टी का कौन सदस्य प्रतिनिधिमंडल में जाएगा, यह हमारी पार्टी का फैसला है। केंद्र सरकार एकतरफा फैसला नहीं कर सकती है।

### खरगे ने प्रोफेसर अली खान की गिरफ्तारी पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली**। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर टिप्पणी करने को लेकर गिरफ्तार किए गए अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के मामले में अब सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा से सवाल किया है। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर अली खान की गिरफ्तारी दिखाती है कि भाजपा किसी भी ऐसी राय से कितना डरती है, जो उन्हें पसंद नहीं।

### मुंबई-गोवा हाईवे पर नदी में गिरी कार, 5 की मौत

**रत्नागिरी**। महाराष्ट्र के मुंबई-गोवा हाईवे पर एक दर्दनाक हादसे में एक कार जगबुडी नदी में गिर गई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और ड्राइवर घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी लोग मुंबई के मिरा रोड से रत्नागिरी के देवरुख में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

### यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड

**हिसार**। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी (आईएसआई) के लिए जासूसी करने और जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा के हिसार की 33 वर्षीय यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा का इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। उनके इंस्टाग्राम पर 1.31 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स थे।

### पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में व्यापारी गिरफ्तार

**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के लिए जासूसी करने के आरोप में रामपुर से एक व्यवसायी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान शहजाद के रूप में हुई है।

# रायपुर में खेले जाएंगे महिला वन डे विश्व कप के दो मैच

**रायपुर/मुंबई**, 19 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में महिला ओडीआई विश्व कप के मैच भी खेले जाएंगे। 2025 आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप भारत में 29 सितंबर से 26 अक्टूबर तक आयोजित होगा, जिसका फाइनल मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। अन्य मेजबान शहरों में रायपुर, विशाखापट्टनम, तिरुवनंतपुरम और इंदौर शामिल हैं। बताया जा रहा हैं कि कम से कम दो मैच नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में खेला जाएगा। इसका पूरा शेड्यूल अगले कुछ दिनों में सामने आ जायेगा।



इन स्थानों में से, केवल विशाखापट्टनम ने पहले एक अंतरराष्ट्रीय महिला मैच की मेजबानी की है। एसीए–वीडीसीए स्टेडियम ने आखिरी बार 2014 में एक महिला मैच आयोजित किया था और कुल छह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय और पांच महिला वनडे मैचों की मेजबानी की है। वहीं, इंदौर के नेहरू स्टेडियम ने दो महिला वर्ल्ड कप मैचों की मेजबानी की थी, लेकिन अब इसे होलकर स्टेडियम ने बदल दिया है, जो शहर का प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्थल बन चुका है।

मेजबान राष्ट्र के रूप में, भारत पहले ही टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर चुका है, जबकि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका भी पहले से क्वालीफाई कर चुके हैं।

यह भारत द्वारा आयोजित पहला 50–ओवर का महिला वर्ल्ड कप होगा जब से 2013 में आखिरी बार इसकी मेजबानी की गई थी, जिसमें भारतीय टीम ग्रुप स्टेज से आगे नहीं बढ़ पाई थी। भारत ने 2016 में महिला टी20 वर्ल्ड कप की भी मेजबानी की थी। 2025 संस्करण 2022 टूर्नामेंट के समान प्रारूप का पालन करेगा, जिसमें आठ टीमें 31 मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। भारत अब तक महिला वनडे वर्ल्ड कप नहीं जीत पाया है, हालांकि 2017 में वह इंग्लैंड के खिलाफ उपविजेता रहा था। यह संस्करण भारत का पहला 50–ओवर वर्ल्ड कप होगा जिसमें दिग्गज खिलाड़ी मिताली राज और झूलन गोस्वामी नहीं होंगी, क्योंकि दोनों क्रिकेट से संन्यास ले चुकी हैं।

## शाही जामा मस्जिद विवाद

# हाईकोर्ट ने मस्जिद कमेटी की अर्जी खारिज की

**प्रयागराज**, 19 मई (एजेंसियां)। शाही जामा मस्जिद, संभल से जुड़े विवाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को मस्जिद प्रबंधन समिति की सिविल पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी। इस फैसले के साथ ही अब यह स्पष्ट हो गया है कि संभल की जिला अदालत में चल रही सर्वे संबंधी कार्यवाही जारी रहेगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने मुस्लिम पक्ष की दलीलों को अस्वीकार करते हुए यह निर्णय सुनाया। 13 मई को हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# विजय शाह को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

**कर्नल कुरैशी पर टिप्पणी मामला**

■ शीर्ष अदालत ने जांच के लिए एसआईटी गठित करने को कहा

**नई दिल्ली**, 19 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक बार फिर मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह को कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए बयान पर फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम इस मामले में मंत्री की माफी स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। कोर्ट ने आगे कहा, 'आप एक सार्वजनिक चेहरा हैं। एक अनुभवी नेता हैं। आपको बोलने से पहले अपने शब्दों को तोलना चाहिए। हमें आपके वीडियो यहां चलाने चाहिए। यह सेना के लिए एक अहम मुद्दा है। हमें इस मामले में बेहद जिम्मेदार होना होगा।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, इस टिप्पणी के कारण पूरा देश शर्मसार है। हमने आपके वीडियो देखे। आप बहुत गंदी भाषा का इस्तेमाल करने वाले थे, लेकिन शायद आपकी समझ काम आई या आपके दिमाग ने आपको रोका या फिर हो सकता है कि आपको उचित शब्द न मिले हों। आपको शर्म आनी चाहिए। पूरे देश को हमारी सेना पर गर्व है और आपने यह बयान दिया।'

**पहली रिपोर्ट 28 तक दाखिल की जानी चाहिए**–शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को मंगलवार सुबह 10 बजे तक आईजी रैंक के अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने को कहा है। इस दल में एक महिला अधिकारी भी शामिल होगी। यह दल मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के बाद दर्ज ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# जो सरकार अच्छा काम करती है वह आम जनता के बीच जाने से नहीं कतराती : साय




■ बीते डेढ़ साल में हमने जनता के लिए काम किया,इसलिए जनता के बीच जा रहे : मुख्यमंत्री

**बिलासपुर**, 19 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का उड़न खटोला बिलासपुर जिले के कोटा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम आमागोहन में उतरा। वनांचल के आदिवासी ग्राम में मुख्यमंत्री श्री साय को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में उत्साह और खुशी का माहौल था। वे चिलचिलाती धूप की परवाह किए बगैर अपने राज्य के मुखिया को एक झलक देखने और उन्हें सुनने के लिए घण्टो डटे रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने समाधान शिविर में जहाँ ग्रामीणों से संवाद किया वहीं मुख्यमंत्री ने समाधान पेटी में डाले गए आवेदनों की निराकरण की स्थिति भी जानी। उन्होंने सुशासन तिहार की सार्थकता को बताते हुए कहा कि आज सुशासन तिहार के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सरकार आपके गाँव में आई है। हमने बीते डेढ़ वर्षों में राज्य के लोगों के हित में कार्य किया है। जो सरकार अच्छा काम करती है उनकी ही हिम्मत होती है जनता के बीच जाने की। सुशासन तिहार एक तरह से हमारा रिपोर्ट कार्ड भी है और हमारी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का आंकलन करने का अवसर भी। इसके माध्यम से सरकार ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# शराब घोटाला मामले में अनवर ढेबर को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**रायपुर**, 19 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए प्रमुख आरोपी अनवर ढेबर को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।



प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज ईसीआईआर के तहत अनवर ढेबर को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। याचिकाकर्ता ढेबर के वकील अर्शदीप सिंह खुराना ने अदालत में तर्क दिया कि पहले की ईसीआईआर के तहत अनवर ढेबर पहले ही 80 दिनों की हिरासत पूरी कर चुके हैं। वर्तमान ईसीआईआर के तहत उन्हें 8 अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया गया था और अब तक 3 पूरक शिकायतें दायर की जा चुकी हैं, जिनमें 40 गवाहों का हवाला दिया गया है, और जांच अब भी जारी है। एसीबी और ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज समानांतर मामले में 450 गवाह हैं, लेकिन अब तक किसी आरोप पर संज्ञान नहीं लिया गया है। लिहाजा, निकट भविष्य में मुकदमा शुरू होने की संभावना नगण्य है।

**सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया यह फैसला**–न्यायालय ने यह भी माना कि इस अपराध की अधिकतम सजा 7 वर्ष है और 'सेंथिल बालाजी बनाम उप निदेशक' के फैसले के अनुरूप यह ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित सामग्री की होगी गुणवत्ता जांच

**रायपुर**, 19 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेशभर के आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित की जा रही सामग्री की गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस संबंध में विशेष जांच समिति का गठन किया है, जो रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर–चांपा, जशपुर और सरगुजा जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों में भेजी गई सामग्रियों की जांच करेगी।



15 दिन में मांगी गई रिपोर्ट

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सामग्रियों की गुणवत्ता को लेकर मिल रही शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए विभागीय सचिव शम्मी आबिदी को तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। मंत्री ने कहा, बच्चों और महिलाओं के पोषण से जुड़ी सामग्री की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## श्रीलंकाई के शरण मांगने पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

# भारत धर्मशाला नहीं, पहले ही 140 करोड़ लोग

**नई दिल्ली**, 19 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा है कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है, जहां किसी को भी रहने दिया जाए। श्रीलंका से भारत आए एक पूर्व एलटीटीई सदस्य की याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने ऐसा कहा है। याचिकाकर्ता ने भारत में ही रहने देने की मांग की थी। सुभास्करण उर्फ जीवन उर्फ राजा उर्फ प्रभा 2015 में तमिलनाडु में गिरफ्तार हुआ था. पुलिस ने उसे शक के आधार पर पकड़ा था। मुकदमे में यह साबित हुआ कि वह अवैध तरीके से भारत में घुसा श्रीलंकाई तमिल उग्रवादी है। निचली अदालत ने उसे यूएपीए कानून के तहत 10 साल की सजा दी। 2022 में हाई कोर्ट ने इस सजा को घटाकर 7 साल कर दिया। लेकिन हाई कोर्ट ने कहा कि सजा पूरी होते ही सुभास्करण को भारत छोड़कर श्रीलंका जाना होगा। यहां पहले ही 140 करोड़ जनसंख्या है।

# शराब सप्लायर अशोक अग्रवाल के घर एसीबी ने मारा छापा

**अंबिकापुर**, 19 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित आबकारी घोटाला मामले में आज एंटी करप्शन ब्यूरो ने अंबिकापुर में अशोक अग्रवाल के घर दबिश दी है। अशोक पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के करीबी हैं। इसके साथ ही वे पूर्व में कांग्रेस पार्टी के समर्थक रहे हैं। इसके चलते वे एसीबी की रडार में आए और आज उनके घर पर एसीबी छापेमार कार्रवाई करने रामनिवास कालोनी पहुंची है। सरगुजा संभाग एसीबी के डीएसपी प्रमोद खेस के नेतृत्व में टीम शराब घोटाले से जुड़े दस्तावेजों की छानबीन कर रही है। बता दें, इससे पहले भी कांग्रेस सरकार के समय अशोक अग्रवाल के घर पर इनकम टैक्स की छापेमारी हुई थी।

**दस्तावेजों की जांच में जुटी**

अशोक कांग्रेस समर्थक हैं जबकि उनके बेटे आकाश अग्रवाल भाजपा नेता हैं और राजपुर जनपद पंचायत के जनपद उपाध्यक्ष हैं। शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की संलिप्तता सामने आने के बाद इसके 17 मई को भी एसीबी ने रायपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिलों में 13 अलग–अलग ठिकानों ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सुरक्षा की मांग — तनातनी के बीच एलओसी पर निजी बंकरों की मांग बढ़ी

# सड़क, बिजली, पानी नहीं, बस बंकर चाहिए

■ पाकिस्तानी सैनिक नागरिक ठिकानों को निशाना बनाते हैं

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 19 मई। सीजफायर के बावजूद एलओसी पर किसी भी समय गरजने के लिए तैयार बैठे पाक तोपखानों ने सीमावासियों को मजबूर किया है कि वे निजी बंकरों को तैयार करें। गोलाबारी से होने वाली लगातार मौतों के चलते अधिक से अधिक बंकरों की मांग भी बढ़ती जा रही है।**

*यही नहीं यह है तो हैरान करने वाली बात पर पूरी तरह से सच है कि पाकिस्तान से सटी 814 किमी लंबी एलओसी अर्थात लाइन आफ कंट्रोल से सटे गांवों में रहने वाले लाखों परिवारों को भोजन, सड़क, बिजली और पानी से अधिक जरूरत उन भूमिगत बंकरों की है जिनमें छुप कर वे उस समय अपनी जानें बचाना चाहते हैं जब पाकिस्तानी सैनिक नागरिक ठिकानों को निशाना बना गोलों की बरसात करते हैं। जानकारी के लिए 1999 में करगिल युद्ध के बाद से तो भूमिगत बंकर सीमांत नागरिकों के जीवन का अभिन्न अंग बन चुके हैं। उड़ी सेक्टर में गत आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा दागे गए गोलों की गूंज शांत होते ही स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए सामुदायिक बंकरों का निर्माण कार्य तेज हो गया है। यह बंकर गोलाबारी के समय लोगों की जान बचाने के लिए एक सुरक्षित ठिकाने के रुप में काम आएंगे।*

***अगले माह तक 40 बंकर लोगों को सौंपे जाएंगे***

*अधिकारी कहते थे कि अगले माह तक 40 के करीब बंकर लोगों को सौंपे जाएंगे। इसके साथ ही उड़ी सेक्टर में ग्रामीणों के लिए बंकरों की तादाद भी 100 को पार कर जाएगी। प्रशासन ने उड़ी में 250 निजी बंकरों का एक प्रस्ताव भी केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजा है।*

*दरअसल पाक सेना की ओर से गोलाबारी के बाद एलओसी के इलाकों में घर छोड़ने के लिये मजबूर होने वाले लोगों ने अब सरकार से अपने घरों पर व्यक्तिगत बंकर बनाये जाने की मांग की है। पाकिस्तान की तरफ से की जाने वाली भारी गोलाबारी की वजह से एलओसी के गांवों से लोगों का पलायन अब आम बात हो गई है।*

*अधिकारियों का कहना था कि पाक सैनिक कभी भी दोबारा जंग बंदी तोड़ सकते हैं, इसलिए हमने ग्रामीणों की किसी भी आपात स्थिति में मदद की एक कार्य योजना तैयार की है।*

*इसके अलावा एलओसी के साथ सटी अग्रिम नागरिक बस्तियों में सामुदायिक बंकरों का निर्माण तेज किया गया है। जिले में हमारे पास पहले ही 20 सामुदायिक बंकर हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कुछ अरसा पहले 44 नए बंकरों का मंजूर किया है।*

# देश

**उवाच**

"हमें पाकिस्तान से ज्यादा चीन के बारे में बात करने की जरूरत है। हमें चीन पर चर्चा करनी चाहिए और यह उजागर करना चाहिए कि अमेरिका ने किस तरह हमारे खिलाफ साजिश रची। अमेरिका ने हमारे देश की अस्मिता के साथ खिलवाड़ किया है।

-पप्पू यादव,पूर्णिया के सांसद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 39.0 | 28.0 |
| मुंबई | 33.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 34.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# केंद्र को ट्रंप के बयान पर करना चाहिए अपना रुख स्पष्ट : कांग्रेस

■ कांग्रेस नेता ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर उठाए सवाल

**जयपुर,** 19 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा है कि अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर दिया बयान मायना रखता है और इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार ने अभी तक अपना रुख स्पष्ट नहीं किया हैं, क्या उन्हें किसी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार थी। उन्होंने सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि केंद्र सरकार को अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत-पाकिस्तान मध्यस्थता की पेशकश को स्पष्ट रूप से खारिज करना चाहिए था। अशोक गहलोत ने कहा कि सरकार यह मानने को तैयार नहीं कि उससे गलती हुई। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप होते कौन हैं बीच में बोलने वाले। सरकार को कहना चाहिए था कि भारत-पाकिस्तान के बीच कोई तीसरा व्यक्ति नहीं चाहिए। अब ट्रंप कह रहे हैं कि उन्होंने मध्यस्थता कराई, ऐसे में कौन सच बोल रहा है। सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। यह मामला देश की संप्रभुता से जुड़ा है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। गहलोत ने कहा कि देश में चाहे किसी भी दल की सरकार रही हो कभी भी ऐसा नहीं हुआ कि भारत और पाकिस्तान के बीच किसी तीसरे पक्ष की भूमिका रही हो और किसी ने भी हमारे मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया, जो भी मुद्दा था उस पर भारत और पाकिस्तान के बीच की बातचीत हुई, चाहे कश्मीर का मुद्दा रहा हो या अन्य मुद्दा। यह पहली बार हुआ है कि अमेरिका के राष्ट्रपति इसमें पंचायती कर रहे हैं और कह रहे हैं कि मैंने सीजफायर करवाया, कश्मीर का मसला भी सुलझाएंगे। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पूरा विपक्ष एक साथ आ गया है फिर इस तरह की राजनीति नहीं करनी चाहिए।



सरकार यह मानने को तैयार नहीं कि उससे गलती हुई ट्रंप होते कौन हैं बीच में बोलने वाले सरकार को कहना चाहिए था कि भारत-पाक के बीच कोई तीसरा व्यक्ति नहीं चाहिए : गहलोत

**केंद्र सरकार ने साध रखी है चुप्पी**

गहलोत ने कहा कि ट्रंप दुनिया के सबसे ताकतवर देश के राष्ट्रपति हैं और उनके कहने के मायने होते हैं लेकिन केंद्र सरकार ने इस पर चुप्पी साध रखी है। प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार ने अभी तक इस पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया है कि क्या उन्हें किसी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार थी। कांग्रेस नेता शशि थरूर को सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल करने पर गहलोत ने कहा कि अब इस मामले में पार्टी की राय भी स्पष्ट हो गई है, जिसे जाना है वो जाए। भाजपा और मोदी सरकार ऐसे संवेदनशील मामलों में भी राजनीति कर रही है और विपक्ष को एक प्रकार से कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा कि जब प्रतिपक्ष के नेता और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जो नाम दिए थे, उनको ही लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि थरूर अच्छे इंसान हैं और कांग्रेस के टिकट पर लगातार चुनाव जीत रहे हैं। उनकी भी जिम्मेदारी बनती है कि अगर उन्हें कोई अप्रोच करता है तो बोलना चाहिए कि पार्टी हाईकमान से इस बारे में बात करनी होगी।

## डैमेज कंट्रोल के लिए अब तिरंगा यात्रा निकाल रही भाजपा : गहलोत

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने सरकार पर डैमेज कंट्रोल के लिए तिरंगा यात्रा निकालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अब केंद्र सरकार और भाजपा डैमेज कंट्रोल के लिए तिरंगा यात्रा निकाल रही है और इसके पीछे भी राजनीति की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग लगातार सरकार से कह रहे हैं कि अमेरिका राष्ट्रपति जो बार-बार बयान दे रहे हैं, उस पर आपकी क्या राय है। इस पर जवाब देना चाहिए लेकिन सरकार की तरफ से कोई इस पर जवाब नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रंप लगातार बयान दे रहे हैं इसको लेकर देश की जनता में भी गांव तक गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है लेकिन सरकार समझ नहीं रही है। मोदी सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## जन सुराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने पप्पू सिंह

**पटना,** 19 मई (देशबन्धु)। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रशांत किशोर अपनी जन सुराज पार्टी को धारदार बनाने में जुटे हुए हैं। पार्टी में आरसीपी सिंह को शामिल करने के बाद अब उन्होंने जन सुराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम का एलान कर दिया है। पूर्णिया संसदीय सीट से दो बार सांसद रहे उदय सिंह उर्फ पप्पू सिंह को जन सुराज पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। जन सुराज के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू सिंह पूर्णिया से दो बार भाजपा के सांसद रहे हैं। साल 2019 में जब जेडीयू और बीजेपी दोबारा साथ आए तो यह सीट जेडीयू के पास चली गई थी। तब पप्पू सिंह ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस से अलग होने के बाद पप्पू सिंह पिछले कुछ समय से जन सुराज के लिए काम कर रहे थे। पप्पू सिंह ब्यूरोक्रेट और राजनीतिक परिवार से आते हैं और काफी संपन्न हैं। अब प्रशांत किशोर ने पप्पू सिंह को पार्टी में बड़ी जिम्मेवारी सौंप दी है। पटना में आयोजिक प्रेस वार्ता के दौरान प्रशांत किशोर ने जन सुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर पप्पू सिंह के नाम का एलान किया। पीके ने कहा कि पार्टी के 150 सदस्यों की कोर कमेटी ने बहुमत से नहीं बल्कि सर्वसम्मति से तय किया है कि उदय सिंह उर्फ पप्पू सिंह जन सुराज पार्टी के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे।



## पूर्व सैनिकों की नियुक्ति पर फिर से विचार करें उमर : महबूबा

**श्रीनगर,** 19 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से अनुरोध किया है कि वह केंद्र शासित प्रदेश के प्रमुख प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए 4,000 पूर्व सैनिकों की नियुक्ति के अपने हाल के फैसले पर पुनर्विचार करें। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखे अपने एक पोस्ट में केन्द्र शासित प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी के संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए आम बेरोजगारों की दुर्दशा को नजरअंदाज करना सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों को और बढ़ा सकता है। उमर साहब को पत्र लिखकर मैंने उनसे आग्रह किया है कि वह प्रमुख प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए 4,000 पूर्व सैनिकों की नियुक्ति के अपनी सरकार के फैसले पर पुनर्विचार करें।

मेरे मन में हालांकि हमारे पूर्व सैनिकों के लिए बहुत सम्मान एवं कृतज्ञता है, लेकिन हमें जम्मू-कश्मीर में युवाओं की बढ़ती बेरोजगारी के संकट को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, जिनकी संख्या अब लाखों में पहुंच गयी है। उन्होंने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी सिर्फ आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह एक 'सामाजिक आपातकाल' है। निराशा के बीच अवसरों की कमी के कारण अनेक युवा नशे की लत में फंस रहे हैं और दुखद रूप से कुछ तो आत्महत्या तक कर रहे हैं। हमें उनके भविष्य के बारे में सोच-समझकर उनकी मदद करनी चाहिए। गौरतलब है कि वह उन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दे रही थीं, जिनमें कहा गया था कि जम्मू-कश्मीर के सैनिक कल्याण बोर्ड ने महत्वपूर्ण आधारभूत ढांचों की सुरक्षा के लिए सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों को शामिल करने की योजना प्रस्तावित की है। सरकार ने कथित रूप से इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है, जिससे सेवानिवृत्त सैनिकों और नागरिक अधिकारियों के बीच एक अनोखे सहयोग का मार्ग प्रशस्त हुआ है।



■ बढ़ती बेरोजगारी के संकट पर जताई चिंता

## सार संक्षेप

### मोदी ने बिडेन के स्वास्थ्य को लेकर जतायी चिंता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन को कैंसर होने संबंधी खबर पर चिंता जताई है और उनके पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने एक्स पर अपने संदेश में कहा कि जोसेफ आर बिडेन के स्वास्थ्य के बारे में सुनकर बहुत चिंतित हूं। हम उनके शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं। हमारी संवेदनाएं डॉ. जिल बिडेन और उनके परिवार के साथ हैं।

### शोपियां में हथियार व गोला व बारूद संग दो गिरफ्तार

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों को जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) शोपियां, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 178 बटालियन और सेना की 34 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) द्वारा स्थापित एक चौकी पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उनकी तलाशी लेने पर चार हथगोले, दो पिस्तौल, 43 जिंदा कारतूस और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

### मध्य प्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक आज इंदौर में

**इंदौर/भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने मंगलवार को मंत्रिपरिषद की बैठक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की नगरी इंदौर में आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिसमें अनेक महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगेगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मंत्रिपरिषद की बैठक के लिए सभी तैयारियों को अंतिम स्वरूप दिया जा चुका है। राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी यहां पहुंच चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बैठक की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कहना है कि राज्य सरकार लोकमाता देवी अहिल्याबाई माता होल्कर का 300वां जयंती वर्ष पूरे हर्षोल्लास से मना रही है।

### बेंगलुरु में जलभराव के कारण जनजीवन ठप

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु शहर में इस साल की अब तक की हुई सबसे अधिक वर्षा के बाद कई इलाकों में जलभराव के कारण जनजीवन ठप हो गया है। बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में साई लेआउट प्रमुख है। स्थानीय निवासियों ने सोमवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में लगभग 40 मिमी बारिश के बाद घरों में पानी भरने के कारण सामान भीग गए और वाहन आंशिक रूप से डूब गए। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार सोमवार सुबह तक बेंगलुरु में 10.3 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## लोस महासचिव ने नीलम संजीव रेड्डी की जयंती पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

**नई दिल्ली,** 19 मई (देशबन्धु)। लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. नीलम संजीव रेड्डी की जयंती पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और लोकसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष, डॉ. रेड्डी को पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा सचिवालय द्वारा डॉ. नीलम संजीव रेड्डी के जीवन परिचय पर आधारित हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित पुस्तिका गणमान्य व्यक्तियों को भेंट की गई।



■ संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में हुआ आयोजन

बिहार चुनाव से पहले 12 लाख नौकरी का वादा पूरा करेंगे नीतीश कुमार

# पटना में 315 पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**पटना,** 19 मई (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा का चुनाव सिर पर है, ऐसे में मुख्यमंत्री नीतीश अपने हर उस वादे को पूरा करना चाहते हैं, जो उन्होंने बिहार की जनता से किया था। उन्होंने राज्य के युवाओं से 12 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा दिया था। अपने उसी वादे के तहत सीएम नीतीश ने सोमवार को पटना में 315 उद्यान्न पदाधिकारियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया है। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अनुमंडल स्तर पर 62 कृषि भवन का भी शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य है कि राज्य की कृषि के क्षेत्र में भी तरक्की हो और किसान समृद्ध बने। दरअसल, बिहार में इस साल के अक्टूबर, नवंबर महीने में विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने सभी वादों को पूरा करने के बाद ही चुनाव मैदान में उतरकर लोगों के सामने वोट मांगने जाना चाहते हैं। यही वजह है कि विकास कार्यों में तेजी देखने को मिल रही है। उन्होंने बिहार के युवाओं से 12 लाख सरकारी नौकरी देने का भी वादा किया था, जिसे वह हर हाल में पूरा करना चाहते हैं। थोड़े-थोड़े ही सही लेकिन सभी विभागों में समय-समय पर नई नियुक्यां हो रही हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 315 प्रखंड उद्यान्न पदाधिकारी के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया है। मीठापुर स्थित कृषि भवन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसके साथ ही साथ कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय आरा के कार्य आरंभ के कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। तृतीय कृषि रोड मैप (2017-22) के तहत कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान को सुदृढ़ करने के लिए आरा (भोजपुर) में कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय की स्थापना की गई है। वर्ष 2021-22 से इसका संचालन कृषि महाविद्यालय, बक्सर के परिसर में किया जा रहा है।



सरकार का उद्देश्य है कि राज्य की कृषि के क्षेत्र में भी तरक्की हो और किसान समृद्ध बने : नीतीश कुमार

### बिहार कृषि मोबाइल ऐप का भी किया शुभारंभ

इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार कृषि मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खरीफ महाअभियान 2025 का भी शुभारंभ किया। बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के साथ कई विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों जया किरण, ईरम आरजू, साक्षी कुमारी, गणेश कुमार, शुभम कुमार, प्रतिमा मुर्मू, श्रीया सिंह, अंशु पटेल एवं रश्मि सुप्रिया को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 144.72 करोड़ रुपए की लागत से कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, आरा (भोजपुर) के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

## नैतिकता के आधार पर लेना चाहिए मंत्री विजय शाह का इस्तीफा : सिंघार

■ कर्नल सोफिया पर टिप्पणी मामले में भाजपा को घेरा

**भोपाल,** 19 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी को लेकर मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री कुंवर विजय शाह पर आए उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोमवार को कहा कि अब भारतीय जनता पार्टी को नैतिकता के आधार पर मंत्री विजय शाह से इस्तीफा लेना चाहिए। मध्य प्रदेश कांग्रेस विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि मंत्री विजय शाह से अब नैतिकता के आधार पर इस्तीफा लिया जाना चाहिए। अगर अब भी मंत्री का इस्तीफा नहीं होता तो ये समझ लिया जाना चाहिए कि सरकार संवेदनशील नहीं है। मंत्री विजय शाह ने पिछले दिनों इंदौर जिले के मानपुर में ऑपरेशन सिंदूर में शामिल कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर बेहद अमर्यादित और विवादास्पद बयान दिया था। इसके बाद से उनकी चहुंओर आलोचना हो रही है। उच्च न्यायालय ने इस मामले में स्वत: संज्ञान लिया था और मंत्री के खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश दिए थे। इस आदेश पर मंत्री विजय शाह के खिलाफ इंदौर जिले के एक थाने में पुलिस प्रकरण दर्ज हुआ। जिसके बाद यह मामला उच्चतम न्यायालय में गया।



### अब खुद को सेना से ऊपर समझने लगी है भाजपा

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा अब खुद को सेना और जनभावना से भी ऊपर समझने लगी है। भाजपा का यह घमंड ही है कि, आज जब पूरा देश उनके मंत्री के खिलाफ खड़ा है, मगर फिर भी पार्टी अपने बड़बोले मंत्री के साथ है। भाजपा अब भी मंत्री को योग्य मानती है और तभी अब तक मौन है। पूरा देश इस बयान की निंदा कर रहा मगर भाजपा फिर भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही।

## हेमन्त सोरेन से अजय नाथ शाहदेव ने की मुलाकात

**रांची,** 19 मई (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष संजय पांडेय, सचिव सौरभ तिवारी, कोषाध्यक्ष अमिताभ घोष ने शिष्टाचार मुलाकात की। इसके अलावा सोरेन से जेएससीए मैनेजिंग कमिटी के सदस्य मिहिर प्रितेश टोप्पो, रमेश कुमार, संजय जैन, रत्नेश कुमार सिंह, जिला प्रतिनिधि श्रीराम पुरी और उत्तम कुमार ने भी शिष्टाचार मुलाकात की। इन लोगों ने मुख्यमंत्री को जेएससीए चुनाव से संबंधित पूरी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जेएससीए के सभी निर्वाचित सदस्यों को हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं दी।



## मुंबई में बीएनएस की धारा के तहत पहली बार दोषसिद्धि

**मुंबई,** 19 मई (एजेंसियां)। मुंबई की एक स्थानीय अदालत ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 112 के तहत पहली बार आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। अदालत ने इस मामले में एक संगठित मोबाइल फोन चोर गिरोह के पांच सदस्यों को एक वर्ष के सश्रम कारावास और प्रत्येक को 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया। अधिवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। अभियुक्तों को सजा सुनाते समय स्थानीय गिरगाम अदालत ने नए कानूनी प्रावधानों के तहत जब्त संपत्ति और इलेक्ट्रॉनिक पंचनामा सहित डिजिटल साक्ष्य को मान्य किया। अभियोजन पक्ष के अनुसार वर्ष 2024 में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर जब गणपति विसर्जन के लिए मुंबई में भारी भीड़ जमा हुई, तो भीड़ का फायदा उठाकर एक गिरोह के सदस्यों ने कथित तौर पर कई मोबाइल फोन चुरा लिए। शिकायतकर्ता बसीर सादिक शेख की शिकायत के बाद इस मामले में 20 सितंबर 2024 को वीपी रोड पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस उपायुक्त (जोन 2) डॉ. मोहित कुमार गर्ग ने अपराध की संगठित प्रकृति को देखते हुए छह पुलिस थानों-वीपी रोड, डीबी मार्ग, एलटी मार्ग, गामदेवी, मालाबार हिल और अन्य के अधिकारियों की एक विशेष टीम बनाई। खुफिया सूचना और तकनीकी निगरानी के आधार पर, टीम ने मुंबई और महाराष्ट्र के बाहर से पांच आरोपियों-संजय रमन खरवा, संजय सुरेश खरवा, सुमेश लोहाकरे, लालटू डे और आकाश मेहरा को गिरफ्तार किया।



■ मोबाइल चोरी के लिए पांच आरोपियों को सजा

**चिंता** — *भारत-पाक के बीच बढ़ती तनातनी को लेकर सीमांत क्षेत्रों के किसान परेशान*

# तारबंदी पार खेतीबाड़ी करने को लेकर असमंजस में सीमावासी

**जम्मू, 19 मई (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हालांकि सीजफायर है पर सीमांत क्षेत्रों के हालात बिगड़ते जा रहे हैं। नतीजतन सीमावासियों की रातों की नींद और दिन का चैन फिर से छीनने लगा है। बढ़ते तनाव के कारण वे चिंता में हैं कि तारबंदी के पार के खेतों में वे फसलें बोएं या नहीं।**

हालांकि अप्रत्यक्ष तौर पर बीएसएफ और सेना उन्हें करने से मना करने लगी हैं। जम्मू बार्डर पर पाक रेंजरों व पाक सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के बाद गोलाबारी करने से सीमा से सटे गांवों के लोगों में दहशत है। लोग आने वाले समय के बारे में सोचकर सहम जाते हैं। बिश्नाह के सीमावर्ती गांव पिंडी चाढ़कां, पिंडी कैंप व काकू दे कोठे गांव के सरवन सिंह, जरनैल सिंह व सौदागर सिंह के बकौल जब भी बार्डर पर पाक की तरफ से गोलीबारी होती है तो उसका असर गांव पर पड़ता है। वे कहते हैं कि अभी वर्ष 1998-99 के जख्म भरे भी नहीं हैं। जीरो लाइन पर स्थित जमीनों पर जब हम फसल लगाने जाते हैं तो पता नहीं होता कि घर लौटेंगे की नहीं। फसल पकने तक दोनों देशों का माहौल ठीक रहेगा या नहीं। पता नहीं फिर कब खेतों में माइन लगा दी जाएं और हम शरणार्थी बन जाएं। कभी परगवाल, अखनूर, कभी अब्दुल्लियां, कभी सांबा में गोलीबारी आम लोगों की नींद उड़ा रही है। आम लोग चाहे हिन्दुस्तान के पिंडी चाढ़कां, काकू दे कोठे, पिंडी कैंप के लोग हों या पाकिस्तान के वह गांव जो बार्डर के साथ लगते हैं। जैसे चारवा, बुधवाल, ठिकेरेयाला, तमाला व जरोवाल गांव के लोग कभी नहीं चाहते कि बार्डर पर फायरिंग हो।



■ पाक गोलाबारी करने से सीमा से सटे गांवों के लोगों में दहशत

वहीं सीमावर्ती गांवों में तैनात विलेज डिफेंस कमेटी के सदस्य नरेश सिंह कहते थे कि जरा सी आहट होने पर गांववासियों की रक्षा के लिए सीना तानकर दुश्मन का सामना करने के लिए तैयार हो जाते हैं। आरएसपुरा, सांबा और अखनूर सेक्टर में भी सीमांत किसान काफी डरे व सहमे हुए हैं। इतना ही नहीं यदि हालात बिगड़ते हैं तो आरएसपुरा सेक्टर के कुल 28 सीमांत गांव के किसानों की हजारों एकड़ कृषि भूमि प्रभावित हो सकती है। ऐसे में सीमावर्ती गांवों के किसान भगवान से यही दुआ कर रहे हैं कि हालात सामान्य बने रहें। सीमांत गांव चंदू चक निवासी कृष्ण लाल का कहना था कि पिछले कुछ सालों से सीमा पर गोलीबारी न होने से सीमांत गांव के लोग राहत महसूस कर रहे थे। एक बार फिर से पड़ोसी देश द्वारा सीमा पर पैदा किए गए तनाव से लोग परेशान हैं।

सीमांत गांव सुचेतगढ़ निवासी सरवन चौधरी की ही तरह कई सीमावासी असमंजस में हैं कि तारबंदी के साथ लगते और तारबंदी के पार के खेतों में फसलें उगाएं या नहीं। सीजफायर के बाद सेना, पुलिस और बीएसएफ के अफसर लगातार सीमावर्ती इलाकों का दौरा कर रहे हैं।




## अर्जुन कपूर पर चढ़ा नया शौक, कहा- 'मैं बाथरूम सिंगर बनना चाहता हूं'

**मुंबई,** 19 मई (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह मजाकिया अंदाज में कहते दिख रहे हैं कि वो 'बाथरूम सिंगर' बनना चाहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इन दिनों उनका पसंदीदा गाना 'मामा टोल्ड मी' है, जो साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म 'एक अजनबी' के हिट गानों में से एक है। अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपनी बहन अंशुला के साथ बैठे नजर आ रहे हैं और म्यूजिक के बारे में बात कर रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए अर्जुन ने कैप्शन में लिखा, 'इस प्लेलिस्ट का कोई एक स्टाइल नहीं है... बस जज्बात हैं। आपकी प्लेलिस्ट में इस समय सबसे अजीब गाने कौन से हैं? वीडियो में अर्जुन कहते हैं, 'मैंने तय किया है कि मैं बाथरूम सिंगर बनना चाहता हूं।'

# इलायची के चार रंग, चार अंदाज

**नई दिल्ली,** 19 मई (एजेंसियां)। छोटी-सी दिखने वाली इलायची में कितनी किस्में, खुशबुएं और स्वाद छुपे हैं, ये जानकर आप हैरान रह जाएंगे! ज्यादातर लोग सिर्फ हरी इलायची को जानते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इलायची काली, सफेद और यहां तक कि लाल भी होती है और ये सब सिर्फ रंग में ही नहीं, बल्कि स्वाद, खुशबू और इस्तेमाल के तरीके में भी एक-दूसरे से बिल्कुल अलग होती हैं।

लंदन में रामबुतान रेस्टोरेंट की शेफ और मालिक सिंथिया शनमुगलिंगम का कहना है कि इलायची मेरा सबसे पसंदीदा मसाला है, इसकी खुशबू मुझे बचपन की मिठाइयों की याद दिलाती है। इलायची हर तरह के खाने में काम आने वाली चीज है। यह नमकीन और तीखे खाने में भी स्वाद बढ़ा देती है। इससे आप मीठा भी बना सकते हैं और मसालेदार भी, जैसे खीर में डालें या बिरयानी में, दोनों का स्वाद निखार देती है।

इलायची की जड़ें दक्षिण भारत में हैं। यूं तो इलायची के कई रंग होते हैं, लेकिन सबसे आम हरी इलायची होती है। इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है। काली इलायची स्वाद में बहुत तेज होती है। इसका नमकीन और मसालेदार खाने में इस्तेमाल होता है। वहीं लाल इलायची का इस्तेमाल ज्यादातर चाइनीज और एशियन किचन में किया जाता है। सफेद इलायची भारत में आम नहीं है। ये हरी इलायची होती है जिसे ब्लीच कर उसका रंग हल्का किया जाता है।



**जानिए कौन-सी कहां होगी इस्तेमाल?**

इंडियन किचन नाम की किताब की लेखिका रूपा गुलाटी कहती हैं कि कभी-कभी वे हरी और काली इलायची दोनों एक ही डिश में डालती हैं। इन दोनों का स्वाद बिलकुल अलग होता है। अगर आप खुशबूदार चावल या खीर बना रहे हैं, तो उसमें काली इलायची नहीं डालनी चाहिए, क्योंकि उसकी तेज खुशबू बाकी सारे स्वादों को दबा देती है। इसका स्वाद तेज और स्मोकी जैसा होता है। यह हरी इलायची से कहीं ज्यादा तेज स्वाद वाली होती है।

रूपा गुलाटी बताती हैं कि काली इलायची मीट करी, लैंब पुलाव, चावल के मसालेदार व्यंजन और गरम मसाले में बहुत अच्छी लगती है। इसका स्वाद ऐसा होता है जो डिश को एक मजबूत बेस देता है। कश्मीरी यखनी नाम की डिश में ढेर सारे मसाले होते हैं, लेकिन अगर आप उसमें दो काली इलायची और डाल दें, तो वो डिश का लेवल ही बढ़ा देती है। उनका कहना है कि काली इलायची को मीठे में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। जैसे- खजूर जैसी गहरी मिठास वाली चीजों में। इसका स्मोकी फ्लेवर वहां भी अच्छा जाता है। लाल इलायची का स्वाद काली इलायची जैसा ही होता है। लेकिन भारत में इसे आमतौर पर खाना पकाने में इस्तेमाल नहीं किया जाता। जरूरत पड़ने पर इसे काली इलायची की जगह इस्तेमाल करते हैं। हरी इलायची का स्वाद ताजा और थोड़ा नींबू जैसा होता है। रूपा गुलाटी ने बताया कि वह हरी इलायची को केक बैटर, मिठाइयों, और खीर में डालती हैं। कभी-कभी वो दूध में हरी इलायची की फली डालकर धीरे-धीरे उबालती हैं, ताकि उसकी खुशबू अच्छी तरह मिल जाए। शानमुगलिंगम कहती हैं कि वे श्रीलंकाई नारियल के कस्टर्ड पुडिंग वटालप्पम में हरी इलायची का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन साथ ही वे इसे पुलाव, बिरयानी, दाल और चिकन मैरिनेड में भी डालती हैं, क्योंकि इसका हल्का स्वाद कई चीजों के साथ अच्छा लगता है। सफेद इलायची हरी इलायची से बनी होती है। इसे ब्लीच किया जाता है। इसका स्वाद बहुत हल्का होता है। इसे भी आप केक, खीर, मलाईदार मिठाइयों में डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि अगर आपको जोरदार और तेज स्वाद चाहिए, तो इलायची के बीजों को तेल में डालें। इसे पहले थोड़ा फाड़ लें या छेद कर लें, वरना वो गर्म तेल में फट सकती है। वहीं केक, मैरिनेड जैसी चीजों में पिसी हुई इलायची सबसे अच्छा काम करती है। लेकिन पीसना आसान नहीं होता। इसके बीज पीसना काफी मेहनत वाला काम है। पीसते समय उसमें थोड़ा सा कैस्टर शुगर मिला लें। ये चीनी घिसाई जैसा काम करती है, जिससे बीज जल्दी और आसानी से पिस जाते हैं।

# बढ़ते वायु प्रदूषण से फेफड़ों का कैंसर विस्फोटक

**बक्सर,** 19 मई (एजेंसियां)। जाने-माने अमरीकी फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ. तारकेश्वर तिवारी का मानना है कि देश (भारत) में बढ़ते वायु प्रदूषण से फेफड़ों का संक्रमण बढ़ रहा है और फेफड़ों में कैंसर की बेतहाशा वृद्धि हुई है। डॉ. तिवारी ने अपने गांव डुमरांव अनुमंडल के सोनबरसा में ग्रामीणों की चिकित्सा के उपरांत संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों में वायु प्रदूषण के कारण सांस लेने से लेकर गंभीर कैंसर की समस्या बढ़ गई है। देश में स्वास्थ्य सेवा की बुनियादी ढांचे का अभाव है और बहुत बड़ी जनसंख्या को सामाजिक एवं आर्थिक कारणों से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है जो दु:खद है। देश में 60 लाख व्यक्ति फेफड़ों के विभिन्न बीमारियों से ग्रसित है जिसमें करीब 10 फीसदी की संख्या कैंसर पीड़ितों की है। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया के बड़े अस्पताल जुड़े डॉ तिवारी ने कहा कि वह प्राय: हर वर्ष अपने बुजुर्ग माता-पिता को देखने अपने गांव आते है और ग्रामीणों को भी परामर्श देते है। उन्होंने चिकित्सा विज्ञान की प्रतिष्ठित पत्रिका लैंसेट की नई रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि दुनिया के एक चौथाई लोग तपेदिक से पीड़ित हैं लेकिन गरीबी, आर्थिक व सामाजिक विषमताओं से



देश (भारत) में बढ़ते वायु प्रदूषण से फेफड़ों का संक्रमण बढ़ रहा है और फेफड़ों में कैंसर की बेतहाशा वृद्धि हुई है, बच्चों से लेकर बुजुर्गों में वायु प्रदूषण के कारण सांस लेने से लेकर गंभीर कैंसर की समस्या बढ़ गई है: डॉ. तारकेश्वर तिवारी, अमरीकी फेफड़ा रोग विशेषज्ञ

चिकित्सालयों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

श्री तिवारी ने बताया कि बक्सर जिला मुख्यालय सहित गांव में वायु प्रदूषण मानक से कई गुणा अधिक है। यही कारण है कि जिले के नवजात शिशुओं से लेकर बुजुर्गों तक को अस्थमा, खांसी एवं अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित है। लम्बे समय तक वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने से अस्थमा और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) सहित फेफड़ों से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं। चिकित्सक ने कहा कि यदि आप गर्भावस्था के दौरान उच्च स्तर के प्रदूषण के संपर्क में आती हैं, तो चाहे आपको अस्थमा हो या न हो, आपके बच्चे को अस्थमा होने की अधिक संभावना हो सकती है। वायु प्रदूषण से ब्रोंकाइटिस और निमोनिया जैसे फेफड़ों के संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। इस बात के भी प्रमाण हैं कि पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) को सांस के माध्यम से अंदर लेने से फेफड़े के कैंसर के विकास में भूमिका होती है।

## स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है

# पान



**मुंबई,** 19 मई (एजेंसियां)। 'खइके पान बनारस वाला...' पान का नाम लेते ही हरे-हरे चिकने पत्ते आंखों के सामने आ जाते हैं। पान का इस्तेमाल कई कामों में होता है। यह धार्मिक अनुष्ठानों से लेकर माउथ फ्रेशनर तक इस्तेमाल किया जाता रहा है। साथ ही स्वास्थ्य के लिहाज से भी पान उत्तम है, इस बात की पुष्टि आयुर्वेदाचार्य खुद करते हैं। हालांकि, वे यह भी बताते हैं कि बासी पान स्वास्थ्य के लिए सही नहीं होता है। सर्वप्रथम पूजनीय गणपति का पूजन हो या सत्य नारायण की कथा, यहां तक कि भगवती को भी पान विशेष पसंद है। शास्त्रों के अनुसार देवी के एक रूप मां कात्यायनी की आराधना से पहले पान खाने की मान्यता है। आयुर्वेद के विशेषज्ञ ताजे पान को कई लिहाज से उत्तम बताते हैं, वहीं बासी पान से परहेज करने की हिदायत भी देते हैं।

बनारस, कोलकाता या देश के किसी भी हिस्से में चले जाइए, पान के प्रेमी आपको मिल जाएंगे। कत्था, चूना, सुपारी के साथ सौंफ और अन्य चीजें मिलाकर पान के साथ खाई जाती है। कई जगह पर तो पान को मेहमाननवाजी का प्रतीक भी माना जाता है। सर्वप्रथम पान के औषधीय गुणों की बात कर लेते हैं- पान के पत्तों के कई स्वास्थ्य लाभ बताते हैं। पंजाब स्थित 'बाबे के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल' के डॉ. प्रमोद आनंद तिवारी पान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हैं। उन्होंने बताया, 'पान का आयुर्वेद में काफी महत्व है। यह घाव को सुखाने में मदद करता है। इसमें कैल्शियम, विटामिन सी, राइबोफ्लेविन, कैरोटीन, नियासिन, क्लोरोफिल के साथ ही एंटीऑक्सीडेंट भी पाए जाते हैं। पान का सेवन सही तरीके से किया जाए तो यह शरीर को कई समस्याओं से बचाता है। नियमित रूप से सुबह के समय बासी मुंह पान का पत्ता चबाकर खाने से कई लाभ मिल सकते हैं। उन्होंने बताया, 'यदि आपको अपच या कब्ज की शिकायत है तो पान के पत्ते खाने की सलाह दी जाती है। बासी मुंह चबाकर पान का पत्ता खाने से पाचन तंत्र मजबूत बनता है और पाचन संबंधित समस्याएं जैसे डकार, अपच जैसी समस्याएं दूर होती हैं। पान का पत्ता खांसी और सर्दी के इलाज में मदद कर सकता है। इसका काढ़ा भी सेहत के लिए फायदेमंद होता है।'

**'पान के पत्तों में एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो शरीर को कई तरह के संक्रमण से बचाने में मददगार होते हैं। औषधीय गुणों से भरपूर पान खाने से कई फायदे मिलते हैं। पान के पत्ते खाना पचाने में मदद करते**

उनका कहना है, 'पान के पत्तों में एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो शरीर को कई तरह के संक्रमण से बचाने में मददगार होते हैं। औषधीय गुणों से भरपूर पान खाने से कई फायदे मिलते हैं। पान के पत्ते खाना पचाने में मदद करते हैं। पान जब भी खाएं उसमें चूना के बजाय गुलकंद, सौंफ, सीड्स, मेवे मिला सकते हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि दिन भर में पान दो या तीन से ज्यादा नहीं खाना चाहिए।

### बासी पान स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं

वहीं, बासी पान में बैक्टीरिया और अन्य सूक्ष्मजीव पनप सकते हैं, जो पाचन तंत्र को प्रभावित कर सकते हैं और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। इस वजह से बासी पान को नहीं खाना चाहिए। यह शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकताहै। बासी पान खाने से पेट खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके साथ ही पान में लगाए जाने वाला चूना खाने के लिए नहीं बना है इसलिए शरीर को उसे पचाने में तकलीफ होती है।

# शिल्पा शिरोडकर की कोविड रिपोर्ट आई पॉजिटिव

**मुंबई,** 19 मई (एजेंसियां)। 'खुदा गवाह', 'गोपी किशन' समेत अन्य फिल्मों में शानदार काम करने वाली अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया कि उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मशहूर एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर 'बिग बॉस 18' के बाद से चर्चाओं में बनी हुई हैं और सोशल मीडिया पर फैंस के साथ अपडेट शेयर करती रहती हैं। इसी कड़ी में उन्होंने फैंस को अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर शिल्पा ने न केवल अपने कोविड पॉजिटिव होने के बारे में जानकारी दी, बल्कि प्रशंसकों से भी सावधानी रखने की अपील की। शिल्पा शिरोडकर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हैलो दोस्तों! मेरा कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया है। आप लोग सुरक्षित रहें और मास्क जरूर पहनें! बता दें, शिल्पा को यह दूसरी बार कोविड हुआ है। इससे पहले साल 2021 में भी उनकी कोरोना वायरस की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। शिल्पा ने हाल ही में शिरडी के साईं बाबा मंदिर से तस्वीरें शेयर की थीं।



# जलवायु परिवर्तन का आम और लीची की फसल पर घातक प्रभाव

**सहारनपुर,** 19 मई (एजेंसियां)। जलवायु परिवर्तन का बागवानी खासकर लीची और आम की फसलों पर इस बार बहुत बुरा असर हुआ है। फल उत्पादकों और उद्यान विभाग के

**उत्पादकों ने एहतियाती उपाय और रोग के खिलाफ उपचारात्मक कदम न उठाए होते तो नुकसान 40 फीसद तक हो सकता है। सहारनपुर का बेहट क्षेत्रफल पट्टी के रूप में विकसित है**

शुरूआती आंकलन के मुताबिक फसल में 15-20 फीसद तक की गिरावट रह सकती है। उत्पादकों ने एहतियाती उपाय और रोग के खिलाफ उपचारात्मक कदम न उठाए होते तो नुकसान 40 फीसद तक हो सकता है। सहारनपुर का बेहट क्षेत्रफल पट्टी के रूप में विकसित है। जहां के 26 हजार 600 हैक्टेयर क्षेत्रफल में आम की पैदावार होती है। सोलह गांवों के किसानों को उद्यान विभाग फल ढकने वाले थैले वितरित करेगा। उद्यान अधिकारी गमपाल सिंह ने आज बताया कि विभाग करीब तीन सौ बाग मालिकों को 67 हजार 200 थैले वितरित करेगा। इस थैले को पेडों पर लगे आम को ढका जाएगा। इससे फसल बढ़ेगी। फल का आकार, और गुणवत्ता में



वृद्धि होगी। फल स्वास्थ्य यानि निरोगी होगा। बेहट क्षेत्र के बाग मालिक सचिन जैन ने बताया कि विगत तीन वर्षों से मौसम बिगड़ रहा है। तापमान में उतार-चढ़ाव से आम की फसल प्रभावित हो रही है। मार्च-अप्रैल में कभी तापमान 30 डिग्री सेन्टीग्रेड हो जाता है तो बारिश के कारण अथवा जलवायु बदलाव के चलते तापमान में गिरावट आ जाती है। आर्द्रता भी बढ़ती घटती है। आम की अगेती प्रजाति ज्यादा प्रभावित होती है। देशी आम पर कम तो दशहरी, लंगडा, चौसा की फसल पर भी बुरा असर पड़ता दिख रहा है। वुड कार्विंग एक्सपोर्टर असलम के बाग में भी 15-20 फीसद पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। वह उपचार के साथ-साथ सावधानी भी बरत रहे है।

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि सहारनपुर से बड़ी मात्रा में आम का एक्सपोर्ट होता है। विदेशों में यहां के आम के भाव आठ सौ रुपये प्रति किग्रा दर से मिलते है। उन्होंने बताया कि बाग मालिकों ने समय रहते सावधानियां बरती है और रोग लगने पर कीटनाशकों का छिड़काव कराया है। फिर भी 15 से 20 फीसल फसल कम होने की संभावना है।

# वाराणसी के 'गुलाबी मीनाकारी' के कारीगरों ने तैयार किया ब्रह्मोस मिसाइल का मॉडल, डिमांड तेज

**वाराणसी,** 19 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने अपना पराक्रम दिखाया और पाकिस्तानी सेना को बड़ी क्षति पहुंचाई थी। इसमें ब्रह्मोस मिसाइल की अहम भूमिका रही थी। वाराणसी के गुलाबी मीनाकारी कलाकार ने ब्रह्मोस का मॉडल अलग-अलग आकार में तैयार किया है, जिसकी मांग देश भर से आ रही है।

गुलाबी मीनाकारी में राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके वाराणसी के विशेश्वरगंज क्षेत्र के कुंज बिहारी सिंह ने कहा, 'भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य को मेरा नमन है। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने जिस तरह से 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर पाकिस्तानी सेना के दांत खट्टे कर दिए थे, मुझे लगा कि इसमें ब्रह्मोस मिसाइल की बड़ी भूमिका रही है, इसलिए मुझे इसे बनाने का आइडिया आया।'



कुंज बिहारी सिंह ने कहा इसी को ध्यान में रखते हुए मैंने ब्रह्मोस मिसाइल के मॉडल बनाए हैं।

यह अपने देश में निर्मित है, भारत की ब्रम्हपुत्र नदी और रूस की मस्कावा नदी का नाम इसमें शामिल है, भारत और रूस का ये संयुक्त अभियान है। दोनों देशों की दोस्ती भी मजबूत रही है और जगजाहिर है। मेरी बनाई ब्रह्मोस मिसाइल मॉडल की अब पूरे देश से मांग आ रही है, इसके 150 से ज्यादा डिमांड आ चुके हैं, और आ रहे हैं, मांग को एक महीने में पूरा करना है, इसके लिए मैंने 20 लोगों की टीम लगाई है। प्रधानमंत्री ने आर्थिक के साथ-साथ सामरिक रूप से भी बड़ा काम किया है। मुख्यमंत्री से भी काफी सहयोग मिला है। हमलोगों को लगातार काम मिलता रहता है। ब्रह्मोस मॉडल की कीमत 10 से 25 हजार तक है और ये आकार के मुताबिक है। हम छोटे आकार में भी बनाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि कम बजट वालों को भी ये ब्रह्मोस मॉडल उपलब्ध हो सके। इसमें सोने-चांदी का भी इस्तेमाल किया गया है। साथ ही चंदन के तेल का भी इस्तेमाल होता है। एक कारीगर को एक पीस बनाने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। इसलिए मैंने 20 लोगों की टीम लगाई है।

# तुर्की का बहिष्कार करे भारत, आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाए : नीतू चंद्रा

**मुंबई,** 19 मई (एजेंसियां)। फिल्म एक्ट्रेस नीतू चंद्रा ने कहा है कि भारत को तुर्की जैसे देशों का बहिष्कार करना चाहिए, जो आतंकवाद का समर्थन करते हैं। ऐसे देशों से कोई रिश्ता नहीं रखना चाहिए। नीतू का कहना है कि जो भी देश आतंकवादियों का साथ देते हैं, उनके खिलाफ भारत को कड़ा कदम उठाना चाहिए। ऐसा इसलिए जरूरी है ताकि देश की सुरक्षा और संस्कृति को बचाया जा सके। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आतंकवाद को किसी भी हालत में सही नहीं ठहराया जा सकता, चाहे वह कहीं भी हो। इसमें हमेशा निर्दोष लोग ही परेशान होते हैं। जो भी देश आतंकवाद का समर्थन करता है, भारत को उसका बहिष्कार करना चाहिए। हम पहले ही बहुत कुछ झेल चुके हैं।'

उन्होंने कहा, 'मेरी लोगों से बस यही अपील है कि कोई भी कदम उठाने से पहले अच्छे से सोचें। हमें इंसानियत के साथ यह लड़ाई लड़नी है, लेकिन एक इंसान होने के नाते हमें जिम्मेदारी से काम लेना चाहिए। ध्यान रखें कि आपका समर्थन किसके साथ है और उसका मकसद क्या है।' यह पूछे जाने पर कि क्या भारतीय फिल्म इंडस्ट्री को तुर्की और अजरबैजान के हालात पर कोई रुख अपनाना चाहिए, नीतू ने कहा कि दुनिया आपस में जुड़ी हुई है। एक जगह अगर अशांति या गलत हो रहा है, तो उसका असर बाकी जगहों पर भी जरूर पड़ता है। इसलिए हमें हर जगह हो रहे अन्याय को गंभीरता से लेना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि कुछ फिल्मी सितारे 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चुप क्यों हैं, तो उन्होंने कहा, 'मैंने बोलने का फैसला किया क्योंकि अगर मैं अपने देश के साथ नहीं खड़ी होंगी, तो फिर कौन खड़ा होगा?' उन्होंने कहा कि हर किसी की अपनी सोच और पसंद होती है, कोई बोले या न बोले, यह उनका फैसला है, और वह उसका सम्मान करती हैं। लेकिन उनका मानना है कि हर नागरिक की यह जिम्मेदारी होती है कि वह अपने देश का साथ दे, और वह हमेशा अपने देश के साथ खड़ी रहेंगी।

एक्ट्रेस ने कहा, 'हर नागरिक की एक जिम्मेदारी होती है। दूसरों की क्या सोच है, वह उनकी मर्जी है, इस पर मैं कुछ नहीं कह सकती। लेकिन मैं हमेशा अपने देश के साथ खड़ी रहूंगी'।



# देर से आएगा बुढ़ापा, संजीवनी हैं ये एक्सरसाइज

**नई दिल्ली,** 19 मई (एजेंसियां)। ढलती उम्र कई समस्याओं को न्योता दे देती है। कमजोर हड्डियां, जोड़ों में दर्द, झड़ते बाल या शरीर में दर्द ये आम सी बातें हैं। धीरे-धीरे कमजोर होते शरीर के सामने छोटी सी समस्या भी पहाड़ बन जाती है। हालांकि, योग एक्सपर्ट बताते हैं कि इन समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। बढ़ती उम्र का सहारा लाठी नहीं, बल्कि योग बन जाए तो समस्याएं साथ छोड़कर भाग जाती हैं। बढ़ती उम्र के साथ हमारे जोड़ों की मोबिलिटी और फ्लेक्सिबिलिटी कम हो जाती है, जिससे जोड़ों में दर्द समेत अन्य समस्याएं आम बात बन जाती हैं। ऐसे में हमें ऐसे आसन करने चाहिए जो हमारे जोड़ों, एंकल जॉइंट्स और फ्लेक्सिबिलिटी पर काम करें। बढ़ती उम्र में समस्याओं को दूर करने के लिए कौन-कौन से योग करने चाहिए, इसकी सलाह देती हैं 'योग फॉर लाइफ' की ट्रेनर और को-फाउंडर कविता अरोड़ा। उन्होंने पांच ऐसे योगासनों के विषय में बताया, जो बुढ़ापे के लक्षण को कम करने के साथ ही संजीवनी की तरह हैं। उन्होंने बताया, 'बुढ़ापे या बढ़ती उम्र के साथ हमारे प्राइमरी जॉइंट्स कमजोर होने लगते हैं। हड्डियों के साथ ही मांसपेशियां भी कमजोर होने लगती हैं। जोड़ों में लचीलापन भी कम हो जाता है, जिससे रोजमर्रा के छोटे-छोटे काम भी मुश्किल भरे हो जाते हैं। यहां तक कि झुकना-उठना, हल्का वजन उठाना भी भारी काम लगता है।'

**बढ़ती उम्र का सहारा लाठी नहीं, बल्कि योग बन जाए तो समस्याएं साथ छोड़कर भाग जाती हैं।**

उन्होंने आगे बताया, 'शारीरिक मजबूती बनाए रखने के लिए हमें ऐसे आसन करने चाहिए जो हमारे जोड़, खासकर टखने और कूल्हे के जोड़ों की मोबिलिटी और कमर की फ्लेक्सिबिलिटी पर काम करें।' पांच आसन, जिनमें वायु निष्कासन, वीरभद्रासन, फलकासन, उष्ट्रासन, छिपकली मुद्रा मांसपेशियों और हड्डियों को मजबूत करने के साथ मोबिलिटी और फ्लेक्सिबिलिटी पर काम करते हैं। ये आसन शरीर के वजन को संतुलित कर मजबूती देने में भी मददगार होते हैं।

वायु निष्कासन या पवनमुक्तासन शरीर से वायु को बाहर निकालने और पाचन में सुधार करने में मदद करता है। इस आसन को करने के लिए पेट के बल लेटकर अपने पैरों को घुटनों की ओर खींच सकते हैं। फिर, अपने सिर को घुटनों की ओर झुका सकते हैं। यह आसन गैस, एसिडिटी और कब्ज से राहत दिलाने में मदद करता है। वॉरियर 2 या वीरभद्रासन, यह आसन शरीर को मजबूत करने के साथ ही वजन को भी संतुलन बनाता है और मन को शांत करता है। छिपकली मुद्रा, यह कूल्हों को खोलती है और मांसपेशियों में खिंचाव लाती है। इस योगासन को उत्थान पृष्ठासन के नाम से भी जाना जाता है। प्लैंक पोज या फलकासन, यह शरीर को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसमें सिर से लेकर एड़ी तक शरीर को एक सीधी रेखा में रखना होता है। कैमल पोज या उष्ट्रासन को ऊंट की मुद्रा भी कहा जाता है। यह आसन छाती, पीठ और जांघों को स्ट्रेच करता है, रीढ़ को लचीला बनाता है और शरीर के सभी अलाइनमेंट में सुधार करता है।



रायपुर, मंगलवार 20 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# सेना और न्यायपालिका के सम्मान का सवाल

देश के नए मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई अपना पद संभालने के बाद रविवार को पहली बार अपने गृहराज्य महाराष्ट्र पहुंचे थे। लेकिन उनकी अगवानी के लिए महाराष्ट्र की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला और मुंबई के पुलिस आयुक्त देवेन्द्र भारती, तीनों वरिष्ठ अधिकारी नहीं पहुंचे। यह बात आई-गई हो जाती, अगर खुद जस्टिस गवई इसका जिक्र नहीं करते। क्योंकि मौजूदा दौर के मीडिया में ऐसी बातों का जिक्र अब नदारद है। खुद जस्टिस गवई ने इस बात को छोटा मुद्दा ही बताया, लेकिन जो कुछ उन्होंने कहा उससे जाहिर होता है कि यह मामूली अनदेखी नहीं थी।

महाराष्ट्र-गोवा बार काउंसिल के कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि, 'मैं ऐसे छोटे-मोटे मुद्दों पर बात नहीं करना चाहता, लेकिन मैं इस बात से निराश हूं कि महाराष्ट्र के बड़े अफसर प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते। लोकतंत्र के तीनों स्तंभ समान हैं और उन्हें एक-दूसरे के प्रति सम्मान दिखाना चाहिए। प्रोटोकॉल कोई नई चीज नहीं है। यह एक संवैधानिक निकाय द्वारा दूसरे को दिए जाने वाले सम्मान का सवाल है। सीजेआई गवई ने कहा, जब किसी संवैधानिक संस्था का प्रमुख पहली बार राज्य का दौरा करता है तो उसके साथ जिस तरह का व्यवहार किया जाता है, उस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। जस्टिस गवई ने कहा कि वो इस तरह की छोटी बातों में नहीं उलझना चाहते हैं, लेकिन उन्हें इसे सार्वजनिक रूप से बताने की जरूरत महसूस हुई ताकि लोग इसके बारे में जानें। इसके आगे उन्होंने हल्के फुल्के अंदाज में कहा, अगर मेरी जगह कोई और होता तो अनुच्छेद 142 के बारे में चर्चा होने लगती। ये छोटी-छोटी बातें लग सकती हैं, लेकिन लोगों को इनके बारे में जागरूक किया जाना चाहिए।

गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को न्यायिक कार्यवाही में पूर्ण न्याय देने के लिए जरूरी आदेश जारी करने का अधिकार देता है। इसके तहत न्यायालय को व्यक्तियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी करने का भी अधिकार है। कुछ समय पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका के शक्तिशाली होने के संदर्भ में इस अनुच्छेद को परमाणु मिसाइल कहा था।

बहरहाल, जस्टिस गवई की टिप्पणी के कुछ घंटे बाद तीनों शीर्ष अधिकारी दादर स्थित चैत्यभूमि पहुंचे, जहां प्रधान न्यायाधीश ने डॉ. बीआर अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। सीजेआई गवई ने कहा, सीजेआई बनने के बाद मैं पहली बार चैत्यभूमि आया हूं। मैं यहां डॉ. अंबेडकर का आशीर्वाद लेने आया हूं। मैं प्रोटोकॉल को लेकर ज्यादा परेशान नहीं हूं। मैंने बस इसका जिक्र किया है। जानकारी के लिए बता दें कि देश के मुख्य न्यायाधीश जब किसी राज्य का दौरा कर रहे हों, तब उनकी अगवानी और स्वागत से लेकर ठहरने तक प्रोटोकॉल का पालन करना होता है। इसके लिए राज्य के प्रमुख अधिकारी मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और संबंधित अफसरों को अगवानी के लिए उपस्थित होना चाहिए। राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्री भी स्वागत समारोह में उपस्थित हो सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश के लिए एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षा घेरा सुनिश्चित किया जाता है। राज्य सरकार की ओर से वीआईपी गेस्ट हाउस की व्यवस्था की जाती है। यदि मुख्य न्यायाधीश किसी न्यायिक या विधायी कार्यक्रम में हिस्सा लेते हैं तो राज्य के प्रमुख न्यायिक अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहते हैं। न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका के बीच संतुलन और आपसी सम्मान बनाए रखने के लिए प्रोटोकॉल का पालन जरूरी माना जाता है।

लेकिन जस्टिस गवई के मुंबई दौरे के शुरुआती पलों में यह प्रोटोकॉल नदारद रहा। ऐसा नहीं है कि प्रशासन के इतने वरिष्ठ अधिकारी इस सामान्य जानकारी से अनभिज्ञ होंगे। लेकिन किस वजह से उन्होंने मुख्य न्यायाधीश की अगवानी के लिए उपस्थित होना जरूरी नहीं समझा, यह बड़ा सवाल बना हुआ है। सवाल यह भी है कि क्या महाराष्ट्र सरकार अपने इन अधिकारियों से इस संदर्भ में कोई जवाब-तलब करेगी, या यह बात आई-गई हो जाएगी। क्या जस्टिस गवई की जाति या धर्म का इस प्रकरण से कोई वास्ता है। और सबसे गंभीर सवाल यह कि भाजपा शासित राज्य में ऐसा होने का क्या अर्थ है। क्योंकि इससे पहले भाजपा के ही सांसद निशिकांत दुबे ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना पर गृहयुद्ध करवाने जैसे गंभीर और बेहूदा आरोप लगाए थे। भाजपा ने अपने इस सांसद की ऐसी धृष्टता पर कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की।

भाजपा के शासन में ही बार-बार कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के बीच कौन बड़ा है इसकी बहस खड़ी हो रही है। जगदीप धनखड़ उपराष्ट्रपति हैं, फिर भी उन्होंने परमाणु मिसाइल जैसा बयान दिया था। निशिकांत दुबे भी ऐसे सवाल उठा चुके हैं। हालांकि मुंबई में जस्टिस गवई ने एक बार फिर कहा है कि न तो न्यायपालिका, न ही कार्यपालिका और न ही संसद सर्वोच्च है, बल्कि भारत का संविधान सुप्रीम है और तीनों अंगों को संविधान के अनुसार काम करना है। भाजपा को उठाए सवालों का जवाब मुख्य न्यायाधीश के इस बयान में मिल जाता है।

अब भाजपा को भी देश की सत्ता पर काबिज होने और सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते इन सवालों का जवाब देना चाहिए कि आखिर क्यों उसके राज्य में मुख्य न्यायाधीश के लिए प्रोटोकॉल निभाने में अनदेखी की गई। सेना और न्यायपालिका इन दो संस्थाओं की साख देश में तमाम राजनैतिक लाभालाभ से परे बनी रही है। आम जनता का इन दोनों पर ही अटूट विश्वास रहा है। लेकिन क्यों भाजपा के शासन में ही सेना को लेकर भी अभद्र टिप्पणियां हुईं और उसमें भी जाति, धर्म, प्रांत की बातें आ गईं, वही रवैया क्या अब न्यायपालिका को लेकर भी भाजपा बरत रहा है।

# आतंकवाद के खिलाफ एकता और भाजपा का पाखंड

मैं यह देखकर प्रसन्न हूं कि कई दक्षिणपंथी टिप्पणीकार कर्नल सोफिया कुरैशी की सराहना कर रहे हैं, लेकिन शायद उन्हें उतनी ही शिद्दत से यह मांग भी करनी चाहिए कि भीड़ हिंसा के शिकार, बिना कानूनी प्रक्रिया के मकानों पर बुलडोजर चलवाए जाने और भाजपाई की नफरत की राजनीति के शिकार अन्य लोगों को भी, समान रूप से एक भारतीय नागरिक के रूप में न्याय और सुरक्षा दी जाए।'


'दो महिला अफसरों का प्रेस कान्फ्रेंस करना दीखने में एक महत्वपूर्ण दृश्य हो सकता है, लेकिन जब तक यह नजारा जमीनी स्तर पर ठोस बदलाव में तब्दील न हो, तब तक यह केवल एक 'दृश्य राजनीति' (ऑप्टिक्स) ही रहेगा—एक छलावा।'

अशोका विश्वविद्यालय के इतिहास तथा राजनीति विभाग के प्रोफेसर तथा राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष, प्रो. अली खान महमूदाबाद की ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित अपेक्षाकृत लंबी फेसबुक पोस्ट की शायद यही पंक्तियां हैं, जिनके लिए न सिर्फ उनको हड़बड़ी में हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है, उन्हें अन्य अनेक धाराओं के अलावा राजद्रोह के दो-दो आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। हजारों की संख्या में अकादमिकों और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने प्रोफेसर अली खान की गिरफ्तारी को सरासर अनुचित तथा मनमानी बताते हुए, इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन बताने के साथ ही, जिस तरह कुछ विस्तार से उनकी टिप्पणी में कुछ भी, किसी भी नजर से आपत्तिजनक होने मात्र का खंडन किया है, उससे पूरी तरह से सहमत होने के चलते, हम यहां उसे दोहराना आवश्यक नहीं समझते हैं। हम यहां सिर्फ इतना ध्यान दिलाना चाहेंगे कि प्रो. अली इस टिप्पणी में जिस छलावे या पाखंड से बचे जाने का ताकाजा कर रहे थे, उनकी गिरफ्तारी आतंकवाद के विरुद्ध राष्ट्र को एकजुट करने के इस चुनौतीपूर्ण समय में भी सत्ताधारी संघ-भाजपा के उसी पाखंड का सहारा लेने का, एक और सबूत पेश कर रही थी।

प्रो. अली की गिरफ्तारी इस पाखंड को इसलिए और किसी उदाहरण से ज्यादा मुखरता से उजागर करती है कि ठीक इसी समय पर, मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री, कुंवर विजय शाह के मामले में, उसी संघ-भाजपा की सरकार, इससे ठीक उल्टा ही आचरण प्रदर्शित कर रही थी। प्रो. अली के विपरीत, भाजपायी मंत्री के खिलाफ, किसी भी नजर से क्यों न देखा जाए, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सचेत रूप से भारतीय कार्रवाई का चेहरा बनायी गयी, कर्नल सोफिया कुरैशी के घनघोर अपमान का मामला बनता है। और शुद्ध सांप्रदायिक आधार पर यानी उनके मुसलमान होने के लिए ही, उनका ऐसा अपमान करने का मामला बनता है। इसके बावजूद, जैसा कि सभी जानते हैं भाजपायी मंत्री के खिलाफ, न तो भाजपा की मध्य प्रदेश सरकार ने कोई कार्रवाई करने की जरूरत समझी और न ही संघ-भाजपा परिवार ने।

यहां तक कि इस मामले पर चारों ओर शोर मचने के बाद, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की जबलपुर बैंच ने स्वत: संज्ञान लेकर, मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बहुत ही सख्त आदेश भी जारी कर दिए। इसके बाद मजबूरी में आखिरी घंटे पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज तो की लेकिन, इतनी लचर एफआईआर कि हाई कोर्ट की बेंच को अगले दिन फिर से सरकार को सिर्फ फटकार ही नहीं लगानी पड़ी, यह आदेश भी जारी करना पड़ा कि आगे अदालत इस मामले की निगरानी करेगी। इसके बाद भी, भाजपाई राज्य सरकार ने साफ कर दिया है कि वह दोषी मंत्री की गिरफ्तारी नहीं करने जा रही है। और मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विजय शाह की गिरफ्तारी की किसी भी संभावना से इंकार ठीक उस समय किया जा रहा था, जब उसी संघ-भाजपा की हरियाणा सरकार, प्रो. अली खान को दिल्ली से गिरफ्तारी की तैयारी कर रही थी।

बेशक, पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हत्याएं की थीं। और जैसा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार की ओर से एक पत्रकार वार्ता में, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने रेखांकित भी किया था, इसके पीछे आतंकवादियों का मकसद देश में सांप्रदायिक विभाजन पैदा करना था। उनका यह कहना भी बहुत हद तक सही था कि देश ने, आतंकवादियों के इन मंसूबों को विफल कर दिया था। पर बहुत हद तक ही। बेशक, आतंकवादियों की इस दरिंदगी के खिलाफ आम तौर पर पूरा देश एकजुट था। जम्मू-कश्मीर ने और देश के अल्पसंख्यकों ने खासतौर पर, इस दरिंदगी के लिए अपने नाम के इस्तेमाल को बलपूर्वक ठुकराया था। देश व जनता की इस व्यापक एकता की अभिव्यक्ति, सर्वदलीय बैठक के जरिए आतंकवाद और उसके प्रश्रयदाताओं के खिलाफ, पूरी तरह से एकजुट संदेश में भी हुई थी।



राजेंद्र शर्मा

विदेश सेवा के अधिकारियों के मुकाबले, इन सांसदों/ राजनीतिक नेताओं का वजन विदेशी मोर्चे पर भी इसीलिए अधिक माना जा रहा है कि वे अपनी राजनीतिक पार्टियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो भारतीय जनता की राय का प्रतिनिधित्व करती हैं। लेकिन, सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी की आंतरिक दिक्कतों का फायदा उठाने की कोशिश में, मोदी सरकार ने इन मिशनों के भेजे जाने के पूरे विचार में ही पलीता लगा दिया है।

लेकिन, इसके समानांतर एक क्षीण किंतु सत्तातंत्र का संरक्षण प्राप्त होने से उग्र धारा, विभाजन पैदा करने की भी थी। यह धारा, आतंकवादियों की करतूतों के बहाने से खासतौर पर कश्मीरी मुसलमानों को और आम तौर पर मुस्लिम अल्पसंख्यकों को हमलों का निशाना बनाए जाने की थी। जाहिर है कि भौतिक हमलों से कई गुना बड़ा था, वैचारिक-भावनात्मक हमलों का दायरा, और ये हमले सत्ता परिवार के आईटी सेल द्वारा संचालित ताने-बाने के जरिए किए जा रहे थे। बहरहाल, शासन की ओर से किसी रोक-टोक के अभाव में भौतिक हमलों का सिलसिला भी, आपरेशन सिंदूर के शुरू होने तक जारी ही था। एसोसिएशन ऑफ प्रोटैक्शन ऑफ सिविल राइट्स (एपीसीआर) द्वारा 22 अप्रैल से 8 मई के बीच, देश के 20 राज्यों में 180 से ज्यादा सांप्रदायिक घटनाओं का जो विवरण एकत्रित किया गया है, उसके अनुसार इनमें 106 घटनाएं पहलगाम के आतंकवादी हमले से संबंधित थीं और इनकी चपेट में कम से कम 316 लोग आए थे। इनमें 39 हमले की, 19 तोड़-फोड़ की और 42 मुसलमानों को तंग किए जाने की घटनाएं थीं। यह दिखाता है कि जब देश को एकता की सबसे ज्यादा जरूरत थी, उस घड़ी में भी सत्ताधारी संघ-भाजपा तथा उनके शासन द्वारा संरक्षित हिंदुत्ववादी ताकतें, जनता की एकता की ही जड़ों को खोखला करने में लगी हुई थीं और शासन की एकता की गुहारों को पाखंड में तब्दील करने में लगी हुई थीं।

आतंकवाद के विरुद्ध देश और देशवासियों की सहज-स्वाभाविक एकता के लिए, अपने विभाजनकारी व्यवहार से चुनौती खड़ी करने का मोदी सरकार का खेल 'आपरेशन सिंदूर' के नाम से पाकिस्तान के साथ चार दिन की सैन्य मुठभेड़ के बाद भी थमा नहीं है। बेशक, इस पूरे प्रकरण में भारत के विदेश नीति तंत्र का प्रदर्शन सत्यानाशी रहा है। इसका सबसे प्रत्यक्ष सबूत तब मिल गया, जबकि इन झड़पों के बीच, पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने, जिसमें अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी जगत का ही बोलबाला है, एक अरब डालर से ज्यादा के ऋण के लिए मंजूरी दे दी। आईएमएफ के कुल 25 से ज्यादा सदस्यों के बोर्ड में, भारत के सिवा एक भी देश नहीं था, जो इस ऋण की मंजूरी के खिलाफ होता। यहां तक कि अंतत: भारत ने भी इस आधार पर इस फैसले का विरोध करने की जगह, निर्णय से खुद को अलग रखने का ही रास्ता अपनाया, कि उसके मत का जितना वजन था, उसके आधार पर विरोध करने का विकल्प ही नहीं था। यहां भारत ही एक प्रकार से पूरी तरह से अलग-थलग नजर आया। यह इसके ऊपर से था कि सैन्य टकराव के दौरान भी भारत, इसी तरह अलग-थलग नजर आया था। यह मोदी राज की ग्यारह साल की विदेश नीति का ही कुल हासिल है कि भारत ने चुनौती के इस समय में, खुद को दुनिया में अलग-थलग पाया है। यह विदेश नीति, स्वतंत्रता के बाद से भारत को जिन-जिन चीजों के लिए जाना गया था, उसकी कमजोर की पक्षधरता से लेकर जनतांत्रिकता, धर्मनिरपेक्षता तक की पहचान के पलटे जाने की ही विदेश नीति रही है, बहरहाल उस पर फिर कभी।

विदेशी मोर्चे की इन सच्चाइयों के सामने, सर्वदलीय बैठकों में प्रधानमंत्री की वाचाल अनुपस्थिति के बाद भी और संसद का विशेष सत्र बुलाने से भी इंकार कर के, मोदी सरकार के देश में राजनीतिक राय की एकता को यथासंभव मुश्किल बनाने के बाद भी, सरकार ने जब आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखने के लिए और इस मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए, करीब तीन दर्जन राजधानियों में, सात बहुपक्षीय राजनीतिक-कूटनीतिक मिशन भेजने का फैसला लिया, विपक्ष ने बिना किसी खास अगर-मगर के इसका समर्थन किया। लेकिन, मोदी राज के विभाजनप्रेमी मिजाज ने, इसे भी क्षुद्र राजनीतिक तिकड़म का मैदान बना लिया। पहले राजनीतिक पार्टियों से इस मिशन में शामिल करने के लिए प्रतिनिधियों से नाम मांगे गए। लेकिन, सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी, कांग्रेस ने जब मांगे गए चार नाम दिए, मोदी सरकार ने इन चार नामों में से एक को छोड़कर, सभी नामों को नामंजूर कर दिया और अपनी मर्जी के कांग्रेस नेताओं के नाम प्रतिनिधिमंडलों में जोड़ दिए।

इस तरह, इन प्रतिनिधिमंडलों के देश छोड़ने से पहले ही, सरकार ने खुद ही इसके दावों पर प्रश्न खड़े करा दिए कि इन मिशनों के जरिए, आतंकवाद और पाकिस्तान के मुद्दे पर पूरा भारत, एक स्वर से बोल रहा होगा। विपक्षी पार्टियों द्वारा भले ही इसे बहुत बड़ा मुद्दा न बनाया जा रहा हो, लेकिन इतना तय है कि अब सरकार द्वारा ही चुने गए प्रतिनिधि, अपनी पार्टियों से ज्यादा सरकार का ही प्रतिनिधित्व कर रहे होंगे और उसी हद तक देश की राजनीतिक राय की एकता का प्रतिनिधित्व करने में असमर्थ होंगे। शासक पार्टी की ओर से इस सिलसिले में और सबसे बढ़कर शशि थरूर के शामिल किए जाने के लिए, 'योग्यता' या 'उपयुक्तता' का जो तर्क उछाला गया है और भी बेढब है। इन प्रतिनिधिमंडलों में सबसे प्रमुखता से राजनीतिक नेताओं को जो शामिल किया जा रहा है, कम से कम विदेश सेवा के अधिकारियों के मुकाबले बेहतर भाषायी कौशल के लिए तो नहीं ही शामिल किया जा रहा है।

विदेश सेवा के अधिकारियों के मुकाबले, इन सांसदों/ राजनीतिक नेताओं का वजन विदेशी मोर्चे पर भी इसीलिए अधिक माना जा रहा है कि वे अपनी राजनीतिक पार्टियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो भारतीय जनता की राय का प्रतिनिधित्व करती हैं। लेकिन, सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी की आंतरिक दिक्कतों का फायदा उठाने की कोशिश में, मोदी सरकार ने इन मिशनों के भेजे जाने के पूरे विचार में ही पलीता लगा दिया है। सवा चतुराई यह है कि विपक्ष अगर ज्यादा विरोध करे तो क्षुद्र राजनीति के लिए राष्ट्रीय सर्वानुमति को तोड़ता नजर आए और अगर राष्ट्रीय सर्वानुमति का ख्याल कर चुप रह जाए, तो शासन को उसके फटे में टांग अड़ाने का मौका मिल जाए। इसलिए, बहुदलीय मिशनों का यह प्रयोग भी, जो कि मोदी राज के लिए बेशक नया है, लेकिन देश के लिए जाना-पहचाना है, प्रो. महमूदाबाद के शब्दों का प्रयोग करें तो, 'केवल एक 'दृश्य राजनीति' (ऑप्टिक्स) ही रहेगा—एक छलावा'।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# मोदी सरकार प्रेस को दबाकर पाकिस्तान की चुनौती का सामना नहीं कर सकती

■ **सुशील कुट्टी**

अगर आप 'उन्हें चुप नहीं करा सकते, तो उनको चुप करा दें!' मोदी के भारत में यही कहावत है। 'उनको चुप करा दें' का मतलब है, बोली और लिखी गयी आवाज़ को दबा दें। 'उन्हें चुप करा दें' का मतलब है, उनको सलाखों के पीछे बंद कर दें, जो परेशान कर रहे हैं, और नियंत्रण में नहीं हैं। इसके 'क्यों' के जवाब के लिए कोई रॉकेट साइंस की ज़रूरत नहीं है! इतना ही काफी है कि वह व्यक्ति सत्ता के लिए एक स्पष्ट और मौजूदा ख़तरा है।

इस समय, खबरों में दो 'शाह' हैं। मध्य प्रदेश के शाह और गुजरात समाचार के शाह। मध्य प्रदेश के शाह ने सेना के एक 'हीरो' के खिलाफ़ उपहास और दुर्भावना से भरे शब्द कहे और गुजरात समाचार के शाह ने कथित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। मध्य प्रदेश के शाह एक आज़ाद पक्षी हैं। 73 वर्षीय गुजरात के शाह प्रवर्तन निदेशालय की सबसे बड़ी दुर्भावना के निशाने पर हैं!

अलग-अलग शाहों के लिए अलग-अलग चालें! एक मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं, जिन्हें गिरफ़्तारी और कारावास से छूट है। दूसरे हर मायने में 'बाहुबली' हैं, जिनकी कलम तलवार से ज़्यादा शक्तिशाली है और इसलिए उन्हें सत्तारूढ़ पार्टी के विचार में चुप करा दिया जाना चाहिए।

शाह के समर्थकों ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया। इस महीने की शुरुआत में, गुजरात समाचार के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट को बिना किसी कारण बताये बंद कर दिया गया था। धोखाधड़ी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। तथाकथित मोदी विरोधी मीडिया मोदी सरकार के प्रतिशोध से बच नहीं पाया है। नवीनतम 'पीड़ितों' में 'द वायर' भी शामिल है, जिसे 'ब्लॉक' कर दिया गया था।

बाहुबली शाह और मध्य प्रदेश के शाह के साथ किये गये व्यवहार की तुलना करें तो भेदभाव विशाल पेड़ की तरह खड़ा है। उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश के शाह के खिलाफ़ स्वत: संज्ञान लिया और प्राथमिकी दर्ज की गयी। मामला सर्वोच्च न्यायालय तक भी पहुंचा।

मध्य प्रदेश के शाह खुलेआम घूम रहे मानो बेदाग हों। लेकिन 15 मई की देर रात प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुजरात के 'गुजरात समाचार' के मालिक बाहुबली शाह को वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। प्रेस की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में विश्वास रखने वाले लोग, जिनसे मोदी सरकार सहमत नहीं है, बाहुबली शाह के साथ एकजुटता में सामने आये हैं।

ऐसे समय में हुई है जब देश में युद्ध चल रहा है। स्वतंत्र मीडिया बाहुबली शाह की ईडी द्वारा की गयी गिरफ्तारी को 'अपराध' कहता है। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, इंडियन विमेंस प्रेस कोर, प्रेस एसोसिएशन, दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स और केरल यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स, सभी ने बाहुबली शाह की ईडी द्वारा की गयी गिरफ्तारी की निंदा की है।

बाहुबली शांतिलाल शाह लोक प्रकाशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं, जो 'गुजरात समाचार' प्रकाशित करता है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात से प्रकाशित होने वाला एक व्यापक रूप से प्रसारित दैनिक है।

गुजरात की एक अदालत ने 16 मई को बाहुबली शाह को अंतरिम जमानत दे दी। ईडी 2016 से बाहुबली शाह का पीछा कर रहा है। 2023 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कथित तौर पर धन के दुरुपयोग के लिए जांच शुरू की थी। इस बार भी ईडी ने लोक प्रकाशन के कई ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। आयकर (आई-टी) विभाग ने भी मुंबई, वडोदरा और अहमदाबाद में एक साथ छापेमारी की।

शाह के समर्थकों ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया। इस महीने की शुरुआत में, गुजरात समाचार के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट को बिना किसी कारण बताये बंद कर दिया गया था। धोखाधड़ी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। तथाकथित मोदी विरोधी मीडिया मोदी सरकार के प्रतिशोध से बच नहीं पाया है। नवीनतम 'पीड़ितों' में 'द वायर' भी शामिल है, जिसे 'ब्लॉक' कर दिया गया था।

यह तो पता नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'गुजरात समाचार' ने कब और कैसे निशाना बनाया या बदनाम किया, लेकिन विपक्षी दल इंडिया गठबंधन को यकीन है कि 'गुजरात समाचार' को सत्ता के सामने सच बोलने के लिए निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस का कहना है कि 'डराने की राजनीति' अब मोदी सरकार की 'पहचान' बन गयी है।

'मोदी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था कि आलोचना लोकतंत्र की आत्मा है। गुजरात समाचार 93 साल पुराना संगठन है। मोदी ने साबित कर दिया है कि आलोचकों को गिरफ्तार करना डरे हुए तानाशाह की पहली निशानी है! जो कोई भी इस सरकार के खिलाफ आवाज उठायेगा या भाजपा के साथ समझौता नहीं करेगा, उसे जेल जाना पड़ेगा, 'कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर आरोप लगाया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह गुजरात समाचार को 'खामोश' करने और न केवल एक अखबार, बल्कि पूरे लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश है।

बाहुबली शाह को खराब स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत दी गयी। प्रदेश कांग्रेस का कहना है कि गुजरात समाचार हमेशा सत्य के साथ खड़ा रहा है और भारत-पाकिस्तान युद्ध से निपटने के मामले में सरकार के तौर-तरीकों सहित 'भाजपा सरकार और पीएम मोदी को आईना दिखाता रहा है'। बाहुबली शाह के एक रिश्तेदार ने कहा, 'हमें नहीं पता कि वे हमारे साथ अंडरवर्ल्ड के लोगों जैसा व्यवहार क्यों कर रहे हैं... इतने सालों के बाद अचानक क्या हो गया?'

गुजरात समाचार 97 साल पुराना है और इसे गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में पढ़ा जाता है। गुजरात समाचार वेबसाइट की औसत दैनिक पाठक संख्या 46 लाख है, लेकिन जब 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया गया, तो गुजरात समाचार के 'एक्स' हैंडल को निलंबित कर दिया गया! ईडी का कहना है कि 'शाह से हिरासत में पूछताछ जरूरी है' और बाहुबली शाह के रिश्तेदार कांग्रेस के शब्दों को दोहराते हैं: 'आलोचकों को गिरफ्तार करना एक डरे हुए तानाशाह का पहला संकेत है।'

फिलहाल, बाहुबली शांतिलाल शाह को अंतरिम जमानत मिल गयी है और अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाकई एक 'डरे हुए तानाशाह' हैं, तो उनकी मुश्किलें अभी शुरू ही हुई हैं। बहुत से लोगों का मानना है कि जो भी मोदी सरकार के खिलाफ आवाज उठायेगा और 'बीजेपी से समझौता' नहीं करेगा, उसे जेल जाना पड़ेगा। बाहुबली शाह को इस नियति से बचने के लिए नियमित जमानत लेनी होगी। वह मध्य प्रदेश के शाह नहीं, बल्कि गुजरात समाचार शाह हैं!

## आपके पत्र

### आरक्षणः पीढ़ीगत विशेषाधिकार या वास्तविक न्याय ?

भारत में आरक्षण का मुद्दा हमेशा से एक संवेदनशील और विवादास्पद विषय रहा है। यह सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और ऐतिहासिक उत्पीड़न के निवारण का एक महत्वपूर्ण उपकरण माना जाता है। परंतु जैसे-जैसे समय बीतता गया, आरक्षण की अवधारणा अपने मूल उद्देश्यों से भटकती प्रतीत होती है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस बी.आर. गवई का बयान इस बहस को एक नई दिशा में ले जाता है, जिसमें उन्होंने कहा कि- संपन्न लोगों को आरक्षण से बाहर करने का निर्णय संसद को करना चाहिए। उनका यह कथन कई सवाल खड़े करता है- क्या आरक्षण का वास्तविक लाभ उस वर्ग तक पहुंच रहा है जिसके लिए यह बनाया गया था? क्या यह व्यवस्था अब सुधार और पुनर्विचार की मांग करती है?

आरक्षण का मूल उद्देश्य-आरक्षण का आरंभ भारतीय समाज में व्याप्त गहरी सामाजिक असमानताओं को समाप्त करने और सदियों से वंचित समुदायों को मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से हुआ था। यह एक ऐसा साधन था जिससे सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक पिछड़ेपन को दूर कर समाज के सभी वर्गों को समान अवसर मिल सके। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर ने आरक्षण को एक अस्थायी उपाय के रूप में प्रस्तुत किया था, ताकि दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों को न्याय और अवसर मिल सके। उनका उद्देश्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना था जहां जातीय भेदभाव और सामाजिक उत्पीड़न का कोई स्थान न हो। यह केवल सरकारी नौकरियों और शिक्षा तक सीमित नहीं था, बल्कि एक समग्र सामाजिक सुधार की दिशा में एक साहसिक कदम था।

लेकिन, धीरे-धीरे यह व्यवस्था उन परिवारों के लिए एक पीढ़ीगत विशेषाधिकार बनती जा रही है जो पहले ही सशक्त, संपन्न हो चुके हैं। न्यायमूर्ति गवई का यह कहना कि जब एक व्यक्ति आईएएस या आईपीएस बन जाता है, तो उसके बच्चे उसी समाज की कठिनाइयों का सामना नहीं करते हैं, एक महत्वपूर्ण सत्य की ओर इशारा करता है। एक अधिकारी का परिवार उच्च शिक्षा, बेहतर जीवनशैली और संसाधनों तक सहज पहुंच के कारण वास्तविक वंचितों से कोसों दूर हो जाता है। यह स्थिति केवल सरकारी सेवाओं में ही नहीं, बल्कि निजी क्षेत्र, उच्च शिक्षा संस्थानों और अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में भी देखी जा सकती है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या इन परिवारों को लगातार आरक्षण का लाभ मिलना न्यायसंगत है? आरक्षण का प्रमुख उद्देश्य केवल जातीय भेदभाव को समाप्त करना ही नहीं था, बल्कि आर्थिक असमानता को भी दूर करना था। परंतु आज आरक्षण का आधार अधिकतर जातीय पहचान पर आधारित है, जबकि वास्तविकता में आर्थिक स्थिति भी एक महत्वपूर्ण कारक होनी चाहिए। संपन्न वर्गों को आरक्षण से बाहर करने की बात करना इस दिशा में एक आवश्यक कदम हो सकता है, ताकि वास्तव में जरूरतमंद लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके। यह दृष्टिकोण न केवल संसाधनों का अधिक न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करेगा, बल्कि समाज में वास्तविक समता और न्याय की भावना को भी बढ़ावा देगा।

आरक्षण एक संवेदनशील और जटिल विषय है, लेकिन समय के साथ इसके ढांचे में बदलाव की आवश्यकता है। जस्टिस गवई का बयान एक महत्वपूर्ण बहस की ओर इशारा करता है जो हमारे समाज की प्रगति और न्याय की नई परिभाषा को आकार दे सकता है। यदि हम वास्तव में एक समतामूलक समाज का निर्माण करना चाहते हैं, तो हमें आरक्षण की नीति को समय के साथ सुधारना और पुनर्गठित करना होगा। यह न केवल संविधान के मूल उद्देश्यों का सम्मान होगा, बल्कि एक बेहतर और अधिक न्यायपूर्ण समाज की दिशा में एक आवश्यक कदम भी होगा।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



# ललित सुरजन की कलम से

## भारत और पड़ोसी देश

*'पाकिस्तान के साथ संबंधों को लेकर भाजपा पिछले वर्षों में जो जुमलेबाजी करते आई है, उसकी अब कोई गुंजाइश नहीं है, लेकिन विपक्ष यदि विरोध करना चाहे तो उसके सौ तरीके हैं। ज्ञातव्य है कि राज्यसभा में भाजपा फिलहाल अल्पमत में है और अगर सत्तादल और विपक्ष के बीच कोई तालमेल स्थापित नहीं हो पाया तो सरकार को तकलीफ हो सकती है। इसके अलावा यह भी स्मरण रखना होगा कि पाकिस्तान में सत्तासूत्र वास्तविकता में सेना के हाथों में हैं तथा निर्वाचित सरकार के लिए उसकी उपेक्षा करना संभव नहीं है। हमारे दोनों देशों के बीच कड़वाहट के दो बड़े कारण हैं- पहला कश्मीर और दूसरा 1971 की हार का दंश। फिर भारत और पाक दोनों में ऐसे सलाहकारों की बड़ी संख्या है जो किसी भी तरह की रियायत या लचीलेपन के लिए तैयार नहीं होते। भारत की बात करें तो विदेशमंत्री सुषमा स्वराज जिस स्वर में बात करेंगी क्या वही स्वर उनके राज्यमंत्री जनरल वी.के. सिंह का भी होगा? इन दोनों का स्वर यदि एक हुआ तो एनएसए प्रत्याशी अजीत डोभाल इत्यादि क्या उनसे सहमत होंगे?'*

**( देशबन्धु में 29 मई 2014 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/05/blog-post_28.html

## पावन प्रसंग

# विद्या ऐसी अक्षय संपदा है जिसका नाश नहीं होता

विद्या के अभाव में उन्नति असंभव है। यही वह पूंजी है, जो सच्चे अर्थों में मनुष्य का उत्थान कराती और यश व गौरव का अधिकारी बनाती है। ऐसा एक भी उदाहरण इस संसार में नहीं पाया जा सकता, जिसके आधार पर यह कहने का साहस किया जा सके कि बिना ज्ञान एवं विद्या के भी उन्नति एवं प्रगति संभव मानी जा सकती है। उत्कर्ष का उपाय ऊान ही है। ज्ञान तप को पूरा किए बिना न तो कोई उस उत्कर्ष का अधिकारी बना है और न बन सकता है। मनुष्यता का गौरव, आदमी की विशेषता और संसार का सारा वैभन विद्या विभूति के ही अधीन माना गया है। ज्ञानरूपी तप किसी भी काल एवं अवस्था में क्यों न किया जाए, कभी निष्फल नहीं जाता। आयुस के निकल जाने पर भी विद्याप्राप्ति के लिए प्रयत्नशील रहना बुद्धिमानी है। यदि वह किसी कारण से इस जन्म में फलवती न हुई, तो आगामी जन्मों से सुलभ होगी।

निस्संदेह विद्या ऐसी ही अक्षय संपदा है, जिसका तीनों लोक, तीनों कालों में नाश नहीं होता। वह जन्म-जन्मांतरों में मित्र की तरह मनुष्य के साथ बनी रहती है। प्रथम तो विद्या का फल आर्थिक सफलता के रूप में देखना ही नहीं चाहिए। फिर भी यदि वह अर्थकारी न भी हो पाती है तथापि उसके ज्ञान का जो एक अनिर्वचनीय एवं अहेतुक संतोष, शांति अथवा आनंद है, उसको तो कोई परिस्थिति नहीं छीन सकती। सच्चा मनुष्य वही है, जिसके पास ज्ञान की विशेषता है, विद्या ही सच्चा धन है। विद्या की कृपा से मनुष्य का जीवन सार्थथक बनता है। विद्या के कारण ही मनुष्य सभ्य समाज में आदर का अधिकारी बनता है। धन के आधार पर विद्यारहित व्यक्ति का आदर आडंबर तथा प्रदर्शन मात्र होता है। विद्या ही सारे सुखों की जड़ और अविद्या हीसारे दुखों का हेतु माना गया है।

धन, वैभव, जमीन- जायदाद, शक्ति, सुंदरता आदि के आधार पर किी की उन्नति, विकास अथवा व्यक्तित्व को परखने की कसौटी मूर्ख जनों की होती है। सज्जन एवं सत्पुरुष की कसौटी तो विद्या, बुद्धि, सदज्ञान, सदाचार योग्यता एवं प्रतिभा ही रहा करती है। अध्ययन करने वाला अपनी आत्मा का सफल चिकित्सक माना गया है। अध्ययन द्वारा उपार्जित ज्ञान से वह शीघ्र ही अपनी आत्मा की व्याधियों को पहचान लेता है और उसी आधार पर उसका उपचार भी करता है। मनुष्य का वास्तविक लक्ष्य, अधोगामी परिस्थितियों से उठकर ऊर्ध्व दिशा की ओर अभियान करना है। धर्म का सच्चा रूप पहचानकर उन पारमार्थिक कर्तव्यों को पूरा करना है। जिससे उसकी आत्मा दिनोंदिन मुक्ति की ओर अग्रसर होती रहे। यह आत्मिक प्रगति विद्या के अभाव में कदापि संभव नहीं हो सकती। समाज में जिधर देखिए, विद्यावान को ही हाथोंहाथ लिया जाता है। परिवारों में भी प्राय: उन्हीं सदस्यों का प्रभाव रहता है और उन्हीं की बात ज्यादा मानी जाती है, जो शिक्षित तथा विद्यावान होते हैं। अशिक्षित तथा अज्ञानी सदस्यों के प्रति बहुधा उपेक्षा का ही दृष्टिकोण रहा करता है। शिक्षित संतान पिता के गौरव तथा संतोष का कारण बनती है।

संसार से लेकर आत्मा तक के जितने सुख माने गए हैं, विद्या के अभाव में अज्ञानी पुरुष उन सबसे सर्वथा वंचित ही रह जाता है। यदि आपको जीवन में सुख-सम्मान पाना है, अपनी आत्मा को उन्नत बनाकर परमात्मा तक पहुंचने की जिज्ञासा है, तो आज से ही विद्या रूपी धन संजय करने में लग जाइए।

**युग निर्माण योजना**

# देश विदेश

## अमेरिका के साथ परमाणु समझौता संभव है : ईरान

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका उसे भयभीत करने की प्रवृत्ति छोड़ दे तो दोनों देशों के बीच परमाणु समझौता संभव हो सकता है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने रविवार शाम को ओमान के विदेश मंत्री बद्र बिन हमद अल बुसैदी के साथ बैठक के दौरान कहा कि अगर अमेरिका ईरान को 'डराना' बंद कर दे तो ईरान अमेरिका के साथ समझौता कर सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर समझौता संभव है, लेकिन इसके लिए एक बुनियादी शर्त आवश्यक है। अमेरिकी पक्ष को अपनी शर्तें थोपना और ईरान को डराना बंद करना चाहिए। हम किसी भी परिस्थिति में बल प्रयोग के आगे नहीं झुकेंगे।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ

**नई दिल्ली,** 19 मई (एजेंसियां)। पुर्तगाल स्थित भारतीय दूतावास ने लिस्बन में अपने चांसरी भवन के बाहर पाकिस्तान समर्थित लोगों की तरफ से आयोजित विरोध प्रदर्शन पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का मुकाबला करने के अपने संकल्प को दोहराया। पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन स्थित भारतीय दूतावास के सामने पाकिस्तान समर्थित लोगों की तरफ से विरोध प्रदर्शन किया गया। भारतीय अधिकारियों द्वारा इस प्रदर्शन का दृढ़तापूर्वक जवाब दिया और कहा कि भारत ऐसे उकसावे से डरने वाला नहीं, 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है। भारतीय दूतावास ने अपने 'एक्स' पोस्ट में पुर्तगाल सरकार और पुलिस अधिकारियों को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था देने के लिए धन्यवाद दिया। पुर्तगाल में भारत के राजदूत पुनीत रॉय कुंडल ने भी 'एक्स' के माध्यम से प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, कि दूतावास के बाहर पाकिस्तान की तरफ से आयोजित विरोध प्रदर्शन का जवाब हमारी ओर




से मौन लेकिन मजबूत और दृढ़ संदेश के साथ दिया गया, 'ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है'। दूतावास के सभी अधिकारियों का दृष्टिकोण यही था।'ऑपरेशन सिंदूर' सीधे तौर पर पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत की सैन्य जवाबी कार्रवाई से जुड़ा है। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी समूह द्वारा किए गए हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने जोरदार जवाब दिया था। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके क्षेत्र में आतंकी ठिकानों और शिविरों पर सटीक हमले करते हुए उन्हें नष्ट कर दिया था। पहलगाम हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। पुर्तगाल में 'ऑपरेशन सिंदूर' आधारित कूटनीति भारत के उस संदेश को विश्व के सामने प्रदर्शित करती है कि, वह सीमा पार आतंकवाद या धमकी को बर्दाश्त नहीं करेगा, चाहे वह हिंसक हमले हों या अंतरराष्ट्रीय विरोध प्रदर्शन।

■ **पुर्तगाल में भारत के राजदूत पुनीत रॉय कुंडल ने भी 'एक्स' के माध्यम से प्रतिक्रिया दी**

### ब्राजील और अमेरिका के सांसदों को बताएंगे 'ऑपरेशन सिंदूर' का महत्व : त्रिपाठी

**देवरिया।** केंद्र सरकार द्वारा विदेश जाने वाले सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों में भाजपा सांसद शशांक मणि त्रिपाठी का भी नाम है। उन्होंने इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल करने को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल अमेरिका, ब्राजील, पनामा, कोलंबिया और गुयाना का दौरा कर रहा है, जहां हम 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी देंगे। भाजपा सांसद शशांक मणि ने एक बयान में कहा कि मैं वास्तव में अभिभूत हूं कि प्रधानमंत्री, पीएमओ और किरेन रिजिजू ने मेरे नाम को मंजूरी दी। मैं शशि थरूर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हूं, जो विदेश मंत्रालय की चयन समिति के अध्यक्ष और स्थायी सदस्य हैं। हमारा प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राजील, पनामा, कोलंबिया और गुयाना का दौरा कर रहा है। मेरा मानना है कि ब्राजील और अमेरिका विशेष रूप से प्रभावशाली देश हैं और उनके सांसदों के साथ बैठक करके हम 'ऑपरेशन सिंदूर' के महत्व को समझाएंगे कि हमने इसे क्यों शुरू किया और इसका क्या प्रभाव होगा। उन्होंने कहा कि मैं यह भी बताना चाहता हूं कि हम लोग तिरंगा यात्रा के माध्यम से अपने सैन्य बलों का मनोबल बढ़ा रहे हैं।

## तुर्की ने गाजा में इजरायल के जमीनी हमलों को तुरंत रोकने की मांग की

**अंकारा,** 19 मई (एजेंसियां)। तुर्की ने गाजा में इजरायल के तीव्र जमीनी अभियान की कड़ी निंदा करते हुए इसे तत्काल रोकने और घेराव किए गए क्षेत्र में शीघ्र मानवीय सहायता पहुंचाए जाने का आह्वान किया है। तुर्की के विदेश मंत्रालय के आज यहां जारी एक बयान के मुताबिक ऐसे समय में जब वार्ता चल रही है, गाजा में इजरायल का व्यापक जमीनी अभियान शांति और स्थिरता प्राप्त करने के सभी प्रयासों को कमजोर करता है। इस घटनाक्रम ने एक बार फिर प्रदर्शित किया है कि इजरायल



स्थायी शांति प्राप्त करने का इरादा नहीं रखता है मंत्रालय ने सभी सैन्य अभियानों को तत्काल समाप्त करने के अपने आह्वान को दोहराते हुए गाजा में मानवीय सहायता भेजे जाने और तत्काल युद्ध विराम घोषित करने का आग्रह किया। बयान में तुर्की ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इसे और आगे बढ़ने से रोकने के लिए निर्णायक कार्रवाई करने का आहवान किया।

## ब्राजील में बर्ड फ्लू को रोकने के लिए सैनिटरी बैरिकेड लगाए गए

**साओ पाउलो,** 19 मई (एजेंसियां)। ब्राज़ील के रियो ग्रांडे दो सुले प्रांत में मोंटेनेग्रो की एक व्यावसायिक फार्म में बर्ड फ्लू फैलने के बाद सड़कों पर बैरिकेड लगा दिए गए हैं ताकि संक्रमण को रोका जा सके। रियो ग्रांडे डो सुल के गवर्नर एडुआर्डो लेटे की ओर से जारी आदेश के तहत फार्म से 3-10 किलोमीटर के दायरे में बर्ड फ्लू की जांच के लिए सात सैनिटरी रोड बैरियर लगाए जा रहे हैं और वाहनों, विशेषकर मालवाहक ट्रकों पर इस संक्रमण को अन्य में फैलने से रोकने के लिए 24 घंटे छिड़काव किया जाएगा।ब्राज़ील में पशु स्वास्थ्य विभाग की टीमें बर्ड फ्लू के केंद्र से 10 किमी दायरे में ग्रामीण इलाकों की जांच कर रही हैं और खाद्य एवं दूध ले जाने वाले वाहनों की निगरानी कर रही हैं।

## सुडोकू 6918

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 3 | | 2 | 4 |
| | | | 1 | 4 | | | | |
| | | | | 9 | | | 5 | 7 |
| 7 | 3 | | | | | 4 | | 5 |
| 8 | | | | | | | | 3 |
| 5 | | 4 | | | | | 8 | 2 |
| 9 | 1 | | | 5 | | | | |
| | | | | 8 | 2 | | | |
| 4 | 7 | | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 20 मई, 2025 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 8

### राशिफल

मेष - उगाही एवं प्रवास के लिए आज का दिन अच्छा है। व्यापार से सम्बंधित कामों के लिए लाभदायी शुरुआत रहेगी। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन होगा। शेयर-सट्टे में आर्थिक लाभ होगा। पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी।

वृषभ - आज अनुकूलता और प्रतिकूलता से भरा दिन रहेगा। व्यापार में कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। आलस्य और चिंता बनी रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखें। विरोधियों के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

मिथुन - खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने पर हताशा का अनुभव करेंगे। अनैतिक काम आपको विपत्ति में डाल सकते हैं। संभव हो, तो उससे दूर रहें। आकस्मिक प्रवास का योग बनेगा।

कर्क - किसी के साथ आज इमोशनल संबंध में बंध सकते हैं। उस सम्बन्ध में आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे। आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजक प्रवृत्ति से मन खुश रहेगा। मित्रों का साथ मिलने से आनंद दोगुना हो जाएगा।

सिंह - व्यवसाय को बढ़ाने के लिए आज आप प्रयास शुरू कर सकते हैं। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ प्राप्त होगा। धन प्राप्ति का प्रबल योग है। ब्याज, दलाली आदि से इनकम में वृद्धि होने की संभावना है।

कन्या - वस्त्र-आभूषण की खरीदी आप के लिए रोमांचक और आनंददायी रहेगी। कला के प्रति आप की रुचि बढ़ेगी। व्यापार में कोई कठिन काम बन जाने से आपके मन में उल्लास छाया रहेगा।

तुला - आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी रहेगा। स्थायी संपत्ति के मामले में आपको बेहद ध्यान रखना होगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। परिवार में तकरार न हो, इसका ध्यान रखें।

वृश्चिक - आज का दिन व्यापार के लिए अनुकूल है। गृहस्थजीवन में उलझे हुए प्रश्नों का निराकरण हो सकेगा। स्थायी संपत्ति से जुड़े काम में आपको सफलता मिल सकती है। भाई-बहनों के साथ संबंधों में प्रेम बना रहेगा।

धनु - आप वाणी पर संयम रखें और लोगों से मनमुटाव को दूर करने का प्रयास करें। आज आपका ध्यान आध्यात्मिक बातों में रहेगा। विद्यार्थियों को एकाग्र होने में दिक्कत आएगी।

मकर - व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण मिलेगा। आज का प्रत्येक काम बिना विघ्न के पूरे हो सकेंगे। गृहस्थ जीवन में उग्र वातावरण बना रहेगा। आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपकी रुचि बढ़ेगी। कार्यालय में आपका प्रभाव बना रहेगा।

कुंभ - आज मानसिक रूप से धार्मिक भावनाओं का उदय अधिक होगा। धार्मिक काम अथवा धार्मिक यात्रा के पीछे धन खर्च करेंगे। कोर्ट-कचहरी के काम में सफलता प्राप्त हो सकती है।

मीन - शेयर-सट्टे की प्रवृत्ति से आज आपको आर्थिक लाभ होगा। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है। व्यापार में लाभ होगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति छाई रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1217 – पहले बैरन युद्ध के अंतिम भूमि युद्ध में, विलियम द मार्शल ने फ्रांस के राजकुमार लुई को इंग्लैंड से बाहर निकाल दिया।
1217– लिंकन की लड़ाई में, फर्स्ट बैरन्स वॉर की अंतिम भूमि लड़ाई, विलियम मार्शल ने फ्रांस के राजकुमार लुइस को ऑर्गलैंड से बाहर निकाल दिया।
1609– थॉमस थोरपे ने शेक्सपियर के आग्नेयनेट्स (शीर्षक पृष्ठ चित्र) की पहली प्रतियां, संभवत: विलियम शेक्सपियर के अनजाने के बिना प्रकाशित कीं।
1609– विलियम शेक्सपियर की कविताओं के पहले संग्रह का लंदन में प्रकाशन हुआ।
1784–पेरिस में ग्रेट ब्रिटेन और डच गणराज्य के साम्राज्य के बीच औपचारिक रूप से चौथे एंग्लो-डच युद्ध समाप्त होने के बीच एक संधि पर हस्ताक्षर किए गए।
1825–चार्ल्स एक्स फ्रांस के राजा बने।
1864–वर्जीनिया के वेयर बॉटम चर्च में लड़ाई से 1,400 मारे गए।
1867–रानी विक्टोरिया द्वारा रचित कला और विज्ञान फाउंडेशन के रॉयल अल्बर्ट हॉल का उद्घाटन किया गया।
1873–वस्त्र निर्माता लेवी स्ट्रॉस और दर्जी जैकब डेविस ने डेनिम चौगा की जेब को मजबूत करने के लिए तांबे की रिवर का उपयोग करने के लिए एक पेटेंट प्राप्त किया, जिससे उनकी कंपनी नीली जींस की अपनी लाइन का निर्माण शुरू कर सके।
1873–सैन फ्रैंसिस्को के बिजनेसमैन लेवी स्ट्रॉस और दर्जी जेकब डेविस को जीन्स का पेटेंट दिया गया।
1875–सत्रह देशों के प्रतिनिधियों ने मेट्रेकोनवेंशन पर हस्ताक्षर किए, जो समन्वय मेटर्नोलॉजी के उद्देश्य से और विषयगत प्रणाली के विकास के समन्वय के लिए एक संस्थान की स्थापना की।
1882–ट्रिपल एलायंस जर्मन साम्राज्य, ऑस्ट्रिया-हंगरी और इटली के साम्राज्य के बीच बनाया गया था।

## उड़ानों की बहाल करने के लिए कई देशों से बात हो रही है : रूस

**मॉस्को,** 19 मई (एजेंसियां)। रूस की संघीय वायु परिवहन एजेंसी (रोसावियात्सिया) उड़ानों को बहाल करने के संबंध में कई देशों के विमानन अधिकारियों के साथ बातचीत कर रही है। एजेंसी के प्रमुख दिमित्री याद्रोव ने हेलीरूसिया 2025 फोरम के दौरान संवाददाताओं को यह जानकारी दी। रूसी परिवहन मंत्रालय ने 14 मई को ब्रिक्स के परिवहन मंत्रियों की बैठक के बाद कहा कि रूस ब्रिक्स देशों के साथ हवाई यातायात का विस्तार करने और नये उड़ान मार्ग खोलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात के विकास पर विदेश मंत्रालय, परिवहन मंत्रालय और आर्थिक विकास मंत्रालय के साथ संयुक्त कार्य जारी है। हम कई देशों के विमानन अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। कई देश जिन्होंने उड़ानें निलंबित कर दी हैं।

# इंडोनेशिया में बाढ़ और भूस्खलन से छह लोगों की मौत, 14 घायल

**जकार्ता,** 19 मई (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के पश्चिमी पापुआ प्रांत में पांच और लोगों के शव बरामद होने के बाद अचानक आयी बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या छह हो गयी है, जबकि 14 लोग अभी भी लापता हैं। प्रांतीय तलाश एवं बचाव कार्यालय के प्रमुख येफ्री सबरुद्दीन ने बताया कि कुछ शव सतह पर पाए गए, जबकि अन्य गुनुंग अरफाक रीजेंसी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में लकड़ी और शाखाओं के ढेर के नीचे दबे हुए थे। उन्होंने कहा कि आज पांच शव मिले हैं। उन्हें एक अस्थायी चौकी पर ले जाया गया है। हमारा ध्यान अब 14 लापता लोगों की तलाश पर है। हम उन्हें खोजने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि शवों की बरामदगी के बाद तलाश और बचाव अभियान का अगला चरण आपदा स्थल से बहने वाली नदियों के निचले इलाकों में स्थानांतरित हो जाएगा। संभावना है कि पीड़ित नीचे की ओर बह गए होंगे। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र में चुनौतीपूर्ण भूभाग के कारण यह अभियान मैन्युअल रूप से चलाया जा रहा है, जिससे भारी मशीनरी का उपयोग नहीं किया जा सकता। हालांकि, क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण खोज को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है।उन्होंने कहा कि आगे भी अचानक बाढ़ या भूस्खलन का खतरा है, जिससे बचावकर्मियों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है।मंगलवार को अभियान फिर से शुरू होने की उम्मीद है, लेकिन अगर मौसम की स्थिति में सुधार नहीं होता है तो इसमें फिर से देरी हो सकती है।



**हमारा ध्यान अब 14 लापता लोगों की तलाश पर है। हम उन्हें खोजने की कोशिश करेंगे : येफ्री सबरुद्दीन**

### प्रथम पृष्ठ का शेष

#### सिंदूर का सौदा होता...

सईद ज़िंदा भाग गया?' खेड़ा ने कहा, 'विदेश मंत्री का यह बयान संवेदनशील है, क्योंकि इस बयान से तो यही लगता है कि आतंकी अपने ठिकानों से भाग गए होंगे। ऐसा क्यों किया गया, इस पर प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री को जवाब देना होगा।'' कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि जयशंकर ने जो किया, वह पाप की श्रेणी में आता है। उनका कहना था, 'पूरे देश और दुनिया को मालूम है कि इस युद्ध में चीन की क्या भूमिका रही है और अमेरिका खुद इस युद्ध को रोकने में अपनी भूमिका आगे बढ़-चढ़कर बता रहा है, लेकिन जयशंकर जी का मुंह नहीं खुलता।''

#### आतंकी ठिकानों पर...

दी गई थी। उल्लेखनीय है कि विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्षता कांग्रेस के सांसद शशि थरूर कर रहे हैं। यह समिति भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद कूटनीतिक, सैन्य और क्षेत्रीय प्रभावों का अध्ययन कर रही है। यह बैठक पहलगाम आतंकवादी हमले के कारण सीमा पार बढ़े तनाव के मद्देनजर हो रही है जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी।

बैठक में विदेश सचिव की ट्रोलिंग की आलोचना की

सूत्रों ने बताया कि समिति की बैठक में सोशल मीडिया में विदेश सचिव की अपमानजनक ट्रोलिंग के खिलाफ एक प्रस्ताव भी पारित किया गया और माना गया कि श्री मिस्री एक पेशेवर, दक्ष एवं ईमानदार राजनयिक हैं और बहुत ही सूझबूझ एवं कुशलता से देश की सेवा कर रहे हैं।

#### केंद्र सरकार ने ...

कांग्रेस द्वारा आयोजित संविधान बचाओ सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने केंद्र सरकार को चेताते हुए कहा, 400 पार का नारा देने वालों को जनता ने 240 में ला कर खड़ा कर दिया। जनता अब संविधान विरोधी ताकतों को पहचान चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने आतंकवाद को झेला है। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी ने देश की एकता के लिए जान दी है। बीजेपी के साथियों को अब बोरिया-बिस्तर समेटने की जरूरत है। रैली में मौजूद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने यह स्पष्ट किया कि कांग्रेस अब संविधान की रक्षा के लिए जिला, संभाग से लेकर गांव-गांव और घर-घर तक अभियान चलाएगी। च्जय भीमज् के नारों के साथ रैली का समापन हुआ। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने इस रैली को कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम बताते हुए जांजगीर-चांपा जिले में आयोजन को क्षेत्र का सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा कि यह रैली केवल भाषण देने के लिए नहीं, बल्कि संविधान की रक्षा के लिए जन-जागरूकता लाने का एक बड़ा कदम है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, भारत सरकार इसे अमृतकाल बता रही है, जबकि देश में जनता और सत्ता के बीच खाई गहरी होती जा रही है। कांग्रेस के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी के परिवार को बार-बार परेशान किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन मलकीत सिंह गैदू ने किया तथा आभार प्रदर्शन कांग्रेस अध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह ने किया। इस दौरान प्रभारी प्रदेश कांग्रेस सचिव सुश्री एस. जरिता लैतफलांग, प्रभारी प्रदेश कांग्रेस सह सचिव विजय जांगिड़, सांसद जोत्सना महंत, पूर्व केबिनेट मंत्री उमेश पटेल, डॉ. शिवकुमार डहरिया, जयसिंह अग्रवाल, अविभाजित जांजगीर-चाम्पा जिले के विधायकगण राघवेन्द्र कुमार सिंह, ब्यास कश्यप, रामकुमार यादव, श्रीमती शेषराज हरवंश, बालेश्वर साहू सहित प्रदेश के सभी दिग्गज कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति रही।

**पहलगांव और झीरम कांड पर उठाए सवाल**

भूपेश बघेल और अन्य नेताओं ने पहलगांव की घटना को लेकर केंद्र सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि न तो वहां सेना समय पर पहुंची और न ही सुरक्षा सुनिश्चित की गई। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कांग्रेस ने सेना की तारीफ की, लेकिन अमेरिका के इशारे पर सीजफायर को गलत ठहराया।

#### विजय शाह को सुप्रीम कोर्ट ने ...

एफआईआर की जांच करेगा। पीठ ने कहा कि एसआईटी की ओर से पहली रिपोर्ट 28 मई तक दाखिल की जानी चाहिए।

मंत्री शाह ने दो बार माफी मांगी-कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए बयान ने तूल पकड़ा तो मंत्री विजय शाह ने सार्वजनिक रूप से दो बार माफी मांगी। मंत्री ने कहा- उनके दिए बयान से किसी की भावनाएं आहत हुई हों तो वे दिल से क्षमाप्रार्थी हैं। सोफिया कुरैशी ने देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाया है और उनका योगदान जाति, धर्म या समुदाय से परे है। वह उन्हें एक सगी बहन से भी अधिक सम्मान देते हैं। शाह ने कहा कि मेरे वक्तव्य का उद्देश्य सोफिया के योगदान को समाज के सामने सकारात्मक रूप से प्रस्तुत करना था, लेकिन व्याकुल मन की स्थिति में कुछ शब्द गलत निकल गए, जिससे वह व्यथित और शर्मिंदा हैं।

#### जो सरकार अच्छा काम...

योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन की स्थिति भी जान रही है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत बिलासपुर जिले के कोटा ब्लॉक के अंतर्गत दूरस्थ आदिवासी ग्राम आमागोहन के समाधान शिविर में मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से राज्य में हमारी सरकार बनी और डेढ़ वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवधि में लोकसभा,नगरीय निकाय,नगर पंचायत में हमारी सरकार बनी। हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किए गए सभी वादों को पूरा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने शपथ लेते ही अगले दिन से 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय पंचायत मंत्री शिवराज सिंह ने दुर्ग और अम्बिकापुर में भी राज्यवासियों को 3-3 लाख पीएम आवास दिये। इसके अलावा पीएम जनमन आवास और नक्सल क्षेत्रों में आत्म समर्पित परिवारों को आवास दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवास प्लस में जिनका नाम है उनको भी आवास दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले हितग्राहियों के हित में निर्णय लेते हुए प्रति मानक बोरा की राशि 4 हजार से 5500 रुपये किया गया। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही रामलला दर्शन योजना प्रारंभ कर हितग्राहियों को रामलला का दर्शन कराया है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने बड़े-बुजुर्गों की इच्छाओं को पूरा करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री तीर्थ योजना को प्रारंभ किया है। इस योजना से तीर्थ यात्रा के इच्छुक परिवार अन्य तीर्थ स्थल का लाभ उठा पाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 24 अप्रैल से ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ की है। इस योजना से सभी ग्राम पंचायत जुड़ेंगे और ग्रामीणों को गाँव में ही बैंक जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र में किसी भी योजना के हितग्राहियों को राशि निकालने में सुविधा होगी। वही जाति, निवास सहित अन्य दस्तावेज भी मिल पाएंगे। अभी 1460 पंचायत में यह प्रारंभ की गई है। इससे ग्रामीणों को बैंक तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के साथ कार्यवाही भी कर रही है। उन्होंने बताया कि जमीन की रजिस्ट्री के साथ सरकार ने नामांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ की है। इससे कोई अधिकारी नामान्तरण के नाम पर किसी को घुमा नहीं पायेगा। एक घण्टे से कम समय में नामांतरण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करने वाली यह सरकार सुशासन की दिशा में कार्य कर रही है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन,प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव मुख्यमंत्री पी दयानन्द, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सुर्यवंशी,कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह एसपी आदि उपस्थित थे।

#### शराब घोटाला मामले में...

मामला जमानत के योग्य बनता है। अदालत ने आदेश दिया कि अपीलकर्ता एक सप्ताह के भीतर विशेष अदालत के समक्ष प्रस्तुत हों, और प्रवर्तन निदेशालय की दलीलों को सुनने के बाद उन्हें कठोर शर्तों के साथ जमानत पर रिहा किया जाए।

#### आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित ...

कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच समिति में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ शामिल किए गए हैं- संयुक्त संचालक (वित्त), महिला एवं बाल विकास संचालनालय-अध्यक्ष

प्रबंध संचालक, सीएसआईडीसी द्वारा नामित प्रतिनिधि – सदस्य

जीईसी रायपुर और निजी कंपनियों के तकनीकी विशेषज्ञ – सदस्य

संबंधित जिलों के कार्यक्रम अधिकारी एवं सहायक संचालक, आईसीडीएस – संयोजक

समिति को भौतिक जांच और गुणवत्ता परीक्षण के साथ-साथ संदेहास्पद नमूनों को प्रयोगशाला में भेजकर वैज्ञानिक विश्लेषण कराने का भी निर्देश दिया गया है। यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जा रही पोषण सामग्री पूरी तरह सुरक्षित और मानकों के अनुरूप हो।


जांच समिति को 15 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी, जिसके आधार पर महिला एवं बाल विकास विभाग आगे की कार्रवाई करेगा।

#### शराब सप्लायर अशोक अग्रवाल के घर...

पर एक साथ छापे मारे। ब्यूरो के अनुसार, जांच में यह पाया गया कि तत्कालीन मंत्री लखमा ने आबकारी सिंडीकेट सदस्यों के साथ मिलकर उन्हें और स्वयं को अवैध आर्थिक लाभ पहुँचाया। यह जानकारी भी सामने आई है कि लखमा ने अवैध धन को अपने करीबी लोगों, मित्रों और साझेदारों के पास सुरक्षित रखवाया तथा उसका निवेश भी करवाया। इस सूचना के आधार पर ष्ठक्क की 13 टीमों ने एक साथ दबिश दी।

छापेमारी के दौरान 19 लाख रुपये नकद, कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, बैंक खातों की जानकारी और भूमि निवेश से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए थे। अधिकारियों का कहना है कि जब्त सामग्री का विश्लेषण किया जा रहा है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## वर्ग पहेली 6918



बायें से दायें:–
१.एक मणि जिसके विषय में प्रसिद्ध है कि वह चंद्रमा के किरणों से वसीज जाता है, कुमुद, चंद्रकात
३. अंधेरा
५. निंदित, नीच
६. निर्दयी, पाषाण हृदय (उर्दू)
७. उत्तराधिकार से प्राप्त धन पर लगने वाला कर
९. निधन, मृत्यु
१०. लिहाजा, इसलिए
१२. उदासीन, तटस्थ, मुखरहित
१३. वैसा होने पर भी, तो भी
१४. सुरक्षित, सकुशल (उर्दू)
१६. फायदा, लाभ (उर्दू)
१८. फूल, पुष्प
२०. नगाड़ा(उर्दू)
२१. बातचीत
२३. आलोकित होना, प्रकाशवान होना

ऊपर से नीचे:–
१. सौ पैरों वाला, कनखजूरा
२. दीप्तिहीन, आभाहीन
३. परिवर्तित किया हुआ, अंतरण किया हुआ
४. करने वाला
५. कुल की पूजा, कुल विशेष जो पहले से होती आ रही हो
९. मुर्गा
१०. आगे का, आने वाला
११. अकेला
१२. जंगल, वन
१३. उसके समान
१४. विनय पूर्वक, विनम्र
१५. ब्राह्मणों के लिए एक सम्मानसूचक संबोधन
१७. दूरी, अंतर (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6917

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ स | र्व | २ मं | ग | ३ ला | ■ | ४ म | नो | ५ ब | ल |
| ह | ■ | ग | ■ | ६ क्षा | री | य | ■ | ढ़ि | ■ |
| ७ पा | ग | ल | ■ | भ | ■ | ८ खा | मि | या | ९ जा |
| ठी | ■ | का | ■ | १० व | र | ना | ■ | ■ | फ |
| ■ | ११ चि | ल | १२ म | न | ■ | ■ | १३ अं | त | रा |
| ■ | रां | ■ | दि | ■ | १४ बे | हू | दा | ■ | न |
| १५ अ | ध | १६ म | रा | ■ | व | ■ | १७ ज | १८ रा | ■ |
| नि | ■ | क | ■ | १९ र | क्त | २० प | ■ | जि | ■ |
| २१ वा | जि | ब | ■ | ह | ■ | २२ ह | र | का | २३ रा |
| र्य | ■ | २४ रा | ज | म | ह | ल | ■ | ■ | ज |

यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### भारत की ऑर्थोपेडिक, कार्डियक इम्प्लांट इंडस्ट्री वित्त वर्ष 2028 तक 5 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी

**नई दिल्ली,** 19 मई (एजेंसियां)। मजबूत घरेलू मांग और बढ़ती निर्यात उपस्थिति के कारण भारत का ऑर्थोपेडिक और कार्डियक इम्प्लांट सेक्टर वित्त वर्ष 2028 तक 4.5 से 5 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह जानकारी सोमवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। केयरएज रेटिंग्स के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में यह क्षेत्र (निर्यात सहित) 2.4 से 2.7 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। भारतीय इम्प्लांट निर्माता घरेलू बाजार में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और धीरे-धीरे निर्यात बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकांश कोरोनरी और ऑर्थोपेडिक इम्प्लांट उत्पादों के आयात पर केवल 7.5 प्रतिशत सीमा शुल्क के साथ अमेरिका के साथ किसी भी संभावित व्यापार सौदे से टैरिफ में कमी आने की संभावना नहीं है, जिससे घरेलू निर्माताओं के लिए बाजार की गतिशीलता में कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। हालांकि मूल्य सीमा में छूट मिलना एमएनसी की तुलना में घरेलू निर्माताओं के लिए प्रतिस्पर्धी परिदृश्य को बदल सकते हैं।

# खेल जगत

## एशिया कप से हटने की खबरें महज अफवाह : बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुरुष एशिया कप और महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप से हटने का फैसले की जारी अटकलों को सिरे से खारिज किया है।गौरतलब है कि भारत सितंबर में टी20 पुरुष एशिया कप की मेजबानी करेगा जबकि श्रीलंका को महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप आवंटित किया गया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि एशिया कप और महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप में भाग नहीं लेने की खबरें विशुद्ध रुप से काल्पनिक और निराधार हैं। अभी तक बीसीसीआई ने एसीसी की आगामी प्रतियोगिताओं के बारे में कोई चर्चा या कोई कदम नहीं उठाया है, एसीसी को कुछ भी लिखना तो दूर की बात है। सैकिया ने कहा कि हमारी प्राथमिकता फिलहाल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और अगले महीने से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला है।



# गुजरात टाइटंस ,आरसीबी व पंजाब किंग्स 2025 आईपीएल प्ले ऑफ में

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 19 मई (देशबन्धु)। सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन के 2025 आईपीएल में पहले शतक और अर्द्धशतक जड़ने वाले उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल की पहली विकेट की 205 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत गुजरात टाइटंस यहां रविवार को दिल्ली कैपिटल्स पर रिटर्न मैच में भी दस विकेट से जीत की बदौलत 12 मैचों में नौवीं जीत से 18 अंकों के साथ फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर रहने के साथ खुद सबसे पहले प्ले ऑफ में पहुंच गई। गुजरात टाइटंस की इस जीत में दिल्ली कैपिटल्स के लिए केएल राहुल का अपने अलग अंदाज में जड़ा शतक भीड़ में कहीं खो सा गया। गुजरात टाइटंस की इस जीत से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलौर (आरसीबी) फिलहाल और पंजाब किंग्स भी प्ले ऑफ में स्थान में स्थान पा लिया। आरसीबी और पंजाब किंग्स के 12 – 12 मैचों से समान रूप से 17– 17 अंक हैं लेकिन आरसीबी फिलहाल अपने बेहतर नेट रन रेट के चलते दूसरे और पंजाब किंग्स फिलहाल तीसरे स्थान पर है। एक दिलचस्प बात यह है कि प्ले ऑफ में पहुंचने वाली चौथी और आखिरी टीम के लिए मुंबई इंडियंस (12 मैच, 14 अंक), लखनउ सुपर जायंटस (12 मव,14 अंक) दिल्ली कैपिटल्स (13 अंक) के रूप में तीन टीमें होड़ में है।



दिल्ली कैपिटल्स यदि मुंबई इंडियंस से हार जाती है तो प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो जएगी। इसके उलट यदि मुंबई इंडियंस यदि दिल्ली कैपिटल्स से हार जाती है जो उसे प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए पंजाब किंग्स से अपना अंतिम मैच जीतना होगा और साथ ही उम्मीद करनी होगी कि दिल्ली कैपिटल्स अपना पंजाब किंग्स से अपना आखिरी मैच हार जाए। साथ ही यह भी उम्मीद करनी होगी कि लखनउ सुपर जायंटस अपने बाकी तीन में से कम से कम एक मैच हारे। वहीं लखनउ सुपर जायंटस यदि अपने बाकी तीनों मैच जीतती है तो भी उसके 14 मैचों से अधिकतम 16 अंक ही हो सकते हैं। वही मुंबई इंडियंस (फिलहाल 14 अंक) औार दिल्ली कैपिटल्स (फिलहाल 13 अंक) ही 17 या इससे ज्यादा अंक पा सकती हैंक्योंकि ये दोनों 21 मई को आमने सामने होंगी।

■ मुंबई इंडियंस,दिल्ली व लखनउ में चौथे व आखिरी प्ले ऑफ के लिए होड

गुजरात टाइटंस चार बार आईपीएल में शिरकत कर तीसरी बार औा आरसीबी छह बरस में पांचवीं बार प्ले ऑफ में पहुंची है। नए कप्तान श्रेयस अय्यर व नए चीफ कोच रिकी पॉन्टिंग पंजाब किंग्स ने गजब का प्रदर्शन कर 2014 के बाद पहली बार आईपीएल के शीर्ष चार में स्थान पक्का किया है।गुजरात टाइटंस, आरसीबी व पंजाब किंग्स ने प्ले ऑफ में स्थान पक्का कर लिया लेकिन अभी भी तीनों टीमों शीर्ष दो में स्थान पाने के लिए जूझ रही हैं और जो कि उन्हें फाइनल में स्थान पाने के दो मौके देगा। जो टीमें अंकों के आधार पहले और दूसरे स्थान पर रहेंगी वे दोनों क्वालिफायर 1 मे सीधे फाइनल में स्थान बनाने के लिए भिड़ेंगी। वहीं क्वॉलिफायर 1 मे हारने वाली टीम इलिमिनेटर यानी तीसरे व चौथे स्थान रहने वाली टीम के मैच की विजेता से फाइनल में स्थान बनाने के लिए खेलेगी।

## 236 करोड़ से तैयार होगा यूपी का चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

**लखनऊ,** 19 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार ने गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण व विकास कार्यों को भी धरातल पर



उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्ययोजना के अनुसार, गोरखपुर के ताल नदौर में 236.40 करोड़ रुपए खर्च कर 50 एकड़ भूमि पर 18 महीनों में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। प्रदेश में यह चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम होगा। प्रदेश में फिलहाल कानपुर व लखनऊ के स्टेडियम में इंटरनेशनल क्रिकेट मैचों का आयोजन होता है, वहीं वाराणसी में निर्माणाधीन इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। गोरखपुर में बनने वाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के मुख्य परिसर का निर्माण 45 एकड़ में होगा जबकि 5 एकड़ में अन्य सुविधाओं का विकास होगा। यह स्टेडियम एयरपोर्ट से 23.6 किमी, राप्तीनगर बस अड्डे से 22 किमी तथा गोरखपुर जंक्शन से 20.8 किमी की दूरी पर स्थित होगा तथा उत्तम कनेक्टिविटी को प्रशस्त करने के लिए इसे संपर्क मार्ग के जरिए गोखपुर-वाराणसी हाइवे (एनएच-24) से जोड़ने की तैयारी है। आईसीसी समेत विभिन्न वैश्विक संस्थाओं के मानकों के अनुसार इस 2 मंजिला क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण होगा। इसमें 7 मुख्य पिच व 4 प्रैक्टिस पिच होंगी तथा यह 30 हजार दर्शकों की क्षमता युक्त होगा।

## हर हाल में दिल्ली कैपिटल्स को चाहिए जीत, नहीं तो तय है विदाई

■ इस सीजन में 12 मैच में 18 अंक के साथ गुजरात टाइटंस ने पहले ही प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली है।

**नई दिल्ली,** 19 मई (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में प्लेऑफ की रेस जीतने के लिए दिल्ली कैपिटल्स को अब अपने बाकी दोनों मैच में जीत दर्ज करनी होगी। अगर दिल्ली कैपिटल्स जीतने में सफल नहीं हुई तो उसका टूर्नामेंट से जाना लगभग तय है। दिल्ली कैपिटल्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को खेले गए लीग मैच में 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। जिसके बाद उसके सामने टॉप-4 में जगह बनाने की चुनौती बढ़ गई है। आईपीएल 2025 में टॉप-4 टीम प्लेऑफ के लिए आगे बढ़ेंगी। इस सीजन में 12 मैच में 18 अंक के साथ



आईपीएल 2025

गुजरात टाइटंस ने पहले ही प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली है। जीटी के साथ आरसीबी और पंजाब किंग्स ने 12 मैच में 17-17 अंकों के साथ प्लेऑफ में जगह बना ली है। अब एक और स्थान के लिए तीन टीमें अपनी किस्मत आजमाने वाली हैं। इसके लिए दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम लाइन में हैं। लखनऊ सुपरजायंट्स के क्रिकेट फैंस को उम्मीद है कि उनकी टीम बाकी मैचों में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्लेऑफ की रेस क्वालिफाई कर लेगी। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स ने अब तक 12 मैच खेले हैं, जिसमें उसे छह मैच में जीत और 5 मैच में हार का सामना करना पड़ा। 13 अंकों के साथ प्वाइंट टेबल में वह 5वें स्थान पर है। दिल्ली अगर अपने दोनों मैच में जीत हासिल कर लेती है तो उसके पास 17 अंक हो जाएंगे। प्वाइंट टेबल में चौथे नंबर पर काबिज मुंबई इंडियंस ने अब तक 12 मैच खेले हैं, जिसमें 7 जीत के साथ उसके पास 14 अंक है। अभी मुंबई इंडियंस को दो मैच खेलने हैं अगर दोनों मैच मुंबई जीतती है तो वह दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजायंट्स के प्लेऑफ के सपने को तोड़ सकती है।

## जीत के साथ खोया आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी सीएसके

**नई दिल्ली,** 19 मई (एजेंसियां)। करिश्मायी कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 62वें मुकाबले में मंगलवार को राजधानी के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ़ जीत के साथ साथ खोया आत्मविश्वास हासिल करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। संजू सैमसन के कुशल नेतृत्व में राजस्थान रॉयल्स बेहतरीन बल्लेबाजी फॉर्म की बदौलतर हाल ही में सीएसके पर अपना दबदबा बनाने में सफल रही है और इस मुकाबले में भी उसका इरादा जीत का स्वाद चखने का होगा। दोनों टीमें अब तक अपने अभियान में केवल तीन जीत के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। इस प्रकार आईपीएल 2025 का यह मुकाबला इस सीज़न को शानदार तरीके से खत्म करने और अपने चहेते कप्तान की साख को बरकरार रखने का होगा। चेन्नई ने कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से



हराकर अभियान की शुरूआत की थी, लेकिन उनका शीर्ष क्रम अस्थिर रहा। पंजाब किंग्स से दस रन से हारने के बावजूद आरआर ने अपने पिछले दो मैचों में 400 से अधिक रन बनाए हैं और अधिक संतुलित बल्लेबाजी इकाई के तौर पर स्पष्ट दिखाई दी है। दूसरी ओर राजस्थान ने चेन्नई के खिलाफ अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीते हैं। यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल जैसे प्रमुख खिलाड़ी बेहतरीन फॉर्म में हैं। उनकी गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है, जिसमें तुषार देशपांडे और फजलहक फारुकी पर सफलता दिलाने की जिम्मेदारी है।

## मूडी ने राहुल को लोगों की उम्मीदों से बेहतर खिलाड़ी बताया

**नई दिल्ली,** 19 मई (एजेंसियां)। केएल राहुल ने रविवार को हुए मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ शतक लगाकर दिल्ली कैपिटल्स को एक बड़े स्कोर तक ले जाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज टॉम मूडी ने राहुल की तारीफ की और उन्हें लोगों की अपेक्षाओं से बेहतर खिलाड़ी बताया। दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत बेहद साधारण रही थी और टीम पहले 5 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 28 रन बना सकी थी। यह राहुल की असाधारण बल्लेबाजी थी जिसकी वजह से दिल्ली गुजरात टाइटंस को 200 रन का लक्ष्य दे सकी। हालांकि राहुल का प्रयास काफी नहीं रहा क्योंकि जीटी ने गिल के नाबाद 93 और साई सुदर्शन के नाबाद 108 रनों के साथ, बिना विकेट गंवाए 19 ओवर में 205 तक पहुंचाकर न सिर्फ 10 विकेट से जीत दिलाई, बल्कि प्लेऑफ में भी टीम ने जगह बना ली।केएल राहुल ने अपना शतक 60 गेंदों में पूरा किया था और 65 गेंद पर 112 रन पर नाबाद लौटे थे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 172.30 था। राहुल आईपीएल 2025 में 148.04 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। वे 12 मैचों में 493 रन बना चुके हैं। आईपीएल 2018 के बाद यह उनका श्रेष्ठ प्रदर्शन है, तब उन्होंने 14 मैचों में 158.41 की स्ट्राइक रेट से 659 रन बनाए थे। ईएसपीएनक्रिकइंफो से बात करते हुए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और कोच टॉम मूडी ने कहा कि मैं हमेशा केएल राहुल के लिए आलोचना सुनता हूं, मुझे लगता है कि लोग उन्हें जितना श्रेय देते हैं वे उससे बेहतर खिलाड़ी हैं, गुजरात टाइटंस के खिलाफ उन्होंने क्या शानदार पारी खेली।

## राहुल ने जुरेल का किया बचाव, मैच में चूकने पर अफसोस जताया

**नई दिल्ली,** 19 मई (वार्ता) राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दबाव में धैर्य बनाए रखने के लिए युवा बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की प्रशंसा की और इस सीजन में टीम की करीबी हार के बावजूद कठिन परिस्थितियों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का श्रेय उन्हें दिया। रविवार को राजस्थान की हालिया करीबी हार के बाद द्रविड़ ने कहा कि हर एक मैच में वह 13-14 रन प्रति ओवर का पीछा करना आसान नहीं है। उसने वास्तव में अच्छा खेला, भले ही हमने बीच के ओवरों में कई विकेट खो दिए हों। उसने हमें लक्ष्य के करीब पहुंचाया। क्रम में मुश्किल स्थिति में जुरेल के स्वभाव की प्रशंसा करते हुए द्रविड़ ने कहा कि ऐसा नहीं है कि वह सात रन प्रति ओवर की जरूरत के लिए मैदान में उतरा और असफल रहा। यह हमेशा 12-13 रन होता है, कभी-कभी इससे भी ज्यादा। मुझे लगता है कि जुरेल ने हमारे लिए नंबर 5 पर अच्छा प्रदर्शन किया है।

## शुभमन गिल और साई सुदर्शन की बैटिंग ने गुजरात टाइटंस के निचले क्रम से हटा दिया दबाव : संजय बांगड़

**नई दिल्ली,** 19 मई (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी और कोच संजय बांगड़ ने गुजरात टाइटंस की दिल्ली कैपिटल्स पर 10 विकेट की जीत के बाद शुभमन गिल और साई सुदर्शन की निरंतर रन बनाने की क्षमता पर आश्चर्य जताया। बांगड़ ने गिल की परिपक्वता और सुदर्शन के शॉट चयन की भी तारीफ की। 200 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस ने सलामी बल्लेबाजों कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन 19 ओवर में ही 205 रन बनाकर मैच 10 विकेट से जीत लिया। साई सुदर्शन 108 तो गिल 93 पर नाबाद रहे। दोनों बल्लेबाजों ने इस सीजन में अपने -अपने 600 रन पूरे किए और ऑरेंज कैप की सूची में शामिल शीर्ष दो खिलाड़ी हैं।

गिल और सुदर्शन की जोड़ी आईपीएल इतिहास की ऐसी दूसरी जोड़ी है जिनके नाम दो बार 200 या उससे अधिक रन की साझेदारी का कीर्तिमान है। विराट कोहली और एबी डिविलियर्स भी ऐसा कर चुके हैं। जियोहॉटस्टार से बात करते हुए संजय बांगड़ ने लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल और सुदर्शन ने जिस तरह की परिपक्वता



दिखाई उसकी तारीफ की। बांगड़ ने कहा किदोनों ने बिल्कुल परिस्थितियों की मांग के मुताबिक बल्लेबाजी की। शीर्ष क्रम का एक बार फिर से असाधारण प्रदर्शन, यह आश्चर्यजनक है, कितनी निरंतरता से वे प्रदर्शन कर रहे हैं और एक-दूसरे के पूरक हैं। शुभमन ने पिछले डेढ़ साल में एंकर की भूमिका निभाई है और यह उनके खेल में विकास का प्रतीक है। इन दोनों की बेहतरीन बल्लेबाजी ने निचले क्रम से दबाव हटा दिया है और अब वे जरूरत के मुताबिक बल्लेबाजी करते हैं। यह शानदार है। बांगड़ ने सुदर्शन की संयमित बल्लेबाजी और शॉट चयन की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि टी20 में साई सुदर्शन की बल्लेबाजी के बारे में मुझे जो बात सबसे ज़्यादा पसंद है, वह है उनका नियंत्रण। जब वह हिट करना चाहते हैं, तो उनका ऊपरी हाथ बहुत काम करता है, और गेंद अक्सर उनके नजदीक आती है, चाहे वह विकेट के सामने खेल रहे हों या स्क्वायर पर।

पहले छह ओवरों में इस तरह का संयम होना मुश्किल है, लेकिन एक बार जब वह उन्हें पूरा कर लेता है, तो वह खुलकर खेलता है और उतने ही आत्मविश्वास के साथ लॉफ्टेड शॉट खेलता है। उसने हर क्षेत्र में रन बनाए हैं, वह स्कोर के लिए किसी एक क्षेत्र पर निर्भर नहीं है। यही उसकी बल्लेबाजी की खासियत है। वह लगातार इस तरह का प्रदर्शन कर रहा है। जीटी की जीत के साथ ही पंजाब किंग्स और आरसीबी भी प्लेऑफ में पहुंच गई हैं। ये तीनों टीमें अब अपना ध्यान शीर्ष दो स्थानों पर जगह बनाने पर लगाएंगी, जो उनके लिए महत्वपूर्ण होगा क्योंकि उन्हें फाइनल में जगह बनाने के दो मौके मिलेंगे।

## सार संक्षेप

### स्टोक्स ने चोट से उबरने के लिए शराब छोड़ी

**लंदन।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि उन्होंने इस साल की शुरुआत में शराब पीना छोड़ दिया था और उन्हे उम्मीद है इससे उनकी चोट से उबरने में मदद मिलेगी। 33 वर्षीय स्टोक्स ने दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान चोट लगने के बाद अपने बाएं हैमस्ट्रिंग की सर्जरी करवाई थी। शुरु में उन्हें कम से कम तीन महीने के लिए बाहर कर दिया गया था, लेकिन अभी तक उन्होंने काउंटी चैंपियनशिप में डरहम के लिए नहीं खेला है। इंग्लैंड की अंतरराष्ट्रीय गर्मियों की शुरुआत 22 मई से ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के साथ होगी। ऑलराउंडर स्टोक्स को पिछली गर्मियों में द हंड्रेड के दौरान इसी तरह की चोट लगी थी। उन्होने कहा कि अपनी पहली बड़ी चोट के बाद, मुझे उसका सदमा याद है। मैंने सोचा हमने चार या पाँच रात पहले थोड़ी शराब पी थी, क्या इससे कोई फर्क पड़ता। इससे कोई मदद नहीं मिलती।

### ड्रीम स्पोर्ट्स पे अल्टीमेट टेबल टेनिस के साथ की साझेदारी

**अहमदाबाद।** जमीनी स्तर पर टेबल टेनिस के प्रोत्साहन देने की कवायद के तहत ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन (डीएसएफ) ने सोमवार को अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के साथ एक विशेष साझेदारी की घोषणा की।

## मैसी ने इंटर मियामी से किया एकजुटता का आह्वान



**फ्लोरिडा,** 19 मई (एजेंसियां)। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मैसी ने खराब दौर से गुजर रही अपनी टीम इंटर मियामी से एकजुटता बनाये रहने की अपील की है। उनकी टीम का खराब प्रदर्शन एमएलएस में ऑरलैंडो सिटी से घरेलू मैदान पर 3-0 से हार के साथ जारी रहा। फ्लोरिडा डर्बी में हार मियामी की सभी प्रतियोगिताओं में सात मैचों में पांचवीं हार थी और वे ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में छठे स्थान पर खिसक गए हैं। अर्जेंटीना के फॉरवर्ड मेस्सी ने केवल दो शॉट टारगेट पर लगाए और एक फ्री-किक को खराब प्रदर्शन के दौरान गंवा दिया। मेस्सी ने कहा कि अब हम वास्तव में देखेंगे कि क्या हम मुश्किल समय में एक टीम हैं, क्योंकि जब सब कुछ ठीक चल रहा होता है तो यह बहुत आसान होता है। जब मुश्किल समय आता है, तो हमें पहले से कहीं अधिक एकजुट होना चाहिए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑरलैंडो ने हाफ-टाइम से ठीक पहले लुइस मुरील के गोल से बढ़त हासिल की, उसके बाद दूसरे हाफ में मार्को पासालिक और डागुर डैन थोरहॉल्सन ने गोल किए। पिछले सीजन में ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में शीर्ष पर रहने वाली मियामी ने अपने पिछले सात मैचों में 20 गोल खाए हैं, जिसमें से उनकी एकमात्र जीत न्यूयॉर्क रेड बुल्स के खिलाफ आई है।

> मेस्सी अब हम वास्तव में देखेंगे कि क्या हम मुश्किल समय में एक टीम हैं, क्योंकि जब सब कुछ ठीक चल रहा होता है तो यह बहुत आसान होता है। जब मुश्किल समय आता है, तो हमें पहले से कहीं अधिक एकजुट होना चाहिए : लियोनेल मेस्सी

## आदिल राशिद ने इंग्लैंड के नए कप्तान के रूप में ब्रूक का किया समर्थन

**लंदन,** 19 मई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के वरिष्ठ स्पिनर आदिल राशिद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी पहली सीरीज से पहले नए कप्तान हैरी ब्रूक का समर्थन किया है। इंग्लैंड के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट में एक नया युग शुरू हो रहा है, हैरी ब्रूक 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान पहली बार कप्तानी संभालेंगे। इंग्लैंड की टीम हाल के वर्षों में एक बदलाव के दौर से गुजर रही है। 2019 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप की जीत और 2022 टी20 विश्व कप की जीत के बाद, हाल ही में सफलता उनके हाथ नहीं लगी है। आईसीसी टूर्नामेंटों में उनके प्रदर्शन में उल्लेखनीय गिरावट आई है, 2023 क्रिकेट विश्व कप में वे सातवें स्थान पर रहे और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में वे जीत दर्ज नहीं कर पाए। जोस बटलर के पद छोड़ने के फैसले के बाद, 26 वर्षीय हैरी ब्रूक को इंग्लैंड के टेस्ट क्रिकेट का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सीनियर खिलाड़ी पूरी तरह से उनके साथ हैं, आदिल राशिद को पूरा भरोसा है कि ब्रूक टीम को आगे ले जाने के लिए सही व्यक्ति हैं। पीए न्यूज एजेंसी से बात करते हुए राशिद ने कहा कि मुझे यकीन है कि वह तैयार हैं, लेकिन जब कोई कप्तानी संभालता है तो यह रातों-रात नहीं होता। उनके पास समय है, उन्होंने अब तक जो किया है, उसमें उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है।

### सुडोकू 6918 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 1 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 6 | 8 | 2 |
| 9 | 1 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 5 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 9 | 8 |

## यूएई के खिलाफ टी-20 सीरीज पर कब्जा करना बांग्लादेश का लक्ष्य

**शारजाह,** 19 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने अपनी टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करते हुये कहा कि वह सोमवार को यूएई के खिलाफ सीरीज के दूसरे टी20 मैच में सीरीज पर कब्जा करना चाहते हैं। शनिवार को सीरीज के पहले मैच में यूएई पर 27 रन से जीत दर्ज करने वाली बांग्लादेश को मैच के अंत में कुछ चिंताजनक पलों का सामना करना पड़ा था। युवा सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन इमोन के शानदार शतक और उनके गेंदबाजों के परिपक्व प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने सीरीज के पहले मैच में जीत दर्ज की, लेकिन दास चाहते हैं कि उनकी कप्तानी में उनकी टीम और भी आक्रामक हो और वे सोमवार को और भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं, दास ने कहा कि विकेट बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा था और इमोन ने जिस तरह से बल्लेबाजी की, वह शानदार थी लेकिन हमें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। हम आखिरी तीन ओवरों में ज्यादा रन नहीं बना सके। मैं हमेशा जानता हूं कि मेरे गेंदबाज किसी भी समय वापसी कर सकते हैं, क्योंकि मुझे अपनी गेंदबाजी इकाई पर भरोसा है। इसके साथ ही, यूएई के बल्लेबाजों को भी श्रेय दिया जाना चाहिए।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 11 | 9 | 3 | 16 | +0.795 |
| 2- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 | +0.482 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 12 | 8 | 3 | 17 | +0.389 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 14 | +1.156 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 11 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 13 | 5 | 6 | 12 | +0.193 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 10 | +0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 6 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 13 | 3 | 10 | 6 | -0.701 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 3 | 9 | 4 | -0.922 |

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित**



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 1.27 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.95 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.58 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.39 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.26 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटरनल | 3.15 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.92 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.23 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.19 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.03 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 94,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 96,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## भारत का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर वैश्विक निवेशकों के लिए तेजी से बन रहा आकर्षक : एसएंडपी

- देश की रियल जीडीपी में 17.2 प्रतिशत है मैन्युफैक्चरिंग की हिस्सेदारी
- दुनिया में बढ़ते संरक्षणवाद से भारत को होगा फायदा, आपूर्ति श्रृंखला में आएगी विविधता



**नई दिल्ली,** 19 मई (एजेंसियां)। भारत ने अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने के लिए बीते कुछ समय में कई जरूरी कदम उठाए हैं और इससे देश का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर वैश्विक निवेशकों के लिए तेजी से आकर्षक बन रहा है। एसएंडपी ग्लोबल की रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि देश की रियल जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग की हिस्सेदारी 17.2 प्रतिशत है। सरकार वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका को मजबूत करने और घरेलू मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को बढ़ाने के लिए जरूरी नीतिगत कदम उठा रही है।

रिपोर्ट में बताया गया कि दुनिया में बढ़ते संरक्षणवाद से भारत को फायदा होगा और आपूर्ति श्रृंखला में विविधता आएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक व्यापार और सहयोग का माहौल विकसित होने के साथ ही भारत अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए तैयार है। पिछले तीन दशकों में देश का स्केल और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव स्पष्ट रूप से बढ़ा है और वित्त वर्ष 2030-31 तक देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। भारत क्लीन और आत्मनिर्भर परिवहन विकसित करने के लिए ऊर्जा के वैकल्पिक सोर्स पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि बायोफ्यूल को अपनाना इस अभियान का एक हिस्सा है। बायोफ्यूल देश में बढ़ती पर्यावरणीय चिंताओं के बीच टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए तीन फायदेमंद समाधान पेश करता है जिसमें ऊर्जा सुरक्षा, ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में कमी और कृषि क्षेत्र के लिए आय के अवसरों को बढ़ाना शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास के लिए भारत की बाहरी व्यापार पर कम निर्भरता है, इसे वैश्विक व्यापार और टैरिफ नीतियों में चल रहे बदलावों से कुछ हद तक बचाती है, हालांकि यह बढ़ते व्यापार संरक्षणवाद से अछूता नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुताबिक, 2025 में भारत की रियल जीडीपी 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इस दौरान यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था होगी।

### वित्त वर्ष 2025 में स्मार्टफोन भारत का शीर्ष निर्यातित सामान

- तेल व हीरे को भी छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली।** लेटेस्ट सरकारी आंकड़ों के अनुसार स्मार्टफोन आधिकारिक तौर पर वित्त वर्ष 2025 में भारत का शीर्ष निर्यातित सामान बन गया है, जिसने पेट्रोलियम उत्पादों और कटे हुए हीरे जैसे ट्रेडिशनल हेवीवेट को भी पीछे छोड़ दिया है। सरकारी समर्थन के साथ एप्पल और सैमसंग जैसे टेक दिग्गजों द्वारा मजबूत स्थानीय विनिर्माण के कारण, स्मार्टफोन निर्यात वित्त वर्ष 2025 में 55 प्रतिशत बढ़कर 24.14 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 15.57 बिलियन डॉलर और वित्त वर्ष 2023 में 10.96 बिलियन डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान में शिपमेंट में सबसे बड़ी उछाल देखी गई। अमेरिका का निर्यात लगभग पांच गुना बढ़ा है, जो कि वित्त वर्ष 2023 में 2.16 बिलियन डॉलर से वित्त वर्ष 2025 में 10.6 बिलियन डॉलर हो गया। इसी तरह, जापान को शिपमेंट चार गुना बढ़ गया।

## एफटीए से ब्रिटेन को भारत का परिधान निर्यात अगले छह वर्षों में हो सकता है दोगुना



- कैलेंडर वर्ष 2026 से लागू हो जाएगा एफटीए

**नई दिल्ली,** 19 मई (एजेंसियां)। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से भारत का परिधान और कपड़ा निर्यात अगले 5-6 वर्षों में मौजूदा स्तरों से दोगुना हो सकता है। आईसीआरए की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट में बताया गया कि भारत से ब्रिटेन को होने वाले कपड़ा निर्यात पर 8-12 प्रतिशत की ड्यूटी लगती है और अब एफटीए के बाद इसमें से 99 प्रतिशत गुड्स पर जीरो-ड्यूटी लगेगी। इससे भारतीय निर्यात को बांग्लादेश, वियतनाम और पाकिस्तान जैसे प्रतिस्पर्धियों के साथ समानता हासिल करने में मदद मिलेगी। हाल ही में भारत और ब्रिटेन के बीच पूरा हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) कैलेंडर वर्ष 2026 से लागू हो जाएगा। चीन 25 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ ब्रिटेन के कपड़ा आयात में शीर्ष पर है, उसके बाद बांग्लादेश है, जिसकी हिस्सेदारी 22 प्रतिशत है। तुर्की और पाकिस्तान क्रमशः 8 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अन्य प्रमुख निर्यातक हैं। एफटीए भारत के कपड़ा निर्यात को ब्रिटेन में अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में सक्षम बनाएगा, जिससे बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि होगी। भारत वर्तमान में यूके का 12वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और परिधान एवं घरेलू वस्त्र आयात में पांचवें स्थान पर है। 2024 में देश ने यूके को 1.4 अरब डॉलर के वस्त्रों का निर्यात किया था और बाजार हिस्सेदारी 6.6 प्रतिशत थी। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार संधि 6 मई को पूरी हुई थी।

## सोने की कीमत में तेजी जारी



- 1,400 रुपए प्रति 10 ग्राम से अधिक हुआ महंगा

**नई दिल्ली,** 19 मई (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमत में सोमवार को तेजी देखने को मिली। सोने की कीमत एक बार फिर से करीब 94,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी का दाम 96,000 रुपए प्रति किलो के आसपास पहुंच गई है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 1,484 रुपए बढ़कर 93,785 रुपए हो गया है, जो कि पहले 92,301 रुपए था। 22 अप्रैल को 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर करीब 1,00,000 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी, तब से सोना करीब 6 प्रतिशत सस्ता हो गया है। इसके अलावा 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 85,907 रुपए हो गया है, जो कि पहले 84,548 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 70,339 रुपए हो गया है, जो कि पहले 69,226 रुपए था। इसके उलट चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है।

## बीपीसीएल ने 28 करोड़ रुपए का किया निवेश : पुरी

**नई दिल्ली,** 19 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने एनर्जी, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर और एआई के क्षेत्र में 30 से अधिक स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए अब तक 28 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बीपीसीएल युवाओं को जॉब क्रिएटर्स और लीडर्स बनने के लिए सशक्त बना रहा है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम तेजी से बढ़ रहा है, जो कई क्षेत्रों में विकास और इनोवेशन को बढ़ावा दे रहा है।




उन्होंने आगे बताया कि बीपीसीएल का 'अंकुर' प्रोजेक्ट पीएम नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन से प्रेरित इस गति को बढ़ा रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने पोस्ट में कहा कि एनर्जी, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर और एआई के क्षेत्र में 30 से अधिक स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए 28 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि बीपीसीएल फ्यूल फ्लेक्सिबल टर्बाइन और कार्बन डाइऑक्साइड-से-मेथनॉल कनवर्जन जैसे महत्वपूर्ण इनोवेशन सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण कर रहे हैं जो इनोवेशन और अवसरों में अग्रणी है। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ने बताया कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा दे रहा है।

> भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम तेजी से बढ़ रहा है, जो कई क्षेत्रों में विकास और इनोवेशन को बढ़ावा दे रहा है : हरदीप सिंह पुरी

## अमेरिका की रेटिंग घटाए जाने से बाजार में गिरावट

- सेंसेक्स 271.17 अंक लुढ़ककर 82,059.42 पर रहा
- निफ्टी 74.35 अंक टूटकर 24945.45 पर बंद
- मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में हुई मजबूत लिवाली
- बीएसई में कुल 4273 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ



**मुंबई,** 19 मई (एजेंसियां)। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज के अमेरिकी सरकार की रेटिंग घटाए जाने से वैश्विक धारणा कमजोर पड़ने के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 271.17 अंक लुढ़ककर 82,059.42 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 74.35 अंक टूटकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 24945.45 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मजबूत लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.27 प्रतिशत बढ़कर 45,127.64 अंक और स्मॉलकैप 0.75 प्रतिशत उछलकर 51,429.95 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4273 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2531 में तेजी जबकि 1565 में गिरावट रही वहीं 177 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 3005 कंपनियों के शेयर कारोबार के लिए रखे गए, जिनमें से 1842 में लिवाली जबकि 1074 में बिकवाली हुई वहीं 89 में टिकाव रहा।

बीएसई के आठ समूहों में लिवाली हुई वहीं अन्य में तेजी का रुख रहा। इससे ऊर्जा 0.37, एफएमसीजी 0.07, आईटी 1.23, दूरसंचार 0.24, कैपिटल गुड्स 0.16, तेल एवं गैस 0.32, टेक 1.07 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.33 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं, हेल्थकेयर 0.58, यूटिलिटीज 0.42, ऑटो 0.41 और रियल्टी समूह के शेयरों में 2.22 प्रतिशत की तेजी रही।

वैश्विक स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.64, जर्मनी का डैक्स 0.21, जापान का निक्केई 0.68 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.05 प्रतिशत गिर गया। वहीं, चीन का शंघाई कंपोजिट मामूली बढ़त के साथ सपाट रहा।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 24 अंक बढ़कर 82,354.92 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 82,424.10 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 81,964.57 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,330.59 अंक की तुलना में 0.33 प्रतिशत की गिरावट लेकर 82,059.42 अंक पर आ गया।

वहीं, निफ्टी 14 अंक फिसलकर 25,005.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,062.95 अंक के उच्चतम जबकि 24,916.65 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 25,019.80 अंक की तुलना में 0.30 प्रतिशत उतरकर 24,945.45 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में इटरनल 3.15, इंफ़ोसिस 1.92, टीसीएस 1.23, टेक महिंद्रा 1.19, रिलायंस 1.03, एशियन पेंट 1.01, एचसीएल टेक 0.66, अदानी पोर्ट्स 0.61, टाइटन 0.51, एक्सिस बैंक 0.47, नेस्ले इंडिया 0.29, सन फार्मा 0.28, मारुति 0.26, आईसीआईसीआई बैंक 0.25, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.23, टाटा मोटर्स 0.21, एलटी 0.16, आईटीसी 0.11, अल्ट्रासिम्को 0.09 और कोटक बैंक 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, पावरग्रिड 1.27, बजाज फाइनेंस 0.95, एनटीपीसी 0.58, एसबीआई 0.39, एचडीएफसी बैंक 0.26, इंडसइंड बैंक 0.22, बजाज फिनसर्व 0.20, भारती एयरटेल 0.17, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.07 और टाटा स्टील के शेयर 0.03 प्रतिशत लाभ में रहे।

## म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने वित्त वर्ष 2025 में बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,** 19 मई (एजेंसियां)। म्यूचुअल फंड (एमएफ) इंडस्ट्री ने वित्त वर्ष 2025 का समापन शानदार तरीके से किया और इस दौरान एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) मार्च 2025 में रिकॉर्ड 65.74 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की सोमवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट में दी गई।




- एयूएम 65 लाख करोड़ रुपए के पार

यह मार्च 2024 में 53.40 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 23.11 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि को दर्शाता है। यह वृद्धि अस्थिर शेयर बाजार के बावजूद भी दर्ज की गई, जो दर्शाता है कि निवेशक अपने वित्तीय लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहे हैं।

एएमएफआई के सीईओ वेंकट एन चालसानी ने कहा कि बाजार में अधिक निवेशकों के प्रवेश और व्यापक आर्थिक स्थितियों के अनुकूल रहने के कारण दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है। एयूएम में वृद्धि की वजह मार्क-टू-मार्केट (एमटीएम) लाभ और पूरे वर्ष में स्थिर प्रवाह है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष के दौरान घरेलू म्यूचुअल फंड में कुल 8.15 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ। इसमें से अधिकांश इक्विटी-ऑरिएंटेड योजनाओं में आया, जिसने 4.17 लाख करोड़ रुपए आकर्षित किए।

### सार संक्षेप

### मजबूत अर्थव्यवस्था से तेजी से बढ़ रहा विदेशी मुद्रा भंडार

**नई दिल्ली।** मार्केट एक्सपर्ट सुनील शाह ने सोमवार को कहा कि तेजी से बढ़ते विदेशी मुद्रा भंडार की वजह देश की अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत होना है। सुनील शाह ने कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ने का पूंजीगत बाजारों पर कोई खास प्रभाव नहीं होता है, लेकिन यह दिखाता है कि देश की अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत है। उन्होंने आगे बताया कि विदेशी मुद्रा भंडार के बढ़ने से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को रुपए में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए पर्याप्त जगह मिलती है। शाह ने कहा कि हमारा विदेशी मुद्रा भंडार सात महीने के उच्चतम स्तर पर है। बीते सात महीने काफी उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं। ऐसे में देश के फॉरेक्स रिजर्व का इस स्तर पर पहुंचना बड़ी उपलब्धि है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 9 मई को समाप्त हुए हफ्ते में 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 690.62 अरब डॉलर हो गया है। मार्केट एक्सपर्ट ने आगे कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ने से हमारे रुपए को मजबूती मिली है।

### उद्यम जगत में एआई व नवाचार लाने की घोषणा

**मुंबई।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सेवाओं की अगली पीढ़ी की कंपनी आरवीएआई ग्लोबल ने आज अपने आधिकारिक लांच की घोषणा की, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर उद्यमों को एआई-आधारित संगठन बनने में मदद करना है। कंपनी ने सोमवार को बयान जारी कर बताया कि यह कंपनी अत्याधुनिक तकनीक, गहरी विशेषज्ञता और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के जरिए व्यवसायों के लिए एआई को अपनाना आसान बनाएगी। आरवीएआई ग्लोबल की स्थापना क्वेस कॉर्प के संस्थापक सदस्य विजय शिवराम और एस्सार के पूर्व ब्लैक बॉक्स प्रमुख रोहित हिमात्सिंगका ने मिलकर की है। यह फर्म व्यावहारिक और स्केलेबल एआई समाधान प्रदान करने के लिए तैयार है, जो भविष्य की जरूरतों के अनुरूप होंगे। कंपनी के सह-संस्थापक विजय शिवराम ने कहा कि अनुमान है कि 92 प्रतिशत उद्यम एआई में अपना निवेश बढ़ाना चाहते हैं। एजेंटिक प्लेटफॉर्म और मानव प्रतिभा के तालमेल से भविष्य की कार्य संस्कृति आकार लेगी।

### अब दिल्ली मेट्रो की टिकट उबर ऐप से होगी बुक

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा सेवा प्रदाता कंपनी उबर के ऐप से अब दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) की टिकटें बुक की जा सकेंगी। इसके लिए उबर ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के साथ करार किया है। यह सुविधा यात्रियों को क्यूआर कोड और एपीआई-सक्षम भुगतान के माध्यम से टिकट बुक करने में सक्षम बनाएगी, जिससे उन्हें मेट्रो सफर के लिए अलग ऐप या लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा। उबर के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर (मोबिलिटी और डिलीवरी) प्रवीण नेपल्ली नागा ने कहा कि भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में गहराई से शामिल होना हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 19 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेंत सभी जिसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 53 रिंगिट की तेजी के साथ 3892 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.30 सेंट चढ़कर 49.24 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।



सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत उम्मीद की किरण : संयुक्त राष्ट्र

- भारतीय अर्थव्यवस्था मौजूदा वित्त वर्ष में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान




**नई दिल्ली,** 19 मई (एजेंसियां)। भारत ऐसे समय में एक उम्मीद की किरण के रूप में सामने आया है जब संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में वैश्विक अर्थव्यवस्था के वर्तमान दौर को अनिश्चिततापूर्ण क्षण बताया गया है।

संयुक्त राष्ट्र की विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना, डब्ल्यूईएसपी की छमाही रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था मौजूदा वित्त वर्ष में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो कि सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा है। इसी के साथ यह गति 2026 में जारी रहने की उम्मीद जताई गई है, जिसमें वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके विपरीत बढ़ते व्यापारिक तनाव, नीति अनिश्चितता और सीमा पार निवेश में गिरावट के बीच वैश्विक दृष्टिकोण धीमा बना हुआ है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर अब 2025 में 2.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2024 में 2.9 प्रतिशत से कम है और जनवरी के पूर्वानुमान से 0.4 प्रतिशत कम है। वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत न केवल अपने प्रमुख विकास आंकड़ों के लिए बल्कि अपनी प्रगति की गहराई के लिए भी खड़ा है, जिसमें तेजी से बढ़ते पूंजी बाजार और मजबूत मैन्युफैक्चरिंग से लेकर रिकॉर्ड तोड़ निर्यात और तेजी से बढ़ते रक्षा क्षेत्र शामिल हैं।

ये लाभ सॉलिड नीतिगत विकल्पों, मजबूत घरेलू मांग और भारत के आर्थिक प्रक्षेपवक्र में बढ़ते वैश्विक विश्वास में निहित हैं।

2025 के मध्य में जारी की गई रिपोर्ट पहले की विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं 2025 को अपडेट करती है, जो 9 जनवरी, 2025 को सामने आई थी। इसे संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग (डीईएसए) के आर्थिक विश्लेषण और नीति प्रभाग के भीतर ग्लोबल इकोनॉमिक मॉनिटरिंग डिविजन ने तैयार किया है।

भारत की वृद्धि मजबूत घरेलू मांग और लगातार सरकारी खर्च से जुड़ी है। इन कारकों ने स्थिर रोजगार को मजबूत किया है और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद की है, जिसके 2025 में भारतीय रिजर्व बैंक की लक्ष्य सीमा के भीतर रहते हुए 4.3 प्रतिशत तक गिरने की उम्मीद है।

## कृषि विभाग द्वारा 24 तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**कोण्डागांव, 19 मई (देशबन्धु)।** उप संचालक कृषि जिला कोण्डागांव में नेशनल मिशन ऑन इडिबल ऑयल-ऑयल सीड्स (एनएमईओ एण्ड ओएस) योजना अंतर्गत प्रमाणित बीज वितरण, स्वायल हेल्थ कार्ड योजना अंतर्गत मृदा परीक्षण कार्य, कृषक प्रशिक्षण, कृषक खेत पाठशाला, कृषि मैपर में पंजीयन का क्रियान्वयन करने हेतु मूल्य श्रृंखला भागीदार (व्हीसीपी) के चयन हेतु प्रतिष्ठित एजेंसी/संस्था आदि से 30 अप्रैल 2025 अपरान्ह 5 बजे तक निर्धारित प्रपत्रों में केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से 'रूचि की अभिव्यक्ति' आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसमें संशोधन करते हुए 24 मई 2025 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है। आवेदन की विस्तृत जानकारी कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला कोण्डागांव के सूचना पटल पर या कोण्डागांव जिले की बेवसाईट में भी देखा जा सकता है।


**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर ( छ.ग. )**
**सूचना**

रा.प्र.क्र./202406112800022/251/अ-20 (3) वर्ष 2023-24

रमेश लाल पोपटानी एच.यू.एफ., द्वाराकर्ता रमेश लाल पोपटानी, पिता श्री धन्नामल पोपटानी, निवासी-म.नं. 20 प्राकृतिक चिकित्सालय के पास, आनंद विहार, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. .........आवेदक/आवेदिका

बनाम

1. श्रीमती मोनिका जुमनानी पति स्व. अशोक जुमनानी, 2. रोहित जुमनानी, 3. साहिल जमनानी जुमनानी दोनों पिता स्व. अशोक जुमनानी, सभी निवासी फ्लैट नंबर 402, चतुर्थ तल रहेजा रेसीडेंसी, लाभांडी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ...अनावेदकगण

एतद् द्वारा अनावेदकगण 1. श्रीमती मोनिका जुमनानी पति स्व. अशोक जुमनानी, 2 रोहित जुमनानी, 3. साहिल जुमनानी दोनों पिता स्व. अशोक जुमनानी, सभी निवासी फ्लैट नंबर 402. चतुर्थ तल रहेजा रेसीडेंसी, लाभांडी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रमेश लाल पोपटानी एच.यू.एफ. द्वाराकर्ता रमेश लाल पोपटानी पिता श्री धन्नामल पोपटानी, निवासी-मकान नंबर-20, प्राकृतिक चिकित्सालय के पास, आनंद विहार, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् आवेदन पेश किया है कि मौजा कटोरातालाब, ब्लॉक/शीट नंबर-सी, भूखण्ड क्रमांक-1002/1, रकबा 348 वर्गफुट भूमि को आवेदक ने अनावेदकगणों से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 10.02.2025 के माध्यम से क्रय किया है। अतएव आवेदक द्वारा क्रय हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में अनावेदकगण 1. श्रीमती मोनिका जुमनानी पति स्व. अशोक जुमनानी, 2. रोहित जुमनानी, 3. साहिल जुमनानी दोनों पिता स्व. अशोक जुमनानी, सभी निवासी फ्लैट नंबर 402, चतुर्थ तल रहेजा रेसीडेंसी, लाभांडी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की उपस्थिति हेतु प्रकरण नियत है। अत: इस सूचना के माध्यम से अनावेदकगण 1. श्रीमती मोनिका जुमनानी पति स्व. अशोक जुमनानी, 2. रोहित जुमनानी, 3. साहिल जुमनानी दोनों पिता स्व. अशोक जुमनानी, सभी निवासी फ्लैट नंबर 402. चतुर्थ तल रहेजा रेसीडेंसी, लाभांडी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आप स्वत: या किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 28.05.2025 को कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में दोपहर 12.00 बजे सुनवाई हेतु उपस्थित होकर दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 15.05.2025
पेशी दिनांक 28.05.2025

मुहर नजूल अधिकारी, रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/ब-121/2024-2025
ग्राम रावांभाठा प.ह.नं. 86
रा.नि.मं. रायपुर-21 रावाभांठा
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 09.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नंदलाल पिता रामप्रसाद शर्मा निवासी ग्राम बीरगांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम रावाभांठा प.ह.नं. 86 रा.नि.मं. रायपुर-21 रावाभांठा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 292/13 रकबा 0. 0110 हे. भूमि आवेदक नंदलाल पिता रामप्रसाद शर्मा सा. गायत्री नगर वार्ड क. 03 बीरगांव जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका न होने के कारण नवीन ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ बी-1 एवं खसरा संलग्न किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30.05.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 09.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर तहसीलदार धरसींवा

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रदीपकुमार कुमार पिता जीवन चंद जैन निवासी मकान नं. 1407, बी ब्लाक 5वां मंजिल, शांति रेसीडेंसी, आम्रपाली सोसायटी के पास, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) 492001 यह शपथ करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम प्रदीप कुमार पिता जीवन चंद जैन रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम प्रदीप कुमार पिता जीवन चंद जैन से ही जाना पहचाना जावे।

**प्रदीप कुमार**
मकान नं. 1407, बी ब्लाक 5वां मंजिल, शांति रेसीडेंसी, आम्रपाली सोसायटी के पास, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, HAFEEZA D/O SHEIKH AHMAD resident of H.NO. 37/377 B/4 HAMID ALI MADARASA BAIJNATH PARA RAIPUR (C.G.) have changed my old name HAFEEZA D/O SHEIKH AHMAD so in future I should be recognized by my new name that is HAFEEZA BI D/O SHEIKH AHMAD in all Government and other documents.

**HAFEEZA BI**
H.NO. 37/377 B/4 HAMID ALI MADARASA BAIJNATH PARA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ATAUR RAHMAN KHAN S/O KHALILUR RAHMAN KHAN resident of H.NO. 37/377 SAYEEDA FATIMA MANZIL BAIJNATH PARA RAIPUR (C.G.) have changed my son old name MOHAMMED ANAS RAHMAN KHAN S/O ATAUR RAHMAN KHAN so in future I should be recognized by my new name that is ANAS RAHMAN KHAN S/O ATAUR RAHMAN KHAN in all Government and other documents.

**ATAUR RAHMAN KHAN**
H.NO. 37/377 SAYEEDA FATIMA MANZIL BAIJNATH PARA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DEEPAK KUMAR / DIPAK AGRAWAL S/O RAM BHAGAT AGRAWAL resident of 1008, L13, SWARNABHOOMI, VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR PO: RAIPUR DISTRICT: RAIPUR, (C.G.) 492001 have changed my old name DEEPAK KUMAR / DIPAK AGRAWAL S/O RAM BHAGAT AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is DEEPAK AGRAWAL S/O RAM BHAGAT AGRAWAL in all Government and other documents.

**DEEPAK AGRAWAL**
1008, L13, SWARNABHOOMI, VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR PO: RAIPUR DISTRICT: RAIPUR, (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MANISH GHURIYA S/O INANDAS resident of 12 NORTH AVENUE RAILWAY TRACK LINE SAMTA COLONY, RAIPUR, (C.G.) 492001 have changed my old name MANISH GHURIYA S/O INANDAS so in future I should be recognized by my new name that is MANISH KUMAR GHURIYA S/O INANDAS in all Government and other documents.

**MANISH KUMAR GHURIYA**
12 NORTH AVENUE RAILWAY TRACK LINE SAMTA COLONY, RAIPUR, (C.G.) 492001

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम पण्डरीतराई प.ह.नं. 109/47
रायपुर, दिनांक 19.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/क्रेता श्री योगेन्द्र पाल तुली पिता स्व. श्री हरबंस लाल तुली निवासी तुली निवास राम मंदिर के पास शांति नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम पण्डरीतराई प.ह.नं. 109/47 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 162/20 रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को विक्रेता सतवती बाई जौजे एम.ज. देशपाण्डे निवासी तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से पंजीकृत 27.01.1960 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक/क्रेता का निवेदन है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 06.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम पण्डरीतराई प.ह.नं. 109/47
रायपुर, दिनांक 19.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/क्रेता श्री योगेन्द्र पाल तुली पिता स्व. श्री हरबंस लाल तुली निवासी तुली निवास राम मंदिर के पास शांति नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम पण्डरीतराई प.ह.नं. 109/47 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 162 का भाग रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को विक्रेता जसवन्त राम वल्द लाला राम रखामल निवासी लुधियाना, पंजाब से पंजीकृत 15.05.1995 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक/क्रेता का निवेदन है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 06.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम पण्डरीतराई प.ह.नं. 109/47
रायपुर, दिनांक 19.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/क्रेता श्री योगेन्द्र पाल तुली पिता स्व. श्री हरबंस लाल तुली निवासी तुली निवास राम मंदिर के पास शांति नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम पण्डरीतराई प.ह.नं. 109/47 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 162 का भाग रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को विक्रेता लाला प्यारेलाल ढान्ड वल्द लाला हंसराज ढान्ड निवासी गंजपारा रायपुर छ.ग. से पंजीकृत 15.05.1995 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक/क्रेता का निवेदन है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 06.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00048 फाफाडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440 723600055

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00048 के अंतर्गत ग्राम फाफाडीह के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण पिता/पति रायपुर पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15001/1 0.0218 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रजपाल सिंग छाबडा पिता/पति धर्मपाल सिंग छाबडा पता सी 1-10/2, देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग., चरनजीत सिंग छाबडा पिता/पति धर्मशाला सिंग छाबडा पता सी 1-10/2, देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क्यू/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 15.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक आर पार्थ इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड डेव्हलपर्स प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर राघवेन्द्र चन्द्राकर पिता स्व. नृप सिंह चन्द्राकर, निवासी-चतुर्थ तल आर एमिनेस कॉम्पलेक्स जी.ई. रोड टाटीबंध रायपुर, तहसील व जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-नकटा, रा.नि.मं.-14, रा.नि.मं.-मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 446, 447, 452/1, 455/1 रकबा क्रमश: 0.2300, 1.300, 0.600, 0.900 हे. भूमि जो राजस्व अभिलेख में आवेदक संस्था के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिसको आवेदक खसरा संविलियन कराना चाहता है। आवेदित भूमि का खसरा संविलियन कराने हेतु आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 30.05.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर तहसीलदार मंदिर हसौद

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/202505113700015/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम टाटीबंध प.ह.नं. 54
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 14.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण भुईया ऑनलाईन नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदक बलवंत सिंह पिता प्रीतम सिंह निवासी- ए-12/16 सेक्टर-03 उदया सोसायटी टाटीबंध रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम टाटीबंध प.ह.नं. 54 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक ए-12(16) रकबा 4000 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा अनावेदक/विक्रेता उदया सहकारी गृह निर्माण संस्था मर्यादित रायपुर द्वारा सचिव जे. सामुवल पिता कुरूविला जॉन निवासी रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 09.03.1984 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत विक्रय विलेख में खसरा नंबर अंकित नहीं होने से पंजीकृत संशोधन पत्र दिनांक 07.05.2025 को निष्पादित किया गया है। जिसके अनुसार उक्त भूमि का खसरा नंबर 214/19 का भाग अंकित किया गया है। अत: उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख एवं पंजीकृत संशोधन विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/20250511500042/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 14.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण भुईया ऑनलाईन नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदक जगदीश प्रसाद वर्मा पिता बाबूलाल वर्मा निवासी चौबे कॉलोनी रायपुर (छ.ग.)द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक 11 अ खसरा नंबर 727/1 का भाग रकबा 2700 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा अनावेदक/विक्रेता रायपुर सहकारी गृह निर्माण संस्था समिति रायपुर द्वारा गंगाराम शर्मा पिता उदयनारायण शर्मा निवासी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 04.06.1994 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 06.06.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./202505110800046/अ-6/2024-25
ग्राम-तेलीबांधा प.ह.नं. 64
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 15.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मन्टु बोस पिता नीलरतन बोस निवासी संजय नगर पचपेढ़ी नाका रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 117/30, भूखण्ड क्रमांक 25, रकबा 576 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता देव प्रसाद वर्मा पिता संतराम वर्मा निवासी दुबे कालोनी मोवा रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 07.05.2006 के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर विक्रेता देव प्रसाद वर्मा पिता संतराम वर्मा का नाम विलोपित कर आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है।

अत: आवेदक का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 29.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/202505113700016/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम टाटीबंध प.ह.नं. 54
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 14.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण भुईया ऑनलाईन नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदक गोपी कृष्ण अग्रवाल पिता स्व. कैलाश चन्द्र अग्रवाल निवासी-कैलाश विला वार्ड नंबर 02 कोटा गुढ़ियारी रोड कोटा रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम टाटीबंध प.ह.नं. 54, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक सी-1 (6) खसरा नंबर 200/1 का भाग रकबा 1500 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा अनावेदक / विक्रेता श्रीमती प्रीतम कौर पति बाबू सिंह चान्ना निवासी पंडरी रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 05.06.2002 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। जिसे विक्रेता श्रीमती प्रीतम कौर पति बाबू सिंह चान्ना द्वारा पूर्व विक्रेता उदया सहकारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित टाटीबंध रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 10.08.1987 के माध्यम से क्रय किया है। उक्त पंजीकृत बैनामा में खसरा नंबर 200/1 का भाग अंकित हो गया है जिसका आवेदक द्वारा पंजीकृत संशोधन पत्र दिनांक 07.05.2025 को निष्पादित किया गया है। जिसके अनुसार उक्त भूमि खसरा नंबर 200/1 का भाग के स्थान पर खसरा नंबर 200/4 का भाग अंकित किया गया है। अत: उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख एवं पंजीकृत संशोधन विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/202505116400030/-27/2025
ग्राम सेजबहार प.ह.नं. 82
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 09.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका झासीरानी बारिक पति बोधन बारिक निवासी टिकरापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 178 (क) के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सेजबहार पटवारी हल्का नंबर 82, राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 18, तहसील व जिला रामपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 181/13 रकबा 0.2630 हे. भूमि जो कि आवेदिका झासीरानी बारिक पति बोधन बारिक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त भूमि को पारिवारिक बंटवारा के तहत आवेदकगण के प्रतीक रंजन बारिक पिता बोधन बारिक पल्लवी बारिक पिता बोधन बारिक के मध्य विभाजन करना चाहते है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि का खाता विभाजन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था का दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 19.05.2025 तक स्वत: प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 09.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00082 सेजबाहर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440 727100129

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00082 के अंतर्गत ग्राम सेजबाहर के वर्तमान भूमिस्वामी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल पिता/पति अ संभाग क्र. 2 पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 162/5 0.0083 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता चुम्मन लाल साहू पिता/पति लखन लाल साहू पता ग्राम पो. फरसिया तहसील व जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-01 आम सूचना**

जारी दिनांक 16.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकश्रीमती चंचला देवी वर्मा वगै. पति स्व. दिलेश्वर प्रसाद वर्मा निवासी तिल्दा नेवरा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम रायपुरा पटवारी हल्का नंबर 57 राजस्व निरीक्षक मंडल-01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 654/27 रकबा 0.0450 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/ अतिरिक्त नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 08.05.2025 के परिपालन में दिनांक 23.05.2025 को समय 1 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 57 के रायपुरा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-01

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/202505111500008/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिकागण श्रीमती आगरा बाई साहू पति स्व. रेवाराम साहू, हिमलेश साहू, ज्ञानेश्वरी साहू, भुवनेश्वरी साहू, देवकी साहू पिसारन स्व. रेवाराम साहू सभी निवासी श्रीराम चौंक महात्मा गांधी स्कूल के पीछे कृष्णा नगर गली नंबर 6 राम नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आवेदिकागण के पति/पिता रेवाराम पिता पुनऊ राम साहू के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि शीट नंबर 12 भूखण्ड क्रमांक 86/1 रकबा 400 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि को आवेदिकागण के पति/पिता रेवाराम पिता पुनऊ राम साहू द्वारा विक्रेता कचरू पिता जीवलंग बोरकर, श्रीमती बकुबाई पति कचरू बोरकर निवासी रामनगर बुध चौंक रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 09.01.1963 के माध्यम से क्रय किया है। क्रेता/आवेदिकागण के पति/पिता रेवाराम पिता पुनऊ राम साहू की मृत्यु दिनांक 06.10.2017 को हो चुकी है। मृतक क्रेता स्व. रेवाराम पिता पुनऊ राम साहू के विधिक वारिसान आवेदिकागण श्रीमती आगरा बाई साहू पति स्व. रेवाराम साहू, हिमलेश साहू, ज्ञानेश्वरी साहू, भुवनेश्वरी साहू, देवकी साहू पिसरान स्व. रेवाराम साहू है, इसके अतिरिक्त अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। अत: उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर मृतक क्रेता स्व. रेवाराम पिता पुनऊ राम साहू के विधिक वारिसान का नाम पर नामांतरण दर्ज जाने का निवेदन किये है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 28.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

**शपथ-पत्र**

मैं लम्बू बघेल आयु 69 वर्ष पिता स्व. रथो बघेल पता-ग्राम सेरीखेड़ी, पो. व थाना मंदिर हसौद तहसील व जिला रायपुर छ.ग. का हूँ जो कि शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ:-

1. यह कि मेरा नाम, आयु, पिता का नाम व पता उपरोक्तानुसार बताए अनुसार सही व सत्य है।
2. यह कि मेरा नाम बखरिया बाघ एवं पिता का नाम रथ बाघ मेरे आधार कार्ड नंबर-3016 4619 0660 में त्रुटिवश उल्लेखित हो गया है।
3. यह कि मेरा वास्तविक एवं सही नाम लम्बू बघेल एवं पिता का नाम रथो बघेल है, जिसका उल्लेख मेरे खाद्यान्न विभाग के द्वारा जारी किए गए राशन कार्ड में किया गया है।
4. यह कि मैं अपने आधार कार्ड में उल्लेखित मेरे त्रुटिपूर्ण नाम बखरिया बाघ एवं पिता का नाम रथ बाघ को विलोपित कराकर उसके स्थान पर मेरा सही एवं वास्तविक नाम लम्बू बघेल एवं पिता का नाम रथो बघेल अंकित करवाना चाहता हूँ।
5. अत: मेरे आधार कार्ड में उल्लेखित त्रुटिपूर्ण व गलत नाम बखरिया बाघ्र एवं पिता का नाम रथ बाघ्र को विलोपित कराकर उसके स्थान पर मेरा सही एवं वास्तविक नाम लम्बू बघेल एवं पिता का नाम रथो बघेल संशोधित किया जावे।
6. यह कि उपरोक्त किए गए कथनों के सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र सादर प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम पण्डरीतराई, प.ह.नं. 109/47
रायपुर, दिनांक 19.05.2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सावरिया अग्रवाल पिता स्व. रमेश कुमार अग्रवाल एच.यू.एफ (कर्ता) निवासी दोनों डी-218, सेक्टर 04, देवेन्द्रनगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम पण्डरीतराई प.ह.नं. 109/47, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 119/1 का भाग रकबा 968.40 वर्गफुट भूमि भूखण्ड क्रमांक 142 भूमि को आवेदकगण के पिता/पति रमेश कुमार अग्रवाल के द्वारा पंजीकृत हस्तांतरण विलेख दिनांक 03.06.2021 के माध्यम से रायपुर विकास प्राधिकरण से क्रय किया गया है। क्रय उपरांत आवेदक के पिता रमेश कुमार अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 07.12.2024 को हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान आवेदक है। इनके अतिरिक्त अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है, का उल्लेख कर विकेता का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर क्रेता के स्थान पर आवेदक अपना नाम दर्ज करने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 01.06.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45
रायपुर, दिनांक 12.12.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भास्कर प्रसाद पाण्डेय पति स्व. श्री जगन्नाथ पाण्डेय निवासी ए-13, शिव मंदिर के पास, राजीव नगर, शंकर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित परिवर्तित भूमि भूखण्ड क्रमांक ए-13, खसरा नंबर 455/2 का भाग रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को विक्रेता भारत गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर प्रधान कार्यालय सिविल लाईन रायपुर द्वारा उपाध्यक्ष श्री रामरतन साहू पिता स्व. श्री धुनारी राम साहू से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 18.11.1996 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो ये स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 27.12.2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दाया/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 12.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रमांक/202505115600041/अ-6/2024-25
ग्राम-चंगोराभाठा प.ह.नं.-59,तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 17.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) सुधीर सोनी उम्र लगभग 54 वर्ष पिता स्व. विष्णु सोनी (2) श्रीमती सुषमा सोनी, उम्र 85 वर्ष पति किशोर कुमार सोनी (3) श्रीमती सुरेखा महोबे उम्र-63 वर्ष पति श्री अशोक (4) सूर्यप्रकाश महोबे उम्र-62 वर्ष पिता आत्माराम महोबे (5) अंकिता महोबे, उम्र वर्ष आत्मजा सूर्य प्रकाश महोबे (6) नितीन महोबे उम्र-29 वर्ष पिता सूर्यप्रकाश महोबे (7) श्रीमती पुष्पा सोनी, उम्र-57 वर्ष पति उमेश कुमार सोनी सभी निवासी अवधियापारा, लिली चौक, पुरानी बस्ती रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदकगण के शामिल शरीक हक, आधिपत्य एवं स्वामित्व में ग्राम चंगोराभाठा, प.ह.नं. 59, रा.नि.मं. रायपुर-1, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में भूमिस्वामी हक की भूमि खाता नं.-3170 खसरा नंबर- 150/106 क्षेत्रफल 0.0160 हे. याने 1750 वर्गफूट भूमि है, जो वर्तमान राजस्व अभिलेखों में श्रीमती बसंती बाई जौजे विष्णु प्रसाद सोनी के नाम पर बतौर भूमि स्वामी दर्ज है। यह कि, श्रीमती बसंती बाई सोनी की मृत्यु दिनांक 09.11.2022 को हो चुकी है, तथा उनके पति श्री विष्णु प्रसाद सोनी की मृत्यु भी दिनांक 07.02.2023 को हो चुकी है। इस तरह आवेदकगण के माता पिता दोनों की मृत्यु हो चुकी है तथा आवेदकगण उनके विधिक वारिसान है। यह कि, श्रीमती बसंती बाई सोनी पति विष्णु प्रसाद सोनी के एक पुत्र तथा 4 पुत्री संतान थे। बसंती बाई के एक पुत्री कल्याणी सोनी पति सूर्य प्रकाश सोनी की मृत्यु दिनांक 06.12.2004 को पूर्व में ही हो चुकी है, तथा कल्याणी बाई सोनी के उसके पति आवेदक क्र.-04 तथा आवेदक क्र. 05 कु. अंकिता पुत्री तथा आवेदक क्र. 06 नितीन पुत्र संतान है इस तरह कल्याणी बाई सोनी के पति तथा पुत्र एवं पुत्रियां विधिक वारिसान है उनके अतिरिक्त मृतिका कल्याणी बाई सोनी के अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है का लेख करते हुए ग्राम चंगोराभाठा, प.ह.नं. 59, रा.नि.मं.-रायपुर-1, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में भूमि स्वामी हक की भूमि खाता नं.-3170 खसरा नंबर- 150/106 क्षेत्रफल 0.0160 हे. याने 1750 वर्गफूट भूमि पर आवेदकगण का नाम बतौर भूमि स्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदकगण का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 09.06.2025 को होगी। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा / आपत्ति दिनांक 09.06.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार, रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रमांक/........../ब-121/2024-25
ग्राम अमलीडीह, प.ह.नं. 69
रायपुर, दिनांक 13.05.2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र सिंह भुटानी पिता डी.एस. भुटानी निवासी डी-67 सेक्टर 04 देवेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खाता क्रमांक 270/3 रकबा 0.2260 हे., खसरा नंबर 276 रकबा 0.0650हे., खसरा नंबर 277/1 रकबा 0.2020हे., खाता क्रमांक 1681 खसरा नंबर 273/2 रकबा 0.0720हे., खसरा नंबर 275 रकबा 0.2100हे., खसरा नंबर 278/4 रकबा 0.1860हे., खसरा नंबर 278/5 रकबा 0.2620हे.. खाता क्रमांक 1927 खसरा नंबर 277/4 रकबा 0.0810हे. कुल खसरा 08 कुल रकबा 1.3050हे. भूमि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है। उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों में रजत अहलुवालिया पिता स्व. भीष्म अहलुवालिया, चरनजीत सिंह पिता रविन्द्र सिंह भुटानी, राजेन्द्र सिंह भुटानी पिता डी.एर छुटानी, हरशरन कौर पिता मनोहर सिंह, भीष्म अहलुवालिया पिता ललित अहलुवालिया, राहुल अहलुवालिया पिता ललित अहलुवालिया, रश्मी अहलुवालिया पति ललित कुमार अहलुवालिया के नाम पर शामिल शरीक रूप से दर्ज है। राजस्व अभिलेख की प्रति आवेदन के साथ संलग्न है। उक्त कृषि भूमि के लिए ऋण पुस्तिका प्रदान की गई थी, परन्तु आवेदकगण से ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो गई है। ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति प्रदान किए जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 30.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें । नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्याय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर नायब तहसीलदार, रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

ई.क्र./अ-6/वर्ष 2025
ग्राम-रायपुरखास प.ह.नं. 62
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 19.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 1. गुणवंत राठौड 2. अशोक राठौड़ 3. कुमार राठौड़ 4. चेतन राठौड़ 5. वंदना राठौड़ सभी पिता स्व. जीवराम भाई राठौड़ 6. परेश राठौड़ पिता स्व. किशन निवासी नहरपारा, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम-रायपुर खास, प.ह.नं. 62 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि स्तर क्रमांक-34, प्लाट नंबर-11, खसरा नंबर-235/1ख, एवं प्लाट नंबर-35, खसरा नंबर-483/1 कुल खसरा-2, कुल रकबा 4672 वर्गफुट भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में श्रीमती प्रभा बेन राठौड़ पति स्व. जीवराम भाई राठौड़ के नाम पर दर्ज है। आवेदकगण की माता/दादी स्व. श्रीमती प्रभा बेन राठौड़ की मृत्यु दिनांक 05.01.2012 को हो चुकी है। आवेदकगण की माता/दादी ने अपने जीवनकाल में पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 28.09.2011 को निष्पादित कर उक्त संपत्ति को आवेदकगण 1. गुणवंत राठौड़ 2. अशोक राठौड़ 3. कुमार राठौड़ 4. चेतन राठौड़ 5. वंदना राठौड़ सभी पिता स्व. जीवराम भाई राठौड़ 6. परेश राठौड़ पिता स्व. किशन को वसीयत प्रदान किया है। अत: आवेदकगण द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर आवेदकगण अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 12.06.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

ई.क्र./अ-6/वर्ष 2025
ग्राम-रायपुरखास प.ह.नं. 62
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 19.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 1. गुणवंत राठौड 2. अशोक राठौड़ 3. कुमार राठौड़ 4. चेतन राठौड़ 5. वंदना राठौड़ सभी पिता स्व. जीवराम भाई राठौड़ 6. परेश राठौड़ पिता स्व. किशन निवासी नहरपारा, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम-रायपुर खास, प.ह.नं. 62 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि स्तर क्रमांक-34, प्लाट नंबर-11, खसरा नंबर-235/1ख, एवं प्लाट नंबर-35, खसरा नंबर-483/1 कुल खसरा-2, कुल रकबा 4672 वर्गफुट भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में श्रीमती प्रभा बेन राठौड़ पति स्व. जीवराम भाई राठौड़ के नाम पर दर्ज है। आवेदकगण की माता/दादी स्व. श्रीमती प्रभा बेन राठौड़ की मृत्यु दिनांक 05.01.2012 को हो चुकी है। आवेदकगण की माता/दादी ने अपने जीवनकाल में पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 28.09.2011 को निष्पादित कर उक्त संपत्ति को आवेदकगण 1. गुणवंत राठौड़ 2. अशोक राठौड़ 3. कुमार राठौड़ 4. चेतन राठौड़ 5. वंदना राठौड़ सभी पिता स्व. जीवराम भाई राठौड़ 6. परेश राठौड़ पिता स्व. किशन को वसीयत प्रदान किया है। अत: आवेदकगण द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर आवेदकगण अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 12.06.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर तहसीलदार रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 ( धनेली ) तहसील धरसींवा जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**आम-सूचना**

दिनांक 19.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बसंत कुमार अग्रवाल पिता श्री सोहन लाल अग्रवाल निवासी 54/1090 शांति विहार कॉलोनी डंगनिया की ग्राम तेन्दुआ प.ह.नं. 32 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 धनेली तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 380/1 रकबा 0.6680 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक/वाचक/तह./2024-2025 आदेश दिनांक 16.05.2025 के परिपालन में दिनांक 10.06.2025 को समय 11.30 बजे पश्चात् किया जाना नियत है। अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 32 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-19 ( धनेली )

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 5282/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 15/05/25**

प्राधिकरण की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना हीरापुर के अन्तर्गत श्रीमती एलिजाबेथ विल्सन पति श्री राजेश विल्सन को फ्लैट क्रमांक ओ-205 भूतल द्वितीयतल रकबा 290 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 15.05.25 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 5283/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 15/05/25**

प्राधिकरण की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना बोरियाखुर्द के अन्तर्गत श्री विजय कुमार बुंदेल पिता श्री राधेश्याम बुंदेल को फ्लैट क्रमांक ए-209 द्वितीय तल रकबा 299 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 15.05.25 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00063 शंकर नगर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20242544072 4400136

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00063 के अंतर्गत ग्राम शंकर नगर के वर्तमान भूमिस्वामी हसन अली पिता/पति स्व. मीर मोहसिन अली पता सा. के-1 अनुपम नगर रायपुर, आसिफ अली पिता/पति स्व. मीर मोहसिन अलता, अजमत अली पिता/पति स्व. मीर मोहसिन अली पता-कासिम अली पिता/पति स्व. मीर मोहसिन अली पता आरिफ अली पिता/पति स्व. मीर मोहसिन अली पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 2/29 0.0379 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आसिफ अली पिता/पति स्व. मीर मोहसिन अली पता हसन अली पिता/पति स्व. मीर मोहसिन अली पता श्रीमती फरजाना अली पिता/पति स्व. मीर कासिम अली पत अनुपम नगर रायपुर छ.ग., अजमत अली पिता/पति स्व. मीर मोहसिन अली पता, मीर यावर अली पिता/पति स्व. मीर कासिम अली पता आरिफ अली पिता/पति स्व. मीर मोहसिन अली पता शाहबाज नेवजताज खान पिता/पति स्व. मीर कासिम अली पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00082 मुजगहन ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440727300037

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00082 के अंतर्गत ग्राम मुजगहन के वर्तमान भूमिस्वामी रामकुमार साहू पिता/पति बसंत साहू पता निवासी ग्राम मुजगहन साहू भवन के पास मुजगहन रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 45/2 0.0092 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जितेश्वरी सिन्हा पिता/पति दिनेश सिन्हा पता मकान नं. 47/584 कंकाल पारा वार्ड नं. 58 गौरा चौरा के पास ब्राम्हण पारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00082 मुजगहन ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2024254407 27300036

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00082 के अंतर्गत ग्राम मुजगहन के वर्तमान भूमिस्वामी रामकुमार साहू पिता/पति बसंत साहू पता निवासी ग्राम मुजगहन साहू भवन के पास मुजगहन रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 45/2 0.0092 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अमन पटेल पिता/पति करूण कुमार पटेल पता वार्ड क्रमांक 05, नगेड़ा जिला बलौदा बाजार छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00082 मुजगहन ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2024254407 27300035

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00082 के अंतर्गत ग्राम मुजगहन के वर्तमान भूमिस्वामी रामकुमार साहू पिता/पति बसंत साहू पता निवासी ग्राम मुजगहन साहू भवन के पास मुजगहन रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 45/2 0.0092 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कमल कुमार पटेल पिता/पति दुजेलाल पटेल पता वीर नारायण सिंग नगर बीरगांव रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-3, तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**आम सूचना**

दिनांक 19.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डूमरतालाब प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. रायपुर 3 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री विजय निझावन पिता एस.पी. निझावन निवासी त्रिवेणी भवन रामनगर भिलाई दुर्ग द्वारा ग्राम डूमरतालाब प.ह.नं. 53 रा.नि.मं.रायपुर 3 तहसील व जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 234/59 रकबा 0.0222 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 08.05.2025 के परिपालन में हमारे द्वारा दिनांक 05.06.2005 को समय 4 बजे पश्चात से किया जाना नियत है।

अत: उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदित खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर, दावा या आपत्ति हो तो समक्ष में प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-3

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 5419/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 19/05/25**

प्राधिकरण की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास (सरोना) योजनांतर्गत श्री नेमीचंद बैस पिता- श्री होरीलाल बैस को फ्लैट क्रमांक जी-104 (भूतल) क्षेत्रफल 290 वर्गफुट पर आबंटित हैं। आबंटिती के द्वारा उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राहय नहीं होगा।

दिनांक 19.05.28 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक ब/121
ग्राम बनरसी
पेशी दिनांक 25.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेश कुमार साहू पिता श्री राजकुमार साहू ग्राम बनरसी तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने दादा पुनित राम के जन्म/मृत्यु दिनांक 04.09.1967 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सकें।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 25.05.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 20.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार समोदा ( आरंग )

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**आम सूचना**

दिनांक 08.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 78 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक श्रीमती निर्मला जोशी पति श्री ए.एल. जोशी निवासी डी-82, 83 न्यू राजेन्द्र नगर गुरूघासी कालोनी पोस्ट रविग्राम रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 336/30 रकबा 0.0460 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. क्यू अ-12 वर्ष 2024-2025 आदेश दिनांक 03.04.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 02.06.2025 को समय 12 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
सेरीखेड़ी

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर ( छ.ग. )**
**फार्म अ**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र साखरे पिता श्री शंकर लाल साखरे निवासी म.नं. 402 ग्राम व पोस्ट पारागांव थाना व तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर एवं कु. संतोषी बन्जारे पिता श्री अशोक बन्जारे निवासी म.नं. 59 वार्ड नं. 02 नवापारा राजिम थाना व तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 07 जून, 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 08 मई 2025 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

विवाह अधिकारी
रायपुर

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अधिकारियों को लगाई फटकार

## साय-साय हो रहा क्षेत्र का विकास : अनुज, खरोरा में पानी की किल्लत होगी दूर



**खरोरा,** 19 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में समस्त शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व अन्य समस्या के समाधान हेतु चल रहे सुशासन तिहार के तीसरे और अंतिम चरण समाधान शिविर नगर पंचायत खरोरा के सांस्कृतिक भवन परिसर में अयोजित किया गया इस शिविर में महिलाबाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन संस्कार और गोदभराई संस्कार का आयोजन किया गया सांसद बृजमोहन अग्रवाल विधायक अनुज शर्मा ने बच्चों को खीर खिलाया स्वास्थ विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया टीबी मरीजों को फूड कीट दिया गया वही वन विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम आभियान अंतर्गत पौधा वितरण किया गया कृषि विभाग द्वारा स्पेयर वितरण किया गया

**आबकारी विभाग को मिला बच्चों शराब कोचिया की काम में न लगाने की मांग:** वही आबकारी विभाग को ग्रामीणों ने नाबालिको को शराब न देने और शराब कोचिया लोगो को कम उम्र बच्चों को अवैध शराब बिक्री के कार्यों में न लगाने की मांग की गई वही राजस्व विभाग में शासकीय जमीन को सुरक्षित कर भू माफिया से सुरक्षित करने की मांग ग्राम पंचायत केशला और खरोरा के लोगो ने की इस अवसर पर मुख्य रुप से रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, उपाध्यक्ष सुमित सेन आधिकारी गण में मुख्य रूप से जिला अपर कलेक्टर निधि साहू एसडीएम आशुतोष देवांगन, तहसीलदार शेखर मंड़ई ,आलोक वर्मा, सहित सभी विभाग के अधिकारि उपस्थित रहे ।

**सांसद के अंदाज से लोग हुए खुश:** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने ही अंदाज में लोगों की सम्बोधित किया उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह सुशासन तिहार इसलिए चलाया जा रहा है कि कोई भी व्यक्ति अगर किसी भी योजना पात्र होते हुए भी वंचित है तो हमे उनके घर द्वार तक पहुंच कर उस कमी को दूर करके पात्र योजना का लाभ दिलाना है इस तिहार में जितने भी आवेदन आए है जिसका त्वरित निराकरण किया जा रहा है आपके गांव में आपके द्वार पर आपकी समस्या दूर हो रही है।

**अधिकारियों मंच पर बुलाकर लगाई फटकार:** बिजली विभाग, पीएचई, आबकारी, पुलिस, नगर पंचायत, के अधिकारियों को उन्होंने एक एक कर मंच पर बुलाया और छेत्र की समस्याओं को लेकर फटकार लगाई। वहीं उन्होंने आगे कहा कि साय सरकार के सुशासन तिहार के शिविर के पूर्व ही मोदी के गारंटी के तहत पुरे प्रदश वासियों को लाभ मिल रहा है किसानो को बोनस,3100 प्रति किंवटल धान खरीदी किया जा रहा 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रूपए महतारी वंदन के अंतर्गत दिया जा रहा है गरीब मजदूरों को दीनदयाल मजदूर योजना अंतर्गत सालाना 10 हजार रूपए सहयोग राशि दिया जा रहा है

जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन ने कहा की अबतक 2085 आवेदन का निराकरण किया जा चुका है पात्र को हर योजना का लाभ दिलाने प्रयास सभी विभाग के अधिकारी करे

**बृजमोहन अग्रवाल ने किया 75 लाख के विकासकार्यों का भूमिपूजन:** 15 वे वित्तयोग वार्ड क. 09 स्थित नगर पंचायत कार्यालय वॉटर हेड टैंक के पास से वार्ड क. 06 स्थित पनखटिया तालाब के पास वॉटर हेड टैंक तक के पाईप लाईन विस्तार व वार्ड क्रमांक 06 में महतारी घाट निर्माण का भूमिपूजन किया। वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद हेमलता नशीने ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा का आभार व्यक्त किया।

**विधायक अनुज शर्मा ने कहा:** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार मात्र 15 महीना में आपके घर द्वार आकर आपकी समस्या पूछ तुरंत समाधान कर रही है सभी बिकास कार्य साय साय कर रही है वहीं मात्र खरोरा से ही प्रधानमंत्री आवास के लिए 1100 आवेदन आवास प्राप्त हुए है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी ने नगर में पुष्पवाटिका सौंदर्यीकरण, इंडोर स्टेडियम, खेल मैदान निर्माण, लाइब्रेरी समेत अनेक विकास कार्यों के लिए 08 करोड़ रुपए की मांग की जिसपर सांसद और विधायक ने आश्वासन देते हुए कि जल्द इसपर बड़ी घोषणा की जाएगी।

**संवाददाता के सवाल पर बोले जल्द होगी समस्या दूर:** संवाददाता ने सांसद के संज्ञान में लाया कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने घोषणा की थी कि जो शराब दुकान नगर के मध्य में स्थित है उसे नगर के बाहर स्थापित 01 अप्रैल से किया जाएगा पर अब तक हुआ नहीं है इसपर सांसद ने आश्वस्त किया है कि जल्द इस वादे को पूरा कर लिया जाएगा

वहीं कांग्रेस के रविंदर बबलू भाटिया पूर्व प्रदेश महासचिव, युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़, सुरेन्द्र गिलहरे पार्षद एवं शहर ब्लाक अध्यक्ष, पन्ना देवांगन, जुबैर अली, पार्षद राकेश देवांगन, निलेश चंद्रवंशी, कपिल नशीने, परमेश्वर नायक, हेमलाल निषाद, राजू पाल, भानू भट्ट, एवं अन्य लोगों की मौजूदगी में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, व अनुभागीय अधिकारी तिल्दा से मांग की है कि खरोरा-केशला रोड से तिल्दा की ओर जाने वाले वाहन खरोरा शहर में प्रवेश वर्जित कर बाईपास से जाने और हाईवा ट्रक को धीरे चलाने के लिए स्पीड ब्रेकर का निर्माण की मांग की साथ ही उन्होंने आगे कहा कि उनकी मांगोंपर ध्यान नहीं दिया गया कि स्थिति में उग्र आंदोलन खरोरा नगर के नागरिकों के द्वारा किया जाएगा, जिसकी पुरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# डॉ. रमन सिंह से डॉ. पाणिग्राही ने भेंट कर बागबाहरा बायपास के लिए आभार व्यक्त किया



**बागबाहरा,** 19 मई (देशबन्धु)। बागबाहरा बायपास के फाइनल डी पी आर बनाने तथा उसके बाद दिल्ली से स्वीकृति पश्चात निर्माण शुरू होने की जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन समाधान से मिलने के बाद डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ डॉ रमन सिंह जी से दुर्ग में सौजन्य भेंट कर बागबाहरा बायपास के लिए आभार व्यक्त किया।

डॉ पाणिग्राही ने कहा कि बागबाहरा बायपास की स्वीकृति वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्य मंत्री डॉ रमन सिंह ने 18 जून 2006 को हेलो मुख्यमंत्री फोन इन कार्यक्रम में मेरी मांग पर स्वीकृत किया था जो 19 वर्षों बाद विभिन्न प्रक्रियाओं एवं प्रतिक्षा सूची में रहने के बाद अब निर्माण की अंतिम प्रक्रियाओं की ओर बढ़ रहा है जो राष्ट्रीय राजमार्ग एन एच ए आई द्वारा किया जाएगा। डॉ पाणिग्राही ने 2006 से लेकर अभी तक सभी बातों का सिलसिलेवार विवरण बताते हुए डॉ रमन सिंह जी को अवगत किया तथा उन्हें बागबाहरा बायपास की स्वीकृति प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापन एवं आभार व्यक्त किया। छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने भी प्रसन्नता व्यक्त की। बागबाहरा बायपास बन जाने के बाद भारी वाहनों का आना जाना नगर के भीतर से नहीं होगा तथा यातायात सुगम एवं सुरक्षित होगा।

---

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग ( छ.ग. )**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आर.आर. राय आ. स्व. बी. राय, निवासी- एम.आई.जी.-40, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एम.आई.जी.-40, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों 1) भागवत राय आ. स्व. राम रेखा राय, 2) श्री अरविन्द किशोर राय आ. स्व. राम रेखा राय, 3) श्री कमल किशोर राय आ. स्व. राम रेखा राय एवं 4) श्री विमल किशोर राय आ. स्व. राम रेखा राय ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एम.आई.जी.-40, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) को 1) भागवत राय 2) श्री अरविन्द किशोर राय 3) श्री कमल किशोर राय एवं 4) श्री विमल किशोर राय के अपने नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. आर.आर. राय के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अत: 1) भागवत राय 2) श्री अरविन्द किशोर राय 3) श्री कमल किशोर राय एवं 4) श्री विमल किशोर राय के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा। मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 08.05.2025 को जारी किया गया।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-दुर्ग ( छ.ग. )**

---

**न्यायालय तहसीलदार देवकर,**
**जिला बेमेतरा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूखूराम पिता रामप्रसाद जाति गोंड निवासी ग्राम गातापार तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम गातापार में दिनांक 20.03.2004 को आवेदक के माता देवकुंवर बाई की जन्म/मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध मं जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 27.05.2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार देवकर**

---

**न्यायालय तहसीलदार देवकर,**
**जिला बेमेतरा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूखूराम पिता रामप्रसाद जाति गोंड निवासी ग्राम गातापार तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम गातापार में दिनांक 10.11.1995 को आवेदक मनराखन पिता भोंदु की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 27.05.2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार देवकर**

---

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार मनीष कुमार जैन आ. श्री रमेश कुमार जैन उम्र 44 वर्ष जाति - जैन पेशा व्यवसायी निवासी वार्ड नं. 37 आजाद पारा दुर्ग (नवकार परिसर) तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार व उनके निर्देश पर आप नोटिसी श्रीमती जानकी देवी पति श्री नंदकिशोर खण्डेलवाल उम्र 67 वर्ष जाति खण्डेलवाल पेशा गृहिणी निवासी- ए 23, खण्डेलवाल कॉलोनी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) एवं आम जनता को सूचना देता हूं कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती जानकी देवी से उनके स्वामित्व के मौजा ग्राम मौजा ग्राम कसारीडिह अंदर भाग उत्कल नगर वार्ड नं. 37, आजाद वार्ड पटवारी हल्का नं. 56 रा.नि.मं. कसारीडिह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 203/2 कुल, खसरा 01 रकबा 0.0580 हे. कृषि भूमि को खरीदने का अनुबंध किया है और इस संबंध में मेरे पक्षकार ने विक्रय पत्र निष्पादित प्रारूप तैयार कराकर उसके पंजीयन हेतु पूरी तैयारी स्टाम्प पेपर में कर प्रतिफल रकम की पूरी व्यवस्था कर लिया है।

अतएव आम जनता को सूचना दी जाती है कि किसी भी व्यक्ति का उक्त भूमि पर किसी प्रकार का कोई हक दावा उजर हो तो इस संबंध में दस्तावेजी प्रमाण इस सूचना को प्रकाशन के 7 दिन के अंदर मेरे पक्षकार को उपलब्ध कराये बाद की गयी आपत्ति मेरे पक्षकार को अमान्य है, तथा कोई भी व्यक्ति उपर वर्णित संपत्ति को खरीदने का अनुबंध श्रीमती जानकी देवी खण्डेलवाल से न करें तथा श्रीमती जानकी देवी खण्डेलवाल को भी सूचना दी जाती है कि आप विक्रय पत्र का पंजीयन अविलंब मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय प्रतिफल की राशि प्राप्त कर, कर दें।

दिनांक 17.05.2025

**भवदीय**
**भवर लाल पारख**
**( अधिवक्ता )**

---

**कार्यालय गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव ( छ.ग. )**

**आम सूचना**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भूखण्डों / आवासीय भवनों को फ्री-होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छ.ग. शासन एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश दिनांक एफ-01-100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 व पत्र क्रमांक एफ 3-4/2020/32 दिनांक 31.12.2020 के परिपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्न हितग्राही के द्वारा जिनके नाम व कॉलोनी का नाम एवं आवासीय भूखण्ड/भवन/दुकान क्रमांक छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी ।

मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजना, टेड़ेसरा, जिला राजनांदगांव में आबंटी का नाम श्रीमती मधुबाला सिंह ठाकुर पति श्री भगत सिंह ठाकुर भवन कमांक एल.आई.जी.-21, टेड़ेसरा, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव ( छ.ग. )**

**आम सूचना**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भूखण्डों / आवासीय भवनों को फ्री-होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छ.ग. शासन एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश दिनांक एफ-01-100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 व पत्र क्रमांक एफ 3-4/2020/32 दिनांक 31.12.2020 के परिपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्न हितग्राही के द्वारा जिनके नाम व कॉलोनी का नाम एवं आवासीय भूखण्ड/भवन/दुकान क्रमांक छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी ।

मण्डल द्वारा सामान्य योजना, लेबर कॉलोनी, जिला राजनांदगांव में आबंटी का नाम श्री पंचम कश्यप पिता स्व. श्री किशन गोंड भवन क्रमांक एस.आई.एच.एस. 59 लेबर कॉलोनी, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव ( छ.ग. )**

---

**आवश्यकता है**

तीन कंप्यूटर ऑपरेटर , (मेल/फीमेल) एवं ड्राई क्लीन शॉप में कपड़ा छोड़ने हेतु लड़के चाहिए। बाहर वालो को रहने की सुविधा मिलेगी। सेलरी 12000-15000, बॉयोडाटा /रिज्यूम,आधार कार्ड सहित मिले। इंटरव्यू समय -सबेरे 9 से 11तक ।

**संपर्क करें-रेलवे रिजर्वेशन काउंटर प्रथम मंजिल,विजेता काम्प्लेक्स, शास्त्री बाजार,नैवेद्य के ऊपर,रायपुर।**

---

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार मनीष कुमार जैन आ. श्री रमेश कुमार जैन उम्र 44 वर्ष जाति - जैन पेशा व्यवसायी निवासी वार्ड नं. 37 आजाद पारा दुर्ग (नवकार परिसर) तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार व उनके निर्देश पर आप नोटिसी श्रीमती सुषमा पति आशीष खण्डेलवाल उम्र 59 वर्ष जाति खण्डेलवाल पेशा गृहिणी निवासी- ए 23, खण्डेलवाल कॉलोनी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) एवं आम जनता को सूचना देता हूं कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती सुषाम से उनके स्वामित्व के मौजा ग्राम मौजा ग्राम कसारीडिह अंदर भाग उत्कल नगर वार्ड नं. 37, आजाद वार्ड पटवारी हल्का नं. 56 रा.नि.मं. कसारीडिह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 203/2 कुल, खसरा 01 रकबा 0.0580 हे. कृषि भूमि को खरीदने का अनुबंध किया है और इस संबंध में मेरे पक्षकार ने विक्रय पत्र निष्पादित प्रारूप तैयार कराकर उसके पंजीयन हेतु पूरी तैयारी स्टाम्प पेपर में कर प्रतिफल रकम की पूरी व्यवस्था कर लिया है।

अतएव आम जनता को सूचना दी जाती है कि किसी भी व्यक्ति का उक्त भूमि पर किसी प्रकार का कोई हक दावा उजर हो तो इस संबंध में दस्तावेजी प्रमाण इस सूचना को प्रकाशन के 7 दिन के अंदर मेरे पक्षकार को उपलब्ध कराये बाद की गयी आपत्ति मेरे पक्षकार को अमान्य है, तथा कोई भी व्यक्ति उपर वर्णित संपत्ति को खरीदने का अनुबंध श्रीमती सुषमा खण्डेलवाल से न करे तथा श्रीमती सुषमा खण्डेलवाल को भी सूचना दी जाती है कि आप विक्रय पत्र का पंजीयन अविलंब मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय प्रतिफल की राशि प्राप्त कर, कर दें।

दिनांक 17.05.2025

**भवदीय**
**भवर लाल पारख**
**( अधिवक्ता )**

---

# कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

नया प्रशासनिक कार्यालय, कक्ष क्र.508 चतुर्थ तल, गांधी मैदान के पास, रायपुर ( छ.ग. )
फोन.नं- 0771-2535/80,90, फैक्स-0771-2227395 E-mail: dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 139/ वित्त विभाग / न.पा.नि./ 2025-26 रायपुर, दिनांक 16/05/2025

## निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय द्वारा जारी ई-निविदा क्रमांक 167524 दिनांक 25.04.2025 मे अत्यावश्यक संशोधन वांछित है। अत: जारी ई निविदा क्रमांक 167524 दिनांक 25.04.2025 को निरस्त किया जाता है।

**घरों से निकलने वाले सुखे एवं गिले कचरे को सफाई मित्र ( वाहन ) को देवें।**

**अपर आयुक्त (वित्त)**
**नगर पालिक निगम,**
**रायपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**सूचना-पत्र**

क्रमांक/वाचक/ना.तह./2024-25
रायपुर, दिनांक 15.05.2025
प्रति,

सचिन कुमार कानूनगो पिता अनूप कानुनगो निवासी ढाबाखार भगत देवरी महासमुंद द्वारा मु.आम धीरज कुमार कानूनगो पिता तरूण कुमार कानुनगो निवासी डंगनिया तहसील व जिला रायपुर

विषय:-राजस्व मामला क्रमांक / 202502115600045/अ-6/वर्ष 2024-2025 पक्षकार राजेश सोनी पिता बाल गोविन्द सोनी विरूद्ध छ.ग. शासन ग्राम भाठागॉव प.ह.नं. 60, तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश सोनी पिता बाल गोविन्द सोनी निवासी प्रगति विहार कालोनी संतोषी नगर तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि उनके द्वारा ग्राम भाठागाँव, प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 401/1 का भाग रकबा 1789 वर्गफुट भूमि को विक्रेता सचिन कुमार कानुनगो पिता अनूप कानुनगो निवासी ढाबाखार भगत देवरी महासमुंद द्वारा मु.आम धीरज कुमार कानुनगो पिता तरूण कुमार कानुनगो निवासी डंगनिया तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 31.05.2022 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के आप विक्रेता भूमिस्वामी है, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 28.05.2025 को स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **नायब तहसीलदार रायपुर**

---

**न्यायालय तहसीलदार तिल्दा-नेवरा,**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. 202505110300047/
अ-6 वर्ष 2024-25
ग्राम-तिल्दा, प.ह.नं. 19, रा.नि.मं.-तिल्दा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका वर्षा जॉन पिता ग्लेडविन अल्बर्ट निवासी रायपुर द्वारा ग्राम तिल्दा प.ह.नं. 19 तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 255/2, 509, 700/2 रकबा क्रमश: 0.405, 0.275, 0.348 हे. कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 1.028 हे. से खातेदार ग्लेडविन पिता अल्बर्ट की मृत्यु दिनांक 04.01.2014 हो जाने के कारण मृतक खातेदार का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर उनके वारिसान वर्षा जॉन अल्पना राबिन्स पिता ग्लेडविन अल्बर्ट जोशी ग्रेस राय पति स्व. आशीष राय आदिती राय, जेनिफर राय पिता स्व. आशीष राय का नाम दर्ज किए जाने वर्षा जॉन पिता ग्लेडविन अल्बर्ट निवासी रायपुर नाम दर्ज करने आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 06.06.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 14.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**मुहर** **तहसीलदार तिल्दा-नेवरा**

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SAHMUD KHAN S/O SARDAR KHAN resident of H.NO.-A-100 , STREET-27 , SMRITI NAGAR , BHILAI, DURG, (C.G.) PIN-490020 have changed my daughter old name SAMAYRA KHAN D/O SAHMUD KHAN so in future I should be recognized by my daughter new name that is SAMAIRA KHAN D/O SAHMUD KHAN in all Government and other documents.

**SAHMUD KHAN**
H.NO.-A-100 , STREET-27 ,
SMRITI NAGAR , BHILAI,
DURG, (C.G.) PIN-490020

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MANISH KUMAR AGRAWAL S/O JAGDEESH AGRAWAL resident of M N 69 VARD 10, SARAIPALI, MAHASAMUND, (C.G.) 493558 have changed my old name MANISH KUMAR AGRAWAL S/O JAGDEESH AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is MANISH AGRAWAL S/O JAGDEESH AGRAWAL in all Government and other documents.

**MANISH AGRAWAL**
M N69 VARD 10, SARAIPALI,
MAHASAMUND, (C.G.) 493558

---

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

**रा.प्र.कं. ब/121 वर्ष 2024-25**
**ग्राम अचानकपुर प.ह.नं. 06**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तिहारूराम पटेल पिता स्व. मंताराम पटेल जाति मरार निवासी ग्राम अचानकपुर तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक अपने पिता स्व. मंताराम पटेल पिता दुखुराम पटेल का मृत्यु दिनांक 01.01.1991 को स्थान ग्राम अचानकपुर के घर में हुआ है। जिसका भूलवश ग्राम पंचायत चरौटी में मृत्यु पंजीकरण अभिलेख में पंजीयन नही कराया था। जिसका मृत्यु पंजीकरण किये जाने का निवेदन किया है एवं उपसंचालक, जिला योजना एवं सांख्यिकी जिला बलौदाबाजार भाटापारा का जावक क्र. 894 दिनांक 02.05.2025 का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं आवेदन के साथ मय दस्तावेज संलग्न किया है । जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 23.05.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषण आज दिनांक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील **कार्यपालिक दण्डाधिकारी बलौदाबाजार**

---

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

**पृ.क्र./1063/प्र.तह./2025**
**गुरूर, दिनांक 16.05.2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी बोहारडीह प.ह.नं. 24 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक धन्नू लाल आ. लेड़गा जाति सतनामी निवासी बोहारडीह तहसील गुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के भाई सरोज कुमार आ. लेड़गा की मृत्यु दिनांक 18/08/1989 को ग्राम बोहारडीह में हुई है। मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 27/05/2025 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/05/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

सील **नायब तहसीलदार गुरूर, जिला बालोद ( छ.ग. )**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

**अ-2/2024-25**
**ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा ( छ.ग. )**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारद पिता जिवराखन साहू निवासी ग्राम भरसेला नया तहसील लवन जिला बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार में स्थित भूमि खसरा नं. 1237/7 शामिल 1238/8 रकबा 0.0110हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक द्वारा आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत कर पुनर्निर्धारण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्तियां यदि कोई हो तो वे दिनांक 26.05.2025 को मेरे न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) बलौदाबाजार**

---

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

**ICICI Bank**

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बीपी-4, टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चौथी मंजिल, सेक्टर वी, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता पश्चिम बंगाल- 700091
CIN No: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जकी अहमद/साहिन अहमद/ रज़ी अहमद/ निसार अहमद/ महलका नाज़/055, एफ.सी.आई. गोदाम रोड रायपुर नाका वार्ड नंबर 12, राजनांदगाँव तहसील और जिला राजनांदगाँव छत्तीसगढ़ राजनांदगांव- 491441/ LBRDG00003202831 | प्लॉट नं. 13, खं. नं. 130/13 का भाग, गाँव लखोली, पी.एच. नं. 36, बी. नं. 129, ग्राम पंचायत लखोली, ब्लॉक और तहसील राजनांदगाँव, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल 3000 वर्ग फीट यानी 6.5 दशमलव, उत्तर: 4 फुट चौड़ी गली, दक्षिण: 15 फुट चौड़ी गली, पूर्व: 12 फुट चौड़ी गली, पश्चिम: नजीर अहमद का प्लॉट/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 15.05.2025 | जनवरी 31, 2025 रु. 62,90,079.59/- | राजनांद-गांव |
| 2. | श्याम बहादुर सिंह/ विजय लक्ष्मी सिंह/43, वार्ड 14 कैलाश नगर आई.ई. भिलाई, खुरुद जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ भिलाई- 490026/ LBRDG00004704122 | खसरा नं. 1594/12, प्लॉट नं. 01, वार्ड नं. 14, कैलाश नगर, पी.एच. नं. 14/19, आर.एन.एम. दुर्ग-1, मौजा कुरुद, नगर निगम भिलाई, तहसील और जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ (क्षेत्रफल 0.03 हेक्टेयर यानी 3524.50 वर्ग फीट यानी 327. 55 वर्ग मीटर जिसमें 1155.43 वर्ग फीट यानी 107.38 वर्ग मी भूतल पर निर्मित पक्का मकान उत्तर: 30 फीट रोड, दक्षिण: 60 फीट रोड, पूर्व: लक्ष्मी बिल्डर की जमीन, पश्चिम: काशीवाल का प्लॉट क्रमांक 02/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 15.05.2025 | जनवरी 29, 2025 रु. 34,32,640.26/- | दुर्ग |
| 3. | गोपाल गुप्ता/ पूर्णिमा गुप्ता/ रेणुका गुप्ता/ एच नबर 99, वार्ड नंबर 25, सिनेमा लाइन, राजनांदगाँव जिला राजनांदगाँव छत्तीसगढ़ राजनांदगाँव- 491441/ LBBLI00004962425 | खसरा क्रमांक, 312/22, 313/11,314/ 12,315/ 20,316/12, ब्लॉक जनपद, वार्ड क्रमांक 16, आर.एन.एम राजनांदगाँव, ग्राम- मोतीपुर, मोहल्ला तुलसीपुर राजनांदगाँव, तहसील व जिला राजनांदगाँव, छत्तीसगढ़ (क्षेत्रफल 2310 वर्ग फीट/ 0.021 हेक्टेयर) उत्तर: भक्तावरचल रोड दक्षिण: आलूराम का मकान पूर्व: सुंदर बोहाई का मकान पश्चिम: गैल नं 07/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 15.05.2025 | सितंबर 23, 2024 रु. 8,08,040.18/- | राजनांद-गांव |

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी ।

**दिनांक : मई 20, 2025**
**स्थान : राजनांदगाँव और दुर्ग**

**भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए**

---

# छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

## // सर्व संबंधित को सूचना //

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा - संशोधित) के तहत् सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स मां बेरीवाली स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-लखना एवं सांकरा, तहसील - तिल्दा, जिला - रायपुर (छ.ग.) में Establishment of Greenfield steel plant comprising of Sponge Iron DRI Kilns (2X350TPD) Capacity - 2,31,000 TPA, Induction Furnace with matching LRF & CCM (Hot Billets / Billets / Ingots) - (4X15 Tons) 1,98,000 TPA, Rolling Mills (TMT bars / Structural Steels) ( 85% Hot charging with Hot Billets and remaining 15% through RHF with gasifier as fuel) (2X300 TPD) - 1,98,000 TPA, Coal Gasifier 1782 Nm3/hr, Ferro Alloy Unit (2 x 9 MVA) - FeSi - 14,000 TPA / FeMn - 40,000 TPA / SiMn 28,000 TPA / FeCr- 30,000 TPA / Pig Iron- 48,000 TPA, Briquetting Plant 200 Kg/hr, WHRB based power plant- 16 MW, FBC based power plant- 8 MW & Brick Manufacturing unit - 15,000 Brick/Day के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् **लोक सुनवाई दिनांक 20/06/2025 को प्रातः 11:00 बजे से स्थान खसरा नं. 330, शासकीय खुला भूखंड, ग्राम- सांकरा, तहसील- तिल्दा, जिला - रायपुर (छ.ग.) में नियत की गई है।** यह भी सूचित हो कि लोक सुनवाई के दौरान भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ऑफिस मेमोरेण्डम F.No.22-25/2020-IA.III दिनांक 14.09.2020 तथा कोरोना वाईरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाना अनिवार्य होगा।

ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 14 सितम्बर, 2006 (यथा- संशोधित) के अनुसार संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन / पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा तथा सी.डी. (साफ्ट कॉपी) डायरेक्टर, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला - रायपुर (छ.ग.), कार्यालय कलेक्टर, रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.), मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला- रायपुर (छ.ग.), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत- तिल्दा, जिला - रायपुर (छ.ग.), कार्यालय सरपंच / सचिव, ग्राम पंचायत लखना एवं सांकरा, तहसील - तिल्दा, जिला - रायपुर, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ पर्यावरण संरक्षण मंडल, न्यू ऑफिस बिल्डिंग, रिंग रोड नं.- 2, टाटीबंध, रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर, जिला - रायपुर (छ. ग.) में रखी गई है।

**सदस्य सचिव**
**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,**
**नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)**

---

# वासवानी इंडस्ट्रीज लिमिटेड

**CIN L28939CT2003PLC015964**
पंजीकृत कार्यालयः बहेसर रोड, साइकिल पार्क के पास, गांव-सोंद्रा, फेज-II, औद्योगिक क्षेत्र, सिलतारा, रायपुर, छत्तीसगढ़, 493221

## कंपनी के सदस्यों को डाक मतपत्र का नोटिस

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 22 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और 110 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के अनुसार समय-समय पर यथासंशोधित, सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम, 2015 और ऐसे अन्य लागू कानूनों और विनियमों और ऐसे अन्य लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार नोटिस दिया जाता है, यदि कोई हो, दिनांक 8 अप्रैल, 2020 के सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 के अनुसार, कंपनी मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार ('एमसीए') वासवानी इंडस्ट्रीज लिमिटेड ('कंपनी') द्वारा जारी किए गए 13 अप्रैल, 2020 और सामान्य परिपत्र संख्या 17/2020 ('एमसीए परिपत्र') ने अपने सभी सदस्यों को ई-मेल के माध्यम से पोस्टल बैलेट नोटिस ('नोटिस') के प्रेषण को पूरा कर लिया है, जिन्होंने डिपॉजिटरीज के साथ अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत की है कि पोस्टल बैलट नोटिस ('पोस्टल बैलट नोटिस') के माध्यम से वासवानी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सदस्यों की मंजूरी की मांग करते हुए पोस्टल बैलट नोटिस ('नोटिस') इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान शामिल है) (ई-वोटिंग) 19 मई, 2025 को पोस्टल बैलेट नोटिस में उल्लेखित संकल्पों को पारित करने के लिए।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि

1) डाक मतपत्र की सूचना के प्रेषण के पूरा होने की तारीख 19 मई, 2025 है।
2) पोस्टल बैलेट नोटिस ('नोटिस') कंपनी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मोड में उन सभी सदस्यों को भेजा गया है, जिनके ईमेल आईडी **16 मई 2025 ('कट ऑफ डेट')** की स्थिति के अनुसार कंपनी के कंपनी / डिपॉजिटरी प्रतिभागियों / रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट के साथ पंजीकृत हैं। पोस्टल बैलेट नोटिस कंपनी की वेबसाइट पर **www.vaswaniindustries.com** पर और बीएसई लिमिटेड (बीएसई) **www.bseindia.com** और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) **www.nseindia.com** की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।
3) सदस्यों को यह ध्यान देना चाहिए कि कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी किए गए सामान्य परिपत्रों के अनुसार, कंपनी द्वारा कोई भौतिक मतपत्र प्रपत्र नहीं भेजा जा रहा है और सदस्य केवल दूरस्थ ई-मतदान सुविधा का उपयोग करके अपना वोट डाल सकते हैं।
4) जिन सदस्यों की ईमेल आईडी कंपनी या डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के साथ कट-ऑफ तारीख को पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट यानी लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को **rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com/enotices@in.mpms.mufg.com** में **'वासवानी पोस्टल बैलट'** विषय का हवाला देते हुए एक ई-मेल भेजकर अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत करें और **complianceofficer@vaswaniindustries.com** पर कंपनी को पंजीकृत शेयरधारकों के नाम के साथ, फोलियो नंबर्स / डीपी आईडी / क्लाइंट आईडी और ईमेल आईडी से आयोजित इक्विटी शेयरों की संख्या वे पंजीकृत करना चाहते हैं ताकि वे राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लिमिटेड द्वारा प्रदान की गई दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से पोस्टल बैलट नोटिस में निर्धारित विशेष व्यवसाय पर अपने वोट का उपयोग करने में सक्षम हो सकें।
5) कट-ऑफ तारीख के रूप में इक्विटी शेयर रखने वाले सदस्य केवल दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा द्वारा अपना वोट डालने के हकदार हैं। कोई भी व्यक्ति, जो कट-ऑफ तिथि के व्यावसायिक घंटों के समापन पर सदस्य नहीं है, को केवल जानकारी के उद्देश्य के लिए इस नोटिस का अवलोकन करना चाहिए। कंपनी ने अपने सदस्यों को दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए MUFG इनटाइम इंडिया प्रायवेट लिमिटेड ('एमआईआईपीएल') की सेवाएं ली हैं।
6) हमारी कंपनी के निदेशक मंडल ने आयोजित अपनी बैठक में श्री प्रवीण कुमार कानूनगो को नियुक्त किया है और उन्हें कानूनगो अग्रवाल एंड कंपनी भागीदारों, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिवों (एम नं. 13444) को पोस्टल बैलेट ('केवल रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से') को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए संवीक्षाकर्ता के रूप में नियुक्त किया है।
7) पोस्टल बैलेट / ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान मंगलवार, 20 मई, 2025 को सुबह 9:00 बजे शुरू होगा और बुधवार, 18 जून, 2025 को शाम 5:00 बजे समाप्त होगा। इसके बाद ई-वोटिंग मॉड्यूल को अवरुद्ध कर दिया जाएगा और बुधवार, 18 जून, 2025 को शाम 5.00 बजे के बाद मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी।
8) पोस्टल बैलट / ई-वोटिंग के परिणामों की घोषणा गुरुवार, 19 जून 2025 को या उससे पहले कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में की जाएगी और बीएसई और एनएसई को सूचित किया जाएगा जहां कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं और **https://instavote.linkintime.co.in** में **एनएसडीएल** की **www.vaswaniindustries.com** और वेबसाइट पर कंपनी की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किए जाएंगे।
9) यदि शेयरधारकों / सदस्यों के पास ई-वोटिंग के बारे में कोई प्रश्न हैं, तो वे **अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ('एफएक्यू')** और ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल को संदर्भित कर सकते हैं जो **https://instavote.linkintime.co.in/Home/Help** के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध हैं या फोन नंबर **022 - 49186270** पर कॉल कर सकते हैं, या **enotices@in.mpms.mufg.com** को ईमेल भेज सकते हैं। इस संबंध में कोई भी प्रश्न कंपनी सचिव सुश्री साक्षी अग्रवाल से **complianceofficer@vaswaniindustries.com** पर पूछा जा सकता है।

**दिनांकः 19.05.2025**
**स्थानः रायपुर**

**निदेशक मंडल के आदेश से**
**वासवानी इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**एसडी/- साक्षी अग्रवाल**
**कंपनी सचिव**

# विष्णुदेव साय ने किया मुंगेली में नवनिर्मित जिला परिवहन कार्यालय का लोकार्पण

■ लाइसेंस और पंजीयन संबंधी कार्यों में आमजन को मिलेगी बड़ी सुविधा

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मुंगेली जिले के पथरिया विकासखंड के ग्राम बछेरा में 1 करोड़ 72 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित जिला परिवहन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जिले में स्थायी परिवहन कार्यालय भवन की सुविधा का अभाव था, जिससे आम नागरिकों को लाइसेंस, वाहन पंजीयन और अन्य कार्यों में कठिनाई होती थी। अब नए भवन के साथ यह सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी, जिससे जनता को काफी राहत मिलेगी।

लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री ने पांच आवेदकों को प्रतीक स्वरूप लर्निंग लाइसेंस प्रदान किए, जिससे उनके चेहरे पर खुशी झलक उठी। इस अवसर पर उन्होंने कहा



कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता जनता को समयबद्ध और सुगम सेवाएँ उपलब्ध कराना है। नये कार्यालय भवन के माध्यम से वाहन पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस सहित सभी प्रमुख सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।

छह एकड़ भूमि में निर्मित इस परिसर में एक एकड़ में कार्यालय भवन तथा पाँच एकड़ क्षेत्र ड्राइविंग टेस्ट और फिटनेस टेस्टिंग सेंटर के लिए आरक्षित रखा गया है। भवन में 18 कक्ष, 6 हॉल, अटैच लेट-बाथ तथा सामान्य शौचालय जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। कार्यालय को पूर्णतः सुविधायुक्त रूप में डिजाइन किया गया है, जिससे विभागीय कार्यों की दक्षता भी बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021-22 से अब तक जिले में 11,721 ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जा चुके हैं और 49,000 से अधिक वाहनों का पंजीयन हो चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि लोगों में परिवहन सेवाओं की बड़ी मांग है, जिसे यह नया कार्यालय सुगमता से पूरा करेगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में विकास को गति देने के साथ-साथ प्रशासनिक दक्षता और सेवा-सुलभता को बढ़ाना हमारी सरकार का सतत प्रयास है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक पुन्नूलाल मोहले, धरमलाल कौशिक, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद सहित अन्य अधिकारीगण तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# महानदी से अवैध रेत परिवहन करते 9 ट्रैक्टर जप्त

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 19 मई (देशबन्धु)। रविवार की अलसुबह तकरीबन 5 बजे राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त दल ने ग्राम खर्वे में महानदी से अवैध रेत परिवहन करते 7 ट्रैक्टर को पकड़कर माइनिंग एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। इसके पूर्व भी बीते शनिवार को 2 ट्रैक्टर पर कार्यवाही किया गया था। सभी ट्रैक्टर चालक राजस्व की टीम को आते देख इधर उधर रेत खाली कर भागने लगे लेकिन राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार ईश्वर केंवट के द्वारा घेराबन्दी कर 7 ट्रैक्टर को पकड़ने में सफलता मिला है।



■ राजस्व और पुलिस विभाग की बड़ी कार्यवाही
■ रेत माफियाओं में हड़कंप

आपको बता दे कि कसडोल मुख्यालय से लगे महानदी में दिन और रात रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है जिसको रोकने के लिए राजस्व विभाग की टीम लगातार कार्रवाई करते नजर आ रही है इसी दौरान आज रात्रि से संयुक्त दल की टीम अवैध उत्खनन परिवहन करने वालो पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए थे जहां सुबह 5 बजे खरवे में कार्यवाही किया गया है, इधर कार्रवाई के बाद ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचनामा कर कसडोल थाना के सुपुर्द किया गया है, इधर नायब तहसीलदार ईश्वर केवट ने पत्रकारो से कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर लगातार रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन में संलिप्त वाहनों पर कार्रवाई किया जा रहा है, अभी 9 ट्रैक्टर को पकड़ा गया है, जहाँ भी रेत से जुड़े मामलों में वाहनों की संलिप्तता होगा माइनिंग अधिनियम के तहत कार्रवाई किया जायेगा।

# पुलिस ने होटल से किया मादक पदार्थ जप्त, दो गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 19 मई (देशबन्धु)। जामुल पुलिस के द्वारा होटल, ढाबा लॉज चेकिंग के दौरान ग्राम कुरूद स्थित एक होटल में दो आरोपियों के पास से 65 ग्राम हेरोईन चिटटा जैसे मादक पदार्थ जप्त किया गया। आरोपियों के मादक पदार्थ तौलने के लिए रखी गई एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन दो मोबाइल कुल जुमला साढ़े 4 लाख रुपए जप्त किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई है। थाना जामुल ने बताया कि स्टाफ के 18 मई को टाउन पेट्रोलिंग अभियान के तहत रात्रि रवाना हुआ था। कुरूद स्थित उक्त होटल में चेक करने पर रूम नबंर 106 में हर एक व्यक्ति से पूछताछ करने पर गोल मोल जवाब देते हुए भयभीत होकर अपना नाम वैभव सोनी तथा शुभम सिंह निवासी हाउसिंग बोर्ड जामुल का होना बताये तथा वैभव सोनी नामक व्यक्ति अपने पेंट के जेब को बार बार छुने लगा तब संदेह होने पर तलाशी ली गई। संदेही के पहने



हुए पेंट के दाहिने जेब से एक पारदर्शी पालिथीन में रखा हल्का भूरा रंग का हेरोईन चिटटा जैसे मादक पदार्थ पाया गया, तथा बाये जेब में एक इलेक्ट्रानिक छोटा तौल मशीन पाया गया। आरोपियों ने बिक्री करने हेतु अपने कब्जे में हेरोईन चिटटा नामक मादक पदार्थ रखे होना पाया गया। आरोपियो के विरूद्व एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जामुल पुलिस के द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफअपराध क्रमांक 342/2025, धारा 8(21) सी एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्व कर विवेचना मे लिया गया। गिरफ्तार आरोपी वैभव सोनी 24 वर्ष साकिन कालीबाडी चौक के पास हाउसिंग बोर्ड भिलाई एवम् शुभम सिंह 25 वर्ष साकिन एमपीहाउसिंग बोर्ड भिलाई थाना जामुल जिला दुर्ग जप्त मशरूका हेरोईन चिटटा 65 ग्राम कीमती 3,90,000 रूपय, एक इलेक्ट्रानिक तौल मशीन कीमती करीब 500 रूपये, एक एप्पल कंपनी का मोबाईल फोन कीमती करीब 50,000 रूपये एक कार कीमती करीबन 3,00, 000 रूपयेए एक एप्पल कपंनी का मोबाईल फोन कीमती करीब 60,000 रूपये, जुमला कीमती 4,40,500 रुपए जप्त किया गया है।

# रजिस्ट्री के नए नियमों से फर्जीवाड़े पर लगेगा अंकुश, रिकॉर्ड भी होगा तत्काल अपडेट

■ राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यशाला में दी जानकारी

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। राज्य सरकार द्वारा रजिस्ट्री के नये नियमों और सम्पत्तियों के पंजीयन मे शुरू किए गए 10 क्रांतिकारी परिवर्तनों पर आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में खुद राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने नयी सुविधाओं और तकनीकों के बारे में जानकारी दी। राजस्व मंत्री ने जमीनों की रजिस्ट्री के लिए नये नियमों को ऐतिहासिक व साहसिक निर्णय बताते हुए कहा कि समय की जरूरत के हिसाब से आमजनों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं। रजिस्ट्री के नये नियमों से फर्जीवाड़े में रोक लगेगी। बंधक जमीनें नहीं बिक पाएंगी और कोई भी दूसरा आदमी किसी और की जगह पर खड़े होकर जमीनों की रजिस्ट्री नहीं करा सकेगा। राजस्व मंत्री टंक राम ने कहा कि पंजीयन विभाग में नयी सुविधाओं के लिए तकनीक का उपयोग कर लोगों को स्वयं रजिस्ट्री ऑफिस जाकर बायोमेट्रिक्स के द्वारा आधार सत्यापन कराना होगा। उन्होंने बताया कि नयी सुविधाओं में जमीन के रिकॉर्ड को आधार कार्ड से जोड़ने





का भी काम किया जा रहा है। सरकार सुगम एप का संचालन कर आमजनों को जमीनों की खरीदी-बिक्री की आसान सुविधा दे रही है। इसके साथ ही बिक्री वाली भूमि में लगे पेड़ों पर पंजीयन शुल्क को शून्य कर दिया गया है।

राजस्व मंत्री ने सभी राजस्व रिकॉर्डों को डिजीटलाईज करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती नियम को परिवर्तित करते हुए त्रुटि सुधार का अधिकार अब एसडीएम से छीनकर तहसीलदारों को दे दिया है। राज्य में जमीनों की जियो रिफ्रेसिंग का काम तेजी से किया जा रहा है। इसके पूरा हो जाने पर सीमा विवाद खत्म होंगे। वर्मा ने यह भी बताया कि राजस्व पखवाड़ों का आयोजन कर राज्य में राजस्व संबंधी प्रकरणों का तेजी से निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि अब राज्य या केन्द्र सरकार की किसी भी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के मामले पर कड़े नियम बनाए जा रहे हैं। परियोजना के प्रस्तावित होने के समय से ही उस क्षेत्र में जमीनों की खरीदी-बिक्री, सीमांकन-बटांकन सभी पर रोक लगा दी जाएगी। इस कार्यशाला में धमतरी विधायक ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, प्रकाश बैस, पूर्व विधायक इंदर चंद चोपड़ा, श्रीमती रंजना साहू सहित कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसपी सूरज सिंह परिहार अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार भी उपस्थित रहे।

# डॉ. जगदीश साहू सिंगापुर व फिजी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रामायण, रामलीला सम्मेलन में होंगे शामिल


**बलौदाबाजार**, 19 मई (देशबन्धु)। साहित्यिक सांस्कृतिक शोध संस्था मुम्बई, भारत एवं श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा फिजी के संयुक्त तत्वाधान में 26 मई से 6 जून 2025 तक फिजी में अंतर्राष्ट्रीय रामायण-रामलीला सम्मेलन आयोजन किया जा रहा है। जिसमें साहित्यिक, सांस्कृतिक शोध संस्था मुम्बई, भारत के महासचिव डॉ. प्रदीप कुमार सिंह जी के नेतृत्व में ''सुर गंगा'' साहित्यिक, सांस्कृतिक लोकमंच कड़ार (भाटापारा) के संस्थापक साहित्यकार, गीतकार एवं गायक डॉ. जगदीश हीरा साहू एवं अध्यक्ष केशव राम साहू सहित भारत के 17 रामानुरागी फिजी जायेंगे। जहाँ फिजी के विभिन्न शहरों में भारतीय रामनुरागियों द्वारा शिव विवाह से राम राज्याभिषेक तक विविध प्रसंगों में रामलीला का मंचन किया जावेगा।



विदित हो कि डॉ. जगदीश हीरा साहू विगत 25 वर्षों से रामकथा के प्रचार प्रसार में लीन हैं। रामकथा इनको विरासत में मिली है। इनके पिता घसिया राम साहू अपने समय के ख्यातिलब्ध रामायण के टीकाकार (कथावाचक) रहे हैं। उन्हीं के पद चिन्हों का अनुकरण करते हुए अपनी रामायण मंडली सुर गंगा मानस परिवार एवं साहित्यिक सांस्कृतिक लोकमंच कड़ार के द्वारा अनवरत छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न स्थानों पर अपनी प्रस्तुति देते आ रहे हैं। साहित्यिक क्षेत्र में भी 17 से अधिक किताबों का लेखन कर चुके हैं। इनकी विशिष्ट उपलब्धि हेतु 20 से अधिक वर्ल्ड रिकॉर्ड, तीन बार मानद डॉक्टरेट की उपाधि, अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय सम्मान, हिन्दू रत्न, शिक्षक रत्न, छत्तीसगढ़ रत्न, छत्तीसगढ़ी छन्द रतन, साहित्य श्री, काव्य शिरोमणि सहित 1000 से अधिक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। उक्त प्रतिभाओं व उपलब्धियों को पहचानते हुए हुए अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह जी ने डॉ. जगदीश हीरा साहू एवं केशव राम साहू का चयन फिजी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रामायण-रामलीला सम्मेलन हेतु किया है। डॉ. जगदीश हीरा साहू ने इसके लिए साहित्यिक सांस्कृतिक शोध संस्था मुम्बई, भारत के महासचिव डॉ.प्रदीप कुमार सिंह, फिजी रामलीला आयोजन समिति, श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र नन्द के प्रति आभार व्यक्त किया। इनकी इस उपलब्धि पर गुरुजनों, इष्टजनों, मित्रों तथा शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित की है।

# खेत में लगी प्याज की फसल बचाने गए दंपति पर गिरी आकाशीय बिजली, मौके पर हुई मौत

**कवर्धा,** 18 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में रविवार को तेज आंधी, गरज और झमाझम बारिश के बीच एक दर्दनाक हादसा हो गया. आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दोनों पति-पत्नी की मौत हो गई. मृतक की पहचान सिंगारपुर गांव निवासी हेमलाल पटेल (32 वर्ष) और उनकी पत्नी चैती पटेल के रूप में हुई है. घटना के बाद परिजनों में मातम पसर गया है.



जानकारी के अनुसार, लोहारा थाना क्षेत्र के सिंगारपुर गांव में हेमलाल और चैती प्याज की खेती करते थे. बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसल खेती खराब होने का डर था. इसीलिए दोनों कल प्याज को तिरपाल से ढकने के लिए खेत गए हुए थे. इसी बीच आसमन से बिजली मौत बनाकर गिरी.

बिजली गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे अन्य किसान तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों की जान जा चुकी थी. घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई. सूचना पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की. पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए गए.

# सेंट्रल जेल में बंद युवक की संदिग्ध मौत

## परिजनों ने लगाया जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

**बिलासपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। सेंट्रल जेल में बंद 22 वर्षीय युवक कन्हैया सोनी की मौत को लेकर हड़कंप मच गया है। मस्तूरी निवासी कन्हैया दो महीने पहले मारपीट के एक मामले में गिरफ्तार होकर जेल भेजा गया था। अब उसकी मौत के बाद परिजनों ने जेल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।




परिजनों का कहना है कि दो दिन पहले ही वे जेल में कन्हैया से मिलने गए थे और उस समय वह पूरी तरह स्वस्थ था। वहीं, जेल प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, कन्हैया को सोमवार देर रात सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक के खिलाफ क्व्हस की धारा 115(2)(क्व) के तहत मारपीट का मामला दर्ज था और वह बीते दो माह से जेल में बंद था। घटना के बाद कन्हैया का शव पोस्टमार्टम के लिए सिम्स अस्पताल भेजा गया है। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है, वहीं मृतक की मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

फिलहाल सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। वहीं, परिजनों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

# रिटायर्ड टीचर और पत्नी की मिली लाश, मचा हड़कंप

■ घर से आ रही थी तेज बदबू, पड़ोसियों की शिकायत पर पहुंची पुलिस

**रायगढ़,** 19 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ शहर से एक सनीसनीखेज मामला सामने आया है. चक्रधर नगर इलाके के कसेर पारा में सोमवार को एक घर से तेज गंद आने पर पड़ोसियों को शक हुआ, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घर का दरवाजा खोला तो उनके होश उड़ गए. दरअसल, घर के भीतर पति और पत्नी की लाश मिली. चक्रधार पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

मिली जानकारी के अनुसार, मोहल्ले के लोगों ने घर से तेज बदबू आने की शिकायत पुलिस से की थी. शिकायत मिलने पर चक्रधर



नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घर का दरवाजा खोलते ही अंदर दो शव पाए गए. मृतकों की पहचान रिटायर्ड शिक्षक और उनकी पत्नी के रूप में हुई है. फिलहाल दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

स्थानीय निवासी कौशलेंश मिश्रा ने बताया कि रिटायर्ड शिक्षक गोपाल लाल उनके पड़ोसी हैं. आज पड़ोस में रहने वाले लोगों को घर से बदबू आई, इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई. पुलिस ने गोपाल लाल नगायच का शव मिला है, अंदर वाले कमरे में उनकी पत्नी की लाश मिली है. दोनों के तीन बच्चे हैं, बेटा कलकत्ता में जॉब करता है, एक बेटी रायगढ़ और दूसरी बेटी रायपुर में रहती है. उन्हें सूचना दे दी गई है.

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है. घटनास्थल से किसी तरह की जबरन घुसपैठ या संघर्ष के कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं, लेकिन पुलिस हर एंगल से जांच में जुट गई है.

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन 29 मई से 12 जून 2025 तक राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। इस संबंध में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आज नई दिल्ली से राष्ट्रीय स्तर पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में छत्तीसगढ़ प्रदेश से राज्य के कृषि मंत्री राम विचार नेताम शामिल हुए।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के ''लैब टू लैंड'' मंत्र को साकार करने के दिशा में एक बढ़ा कदम है, जो एक देश, एक कृषि, एक टीम की अवधारणा को मजबूती देगा। यह अभियान भारतीय कृषि अनुशंधान संस्थान (ढ्ढष्टक्र), कृषि विज्ञान केन्द्र कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी, प्रगतिशील कृषक, एफपीओ आदि के सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य को संपादित करेंगा। इसका उद्देश्य आधुनिक, उन्नत, आदर्श और प्राकृतिक खेती को बढावा देना तथा किसानों को वैज्ञानिक जानकारी और सहकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। साथ ही किसानों द्वारा दिये गये सुझाव पर अमल करते हुए वैज्ञानिकों द्वारा इसे शोध में शामिल कर नवीन दिशा निर्धारित करना है। वैज्ञानिकों की टीम एग्रोक्लायमेटिक जोन, को ध्यान रखते हुए खरीफ मौसम की प्रमुख फसलों से संबधित आधुनिक तकनिकों के बारे में किसानों को जागरूक करेगी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार संतुलित उर्वरक उपयोग की सलाह देगी, ड्रोन तकनीक, धान की सीधी बुआई जैसी तकनीको का प्रदर्शन किया जावेगा।

छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री नेताम ने केन्द्र सरकार के अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त 33 जिलों में चलाया जाएगा। जिसमें कुल 99 दल द्वारा 2,772 स्थान पर कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर अभियान के सफलतापूर्वक संपादन के लिए जिला उप संचालक कृषि को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नेताम ने बताया कि राज्य स्तर पर संचालनालय कृषि में एवं जिला स्तर पर उप संचालक कृषि कार्यालय में इस अभियान के निगरानी एवं पर्यवेक्षण हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना की जा रही है। जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं कृषि विभाग से संबंध विभाग के समन्वय से कार्य करेंगे। जिलों के प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि सहित राज्य और जिला के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहेंगे।

**NECC**

| 20.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 540 | 75 | 140 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 165 |

डिलीवरी 555 सैकड़ा
दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

भिखारी- भैया एक रुपया दे दो
भैया- कल आना कल
भिखारी- इसी कल-कल के चक्कर में तो
इस कॉलोनी में मेरे हजारों रुपये फंसे हैं।

## संपादकीय

## अभिभावकों के झगड़ों में पिसते बच्चे

यह सचमुच बहुत दुर्भाग्यजनक है कि अभिभावकों के परस्पर मनमुटावों और झगड़ों का शिकार अक्सर बच्चे होते हैं। जिन परिवारों में बड़ों के बीच तनाव होता है उनका खामियाज़ा विभिन्न तरीकों से बच्चों को भुगतना होता है– फिर झगड़ा चाहे जिस भी कारण से हो। ऐसे बच्चों की उपेक्षा तो होती ही है, उन्हें मां–बाप ही नहीं, पूरे परिवार के लाड़–प्यार एवं देखभाल से वंचित होना पड़ता है। अक्सर झगड़े या विवाद में पड़े अभिभावकों का गुस्सा उन पर उतरता है। कभी वे उनसे गालियां सुनते हैं तो अक्सर उनके हाथों वे मार खाते हैं। विभिन्न तरह की प्रताड़नाएं भी उन्हें झेलनी पड़ती हैं। ऐसे परिवारों की आर्थिक स्थिति भी बिगड़ने लगती है जिससे बच्चों की सुविधाओं में कटौतियां होती हैं। कई बार तो यह भी देखा जाता है कि इसके कारण वे शिक्षा से तक वंचित कर दिये जाते हैं। जो आनंद एक सुखी परिवार के बच्चे उठाते हैं वह ऐसे बच्चों को नहीं मिलता जो कि उनका नैसर्गिक व संवैधानिक अधिकार होता है।

इस तरह के परिवारों के परिवेश का उन पर बहुत खराब असर होता है। ये बच्चे हमेशा डरे–सहमे से रहते हैं और उनका स्वाभाविक विकास नहीं हो पाता। कभी उन्हें पर्याप्त आहार नहीं मिलता तो कभी उनके स्वास्थ्य की उपेक्षा होती है। उन्हें कभी एक या कभी दोनों पक्षों (मां–बाप) की ओर से प्रताड़ना मिलती है। जब तक ऐसे अभिभावकों के बच्चे छोटे होते हैं तो उन्हें बात बहुत समझ में नहीं आती लेकिन जब वे बड़े हो जाते हैं तो उन्हें घर से नफ़रत हो जाती है। अक्सर वे खिन्न रहते हैं। यह भी देखा गया है कि वे घरों को छोड़ देते हैं। उनमें गुस्सा या कुंठा भर जाती है। बचपन हो या किशोरावस्था अथवा युवावस्था– वे हमेशा चिड़चिड़े और असहज रहते हैं।

सर्वाधिक घातक परिणाम जो झगड़ालू अभिभावकों के बच्चों को झेलना पड़ता है, वह है उनके साथ होने वाली शारीरिक हिंसा। इस मार–पीट से उन्हें चोटें पहुंचती हैं। कभी तो वे इतनी गम्भीर होती हैं कि बच्चे (किसी भी उम्र के हों) स्थायी रूप से विकलांग हो जाते हैं अथवा कई बार उन्हें मां या बाप के गुस्से का शिकार होकर अपनी जान तक गंवानी पड़ जाती है। जशपुर जिले के एक गांव ढोढ़ीबहार निवासी विमल मिंज को अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका थी। इसके चलते दोनों के बीच हरदम विवाद होता रहता था। गुरुवार को भी दोनों के बीच कहा–सुनी हुई। नाराज़ विमल धारदार हथियार लेकर पत्नी को मारने पर आमादा हो गया। वह भागने लगी। क्रोधित विमल ने वहीं खेल रही ढाई वर्ष की अपनी बेटी की गला रेत कर हत्या कर दी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना बताती है कि किस प्रकार से बच्चे ऐसे विवादों का फल भुगतते हैं।

# करन्दोला समाधान शिविर में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री और वनमंत्री

## समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों का विभागीय अधिकारी उत्साह के साथ कर रहे निराकरण : विजय शर्मा





**जगदलपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। दो दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान रविवार की शाम को उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा साथ में वनमंत्री केदार कश्यप करन्दोला में सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। समाधान शिविर को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का विभागीय अधिकारी उत्साह के साथ कर निराकरण कर समाधान शिविर में जानकारी दे रहे है, यह आम नागरिकों को तत्काल सुविधा देने की पहल है। इस दौरान उन्होंने करन्दोला में महतारी सदन के लिए 29 लाख की घोषणा भी की। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सरकार ने सभी नागरिकों के हितों को ध्यान रखकर जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। सरकार गांव, ग्रामीणों की समस्या को समझती है, गांवों की आवश्यकता को पूरा ध्यान रखती है, इसलिए सुशासन तिहार का कार्यक्रम संचालित की है। आपके द्वारा दी गई आवेदनों पर विभागों के द्वारा तत्काल कार्यवाही की जा रही है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने भी संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार, समाधान शिविर में आवेदन पर विभागीय अधिकारी तत्काल निराकरण कर रहे है इसका जरूर लाभ लें। कार्यक्रम में मेघावी छात्रों को सम्मानित किया गया साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, आवास की स्वीकृति आदेश पत्र, दिव्यांगजनों को ट्राई सायकल, किसानों को बीज वितरण भी किए। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री और वन मंत्री ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति का जायजा लिया। कार्यक्रम में जगदलपुर नगर निगम महापौर संजय पाण्डेय, जनपद पंचायत बस्तर के अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला और जनपद पंचायत के सदस्य, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिंहा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित ब्लॉक के अधिकारी उपस्थित रहे। विदित हो कि रविवार को जिले के दो विकासखंड में समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। विकासखण्ड बस्तर के करन्दोला (लेम्प्स के पास) में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्रामों में विश्रामपुरी, भानपुरी, मुरकुची, कुम्हली, मुंडागुड़ा, नंन्दपुरा, अमलीगुड़ा, बनियागांव, करन्दोला, बोड़नपाल, बेसोली, बाकेल, कुगांरपाल, गुमगा शामिल थे। इस शिविर में 4915 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 4909 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 06 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। इसके अलावा विकासखण्ड–

- सरकार आम जनता की समस्याओं का समाधान के लिए, शिविर किया है आयोजन : केदार कश्यप
- प्रभारी मंत्री ने किया करन्दोला में महतारी सदन के लिए 29 लाख की घोषणा

# धारदार हथियार लहरा कर गुंडागर्दी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। गुरु गोविन्द सिंह चौक में सोमवार को धारदार हथियार लहराकर डरा धमका कर गुंडा गर्दी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफतार किया है।

विदित हो कि थाना बोधघाट में मुखबिर सूचना मिला कि एक 20– 25 साल का लड़का जो लाल कलर का टी शर्ट एवं जींस पहना हैं। वह गुरु गोविन्द सिंह चौक आम रास्ता में अपने पास एक लोहे का धारदार हथियार रखकर आने जाने वाले राहगिरों को डरा धमका रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम तैयार किया गया। उक्त टीम के द्वारा मौके में घेराबंदी कर आरोपी राहूल मंडावी पिता अंशु मंडावी उम्र 25 वर्ष निवासी सारवा इलेक्ट्रॉनिक के पीछे सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड. जगदलपुर के कब्जे से एक धारदार लोहे का हथियार बंडा को जप्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

# परपा पुलिस आवासीय परिसर में सड़क निर्माण का कार्य पूर्णता की ओर



**बहु प्रतीक्षित मांग पूरी होने पर रहवासियों ने विधायक के प्रति जताया आभार**

**जगदलपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत परपा पुलिस आवासीय परिसर में सड़क निर्माण का कार्य पूर्णता की ओर है। इस बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण की मांग परपा पुलिस आवासीय परिसर निवासरत जनमानस ने विधायक किरण देव से किया था। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री देव ने विगत दिनों सड़क निमार्ण कार्य का शुभारंभ किया था। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री देव ने कहा था तय समय पर निमार्ण कार्य पूरा होना चाहिए। शुभारंभ के पश्चात निर्माण कार्य युद्धस्तर पर किया गया और बेहतर कार्य करते हुए सड़क निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। विदित हो कि परपा पुलिस आवासीय परिसर में 70 लाख की लागत से 1.20 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। परपा पुलिस आवासीय परिसर में सड़क निर्माण से वहां के निवासरत 400 >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# शहर में निकली श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा



**श्रद्धालुओं ने आत्मीयता से किए रथ का स्वागत और पूजा अर्चना**

**जगदलपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। श्री सत्य साई अवतार की शताब्दी समारोहों का स्मरणोत्सव, श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी नाम से एक पवित्र रथ यात्रा के माध्यम से दैवीय प्रेम के अनंत सन्देश से सम्पूर्ण देश में विस्तारित की जा रही हैं। आराधना महोत्सव 2025 अर्थात अप्रैल–24–2025 से रथ यात्रा प्रारंभ है और नवम्बर 2026 को प्रशांति निलयम में उच्चतम स्थान पर पहुंचेगी। रथ में स्वामी की फोटो और अभिमंत्रित पादुका रखा गया है, त्यामी के प्रमुख संदेशों जिसका केन्द्र प्रेम और एकता से सुज्जित है। रुकने के स्थान पर एक स्टैंडर्ड वीडियो फिल्म प्रदर्शित किया गया और प्रामाणिक साहित्य वितरित किया गया। स्वामी की पाकिट साइज फोटो और विभूति का वितरण किया गया। पुष्प के अतिरिक्त अन्य कोई चढ़ावा नहीं है एवं भक्तों द्वारा आरती किया गया। पूरे अनुशासन और पवित्रता के ताथ रथ का संचालन होगा जिसका उत्तरदायित्व श्री सत्य साई सेवादल का रहा। यह पवित्र यात्रा दैवीय प्रेम का सूचक है, जो न केवल एक सन्देश है, वरन श्री सत्य साई का यर्थाथत: निष्कर्ष है, यह यात्रा भगवान के समयातीत अतिगम्भीर संदेश का स्मरण करायेगा, प्रेम ही स्त्रोत है, प्रेम ही मार्ग है. और प्रेम ही लक्ष्य है। सत्य साई बाबा कहते हैं. मैं तुम्हारे हृदयों में प्रेम का दीपक जलाने >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# लोहण्डीगुड़ा–दरभा विकासखंड सहित जगदलपुर नगरीय क्षेत्र में समाधान शिविर का आयोजन




**जगदलपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के तहत सोमवार को बस्तर जिले में लोहण्डीगुड़ा–दरभा विकासखंड सहित जगदलपुर नगरीय क्षेत्र में शहीद भगत सिंह स्कूल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा के तहत ग्राम पंचायत छिंदबहार में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम –दाबपाल, कोठियागुडा, छोटे परोदा, बड़े परोदा, चालकीगुडा, गढ़िया, बाधनपाल, तुर्रेमारका, छिन्दबहार, करकापाल, एरण्डवाल, नेगानार, इरिकपाल, मांदर, तारागांव शामिल है। इस शिविर में 5162 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 5157 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 5 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था।

विकासखण्ड–दरभा के डिलमिली में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम चितापुर, छोटे चितापुर, डिलमिली, छेपरागुड़ा डिलमिली, कांदाकाटा, अलवा, ढोढरेपाल, छोटे गुडरा, बडेकडमा, छोटेकडमा को शामिल किया गया है। इस शिविर में 2387 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 2369 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 18 लंबित हैं। जगदलपुर शहर के भगत सिंह स्कूल में आयोजित समाधान शिविर में वीर सावरकर वार्ड, भगत सिंह वार्ड, सिविल लाइन वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, चंद्रशेखर आजाद वार्ड और डॉ एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड को शामिल किया गया था। इस समाधान शिविर में सुशासन तिहार में प्राप्त 452 आवेदनों में 451 का निराकरण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महापौर संजय पांडेय, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा, नगर निगम के पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

विकासखण्ड–दरभा के डिलमिली में आयोजित समाधान शिविर में विधायक विनायक गोयल भी उपस्थित रहे। साथ ही दरभा जनपद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य अन्य जनप्रतिनिधिगण, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सीईओ जनपद, तहसीलदार एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के ग्राम पंचायत छिंदबहार में आयोजित शिविर में जनपद पंचायत >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बीमा कंपनी अदा करेगी 22 लाख की क्षतिपूर्ति




**जगदलपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा सोमवार को एक प्रकरण में मेग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर द्वारा आवेदिका को 22 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति एवं मानसिक पीड़ा हेतु 10 हज़ार रु दिए जाने का आदेश पारित किया गया है। प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार हैं कि जगदलपुर निवासी भावना यादव द्वारा अपने जीव कोपार्जन हेतु श्रीराम ट्रांसपोर्ट एंड फाइनेंस कंपनी से वित्तीय सहायता प्राप्त कर एक सेकंड हैंड ट्रक क्रय किया गया था, जिसका बीमा मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर के द्वारा किया गया था। आवेदिका का ट्रक एक सड़क दुर्घटना में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसकी सूचना आवेदिका द्वारा थाना बोधघाट में एवं बीमा कंपनी को प्रदान की गई थी। जिस पर बीमा कंपनी द्वारा क्षतिग्रस्त वाहन का स्पॉट सर्वे एवं फाइनल सर्वे करवाया गया था। बीमा कंपनी ने आवेदिका द्वारा दस्तावेज उपलब्ध ना करवाए जाने के कारण क्षतिदावा निराकृत नहीं नहीं किए जाने का आक्षेप लिया था। जिसे क्षुब्ध होकर आवेदिका द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने यह माना है कि आवेदिका द्वारा समस्त आवश्यक दस्तावेज बीमा कंपनी को उपलब्ध करवाये जा चुके थे और बीमा कंपनी के द्वारा ऐसे दस्तावेजों की मांग की जा रही थी जो दावे के निराकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं थे। इस संबंध में भारतीय विनियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा जारी परिपत्र में स्पष्ट किया गया है कि बीमा कंपनियां किसी भी दावे को दस्तावेज के अभाव में खारिज नहीं कर सकती हैं और बीमा कंपनियों को निर्देशित किया गया है कि वह ग्राहकों को पॉलिसी जारी करते समय सभी आवश्यक दस्तावेज एकत्रित कर ले। लंबे समय तक का आवेदिका को क्षतिपूर्ति दावे का भुगतान नहीं किए जाने के कारण आवेदिका को हुई मानसिक क्षति हेतु पृथक से 10 हज़ार रु दिए जाने का भी आदेश पारित किया गया है।

जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा उक्त आशय का आदेश जारी किया गया है।

# सड़क सुरक्षा अंतर्गत यातायात जागरुकता



**नशा मुक्ति ,साइबर फ्राड के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक**

**जगदलपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। विश्विद्यालय प्रशासन अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति से संबंधित कार्यक्रम में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ कुमार सिन्हा, राज्य एन एस एस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी, कुलसचिव डॉ. राजेश लालवानी, कार्यक्रम समन्वयक रा. से. यो. डॉ. संजीवन कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाल, उप पुलीस अधिक गीतिका साहू, उप पुलिस अधीक्षक संतोष जैन, यातायात प्रभारी मधुसदन नाग एवं बस्तर विश्व विद्यालय अंतगर्त कॉलेज के एन एस एस अधिकारी सोमवार को विश्विद्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति को लेकर इनके रोकथाम एवं बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दिए। इसी कड़ी में बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा द्वारा भी सड़क सुरक्षा अंतर्गत दुर्घटना के रोकथाम एवं बचाव तथा नशा मुक्ति को लेकर विश्वविद्यालय परिसर के सभा हाल में कॉलेज के एनएसएस छात्र, छात्राओं एवं अध्यापकों को महत्वपूर्ण जानकारी एवं टिप्स दिए, पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने व्याख्यान में कुछ उदाहरणों के माध्यम से भी उपस्थित लोगों को घटना एवं उसके दुष्परिणाम व रोकथाम के बारे में भी कई महत्वपूर्ण तथ्यों को रखते हुए जानकारी दिया गया। साथ ही नगर पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाल, उप पुलिस अधीक्षक साइबर गीतिका साहू, उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष जैन, यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग, एवं स्वास्थ्य विभाग से नशा मुक्ति एवं तम्बाकू नियंत्रण जिला सलाहकार उमेश साहू द्वारा भी कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र छात्राओं एवं प्राध्यापकगण जो बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी को यातायात से संबंधित नियम , सड़क दुर्घटना के कारण, रोकथाम , उपाय एवं सायबर फ्राड तथा नशा मुक्ति आदि के संबंध में जानकारी दी गई ,साथ ही क्षेत्र में पूर्व में घटित सड़क दुर्घटना के वीडियो फोटो के माध्यम से दिखा कर घटना के कारणों के बारे में बताया एवं समझाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राएं, तथा प्राध्यापकगण द्वार ध्यान पूर्वक सड़क सुरक्षा , सायबर फ्राड, नशा मुक्ति एवं यातयात से संबंधी बातें को सुना गया ,जिस पर उपस्थित छात्र छात्राएं, एवं प्राध्यापकगण द्वारा भविष्य में ट्रैफिक नियमों के प्रति हमेशा सजग रहने के साथ साथ यातायात नियमों के पालन करने की बात इन सभी के द्वारा कही गई। साथ ही नशा मुक्ति के बारे में लोगों को उसके दुष्परिणाम के बारे में अधिक अधिक लोगों को जागरूक करने की बात उक्त कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राएं एवं प्राध्यापक गण द्वारा कही गई। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के अंतर्गत कॉलेज के एनएसएस छात्र छात्राओं , प्राध्यापकगण के अलावा यातायात एवं विश्वविद्यालय के अन्य प्रशानिक स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# समाधान शिविर में पहुंचे महापौर संजय पाण्डेय



**जगदलपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत आज भगत सिंह स्कूल, लालबाग मैदान के पास नगर निगम जगदलपुर के द्वारा समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में कुल 6 वार्ड शामिल किए गए थे। इनमें वीर सावरकर वार्ड, भगत सिंह वार्ड, सिविल लाइन वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड, चंद्रशेखर आजाद वार्ड शामिल हैं। 6 वार्डो से कुल 452 आवेदन प्रस्तुत हुए थ, जिनमें से 451 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। एक प्रकरण लंबित है, जिसका निराकरण शीघ्र कर लिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर संजय पाण्डे थे। इस दौरान नगर निगम के सभापति खेम सिंह देवांगन के साथ एमआईसी सदस्यगण, पार्षद व वार्डवासी मौजूद रहे।

# तिरुपति बालाजी मंदिर में बस्तर सांसद ने की पूजा–अर्चना



**जगदलपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। सोमवार को प्रात: आंध्र प्रदेश के तिरुमला पर्वत पर स्थित उत्कृष्ट शिल्प कौशल के अद्भुत उदाहरण एवं भक्ति, विश्वास और श्रद्धा के प्रतीक भगवान श्री तिरुपति बालाजी मंदिर में बस्तर सांसद महेश कश्यप ने सपरिवार पूजा–अर्चना व दिव्य दर्शन कर सकारात्मक ऊर्जा एवं आशीर्वाद भगवान से प्राप्त किया और गर्भगृह में विराजमान भगवान वेंकटेश्वर से समस्त प्रदेशवासियों – बस्तरवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण के लिए मंगल प्रार्थना बस्तर सांसद ने की है।

# मंत्री ओपी चौधरी ने थामा बल्ला, लगाए चौके-छक्के



- कलेक्टर रहते खेल को दिया बढ़ावा, अभी भी वैसा ही लगाव
- जिपं अध्यक्ष नंदलाल के गांव पालनार में शानदार नजारा

**दंतेवाड़ा,** 19 मई (देशबन्धु)। जिले की ग्राम पंचायत पालनार में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की स्मृति में आजाद युवा स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में इस बार उत्साह का अलग ही नज़ारा देखने को मिला। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी स्वयं आयोजन स्थल पहुंचे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए मैदान में उतरकर क्रिकेट खेला।

खिलाड़ियों के बीच अचानक पहुंचे मंत्री को देखकर युवाओं में जोश और उत्साह दोगुना हो गया। सभी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री चौधरी ने खिलाड़ियों के साथ कुछ देर बल्लेबाज़ी कर प्रतियोगिता का आनंद उठाया। गौरतलब है कि श्री चौधरी दंतेवाड़ा में पहले कलेक्टर के रूप में पदस्थ रहे हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ दूरस्थ व अंदरुनी गांवों के युवाओं को खेलों से जोड़ने का विशेष प्रयास किया। उनकी पहल पर कई गांवों में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होती थीं, जिससे युवा मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बने रहें। आज उन्हीं के कार्यकाल के कई युवा खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में शामिल हुए, जिनसे मुलाकात कर श्री चौधरी भावुक हो उठे। उन्होंने खिलाड़ियों को गले लगाकर उनकी पीठ थपथपाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

यह भी उल्लेखनीय है कि पालनार, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी का गृह ग्राम है। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार खेल गतिविधियां होती रही हैं। क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो जैसे पारंपरिक और लोकप्रिय खेलों को प्रोत्साहन देने का काम वे लगातार करते आ रहे हैं। उनके प्रयासों से न केवल युवाओं को मंच मिला है, बल्कि पूरे जिले में खेलों के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। मंत्री श्री चौधरी ने टूर्नामेंट को सफल बनाने हेतु आर्थिक सहयोग देने के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में भी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के जीवन में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना विकसित करते हैं।

इस टूर्नामेंट में जिले भर की कुल 24 टीमों ने भाग लिया है, जिससे प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा का स्तर काफी ऊंचा रहा। विजेता टीम को 51 हजार उपविजेता को 31 हजार और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 15 हजार की नगद राशि के साथ-साथ आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ट्रॉफी, मेडल और व्यक्तिगत सम्मान भी रखे गए हैं, जिससे खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, सरपंच राहुल वेट्टी, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित भदोरिया, जनपद सदस्य रामू नेताम,उपसरपंच विघ्नेश सिंहा, उदयचंद्र सिंहा, कुलदीप ठाकुर, साजन सिंह, बामन कश्यप, पवन मुड़ामी, गोविंद सिंहा, संजू यादव, रामकुमार मुड़ामी, जगदीश नेताम और पंकज नेताम, राहुल मुड़ामी, राजू सिन्हा, चंदू सिंहा, लखमू सिन्हा, गोपाल ,लाला, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा मौजूद रहे।

# बरसात से पहले अनिवार्य रूप से हों नालियों की सफाई

**दंतेवाड़ा**, 19 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने दंतेवाड़ा, बारसूर, बचेली, किरंदुल, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, अभियंताओं की बैठक ली।

बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर श्री दुदावत ने शहरी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था के तहत वाटर सप्लाई, टेकों की उपलब्धता, ड्राय जोन वार्ड, गर्मी के चलते अतिरिक्त पेयजल पंप, पाईप की पूर्व व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि किसी भी नगरीय निकाय में पेयजल जैसी बुनियादी व्यवस्था पर सर्वाधिक ध्यान दिया जाए ताकि नागरिकों को पानी की किल्लत सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में डोर-टू-डोर कचरा एकत्रण, सड़कों और नालियों की सफाई के संबंध में नियुक्त कर्मचारियों की संख्या, एकत्रित कचरे के लिए शहर से दूर अपशिष्ट स्थल प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता सभी नगर पालिका अधिकारियों की जवाबदेही है। इसके लिए सभी अधिकारी नियमित रूप से गलियों और नालियों की साफ सफाई से संबंधित फोटोग्राफी जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं इसके साथ उन्होंने कहा कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों को डस्टबिन रखने के लिए प्रोत्साहित करें इसके लिए नगरीय निकाय चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों की बैठक लेकर इस निर्णय से अवगत कराए कि मैन रोड जैसे स्थानों में सभी दुकान और प्रतिष्ठान कचरे का प्रबंधन करें। इसके पश्चात भी कचरा प्रबंधन न किए जाने पर जुर्माने का प्रावधान नगर पालिका द्वारा किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता सर्वे रेटिंग में 5 स्टार रेटिंग लाने में कार्ययोजना तैयार करें।



- पांचों निकाय के सीएमओ को कलेक्टर के सख्त निर्देश
- शहर को सुंदर बनाने जन भागीदारी पर जोर

बैठक में कलेक्टर ने नगर पालिका क्षेत्र में आने वाले वाटिकाओं और खेल मैदानों की उचित साफ सफाई एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। आगामी वर्षा ऋतु के दौरान वृक्षारोपण के लिए उन्होंने आवश्यक अनुरूप जगह चिन्हांकित करने का निर्देश देते हुए कहा कि पूरे मानसून सीजन में चिन्हित पार्को खेल मैदानों स्कूल और आंगनबाड़ियों के अहातों, गलियो, तालाबों के किनारे युद्ध स्तर पर वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही मैन रोड में भी दुकानों के मध्य उपयुक्त स्थलों पर भी वृक्षारोपण किया जाए। इसके साथ ही बैठक में मॉडल शौचालय को निर्धारित मानदंडों के अनुसार निर्मित करने, टैक्स कलेक्शन को बढ़ाने, नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत स्वनिधि, एवं बैंक लिंकेज संबंधी कार्य, सहित नगरीय निकाय क्षेत्रों के तहत अधोसंरचनात्मक मद अन्तर्गत राज्य एवं केन्द्र प्रवर्तित योजना, 15वें वित्त आयोग एवं डीएमएफ मद अन्तर्गत निर्माणाधीन कार्य, प्रधान मंत्री शहरी आवास योजना, जैसे विभिन्न निर्माण कार्य के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित दंतेवाड़ा, गीदम, बड़े बचेली, बारसूर , किरंदुल के नगरीय निकाय के अधिकारी उपस्थित थे।

## अग्निवीर भर्ती के लिए निः शुल्क कक्षाएं संचालित

**दंतेवाड़ा,** 19 मई (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार अग्निवीर भर्ती (थल सेना) 2025 में पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए लक्ष्य प्रतिस्पर्धा कोचिंग संस्थान दंतेवाड़ा में निशुल्क कक्षाएं संचालित की जा रही है। अग्निवीर (थल सेना) भर्ती 2025 हेतु पंजीकृत अभ्यर्थी प्रत्येक कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक उपस्थित होकर पंजीयन कराने के पश्चात कक्षाओं का लाभ ले सकते हैं।

## लाइवलीहुड कॉलेज आड़ावाल में रोजगार मेला 22 को

**जगदलपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज आड़ावाल में 22 मई 2025 दिन गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निजी क्षेत्र के हैदराबाद स्थित नियोजक द्वारा ट्रेनीज, मशीन ऑपरेटर, हेल्पर, फिटर्स के पदों पर 2050 हेल्थ केयर रायपुर द्वारा बेड केयर गिवर (पुरुष-महिला), मदर और बेबी केयर (महिला), नर्सिंग (महिला) के पदों पर तथा श्री हरि ट्रैक्टर द्वारा फील्ड सेल्स एग्जीक्यूटिव के पदों पर भर्ती की जावेगी अतः सभी इच्छुक उमीदवार सभी शैक्षणिक और अनुभव सम्बन्धी दस्तावेजों के साथ सुबह 10.30 बजे लाइवलीहुड कॉलेज आड़ावाल में उपस्थित हो सकते हैं।

## छात्रवृत्ति के लिए बैंक खाते को आधार से लिंक करवाना अनिवार्य

**जगदलपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार कक्षा तीसरी से 10 वीं तक के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदानप्राप्त संस्थाओं के प्राथमिक से हाईस्कूल तक की शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को राज्य छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु आधार आधारित भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया गया है, जिसके अंतर्गत राज्य छात्रवृत्ति हेतु पात्र सभी लाभार्थियों को अपने बैंक खातों को आधार से लिंक करवाना अनिवार्य होगा। विस्तृत जानकारी के लिए छात्र-छात्राएं स्कॉलरशिप पोर्टल https://schoolscholarship.cg.nic.in/ पर लॉगिन कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी जगदलपुर बीआर बघेल ने बताया कि उक्त दिशा में समुचित कार्यवाही करने के लिए सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों और प्रधान अध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं।

# दिव्यांगजनों की लोकतंत्र में भागीदारी बढ़ाने की पहल

**दंतेवाड़ा,** 19 मई (देशबन्धु)। दिव्यांग मतदाताओं की सुलभ, समावेशी एवं सम्मानजनक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज जिला कार्यालय के भू-स्थित सभाकक्ष में जिला एवं विधानसभा स्तरीय समितियों के गठन संबंधी बैठक आयोजित की गई।





यह बैठक कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में दिव्यांगजनों की मतदान प्रक्रिया में भागीदारी को अधिक सुलभ एवं समावेशी बनाने हेतु अनेक अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इनमें प्रमुख रूप से मतदान केन्द्रवार दिव्यांग मतदाताओं की पहचान कर उनका विस्तृत डाटा संधारण, जो दिव्यांगजन अभी तक मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं हैं, उनका नाम जोड़ने की प्रक्रिया, तथा मतदान में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाने जैसे बिंदु शामिल रहे।

- सुलभ एवं समावेशी चुनाव की दिशा में नया कदम
- गठित होंगी जिला एवं विधानसभा स्तरीय समितियां

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आयोग मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिव्यांग मतदाताओं के लिए समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण सामग्री तैयार की जाएगी और निर्वाचन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, जैसे कि बीएलओ प्रशिक्षण, में इसका समावेश किया जाएगा।

विधानसभा स्तर पर विशेष शिविरों के माध्यम से दिव्यांग मतदाताओं के पंजीकरण को बढ़ावा देने, इस क्षेत्र में सक्रिय सिविल सोसायटी संस्थाओं का क्षमता निर्माण करने, एवं दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सुझाव आमंत्रित करने पर भी बल दिया गया। साथ ही, जिला स्तर पर पीडब्लूडी डिस्ट्रिक्ट आइकन चयन के लिए सुझाव प्रस्तुत करने और दिव्यांग मतदाताओं की अद्यतन सूची डीईओ कार्यालय को उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, जिला शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड हेल्प लाईन के संविदा पद की पूर्ति हेतु 24 को होगी कौशल परीक्षा

**कोण्डागांव,** 19 मई (देशबन्धु)। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड हेल्प लाईन के संविदा पद की पदपूर्ति हेतु 24 मई 2025 को कौशल परीक्षा आयोजित किए जाने के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया है कि मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई जिला कोण्डागांव मे रिक्त संविदा पद- परामर्शदाता, डाटा एनालिस्ट एवं आउटरीच वर्कर एवं चाईल्ड हेल्पलाईन युनिट हेतु संविदा पद परीयोजना समन्वयक, परामर्शदाता, सुपरवाईजर एवं केस वर्कर की पदपूर्ति हेतु भर्ती निर्देशानुसार पात्र आवेदकों के वरीयता सूची के 1:5 के अनुपात में 24 मई 2025 को स्थान आई.टी.आई.कॉलेज जोंधरापदर नारायणपुर रोड कोण्डागांव में समय प्रातः 10 बजे से व्यक्तिगत साक्षात्कार व कौशल परीक्षा पद अनुसार जो आवश्यक हो अथवा समिति के निर्णय अनुसार आयोजित की गयी है। चाईल्ड हेल्पलाईन युनिट हेतु संशोधित अनंतिम वरियता/प्रावीण्य सूची का प्रकाशन कोण्डागांव जिले की बेबसाईट पर भी अवलोकन किया जा सकता है।

### नागरिक सुरक्षा हेतु स्वयंसेवकों की भर्ती

**जगदलपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। देश भक्ति का सुअवसर जगदलपुर शहर को सिविल डिफेंस जिले में शामिल किया गया है। युद्ध के दौरान, पूर्व बाद एवं आपदा बचाव कार्य हेतु नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की नामांकन (भर्ती) प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी नगर सेना कार्यालय हाटकचोरा से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है या फिर MY Bharat dh fyad https://mybharat.gov के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। नागरिक सुरक्षा सेवा पूर्ण रूप से निशुल्क सेवा है, किसी प्रकार का कोई शुल्क दिया, लिया नहीं जावेगा। इच्छुक अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र भरने के पश्चात् एक दिवस (लगभग 04 घण्टे) का प्रशिक्षण दिया जाकर प्रमाण पत्र दिया जावेगा। सिविल डिफेंस स्वयंसेवी नामांकन करने हेतु अभ्यर्थियों के लिए निम्न अर्हताए होना अनिवार्य है। जिले का मूल निवासी, दो रंगीन फोटो, 18 वर्ष से कम 50 वर्ष से अधिक न हो, शिक्षा 10वीं उत्तीर्ण और शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ्य हो।

# तेंदूपत्ता संग्राहकों के बच्चों को मिली 7 लाख 34 हजार की छात्रवृत्ति

**सुकमा,** 19 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के बच्चों को छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। यह राशि लाभार्थियों अथवा उनके माता-पिता के बैंक खातों में सीधे अंतरित की गई। वन मंडलाधिकारी सुकमा अक्षय भोंसले ने जानकारी देते हुए बताया कि मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत 46 छात्रों को कुल 1,24,500 की राशि वितरित की गई है। वहीं प्रतिभाशाली छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कुल 34 छात्रों को 5,70,000 की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। इसके अलावा व्यवसायिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 6 विद्यार्थियों को कुल 40,000 की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गई है। वनमंडलाधिकारी श्री भोंसले ने यह भी बताया कि एक अभिनव पहल के रूप में वन विभाग के कर्मचारियों को यह निर्देशित किया गया है कि वे प्रत्येक तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार को इस आर्थिक सहायता की जानकारी दें और यह सुनिश्चित करें कि लाभार्थियों को राशि की जानकारी समय पर मिले। इसके साथ ही उन्होंने जंगल में रहने वाले समुदायों से आह्वान किया है कि वे आगे आएं और तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में भाग लें, जिससे वे भी शासन की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित हो सकें। यह योजनाएँ न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि वनवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करती हैं। जिले के प्रभारी मंत्री और वन मंत्री केदार कश्यप एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्रीनिवास राव के निर्देशानुसार वन विभाग का यह प्रयास समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



**शासन द्वारा छात्रवृत्ति की राशि सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर**

# नाबालिग दोस्त ही निकला हत्यारा

**चारामा,** 19 मई (देशबन्धु)। विकासखंड के लखनपुरी से सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां घर से 2 दिन पहले लापता 08 वर्ष के नाबालिग का गढ़िया पारा पहाड़ में लाश मिली , जिसके बाद से इलाके में हड़कंप मच गया, मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाबालिग दोस्त ही उसका हत्यारा निकला, जिसे हिरासत में लेकर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।



जानकारी के मुताबिक पूरा मामला चारामा थाना क्षेत्र के लखनपुरी गढ़ियापारा की बताई जा रही है, जहां के रहने वाले हरेश पिता अशोक विश्वकर्मा 08 वर्ष जो कक्षा 03 री का छात्रा था, बीते शनिवार करीब साढ़े 4 बजे से लापता था, जब हरेश घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसे ढूंढना शुरु कर दिया,लेकिन फिर भी उसका कहीं पता नहीं चला, ऐसे में परेशान परिजनों ने मामले की सूचना चारामा थाने में दी और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई ।जिसके बाद पुलिस ने लड़के की तालाश शुरु की, बताया जा रहा हरेश को आँखरी बार गांव के एक लड़के के साथ देखा गया था, जिसके आधार पर पुलिस ने सोमवार को नाबालिक से सुबह पूछताछ की, पुलिस के दर से नाबालिक आरोपी लड़के ने बताया कि उसने हरेश की हत्या कर लाश को गढ़िया पारा पहाड़ में फेक दिया है। जिसके बाद नाबालिक आरोपी के बताए अनुसार पुलिस की टीम सरपंच और ग्रामीणों सहित गढ़िया पारा पहाड़ पहुंची,जहां से हरेश का शव बरामद किया गया, बताया जा रहा है कि दो दिन पुराना होने के चलते शव के पास काफी तेज़ बदबू आ रही थी। इस पूरे मामले में पुलिस ने नाबालिक आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है, और हत्या जैसे खौफनाक वारदात की जांच शुरु कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, इस वारदात के बाद हर कोई सकते में है, गांव में शोक है, परिजनों का रो, रोकर बुरा हाल है ।वही पुलिस नाबालिक से हत्या की वजह और कारण जानने में लगी हुई है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### परपा पुलिस आवासीय...

पुलिस परिवार के लोगों को अब आवागमन की सुविधा होगी। परपा पुलिस आवासीय परिसर के लोगों ने बताया हमारे क्षेत्रीय विधायक किरण देव ने जो कहा वो किया। आवासीय परिसर में बहुत अच्छा सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ कराया जा रहा है, जिसके लिए हम पूरे पुलिस आवासीय परिसर के निवासरत लोग क्षेत्रीय विधायक श्री देव का सहृदय धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हैं।

### शहर में निकली...

आया हूं, देखो दिन प्रति दिन परिवर्धित क्रांति के साथ चमकती रहे। मैं किसी विशेव धर्म (मत) की ओर से कहने के लिए नहीं आया हूं। मैं प्रचार के किसी मिशन किसी पंथ या धर्म उद्देश्य के लिए नहीं आया हूं न ही मैं अनुयायिओं को किसी मत हेतु एकत्रित करने के लिए आया हूं। शिष्यों या भक्तोंको अपने मत या किसी धर्म के लिए एकत्रित करने की मेरी कोई योजना नहीं है। स्वामी की कीर्ति प्रसिद्धि और पवित्रता, प्रचार से प्राप्त नहीं की गई हैं। वे स्वामी द्वारा किये गये कार्यों का परिणाम है, मेरा प्रचार से कोई संबंध नहीं हैं, केवल कर्म से गणना होती है।

### जिले में लोहण्डीगुड़ा-दरभा...

लोहंडीगुड़ा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व जनपद पंचायत सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधिगण, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सीईओ जनपद, तहसीलदार एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्राप्त आवेदनों के निराकरण की और विभाग के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और सामग्रियों का वितरण किया गया।

# श्री धर्मनाथ जिनालाय जगदलपुर की 50वीं वर्षगांठ निमित्त गुरु भगवंतों का नगर प्रवेश

**जगदलपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। शहर के जैन मंदिर श्री धर्मनाथ जिनालय की 50 वीं वर्षगांठ मनाने व महोत्सव को अपनी निश्रा प्रदान करने उपाध्याय प्रवर महेन्द्र सागर म.सा., मनीष सागर म.सा. के सुशीष्य विवेक सागर म.सा. आदि ठाणा 4 का आज नगर प्रवेश हुआ। पूज्य गुरु भगवंत प्रातः 8.30 बजे सिमन्धर स्वामी मंदिर से रवाना होकर श्री धर्मनाथ जिनालाय पहुंचे। आपके साथ बड़ी संख्या में श्री श्वेताम्बर जैन समाज के अनुयायी भी थे।



रास्ते में जगह जगह आपका वंदन अभिनन्दन किया गया ।श्री धर्मनाथ जिनालय पहुंचकर प्रभु दर्शन के पश्चात् स्वागत समारोह ज्ञान वल्लभ आराधना हॉल में आयोजित किया गया। महिला मंडल के द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत के पश्चात् श्री श्वेताम्बर जैन समाज के अध्यक्ष भंवर बोथरा ने स्वागत भाषण में गुरु भगवंतों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की कि संघ की विनती स्वीकार कर आयोजन को निश्रा प्रदान करने आप उग्र विहार कर जगदलपुर पधारे। आगे कहा कि इस अभूतपूर्व अवसर को हमें मिलकर धूमधाम से मनाना है।

परम पूज्य विवेक सागर म.सा. ने अपने उद्बोधन में कहा कि 50 वर्ष पूर्व मंदिर की प्रतिष्ठा के बाद धर्मनाथ दादा की कृपा से समाज ने बहुत उन्नति की है। मैंने भी जब जगदलपुर प्रवास में प्रभु की सेवा पूजा की थी तब अगले ही वर्ष जीवन में दीक्षा का सुयोग मिला और संयम मार्ग का आराधक बन गया। श्री ऋषभ सागर जी म.सा. ने बताया कि स्वर्ण जयंती निमित्त पंचान्हिका महोत्सव से पहले 5 दिनों का ज्ञान शिविर होगा जिसमें परिवार में बेहतर सामंजस्य, बेहतर तालमेल कैसे हो जैसे विषयों को जानेंगे ताकि हम प्रसन्नता के साथ धर्म मार्ग की ओर अग्रसर हो सकें। अंत में श्री जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद डाकलिया ने ज्ञान शिविर व मंदिर जी की वर्षगांठ के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी से इसे सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की और आज के कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु सबका आभार माना। कार्यक्रम संचालन निर्मल लोढ़ा ने किया।

# रोहांसी में प्रीमियर लीग रात्रिकालीन सद्भावना मैच का आयोजन




**पलारी,** 19 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत रोहांसी के मिनी स्टेडियम में आयोजित विशेष रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट सदभावना मैच का सफल आयोजन किया गया। यह मैच नगर पंचायत के खिलाड़ियों, व्यापारी संघ, पार्षदगण, पूर्व खिलाड़ी एवं अन्य इच्छुक टीमों के बीच आपसी सौहार्द और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस आयोजन में नगर पंचायत के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, किंतु अंततःशोले टीम रोहांसीज्ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर उपस्थित अतिथियों द्वारा विजेता टीम को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि आगे भी ऐसे आयोजन कर खिलाड़ियों को मंच प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में सुंदरलाल साहू कामता प्रसाद घृतलहरे भोजराम साहू, जितेंद्र कन्नौजे, बोधराम साहू, भूपेंद्र साहू, योगेश, जितेंद्र, किशन, मोइन, खेलावन, उमेश, राकेश, तोरण एवं आयोजक समिति के सदस्य गण उपस्थित थे। सद्भावना मैच के समापन पश्चात ऋऋके बाकी मैच का प्रारंभ दिनांक 18 मई से होगा।

## निधन

### श्रीमती उर्मिला पांडेय

**रायपुर,** 19 मई। शैलेंद्र नगर रायपुर की प्रतिष्ठित नागरिक श्रीमती उर्मिला पांडे का आज तड़के निधन हो गया वे लगभग 84 वर्ष की थी। वे मनोज, संजय पांडेय की मां व मधु,भावना की सास थी उनका अंतिम संस्कार आज मारवाड़ी शमशान गृह में किया गया। वे फ्रीडम फाइटर स्व. शिव वचन पांडेय की धर्मपत्नी थी। उन्हें अनेक संस्थाओं द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



# बम्हनी समाधान शिविर में शामिल हुए वन मंत्री केदार कश्यप

**कोण्डागांव,** 19 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में कोंडागांव विकास खंड के बम्हनी में 19 मई को आयोजित समाधान शिविर में सोमवार को छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना भी उपस्थित थीं। उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में अधिकारियों से सुशासन तिहार में प्राप्त मांगों और शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली और संवेदनशीलता के साथ निराकरण के निर्देश दिए। बम्हनी में आयोजित समाधान शिविर में क्लस्टर अनुसार 20 गांवों बम्हनी, सम्बलपुर, कारसिंग, कुसमा, कचोरा, इसलनार, चमई, हंगवा, तोतर, गोलावण्ड, बोरगांव, झारा, मयूरडोंगर, पोलग, खण्डाम, बेतबेड़ा, खचगांव, सोनाबाल, मड़ानार और नगरी गांव के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी मांगे और समस्याएं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कई आवेदनों का त्वरित निराकरण के साथ शेष आवेदनों पर निराकरण आवश्यक कार्यवाही पूरी करने के बाद की समय सीमा में की जाएगी। सुशासन तिहार में बम्हनी क्लस्टर अंतर्गत कुल 20 गांवों से कुल 02 हजार 891 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से अब तक 02 हजार 832 का निराकरण हो चुका है। इसमें सबसे ज्यादा आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 1,594 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 1570 आवेदन निराकृत किया गया है।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए तीन चरणों में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रीगण विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वाधिक प्राथमिकता का कार्य राज्य के सभी जरूरतमंदों को आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप और मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य के दूरस्थ अंचलों तक विकास के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार निरंतर प्रयासरत है। बस्तर के सुदूर क्षेत्रों में सड़क मार्ग, आवागमन सुविधा के साथ दूरसंचार सेवा के विस्तार के लिए कार्य किया जा रहा है। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि



**शिविर में 122 ग्रामीणों को राशन कार्ड, श्रम कार्ड व केसीसी सहित हितग्राहीमूलक सामग्री वितरित**

केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों के कल्याण के साथ, आयुष्मान कार्ड योजना से 05 लाख तक मुफ्त इलाज और महतारी वंदन योजना से महिलाएं सशक्त हो रही हैं, तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ताओं को वाजिब दाम मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में प्राप्त मांगों और शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण शासन की प्राथमिकता है। सभी विभाग के अधिकारी प्राप्त आवेदनों का निराकरण के लिए गंभीरता से कार्य करें।

**10 हितग्राहियों को मिला आवास पूर्णता प्रमाण पत्र**

बम्हनी समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को प्रधान मंत्री आवास पूर्णता प्रमाण पत्र एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत 03 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय, राजस्व विभाग द्वारा 10 किसान किताब पुस्तिका एवं ग्राम पंचायत बम्हनी में कोटवार नियुक्त पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 05 जन्म प्रमाण पत्र और 05 आयुष्मान कार्ड का वितरण, शिक्षा विभाग द्वारा 04 जाति प्रमाण पत्र, खाद्य विभाग के माध्यम से 29 राशन कार्ड वितरण, श्रम विभाग द्वारा 08 श्रम पंजीयन, सहकारिता विभाग द्वारा 10 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य विभाग से 01 मत्स्य पालक को मछली जाल, कृषि विभाग द्वारा 12 ग्रामीण जन को धान बीज तथा उद्यान विभाग द्वारा 20 ग्रामीण जन को सब्जी बीज एवं जैविक खाद का वितरण किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 02 अन्नप्रासन और 02 महिलाओं का गोद भराई कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

**वन मंत्री ने दिलाई जल संरक्षण की शपथ**

समाधान शिविर में वन मंत्री केदार कश्यप ने समस्त ग्रामवासियों ने जल संरक्षण की महत्ता बताते हुए प्रत्येक घर में वाटर हार्वेस्टिंग की संरचना लगवाने, पानी के मूल्य को समझते हुए जल के अपव्यय को रोकने और पारंपरिक जल स्त्रोत्रों की साफ-सफाई और संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग व श्रीमती यशोदा कश्यप, जनपद सदस्यगण श्रीमती लीलावती नाग, श्रीमती कमलेश्वरी सेठिया, दीपेश अरोरा, पवन कोर्राम, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई तथा कलस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायतों के सर्व सरपंच, पंच एवं ग्राम के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

# डोंगर सिलाटी में क्षेत्रीय मरका पंडुम कार्यक्रम में शामिल हुईं लता उसेंडी



**कोण्डागांव,** 19 मई (देशबन्धु)। कोंडागांव विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी रविवार को जिला व तहसील कोण्डागांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम डोंगर सिलाटी में आयोजित क्षेत्रीय मरका पंडुम कार्यक्रम में शामिल हुईं। यह पारंपरिक सांस्कृतिक आयोजन क्षेत्र के 16 गांवों के आदिवासी समाज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के लोग अपने-अपने गांवों के देवी-देवताओं को लेकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सभी गांवों से सम्मिलित हुए देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना करके समस्त क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई। ज्ञात हो कि मरका पंडुम आदिवासी समाज का एक महत्वपूर्ण परंपरा है और कई गांव के आदिवासीजन एक स्थान पर एकत्रित होते हैं तथा एकजुट होकर सामाजिक एकता, सांस्कृतिक धरोहर और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। मरका पंडुम कार्यक्रम में आमंत्रित विधायक लता उसेंडी ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपराएं हमारी असली पहचान हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और समाज के लोगों को आष्वस्त किया कि उनकी संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध रहेंगी।

# कोंडागांव में विकास कार्यों को मिल रही रफ्तार

**कोण्डागांव,** 19 मई (देशबन्धु)। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने रविवार को अपने कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र के विकास खंड माकड़ी अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर कुल 107 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 10 विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया।



**लता उसेंडी ने 107 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों हेतु किया भूमिपूजन**

सुश्री लता उसेंडी ने ग्राम देउरबाल में 5 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन, ग्राम करंडी में 7 लाख रुपये से सामुदायिक भवन, ग्राम बीजापुर में 10 लाख रुपये से शेड तथा 4 लाख रुपये से 1.5 मीटर लंबी पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। वहीं बड़े सोहंगा के आश्रित ग्राम बेड़ागांव में 5 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक भवन, अनंतपुर में 3 कार्यों हेतु कुल 11 लाख रुपये जिसमें देवगुड़ी 5 लाख, रंगमंच 2 लाख और संस्कृतिक भवन 04 लाख रुपए के लिए भमि पूजन किया गया। ऐसे ही ग्राम तोरण्डी में 60 लाख रुपये की लागत से गौरव पथ निर्माण कार्य का भूमिपूजन तथा हिरावंडी में 5 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक मंच के निर्माण की शुरुआत की गई। ये सभी कार्य कुल 8 पंचायतों में प्रस्तावित हैं और इनकी अनुमानित लागत 107 लाख रुपये है। इस अवसर पर सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि भाजपा सरकार विकास के एजेंडे पर काम कर रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए वे पूरी निष्ठा से काम करती रहेंगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, भाजपा कार्यकर्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में क्षेत्र के

# गांव-गांव इलाज लेकर दौड़ रही 'उम्मीद की गाड़ी', एमवीयू बना पशुपालकों के लिए वरदान

**कोण्डागांव,** 19 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव एक आदिवासी बाहुल्य जिला है, जहाँ आजीविका के लिए लोग कृषि के साथ छोटे स्तर पर पशुपालन भी करते हैं, जो परिवार की आय का जरिया भी है। अधिकतर पशुपालक सीमित संसाधनों के साथ पारम्परिक पशुपालन करते हैं, ऐसे में जब पशुओं में कोई गंभीर बीमारी आती है, तो जानकारी के अभाव और समय पर उचित इलाज नहीं करा पाते। नतीजतन पशुओं की मृत्यु के साथ पशु पालकों को आर्थिक नुकसान भी होता है। लेकिन अब यह तस्वीर बदल रही है। मुख्य मंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर सफल क्रियान्वयन हो रहा है। सरकार के विजन में हर वर्ग विशेषकर कृषक और पशुपालक को प्राथमिकता दी गई है। इसी सोच का परिणाम है मोबाइल वेटरिनरी यूनिट, जो अब कोण्डागांव के सुदूर वनांचल में भी आशा की एक नई किरण बन चुकी है। जहाँ पहले बीमार पशु का समय पर इलाज संभव नहीं हो पाता था, अब वही इलाज पशुपालकों के चौखट तक आ रहा है। एम.वी.यू.सेवा, एलएचडीसीपी योजना के अंतर्गत संचालित है और जिले के सभी विकास खंडों में नियमित रूप से कार्यरत है। 14 सितंबर 2023 से शुरू हुई यह सेवा सिर्फ आँकड़ों में नहीं, बल्कि लोगों की मुस्कान और भरोसे में दिखाई देती है।

वर्ष 2024-25 में अब तक यह सेवा जिले के 4643 गांवों तक पहुँची है और एम.वी.यू द्वारा 56210 पशु-पक्षियों का इलाज किया गया है, साथ ही 56410 पशुपालकों को निःशुल्क दवाई वितरित किया गया है। 578 गायों में कृत्रिम, 3150 निकृष्ट बैलों का बधियाकरण, 23002 पशुओं की



**पशुपालकों के लिए चलता फिरता अस्पताल 'एमवीयू**

जांच की गई है और 135586 पशु-पक्षियों का टीकाकरण कर उन्हें बीमारियों से सुरक्षित किया गया है। पशु चिकित्सा विभाग के निर्देशन में एम.वी.यू. प्रतिदिन तीन गांवों में पहुँचती है और न केवल इलाज करती है, बल्कि पशुपालकों को जरूरी जानकारी और परामर्श भी देती है। मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई सिर्फ इलाज नहीं, भरोसा और आत्मनिर्भरता लेकर आती है। अब जिले के जंगलों के बीच न इलाज की देरी है, न दवाई की कमी। यह गाड़ी न केवल पशुओं को स्वस्थ किया है, बल्कि पालकों के जीवन को भी नई दिशा दी है। ग्राम पदनार के पशुपालक पोहड़ो की भैंस के गर्भाशय में ही बछड़े की मृत्यु हो जाने के कारण वह प्रसव नहीं कर पा रही थी। स्थिति गंभीर होती जा रही थी, तब पोहड़ो ने तुरंत मोबाइल वेटरनरी यूनिट को सूचना दी।

एमवीयू की टीम, जो कि पशुओं को घर पहुँच सेवाएं प्रदान करने के लिए कार्यरत है, सूचना मिलते ही त्वरित रूप से मौके पर पहुँची। डॉक्टरों और स्टाफ की सतर्कता व अनुभव के चलते मृत बछड़े को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया और भैंस का जीवन बचाया जा सका। आज भैंस पूरी तरह स्वस्थ है और पशुपालक पोहड़ो ने इस सुविधा के लिए शासन और एमवीयू टीम का आभार व्यक्त किया है। इसी प्रकार ग्राम लंजोड़ा के पशुपालक राकेश महेलवार ने अपने बैल के सड़क दुर्घटना में घायल होकर पैर टूटने की सूचना मोबाइल वेटरनरी यूनिट ब्लॉक फरसगांव को दी। ब्लॉक फरसगांव में उस समय चिकित्सक उपलब्ध न होने के कारण एमवीयू कोण्डागांव की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुँचकर बैल की शल्यक्रिया की। समय पर की गई चिकित्सा से बैल की जान बचाई जा सकी। वर्तमान में बैल पूर्ण रूप से स्वस्थ है। पशुपालक राकेश महेलवार ने एमवीयू टीम और प्रशासन के प्रति आभार जताया है।

# सोलर पेयजल के मामले में दिखाएं गंभीरता : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 19 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) की फ्लैगशिप योजनाओं की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई।




- क्रेडा की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा
- निर्माणाधीन सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए समयावधि तय

बैठक में जल जीवन मिशन, सौर सुजला योजना, डीएमएफ मद से संचालित सौर पेयजल परियोजनाएं, स्वास्थ्य केंद्रों हेतु सोलर पावर प्लांट स्थापना, सोलर हाईमास्ट, ऑन-ग्रिड सोलर पावर प्लांट, सोलर स्ट्रीट लाइट, होम लाइट और हितग्राही एवं सामुदायिक मूलक बायोगैस सयंत्र स्थापना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्री दुदावत ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी परियोजना को तभी पूर्ण माना जाएगा जब टैंक निर्माण से लेकर पाइपलाइन और नल कनेक्शन तक की संपूर्ण प्रणाली कार्यशील हो। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन एवं सौर सुजला योजना जैसे शासन की प्राथमिक योजनाओं को पूरी प्राथमिकता देते हुए चिन्हित ग्रामों के हितग्राहियों का लक्ष्य निर्धारण कर शासन स्तर पर भेजा जाए। उन्होंने निर्माणाधीन सोलर स्ट्रक्चर एवं फाउंडेशन आधारित कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया और कहा कि कार्यदायी एजेंसियों की नियमित बैठक लेकर उनके कार्यों की सतत निगरानी विभाग प्रमुखों द्वारा सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में जल जीवन मिशन अन्तर्गत ग्राम मूलेर अन्तर्गत 6 नग, बासनपुर, कामालूर और झिरका में एक-एक नग सोलर ड्यूल पंप तैयार हो चुका है। साथ ही इन सभी गांवों में दो-दो हाई मास्ट संयंत्र लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा डीएमएफ मद अन्तर्गत पेयजल, स्वास्थ्य, सोलर हाईमास्ट, सोलर ऑन ग्रिड, सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर होम लाइट के लक्षित 96 कार्यों में से 34 कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। इस समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता निखिल कंवर, अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण से इंदुभूषण साहू, रविकांत भारद्वाज तथा प्रकाश सिंह राठौड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर योजनाओं को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# समाधान शिविर में 7 हितग्राहियों को मिला तत्काल श्रमिक कार्ड

**कोण्डागांव,** 19 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिले में आयोजित समाधान शिविरों में ग्रामीणों को त्वरित लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में कोण्डागांव विकास खंड के ग्राम बम्हनी में आयोजित समाधान शिविर में श्रम विभाग द्वारा 7 ग्रामीणों का श्रमेव जयते मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीयन कर तत्काल श्रमिक कार्ड जारी किया गया। यह श्रमिक कार्ड छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के तहत जारी किए गए। ग्राम बम्हनी के निवासी अम्लेश्वर पटेल, जयंत कुमार मंडल, कुंवर सिंह ठाकुर, गजो बघेल, चरण सिंह बघेल, उनीत पटेल और सुखनाथ सोड़ी ने शिविर में श्रमिक पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन प्राप्त होते ही त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी का पंजीयन कर मौके पर ही श्रमिक कार्ड वितरित किए गए। श्रमिक कार्ड प्राप्त होने पर हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो सकेंगे। विशेष रूप से बच्चों को छात्रवृत्ति सहित मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्य मंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, मुख्य मंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु व दिव्यांग सहायता योजना, मुख्य मंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना एवं श्रमिकों के लिए संचालित अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा।



**श्रमिक कार्ड मिलने पर हितग्राहियों ने जताई खुशी**

उल्लेखनीय है कि श्रम विभाग द्वारा श्रमेव जयते मोबाइल ऐप के माध्यम से समाधान शिविरों में तत्काल पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की योजनाओं की जानकारी भी शिविरों में विस्तारपूर्वक दी जा रही है।

# कृषि विभाग द्वारा 24 तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**कोण्डागांव,** 19 मई (देशबन्धु)। उप संचालक कृषि जिला कोण्डागांव में नेशनल मिशन ऑन इडिबल ऑयल-ऑयल सीड् (एनएमईओ एण्ड ओएस) योजना अंतर्गत प्रमाणित बीज वितरण, स्वायल हेल्थ कार्ड योजना अंतर्गत मृदा परीक्षण कार्य, कृषक प्रशिक्षण, कृषक खेत पाठशाला, कृषि मैपर में पंजीयन का क्रियान्वयन कराने हेतु मूल्य श्रंखला भागीदार (व्हीसीपी) के चयन हेतु प्रतिष्ठित एजेंसी/संस्था आदि से 30 अप्रैल 2025 अपरान्ह 5 बजे तक निर्धारित प्रपत्रों में केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से 'रूचि की अभिव्यक्ति' आवेदन आमांत्रित किया गया था, जिसमें संशोधन करते हुए 24 मई 2025 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है। आवेदन की विस्तृत जानकारी कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला कोण्डागांव के सूचना पटल पर या कोण्डागांव जिले की बेवसाईट में भी देखा जा सकता है।

# चावरा हायर सेकेंडरी स्कूल में चल रहा समर कैंप का आयोजन



**कोण्डागांव,** 19 मई (देशबन्धु)। चावरा हायर सेकेंडरी स्कूल कोंडागांव में समर कैंप 2025 का आयोजन किया गया है। संस्था की प्राचार्या सिस्टर सिसिलिया के अनुसार गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रत्येक वर्ष समर कैंप का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों के द्वारा विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को इस वर्श भी दिया जा रहा है। जिसमें नृत्य विधा में छालीवुड के कोरियोग्राफर धर्मेन्द्र यदु, समीक्षा सुरुजाल। नेशनल फीफा के रेफरी सपन मुखर्जी, अंकित राजपूत के द्वारा फुटबॉल, धनेष्वर सोरी, रूखमणी यादव द्वारा कराते, ललित कला/हस्त कला का प्रशिक्षण छाया मुखर्जी, नीतिशा राठौर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं चैस का प्रषिक्षण, प्रशिक्षक सौरभ मुखर्जी, अश्विन राज, लिवोन राज दे रहे हैं। इस शिविर में नगर के गणमान्य नागरिकों एवं पालकों, अभिभावकों का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।

# सुशासन में घंटों बिजली गुल, भारी परेशानी : कांग्रेस

**दंतेवाड़ा,** 19 मई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा सहित पूरे जिले भर में बिजली की बदहाल व्यवस्था से लोग बेहद परेशान हैं। इस मामले पर कांग्रेस ने विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था सुधारने की मांग की है और हफ्ते भर का अल्टीमेटम दिया है। बड़े आंदोलन की तैयारी भी कांग्रेस द्वारा की जा रही है।

आंधी, तूफान, बारिश हो या सामान्य स्थिति बिजली घंटो गुल रहती है। हर 15-15 मिनट में बिजली जाने से भारी गर्मी के बीच लोगों का जीना मुश्किल हो गया। बिजली गुल होने का समय नियत नहीं है। बीती रात 4 से 5 घंटे बत्ती गुल रही। शहर ही नहीं बल्कि जिले भर के ग्रामीण इलाकों में भी 4 से 5 दिन तक बिजली बंद रहती है। आंधी-तूफान के चलते बालूद इलाके में 5 बिजली के खंभे गिर गए, इसके कारण वहां तीन-चार दिनों से बिजली बंद है। कटेकल्याण और कुआकोंडा के ग्रामीण क्षेत्रों में और भी बदहाली है। बिजली रहती कब है ? यह लोगों का बड़ा सवाल है।



- जिला मुख्यालय सहित गांव में नहीं रहती बिजली
- अफसरों के बंगले जनरेटर से रौशन
- ज्ञापन सौंप कांग्रेस ने हफ्ते भर का दिया अल्टीमेटम

जिला मुख्यालय होने के बावजूद यहां रह-रह कर बिजली जाती है, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बिजली दफ्तर में कोई जिम्मेदार अधिकारी जवाब देने मौजूद नहीं रहता। दफ्तर का लैण्ड लाईन नंबर किसी काम का नहीं है। इसमें कॉल लगता नहीं और लग भी जाए तो कोई रिसीव नहीं करता। जिला मुख्यालय में तमाम विभाग के बड़े अधिकारी रहते हैं। कलेक्टर-एसपी के बंगले जनरेटर से रौशन होते रहते हैं, इसलिए उन्हें शहर और गांव के बत्ती गुल होने की कोई चिंता नहीं रहती। इन दिनों बिजली विभाग की जैसी मनमानी चल रही है, उससे लगता नहीं कि इस पर सरकार अथवा प्रशासन का कोई नियंत्रण है। घटिया ट्रांसफार्मर और गुणवत्ता हीन उपकरणों ने भी बिजली व्यवस्था को ठप करके रखा है। विभाग उपभोक्ताओं से हर महीने करोड़ो रूपए के बिल पूरे जिले भर में वसूलता है, लेकिन बेहतर सुविधा और सेवा देने के मामले में वह फिसड्डी साबित हो रहा है। नियत तिथि से एक दिन भी बिल जमा करने में देरी हुई तो अधिभार अथवा फाइन लेने में विद्युत विभाग थोड़ी सी भी देरी नहीं करता, लेकिन बिजली की लगातार आपूर्ति के मामले में ऐसी तत्परता क्यों नहीं। आज कांग्रेस ने बिजली विभाग की लापरवाही और लगातार बिजली की आंख मिचौली के मुद्दे पर विभाग के संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कड़ी चेतावनी भी दी कि हफ्ते भर में अगर बिजली की व्यवस्था नहीं सुधरी तो जिला मुख्यालय में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य और कांग्रेस नेत्री तुलिका कर्मा ने कहा कि भाजपा सुशासन तिहार में दन्तेवाड़ा की बिजली गुल है। यह सरकार के लिए शर्मनाक स्थिति है।

जिला कांग्रेस कमेटी ने शीघ्र व्यवस्था सुधारने की मांग की है। ट्रिपल इंजन की सरकार में जनता के घरों से बिजली गुल हो रही है। यह कैसा सुशासन है ? सौंपे ज्ञापन में बरसात से पहले सभी ट्रांसफॉर्मरों की मरम्मत और पड़ों को काट कर तारो की मरम्मत करने की मांग की गई है। जन हित से जुड़े इस मामले पर कांग्रेस को भारी जन समर्थन भी हासिल हो रहा है। आज ज्ञापन सौंपने के दौरान तुलिका कर्मा के साथ ही जिला पंचायत सदस्य प्रवीण राणा, जिला महामंत्री विमल सलाम, महिला शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा सोरी, इंदिरा ठाकुर, युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष गणेश दुर्गा, अजय मरकाम, राधा नाग, मन्नू वर्गीस, भोला मरकाम, रानू राव एवं सभी कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने नगर में निकाली तिरंगा यात्रा

**अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने दिखाया झंडा**



**कोण्डागांव,** 19 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत महिलाओं द्वारा कोण्डागांव नगर की गलियों में ऑपरेषन सिंदूर की सफलता को लेकर तिरंगा यात्रा निकाला गया और महिलाओं द्वारा निकाले गए तिरंगा यात्रा को नगर पालिका परिशद् कोण्डागांव के अध्यक्ष नरपति पटेल एवं उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंड़ी द्वारा तिरंगा झंडा देकर रवाना किया गया। इसके बाद तिरंगा झण्डा लेकर महिलाओं ने नगर के विभिन्न गलियों में तिरंगा यात्रा किया। ज्ञात हो कि पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा पर्यटकों की हत्या करने के बाद आतंकवादियों को सबक सिखाने और मुंह तोड जवाब देने के लिए भारतीय सेना द्वारा ऑपरेषन सिंदूर चलाया गया और पाकिस्तान देष की सीमा के अंदर संचालित आतंकी ठिकानों को नश्ट कर दिया गया। भारतीय सेना को मिली इस सफलता पर छत्तीसगढ़ राज्य के नगरों गांवों में भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाला जा रहा है। इसी क्रम में कोण्डागांव नगर में भी महिलाओं के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गया।

## संपादकीय

### अभिभावकों के झगड़ों में पिसते बच्चे

*यह सचमुच बहुत दुर्भाग्यजनक है कि अभिभावकों के परस्पर मनमुटावों और झगड़ों का शिकार अक्सर बच्चे होते हैं। जिन परिवारों में बड़ों के बीच तनाव होता है उनका खामियाज़ा विभिन्न तरीकों से बच्चों को भुगतना होता है- फिर झगड़ा चाहे जिस भी कारण से हो। ऐसे बच्चों की उपेक्षा तो होती ही है, उन्हें मां-बाप ही नहीं, पूरे परिवार के लाड़-प्यार एवं देखभाल से वंचित होना पड़ता है। अक्सर झगड़े या विवाद में पड़े अभिभावकों का गुस्सा उन पर उतरता है। कभी वे उनसे गालियां सुनते हैं तो अक्सर उनके हाथों वे मार खाते हैं। विभिन्न तरह की प्रताड़नाएं भी उन्हें झेलनी पड़ती हैं। ऐसे परिवारों की आर्थिक स्थिति भी बिगड़ने लगती है जिससे बच्चों की सुविधाओं में कटौतियां होती हैं। कई बार तो यह भी देखा जाता है कि इसके कारण वे शिक्षा से तक वंचित कर दिये जाते हैं। जो आनंद एक सुखी परिवार के बच्चे उठाते हैं वह ऐसे बच्चों को नहीं मिलता जो कि उनका नैसर्गिक व संवैधानिक अधिकार होता है।*

*इस तरह के परिवारों के परिवेश का उन पर बहुत खराब असर होता है। ये बच्चे हमेशा डरे-सहमे से रहते हैं और उनका स्वाभाविक विकास नहीं हो पाता। कभी उन्हें पर्याप्त आहार नहीं मिलता तो कभी उनके स्वास्थ्य की उपेक्षा होती है। उन्हें कभी एक या कभी दोनों पक्षों (मां-बाप) की ओर से प्रताड़ना मिलती है। जब तक ऐसे अभिभावकों के बच्चे छोटे होते हैं तो उन्हें बात बहुत समझ में नहीं आती लेकिन जब वे बड़े हो जाते हैं तो उन्हें घर से नफ़रत हो जाती है। अक्सर वे खिन्न रहते हैं। यह भी देखा गया है कि वे घरों को छोड़ देते हैं। उनमें गुस्सा या कुंठा भर जाती है। बचपन हो या किशोरावस्था अथवा युवावस्था- वे हमेशा चिड़चिड़े और असहज रहते हैं।*

*सर्वाधिक घातक परिणाम जो झगड़ालू अभिभावकों के बच्चों को झेलना पड़ता है, वह है उनके साथ होने वाली शारीरिक हिंसा। इस मार-पीट से उन्हें चोटें पहुंचती हैं। कभी तो वे इतनी गम्भीर होती हैं कि बच्चे (किसी भी उम्र के हों) स्थायी रूप से विकलांग हो जाते हैं अथवा कई बार उन्हें मां या बाप के गुस्से का शिकार होकर अपनी जान तक गंवानी पड़ जाती है। जशपुर जिले के एक गांव ढोढ़ीबहार निवासी विमल मिंज को अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका थी। इसके चलते दोनों के बीच हरदम विवाद होता रहता था। गुरुवार को भी दोनों के बीच कहा-सुनी हुई। नाराज़ विमल धारदार हथियार लेकर पत्नी को मारने पर आमादा हो गया। वह भागने लगी। क्रोधित विमल ने वहीं खेल रही ढाई वर्ष की अपनी बेटी की गला रेत कर हत्या कर दी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना बताती है कि किस प्रकार से बच्चे ऐसे विवादों का फल भुगतते हैं।*

**उल्टा पुल्टा**

चिंटू- मम्मी प्लीज ये रस्सी अपनी जीभ से काट दो।
मम्मी- बेवकूफ रस्सी जीभ से कैसे कट सकती है?
चिंटू- क्यों? कल ही तो पापा कह रहे थे कि आपकी जुबान कैची की तरह चलती है।

# सुशासन तिहार : मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को लगाई फटकार

## डीईओ और दो अधिकारियो को निलंबित करने दिए निर्देश

**रायपुर**, 19 मई(देशबन्धु)। सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एक्शन मोड पर नजर आ रहे है। श्री साय आज जीपीएम जिले चुकतीपानी में उतरे और जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बनने वाले सड़क की गुणवत्ता खराब होने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने जीपीएम कलेक्टर लीना मंडावी को फटकार लगाते हुए कहा, स्वयं जाकर सड़क का निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि सड़क की गुणवत्ता ठीक हो वहीं समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने काम में लापरवाही बरतने वाले डीईओ समेत दो अधिकारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए।

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जीपीएम जिले चुकतीपानी में ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का फीड बैक लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बनने वाले सड़क की गुणवत्ता खराब होने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने जीपीएम कलेक्टर लीना मंडावी पर नाराजगी व्यक्त की।

**कलेक्टर से कहा - मौके पर जाकर करें सड़क का निरीक्षण**

मुख्यमंत्री ने कलेक्टर से कठोर शब्दों में कहा कि वे स्वयं जाकर सड़क का निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि सड़क की गुणवत्ता ठीक हो। गुणवत्ता में किसी प्रकार समझौता नहीं किया जाएग। उन्होंने कहा कि जांच के लिए कमेटी मत बनाइए। स्वयं जाकर गुणवत्ता देखें। जीपीएम तीन ब्लॉक का छोटा सा जिला है, फील्ड में स्वयं जाकर काम देखें। मुख्यमंत्री ने जिस अंदाज से नाराजगी व्यक्त की उससे सभी को समझ आ गया है कि मुख्यमंत्री फील्ड पर गुणवत्तायुक्त काम चाहते हैं.।



समीक्षा बैठक में भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कड़ा तेखर देखने को मिला। उन्होंने काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए दो बड़े निर्णय लिए। मुख्यमंत्री ने मुंगेली जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आरके मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि मनियारी जलाशय और पथरिया जलाशय जैसी महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी है, जो लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। मुख्यमंत्री साय ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार शास्त्री को भी पद से हटाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में जिले का अत्यंत खराब प्रदर्शन जिले में शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामी को दर्शाता है और ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री साय के इस तीखे रुख से स्पष्ट है कि सरकारी कार्यों में शिथिलता और जवाबदेही से बचने का युग समाप्त हो चुका है।

### सब इंजीनियर से कहा - काम करो या सस्पेंड होने तैयार रहो

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जीपीएम जिले के चुकतीपानी गांव में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया. ग्रामीणों ने गांव में पेयजल व्यवस्था की समस्या से अवगत कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने चौपाल के बीच जल जीवन मिशन के काम में लापरवाही से नाराज होकर पीएचई के सब इंजीनियर को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि या तो ईमानदारी से काम करो या फिर सस्पेंड होने को तैयार रहो। ये सरकार का काम है, कोई मजाक नहीं. गेट आउट

# नीति आयोग की बैठक में पहली बार शामिल होंगे साय

■ प्रदेश की योजनाओं पर रखेंगे प्रस्ताव

**रायपुर**, 19 मई(देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नीति आयोग की बैठक 24 मई को दिल्ली में आयोजित होगी। जिसमें छत्तीसगढ़ से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहली बार शामिल होंगे। उनके साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा और वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी बैठक में मौजूद रहेंगे। यह बैठक सुबह 11 बजे शुरू होगी।

मुख्यमंत्री बनने के बाद यह विष्णुदेव साय की पहली नीति आयोग बैठक होगी, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी भाग लेंगे। बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य की प्रमुख योजनाओं के लिए केंद्र से अतिरिक्त समर्थन की मांग करेगी। सूत्रों के मुताबिक, पीएम आवास योजना के तहत नए सर्वे के अनुसार 26 लाख मकानों के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है, जिसके लिए अतिरिक्त आबंटन की मांग की जाएगी। इसके अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और नवा रायपुर के विकास के लिए भी विशेष पैकेज की मांग की जा सकती है। स्मार्ट सिटी योजना में केंद्रीय अनुदान बंद हो चुका है, ऐसे में सीएम शहरी इलाकों में मूलभूत सुविधाओं के लिए बजट की मांग रख सकते हैं। बैठक की तैयारी को लेकर मुख्य सचिव अमिताभ जैन पहले ही विभागीय सचिवों के साथ मंथन कर चुके हैं। दिल्ली दौरे के लिए सीएम और मंत्रीमंडल के सदस्य 23 मई को रवाना होंगे।

**पार्टी नेतृत्व से भी हो सकती है अहम बैठक**

दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री साय की मुलाकात भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य वरिष्ठ नेताओं से 24 की शाम या 25 मई को हो सकती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस मुलाकात में संभावित कैबिनेट विस्तार पर भी गंभीर चर्चा हो सकती है। दौरे को लेकर भाजपा में हलचल तेज हो गई है।

# जयस्तंभ चौक की एलईडी चकनाचूर

**रायपुर**, 19 मई(देशबन्धु)। राजधानी रायपुर का हृदयस्थल कहे जाने वाला जयस्तंभ चौक इन दिनों बदहाल स्थिति में है। चौक पर चारों ओर लगाई गई एलईडी स्क्रीनें टूट चुकी हैं और कांच चकनाचूर होकर बिखरा पड़ा है। इन एलईडी में महात्मा गांधी, सुभाषचन्द्र बोस, शहीद वीर नारायण सिंह जैसे महापुरुष की तस्वीर दिखती थी। स्थिति ये है कि एलईडी टूटने के बाद किसी जनप्रतिनिधि का इसमें ध्यान नहीं जा रहा है।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने राजधानी रायपुर के जयस्तंभ चौक के सौंदर्यीकरण में लाखों रुपए खर्च किए गए थे। रायपुर स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत चौक के चारों ओर एलईडी लाइटें और डिजिटल स्क्रीन लगाई गई थीं, जिनका उद्देश्य चौक को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाना था।



**रिफ्लेक्शन से दुर्घटना की आशंका**

पिछले दिनों विधायक अजय चंद्राकर ने विधानसभा में आपत्ति जताते हुए सवाल उठाया था कि ऐतिहासिक जयस्तंभ चौक को प्रचार का माध्यम क्यों बनाया जा रहा है? तब सरकार ने सौंदर्याकरण और महापुरुषों की तस्वीरों का हवाला दिया था।

**हादसे की आशंका**

वर्तमान में इन एलईडी लाइटें उखड़ चुकी हैं। टूटे कांच और लाइट रिफ्लेक्शन के कारण हादसे की आशंका भी बनी हुई है। इसके बावजूद न तो किसी जनप्रतिनिधि और न ही प्रशासन की ओर से इस ओर कोई ध्यान दिया जा रहा है। जबकि पिछले पखवाड़े भर से यहां विभिन्न आयोजन हो रहे हैं।

# उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में पहली बार कैमरे में दिखा यूरेशियन ऊदबिलाव



**रायपुर**, 19 मई(देशबन्धु)। गरियाबंद जिले में स्थित उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में यूरेशियन ऊदबिलाव की पहली बार कैमरा ट्रैप के माध्यम से देखने को मिला है। यह राज्य की जैव विविधता एवं वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह छत्तीसगढ़ के वन क्षेत्र की पारिस्थितिकीय समृद्धि का प्रमाण है।

इससे यह भी प्रमाणित होता है कि छत्तीसगढ़ राज्य के वन्य एवं जल संसाधन क्षेत्र अनेक दुर्लभ प्रजातियों के लिए रहवास के लिए उपयुक्त हैं।

उक्त कार्य छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा छत्तीसगढ़ जैव विविधता बोर्ड के सहयोग से संचालित ऊदबिलाव अध्ययन परियोजना के अंतर्गत किया गया। विगत तीन वर्षों से विज्ञान सभा द्वारा राज्य के विभिन्न जल स्रोतों में ऊदबिलाव की उपस्थिति एवं संरक्षण पर कार्य किया जा रहा है। मरवाही एवं कोरबा में पूर्व में रिकॉर्डिंग की गई थी, परंतु यह पहली बार है जब उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में ऊदबिलाव की उपस्थिति प्रत्यक्ष रूप से दर्ज की गई है।

यह अध्ययन मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) सुधीर अग्रवाल की अनुमति, पीसीसीएफ (विकास/योजना) अरुण पाण्डेय एवं छत्तीसगढ़ जैव विविधता बोर्ड के सदस्य सचिव राजेश चंदेले के मार्गदर्शन में संचालित हुआ। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के निदेशक वरुण जैन तथा डीएफओ जगदीश दर्रो के नेतृत्व में कैमरा ट्रैप स्थापित किया गया।

इस कार्य में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की प्रमुख शोधकर्ता निधि सिंह (प्राणी वैज्ञानिक), दिनेश कुमार (वनस्पति वैज्ञानिक), विश्वास मेश्राम (जनविज्ञानी), डॉ. वाय.के. सोना (पर्यावरण वैज्ञानिक), प्राचार्य फ्रैंक आगस्टिन नंद, सर्वज्ञा सिंह (पक्षी विज्ञानी) सहित सुमित सिंह सम्मिलित रहे।

डीएफओ वरुण जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राकृतिक रहवास में यूरेशियन ऊदबिलाव की यह लाइव रिकॉर्डिंग छत्तीसगढ़ के लिए एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य है। ऊदबिलाव जल-आधारित पारिस्थितिकीय तंत्र के स्वास्थ्य का संकेतक प्राणी है तथा इसकी उपस्थिति किसी भी जैव विविध क्षेत्र की स्थिरता एवं पारिस्थितिकीय संतुलन का प्रमाण मानी जाती है।

# चौराहों पर यातायात सुधारने 25 पब्लिक ट्रैफिक वार्डन उतारे गए

**रायपुर**, 19 मई(देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में चौराहों पर सुबह-शाम बढ़ने वाले ट्रैफिक प्रेशर को संभालने के लिए प्रशासन और पुलिस ने मिलकर आम लोगों के बीच से 25 ट्रैफिक वार्डन चुनकर उतार दिए हैं। इन ट्रैफिक वार्डनों को कलेक्टर रेट के आधार पर रोजाना मानदेय भी दिया जाएगा। वार्डन जिला प्रशासन और नगर निगम ने मिलकर पुलिस को दिए हैं, ताकि शहर में ट्रैफिक अमले की कमी को पूरा किया जा सके। एक माह बाद सभी वार्डनों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी। अगर इनका काम अच्छा रहा तो कंटीन्यू किया जाएगा।

**सबकी एक यूनिफार्म, कलेक्टर रेट पर मानदेय**

सोमवार को एक कार्यक्रम में इन ट्रैफिक वार्डनों की नियुक्ति की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में आईजी अमरेश मिश्रा, कलेक्टर गौरव कुमार सिंह, एसएसपी लाल उमेद सिंह तथा निगम कमिश्नर विश्व दीपक के अलावा डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंह भी उपस्थित थे। आईजी अमरेश ने संबोधन में कहा कि देश में सबसे पहले गुजरात में ट्रैफिक वार्डन को पुलिस का हिस्सा बनाया गया था।









छत्तीसगढ़ में रायपुर जिले से शुरुआत की जा रही है। ट्रैफिक वार्डन को पुलिस की तरह अधिकार प्राप्त नहीं होंगे। आपका उत्तरदायित्व होगा कि आपको जिस जगह पर यातायात व्यवस्था बनाने के लिए कार्य पर लगाया जाता है, उस जगह को सुगम बनाए।

एसएसपी ने बताया कि रायपुर में सभी चौराहों में ट्रैफिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। बाजारों में सड़कों के दोनों ओर पार्किंग से हालात और बिगड़े हैं। ट्रैफिक पुलिस कम होने से सभी जंक्शन पर ड्यूटी नही लग पा रही है।

25 ट्रैफिक वार्डनों की नियुक्ति से राहत मिलेगी। सभी को ट्रेनिंग देने के बाद चौराहों पर उतार दिया जाएगा। जहां ज्यादा जाम लगता है, पहले इनकी वहीं तैनाती की जाएगी। एक माह के बाद इनके परफार्मेंस की समीक्षा की जाएगी। अगर ट्रैफिक वार्डन की मौजूदगी से व्यवस्था में बदलाव दिखा, जाम से लोगों को निजात मिली और लोगों ने प्रशंसा की, तो इन्हें लगातार किया जाता रहेगा।

# भू-जल और वर्षा जल संरक्षण पर शहरों में होंगे प्रभावी काम

**रायपुर**, 19 मई(देशबन्धु)। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन प्रारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 20 मई को इसका शुभारंभ करेंगे। मिशन के तहत प्रदेश के शहरों में भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए प्रभावी काम किए जाएंगे। भू-जल संवर्धन मिशन के शुभारंभ के मौके पर हाइड्रोलॉजिस्ट्स, कॉलोनाइजर्स, उद्योग, राज्य शासन के विभिन्न विभाग तथा विशेषज्ञ जल संरक्षण, इसके उपायों और परिणामों पर मंथन भी करेंगे।

रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 20 मई को दोपहर तीन बजे से आयोजित भू-जल संरक्षण मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विशेषज्ञ जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव इस दौरान शहरों में जल संरक्षण पर विशेषज्ञों से चर्चा करेंगे। वे प्रदेश के नगरीय निकायों में जल संरक्षण की भावी कार्ययोजना भी साझा करेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वितीय सत्र में शाम छह बजे मिशन का शुभारंभ करेंगे। वे नगरीय निकायों में सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में भू-जल संवर्धन मिशन के ब्रोशर का विमोचन और इस पर तैयार वीडियो भी लॉन्च करेंगे।

वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोती लाल साहू, पुरन्दर मिश्रा, गुरू खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, इन्द्र कुमार साहू तथा रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे विशिष्ट अतिथि के रूप में शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगी। प्रदेश के सभी नगर निगमों के महापौर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

■ मुख्यमंत्री साय आज करेंगे मिशन का शुभारंभ

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने बताया कि भू-जल संवर्धन मिशन का शुभारंभ कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम सत्र में देश के ख्यातिलब्ध विशेषज्ञ एवं अधिकारी भू-जल एवं वर्षा जल संरक्षण पर देश-विदेश में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उनके परिणामों पर चर्चा कर छत्तीसगढ़ में इसके क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव 20 मई को दोपहर तीन बजे इस सत्र का शुभारंभ करेंगे।

इस सत्र में प्रदेश के ख्याति प्राप्त हाइड्रोलॉजिस्ट रेन वॉटर हॉर्वेस्टिंग की जरूरत, उत्कृष्ट कार्ययोजना और बेस्ट प्रेक्टिसेस पर जानकारी देंगे। क्रेडाई के कॉलोनाइजर्स कॉलोनियों में तथा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि उद्योगों में भू-जल संचय के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रस्तुतिकरण देंगे।

वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी भू-जल एवं वर्षा जल के संरक्षण के लिए अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा उनके परिणामों को प्रस्तुत करेंगे।

डॉ. बसवराजु ने बताया कि प्रथम सत्र में गुजरात के सूरत म्युनिसिपल कार्पोरेशन की विशेषज्ञ टीम एवं शुभारंभ सत्र के विशेष आमंत्रित वक्ता भारत के वॉटरमैन राजेन्द्र सिंह जल संरक्षण की रणनीति साझा करेंगे।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव भू-जल एवं वर्षा जल संरक्षण पर अपनी प्रस्तुतिकरण के बाद प्रतिभागियों से खुली चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में शाम छह बजे भू-जल संवर्धन मिशन का शुभारंभ करेंगे।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, अभियंताओं, विशेषज्ञों, समाजसेवियों तथा स्वयंसेवी संगठनों से भू-जल संवर्धन मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# शीतला तालाब पार और रेलवे स्टेशन मार्ग से हटाए गए अवैध कब्जे, कबाड़ दुकान सील



**रायपुर**, 19 मई(देशबन्धु)। रायपुर नगर निगम द्वारा मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रो में अभियान चलाकर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हटाकर सडक यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाने कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में आज टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत जोन 2 अंतर्गत रेल्वे स्टेशन मार्ग को अवैध कब्जे हटाकर जनहित में जन सुविधा हेतु सुगम यातायात देने कब्जा मुक्त किया गया. जोन 9 ने वार्ड 10 क्षेत्र में सड़क पर कब्जा जमाकर लगायी गयी कबाड़ दुकान तत्काल सीलबंद करने की कार्यवाही की, वहीं नगर निगम जोन 7 नगर निवेश विभाग द्वारा निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता और यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में शीतला तालाब पार में अभियान चलाकर तालाब के पार को अवैध कब्जों से मुक्त किया. नगर निवेश विभाग निगम मुख्यालय भवन के नगर निवेश उड़न दस्ता ने जयस्तम्भ चौक से साइंस कॉलेज के सामने तक जीई मार्ग में अवैध बैनर और पोस्टर हटाए गए।

### 117 संस्थाओं ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट बनवाये



नगर निवेश विभाग द्वारा नोटिस देने के पश्चात 117 संस्थाओं ने अपने संस्थान में रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट लगवाया है। नगर निवेश विभाग के अभियंताओं द्वारा विभिन्न परिसरों में जाकर रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट का निरीक्षण किया जा रहा है. आज निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग द्वारा कबीर नगर में इम्पीरियल हाइट्स परिसर, इम्पेक्ट फूड इंडस्ट्रियल एरिया, रोमन स्क्वायर विला आवासीय परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर निर्देश दिए गए।

# भाजपा रायपुर शहर जिला ने महारानी अहिल्या बाई होलकर के जीवन पर कार्यशाला का आयोजन किया

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। पुण्यश्लोका महारानी अहिल्या बाई होलकर को 300 वीं जन्म जयंती को भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत के प्रत्येक राज्य के सभी जिलों में आयोजित करने जा रही है अहिल्या बाई होलकर जयंती पर भाजपा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है जिसमें कार्यशाला प्रमुख है विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा कार्यशाला के आयोजन के पश्चात अब जिलेवार कार्यशाला का आयोजन होना तय है इसी कड़ी में सोमवार राजधानी रायपुर स्थित एकात्म परिसर में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया आयोजित कार्यशाला में विशेष रूप से विधायक गण, मंडल और आयोग अध्यक्ष और प्रदेश भाजपा और शहर जिला के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में रायपुर शहर जिला के कार्यकर्ता उपस्थित थे उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्षा वर्णिका शर्मा उपस्थित थी उन्होंने उपस्थित समुदाय को संबोधित किया उन्होंने कहा कि।




**सनातन धर्म प्रतीकों की शक्तिशाली रक्षक थीं महारानी अहिल्या बाई होलकर : वर्णिका शर्मा**

छत्तीसगढ़ बाल संरचना आयोग की अध्यक्षा वर्णिका शर्मा ने कहा कि आज 300 वर्ष के बाद हमें पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई होलकर के बारे में जानने का अवसर मिला है, यह पार्टी कार्यकर्ताओं के नाते हमारे लिए और सभी परिवारों के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने देवी श्री अहिल्याबाई को महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन सामाजिक सुधारों, सुशासन की अवधारणा को धरातल पर साकार करने और सांस्कतिक पुनर्जागरण के लिए समर्पित रहा। श्रीमती शर्मा सोमवार को यहां एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में महारानी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के आयोजन के निमित्त आहूत कार्यशाला को मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित कर रही थीं।

**कांग्रेस ने अहिल्या बाई होलकर सहित उन सभी के योगदान को दबाया जिन्होंने समाज सुधार और सनातन प्रतीकों की रक्षा की : शशांक**

आयोग के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस शासनकाल के दौरान यह शिगूफा छोड़ा गया कि देश की आजादी कांग्रेस ने दिलाई। कांग्रेस इस झूठे नैरेटिव सेट कर शासन किया, महारानी अहिल्याबाई के सुशासन और कर्त्तव्यपरायणता, सांस्कृतिक धरोहर और विरासत को कांग्रेस ने देश से छिपाने का काम किया। इन तथ्यों से देश को अवगत कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह शक्ति की आराधना है। रानी अहिल्याबाई के सुशासन को आत्मसाध करने का यह अवसर है। रानी अहिल्याबाई के शासनकाल में सामाजिक सरोकारों से जुड़े अनेक कार्य किए। मंदिरों का निर्माण कर मालवा राज को सुरक्षित और विकसित करने के काम किया। शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य किये। आज यह सभी कार्य हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। श्री देव ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन सहित पार्टी के अनेक कार्यक्रम साथ-साथ चल रहे हैं। जिसमें अपनी सक्रियता के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ता रानी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व और कर्तव्य से देश को अवगत कराने में पूरी प्रामाणिकता के साथ जूटें।

# भारतमाला परियोजना के भ्रष्टाचार और घोटाले की जांच में असल गुनहगारों को सत्ता का संरक्षण

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। विशाखापटनम भारतमाला परियोजना में भ्रष्टाचार और मुआवजा घोटाले की जांच को लेकर ईओडब्लू के कार्यवाही की दिशा पर पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि असल गुनहगारों को बचाने जांच की दिशा भटकाई जा रही है। भ्रष्टाचार का आरोप भाजपा के सलेक्टिव पॉलिटिक्स का प्रत्यक्ष उदाहरण है, जिसमें भाजपा के भ्रष्ट राजनेताओं, प्रभावशाली व्यवसायियों और चहेते अफसरों को सत्ता के संरक्षण के चलते अब तक जांच के दायरे से बाहर रखा गया है। इस दौरान जो जमीन दलाल और व्यायसायी भाजपा के खेमे में शामिल हो गए, उनके खिलाफ भी कार्यवाहियां रोक दी गई है। हाल ही में संपन्न पंचायत चुनाव में भी सत्ताधारी दल ने संदिग्ध आरोपियों का भयादोहन कर जमकर फायदा उठाया और उनकी मदद लेकर चुनावी लाभ के एवज में सौदेबाजी की।

**भ्रष्टाचार का आरोप सलेक्टिव पॉलिटिक्स का उदाहरण, जांच एजेंसियां भाजपा नेताओं की कठपुतली**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतमाला प्रोजेक्ट में हुए भ्रष्टाचार के संदर्भ में सरकार के पास तीन-तीन जांच प्रतिवेदन मौजूद है, पूर्व के जांच में 60 से ज्यादा लोगों को आरोपी बनाया गया है, उनकी गिरफ्तारी और उनसे रिकवरी क्यों नहीं हो रही है? भारतमाला परियोजना का डीपीआर 2017 में बना, जब केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी, आरोप है की प्रोजेक्ट के डीपीआर में इरादतन षडयंत्र पूर्वक परिवर्तन किया गया। आरोप यह भी है कि भाजपा के पूर्व मंत्री, उनके रिश्तेदार और चहेतों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया है, मनमाने ढंग से 18-18 गुना बढ़ाकर मुआवजा दिया गया, सरकारी भूमि को भी निजी बताकर बेइमानी की गई। भाजपा के ही नेता चंद्रशेखर साहू ने पत्रकार वार्ता लेकर 53 एकड़ सरकारी जमीन को फर्जी तरीके से निजी बताकर मुआवजा हड़पने का आरोप लगाया था, 10 जिलों में 330 करोड़ और कुल 1000 करोड़ से अधिक के घोटाले की आशंका जताते हुए केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने की मांग की थी, मुआवजा घोटाले से जुड़े प्रमाणित दस्तावेज़ होने का वादा किया था, अब वे मौन क्यों हैं? असलियत यह है कि इसी तरह के भाजपा के डबल इंजन की सरकार के दौरान ही बड़े पैमाने पर षड्यंत्र रचे गए, कुल 60 खसरों को शामिल करते हुए मुआवजा की राशि 18 करोड़ 40 लाख दर्शायी गई है, जबकि वास्तविक पात्रता मात्रा 3.5 करोड़ थी, ये तो एक उदाहरण है असल गड़बड़ी सैकड़ो करोड़ की है। सरकार के राजस्व में सीधे तौर पर डकैती है। गड़बड़ी की पूरी जानकारी जब जांच एजेंसियों को है, फिर चिन-चिन कर कार्यवाही क्यों? गड़बड़ी के प्रमाण सामने हैं फिर भी जांच की दिशा को क्यों भटकाया जा रहा है?

## बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा रायपुर में ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन




**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। एसएमई शाखा, रायपुर अंचल और अंचल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एसएमई ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित एस एम ई ग्राहकों को अंचल प्रमुख महाप्रबंधक दिवाकर पी सिंह सहित अन्य वरिष्ठ कार्यपालकों द्वारा शाल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पी पी टी प्रस्तुतीकरण द्वारा बैंक के प्रमुख एस एम ई उत्पादों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अंचल प्रमुख महाप्रबंधक दिवाकर पी सिंह ने बैंक ऑफ बड़ौदा से मजबूत संबंध बनाए रखने के लिए सभी ग्राहकों आभार जताया और विश्वास दिलाया कि बैंक ऑफ बड़ौदा अपने ग्राहकों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में शामिल सभी ग्राहकों ने बैंक के इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर अंचल प्रमुख महाप्रबंधक दिवाकर पी सिंह सहित उप महाप्रबंधक (अनुपालन एवं आश्वासन) डॉ आर के मोहंती, भरतकुमार चावड़ा, उपमहाप्रबंधक (व्यवसाय विकास) किसलय प्रसाद, उपमहाप्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख, रायपुर क्षेत्र व बैंक के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सम्मेलन में स्वागत सम्बोधन सुश्री जया मिश्रा, सहायक महाप्रबंधक व शाखा प्रमुख एस एम ई शाखा, रायपुर व धन्यवाद ज्ञापन संदीप मान, सहायक महाप्रबंधक व अंचल ऋण विभाग प्रभारी ने दिया।

## ट्रांसमिशन कंपनी के कर्मियों का सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा प्रभावशील

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने अपने अधिकारियों-कर्मचारियों का सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पालिसी कराई है। योजना के तहत कार्य अवधि में मृत्यु होने पर जोखिम राशि रुपए 15 लाख एवं कार्य अवधि के अलावा अन्य अवधि में दुर्घटनावश मृत्यु होने पर राशि रुपए 5 लाख प्रति कार्मिक का प्रावधान किया गया है। संबंधित कार्यालय द्वारा दुर्घटनावश मृत्यु की जानकारी अनिवार्य रूप से बीमा कंपनी को 24 घंटे के अंदर देना सुनिश्चित करना होगा। साथ ही 30 दिन के अंदर निर्धारित दावा प्रपत्र एवं समस्त वांछित दस्तावेजों की 3 प्रतियां व्यक्तिगत रूप से उप महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी कार्यालय से परीक्षण कराके बीमा कंपनी को भेजना अनिवार्य होगा। यह योजना गैर अंशदायी प्रकृति पर आधारित है।

## पुरुषोत्तम चंद्राकर को विजनरी इंडियन अवार्ड




**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। प्रसार भारती आकाशवाणी केंद्र पार्लियामेंट स्ट्रीट नई दिल्ली में विजनरी इंडियन अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लों के करकमलों से रंगमंच अभिनेता लोक कला साधक डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर को 'विजनरी इंडियन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हस्तियों को सम्मानित किया गया। डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर द्वारा संचालित लोक रंजनी लोककला मंच रायपुर तथा विभिन्न नाटक में अभिनीत नाटक 'राजा फोकलवा' 'दसमत कईना' वीर नारायण सिंह, का मंचन देश भर के प्रमुख शहरों के मंचों पर समारोह में किया गया। जिसमें एन.सी.पी.ए.थियेटर मुंबई, पृथ्वी थिएटर मुंबई, भारत पर्व लाल किला नई दिल्ली, प्रवासी भारती दिवस बेंगलुरु, भारत रंग महोत्सव दिल्ली, इंदिरा कला दिल्ली, जवाहर कला केंद्र जयपुर, अंतर्राष्ट्रीय गिरमिटिया रंग महोत्सव कुशीनगर, राजीव गांधी मंच गोंडा गोवा, रविंद्र मंच कोलकाता, रविंद्र मंच भुवनेश्वर ओडीशा, संगीत नाटक अकादमी का कार्यक्रम शिलांग, लोक मंथन गुवाहाटी, विरासत महोत्सव देहरादून, मैसूर दशहरा, कूल्लू दशहरा, अगरतला संगीत नाटक अकादमी, फिल्म सिटी गुब्बी कर्नाटक, चेन्नई, नागपुर, भारत भवन भोपाल, राष्ट्रीय लोक कला महोत्सव झांसी, कला महोत्सव कांटा भाजी, दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर, खजुराहो महोत्सव, सिरपुर महोत्सव की प्रस्तुति दिए हैं।

## छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया पहला एंटी-माइक्रोबियल सीपीवीसी पाइप

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भारत का पहला एंटी-माइक्रोबियल सीपीवीसी पाइप लॉन्च किया। इसके साथ ही, सिन्टेक्स ने जल भंडारण से जल वितरण की दिशा में एक नया कदम बढ़ाया है। सिंटेक्स ने सीपीवीसी, यूपीवीसी, एसडब्ल्यूआर (सॉयल, वेस्ट और रेन वाटर), रीक्लेम, एग्री, अंडरग्राउंड ड्रेनेज और सरफेस ड्रेनेज पाइप्स एवं फिटिंग्स की संपूर्ण रेंज लॉन्च की है। ये पाइप्स गर्म और ठंडे पानी, ग्रे वाटर और ब्लैक वाटर के सभी प्रबंधन की प्लंबिंग जरूरतों को पूरा करते हैं। सिन्टेक्स एडवांटेज एनएक्सइटी द्वारा सशक्त नई पाइप रेंज, एंटी-वायरल, एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-एल्गी होगी जो इसे घरेलू, कृषि और संस्थागत उपयोग के लिए आदर्श बनाती है। लगभग 3 करोड़ की आबादी वाले छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ और दुर्ग जैसे तेजी से बढ़ते शहर शामिल हैं। भारत सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन के तहत एक प्रमुख शहर रायपुर, अब भारत के पहले एंटी-माइक्रोबियल सीपीवीसी पाइप से लाभान्वित होगा - सुरक्षित, स्वच्छ और कुशल जल वितरण प्रणाली की बढ़ती मांग को पूरा करेगा। वेलस्पन बीएपीएल लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सिंटेक्स के डायरेक्टर यशोवर्धन अग्रवाल ने कहा, सिंटेक्स हमेशा से लाखों भारतीय घरों में सुरक्षित और विश्वसनीय जल भंडारण का पर्याय रहा है। रायपुर में सिंटेक्स पाइप्स के लॉन्च के साथ, हम गुणवत्ता और नवाचार के साथ जल वितरण की चुनौती को सुलझाने की दिशा में एक और अहम कदम उठा रहे हैं। भारत के पहले एंटी-माइक्रोबियल सीपीवीसी पाइप्स को लॉन्च करना न केवल एक नई श्रेणी में प्रवेश करने के बारे में है - यह हमारी जल यात्रा का विस्तार और एक समग्र, स्वास्थ्य-प्रेरित जल प्रबंधन समाधान प्रदान करने की दिशा में कदम है।

## चाकू दिखाकर लोगों को डराने वाले दो गिरफ्तार



**डोंगरगढ़,** 19 मई। पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों, संदिग्धों, चाकुबाजों एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही कर रही है इसी कड़ी में दिनांक-19.05.2025 को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिला कि 02 व्यक्ति मेला ग्राउण्ड छीरपानी डोंगरगढ़ के पास धारदार चाकू दिखाकर लोगों को डरा धमका रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर आरोपी 01. शिव चन्द्रवंशी पिता रविन्द्र चन्द्रवंशी उम्र- 19 साल निवासी रजानगर नाका के पास डोंगरगढ़ एवं 02. संजय साहू पिता स्व0 विजय साहू उम्र- 22 साल निवासी मजार के पास डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 को लोगों को चाकू दिखाकर डराते धमकाते रंगे हाथ पकड़कर आरोपियों से 02 नग बटनवाला धारदार चाकू जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध धारा- 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# कोई नारी डायन, टोनही नहीं : डॉ. दिनेश मिश्र



**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने कहा छत्तीसगढ़ के कांकेर और महासमुंद, दंतेवाड़ा जिले के ग्रामीण अंचल से पिछले सप्ताह टोनही /डायन के सन्देह में 3 हत्याएं हुई हैं, सिर्फ अंधविश्वास, जादू टोने जैसी भ्रामक मान्यताओं पर भरोसा कर किसी निर्दोष महिला एवं उसके परिवार पर हमला करने की घटनाएं, अत्यंत निंदनीय है, दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए. समिति इन सभी मामलों में प्रवास कर प्रताड़ित परिवारों से मिलेगी और ग्रामीणों को जागरूक करेगी।

**पिछले सप्ताह जादू टोने के सन्देह में 3 हत्याएं**

डॉ. दिनेश मिश्र ने बताया कि कांकेर से अंधविश्वास का मामला सामने आया है. यहां ग्राम ढकुना के एक व्यक्ति तुलसीराम ने जादू-टोने के शक में 17 वर्षीय नाबालिग लड़की मीनाक्षी मरकाम की कुल्हाड़ी से काट काट कर हत्या कर दी दिया. इतनी कम उम्र की टोनही प्रताड़ना में हत्या का यह प्रदेश में पहला मामला है।

दूसरे मामले में महासमुंद के पास ग्राम सनबाहली में जादू टोना करने का आरोप लगाते हुए एक 75 वर्षीय वृद्ध महिला सनमेत कश्यप की उसके ही पड़ोस में रहने वाले संतोष मांझी ने टांगिया से काट कर हत्या कर दी. जानकारी मिली है कि आरोपी संतोष मांझी की पत्नी की मृत्यु कुछ समय पूर्व बीमारी के कारण हो गई थी पर वह अपनी पड़ोसी सनमत पर टोनही होने का शक करता था इसी शक में उसने सनमत की हत्या कर दी।

तीसरा मामला 14 मई का है जिसमें दंतेवाड़ा के कटेकल्याण थाना क्षेत्र के मारजूम में एक वृद्ध हिडमा पोडियामी की जादू टोने के शक में उसके ही पड़ोसियों ने कुल्हाड़ी से हत्या कर दी।

डॉ मिश्र ने प्रशासन मांग की है कि इस मामले में तुरंत कार्यवाही की जाए तथा आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिले ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अनुचित हरकत करने की चेष्टा ना कर सके. समिति इन सभी मामलों में ग्रामीणों से मिलेगी और जागरूक करेगी।

# एजीओ और मंत्रा द्वारा तुर्की ब्रांड्स की बिक्री रोकना सराहनीय कदम : पारवानी

**रायपुर,** 19 मई। देश हित में एजीओ और मंत्रा द्वारा तुर्की ब्रांड्स की बिक्री रोकना सराहनीय कदम है। अन्य कंपनियों को भी 'राष्ट्र सर्वोपरि' के सिद्धांत का पालन करना चाहिएज्ञ रिलायंस के एजीओ और फ्लिपकार्ट के स्वामित्व वाले मंत्रा द्वारा तुर्की ब्रांड्स की बिक्री रोकने का निर्णय अत्यंत सराहनीय और देशहित में लिया गया एक मजबूत कदम है।, यह कहना हैं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी का।



श्री पारवानी ने कहा कि च्ऐसे समय में जब तुर्की खुलकर पाकिस्तान और भारत विरोधी एजेंडे का समर्थन कर रहा है, तब भारतीय कंपनियों द्वारा उसके आर्थिक हितों को झटका देना देशभक्ति और व्यापारिक विवेक का सटीक उदाहरण है। इन का यह कदम राष्ट्र प्रथम की भावना को सच्चे अर्थों में दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि देश की सभी ई-कॉमर्स, रिटेल और एफएम सी जी कंपनियां भी इसी भावना के साथ आगे आएं और तुर्की, अज़रबैजान, पाकिस्तान जैसे राष्ट्र विरोधी देशों के ब्रांड्स या उत्पादों को अपनी आपूर्ति श्रृंखला से हटाएं।

व्यापार केवल मुनाफे का खेल नहीं है, यह राष्ट्र की अखंडता और सम्मान से भी जुड़ा होता है। जब देश की संप्रभुता पर सीधा या परोक्ष हमला होता है, तब हर व्यापारी और हर कंपनी की नैतिक जिम्मेदारी है कि वह अपने व्यावसायिक निर्णयों को राष्ट्रीय हित के अनुरूप बनाए। उन्होंने भारत सरकार से भी आग्रह किया कि विदेश नीति के अनुरूप व्यापारिक प्रतिबंधों की रणनीति बनाते हुए ऐसे देशों से आयात को सीमित या नियंत्रित किया जाए।

एजीओ और मंत्रा ने जो शुरुआत की है, वह एक मिसाल है। अब अन्य ब्रांड्स और प्लेटफॉर्म्स को भी राष्ट्रहित में इसे अपनाना चाहिए।

## निधन

### श्रीमती उर्मिला पांडेय

**रायपुर,** 19 मई। शैलेंद्र नगर रायपुर की प्रतिष्ठित नागरिक श्रीमती उर्मिला पांडे का आज तड़के निधन हो गया वे लगभग 84 वर्ष की थी। वे मनोज, संजय पांडेय की मां व मधु, भावना की सास थी उनका अंतिम संस्कार आज मारवाड़ी शमशान गृह में किया गया। वे फ्रीडम फाइटर स्व. शिव वचन पांडेय की धर्मपत्नी थी। उन्हें अनेक संस्थाओं द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



### डॉ. एमएस द्विवेदी

**भिलाईनगर,** 19 मई। समाजसेवी, लेखक, पत्रकार एवं राजनीतिक कार्यकर्ता डॉ. मिथिला शरण द्विवेदी का आज सुबह निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नी सुशीलादेवी, पुत्र अशोक, अरुण, पुत्री अर्चना त्रिपाठी एवं आराधना तिवारी, मनीषा, जमाता रामकृषण त्रिवेदी, एंव दुर्गेश तिवारी, अमित शुक्ला, पुत्रवधु शोभा एवं आभा और नाती पोतों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंत्येष्टि 20 मई मंगलवार सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम में संपन्न होगी।



# तुमगांव नपं अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज

**महासमुंद,** 19 मई (देशबन्धु)। तुमगांव में तिरंगा यात्रा के पहले नगर पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष में विवाद मामले में उपाध्यक्ष सावित्री निर्मलकर की शिकायत पर पुलिस ने नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू पर अश्लील गाली.गलौज और जान से मारने की धमकी के आरोप में उनके खिलाफबीएनएस की धारा 296, 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। तुमगांव थाना अंतर्गत वार्ड.13 निवासी व नगर पंचायत उपाध्यक्ष सावित्री उत्तम निर्मलकर ने थाने में शिकायत की है कि नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू व उनके पूरे परिवार ने नगर पंचायत कार्यालय में तिरंगा यात्रा के दौरान सभी पार्षद व कार्यालय के कर्मचारियों के सामने अश्लील गाली.गलौज करते हुए जान से मारने आमादा हो गया और इसके पहले भी मेरे चारपहिया वाहन को रोककर बीच रास्ते में जान से मारने की धमकी दे चुका है। इनके द्वारा शासकीय संपत्ति को बिना नीलाम, बिना सूचना बिना रसीद कटवा, चोरी कर ले जाता है मेरे द्वारा मना करने पर जान से मारने की धमकी देता रहता है। फिलहाल पुलिस शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच कर रही है। मालूम हो कि शनिवार को तुमगांव में तिरंगा यात्रा निकलने से पूर्व यहाँ के नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू और उपाध्यक्ष सावित्री निर्मलकर के बीच विवाद हो गया। जिसके आधे घंटे बाद अध्यक्ष बलरामकांत साहू के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इधर, उपाध्यक्ष सावित्री निर्मलकर व उनके समर्थक यात्रा में शामिल नहीं हुए और मामले की शिकायत लेकर वे एसपी कार्यालय पहुंचे और अध्यक्ष के खिलाफ अश्लील गाली.गलौज व जान से मारने की धमकी की शिकायत की। बाद पुलिस ने अध्यक्ष श्री साहू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# बेटियों ने पिता की अर्थी को कंधा देकर किया अंतिम संस्कार



**नवापारा राजिम,** 19 मई (देशबन्धु)। स्थानीय दिगंबर जैन समाज के संजय राजू जैन का बीमारी के उपरांत 18 मई रविवार दोपहर 12.30 बजे देह परिवर्तन हुआ उनका अंतिम संस्कार दोपहर 3.30 स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया संजय राजू जैन की तीन बेटियां अदिति मुस्कान और श्रुति है पिता की अंतिम इच्छा भी यही थी कि मेरी बेटियां ही मेरा अंतिम संस्कार करें तीनों बेटियां ने अपने पिता का अंतिम संस्कार पूरे विधि विधान पूर्वक किया।

नगर के जैन समाज में या पहला मौका था जब किसी कन्याओं ने अपने पिता की मुखाग्नि या अथवा अंतिम संस्कार किया ह हालांकि समाज के कुछ लोगों ने इसका विरोध भी किया मगर घर वालों ने बताया कि उनके पिता की अंतिम इच्छा थी कि उनका अंतिम संस्कार उनकी बेटियां ही करें। संजय राजू की अंतिम अंतिम इच्छा को जानकर समाज बौनी हो कर रह गई और उनकी अंतिम इच्छा की स्वीकृति दे दी।

विदित हो कि बेटे ही नहीं बेटियां भी आज के समय में बेटों की तरह माता-पिता के प्रति पूरा फर्ज निभाती है बेटों की ओर से की जाने वाली धार्मिक रस्मों को निभा रही है पहले पिता को चिता में मुखाग्नि सिर्फबेटा ही दे सकता था बेटियां चिता को हाथ भी नहीं लगा सकती थीं इस रूढ़िवादी सामाजिक सोच से ऊपर उठकर बेटी अदिति, मुस्कान और श्रुति ने रविवार को अपने पिता का अंतिम संस्कार किया। जब बेटियों ने अंतिम संस्कार किया तो वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखों में आंसू आ गए। दरअसल पिता की जब अंतिम यात्रा निकाली तो तीनों बेटियों दोनों बहनों रंजनी और रंजन तथा दामाद हिमांशु आगे आए और अपने पिता की अर्थी को कंधा दिया, यही नहीं बेटियां घर से लेकर मुक्ति धाम तक पिता की शव यात्रा के साथ गई।शमशान घाट में बेटियों ने पूरे रीति रिवाज के साथ पिता को मुखानी देकर उनकी अंतिम संस्कार किया।वहीं बेटियों ने अपने दिल को कडा कर सभी रश्म निभाई। बेटियों ने कहा कि उनके पिता उन्हें बेटा ही मानते थे आज उन्होंने अपने अधिकार को पूरा किया संजय राजू जैन का जीवन बहुत ही धर्म पूर्वक बीता, धर्म के प्रति विशेष रूचि थी उन्होंने पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज को अपना गुरु मानकर त्यागियो सा जीवन जिया।उन्होंने कुछ वर्षों तक समाज के बच्चों में संस्कार का बीज ओपन करने धार्मिक पाठशाला का भी कुशल संचालन किया स्वयं स्वाध्याय करते थे और नियमित रूप से समाज के लोगों को स्वाध्याय करते व कराते थे सभी साधु संतों के प्रति अटूट सेवा भाव था उनके आहार विहार और निहार की सभी क्रियो में प्रथम पंक्ति में रहते थे।

**■ बेटियों ने मुखाग्नी दी, यह देख लोग हुए भावुक आंखों में छलके आंसू**
**■ जैन समाज में पहली बार कन्याओं ने दिया पिता को कंधा और और किया अंतिम संस्कार**

# इंजीनियर पर जानलेवा हमला, 7 आरोपी गिरफ्तार
# पुलिस ने बदमाशों का मुंडन कर निकाला जुलूस

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। रविवार रात साढ़े 11 बजे मुजगहन के रिद्धि सिद्धि अपार्टमेंट में खुद को डॉन बताने वाले अमन बंजारे समेत सात बदमाशों ने पंकज कुमार सिंह नाम के व्यक्ति को घर से निकाला और बेरहमी से पीटा। इस दौरान लफ़ंगो ने पिटाई करते हुए जमकर माहौल बनाया और देखने वालों को भी आतंकित करते हुए। पंकज की इन लफ़ंगों ने ऐसी पिटाई की कि देखने वाले भी बेचैन हो गए। उसे अधमरा करने के बाद बदमाशों ने चेक भी किया कि ज़िंदा है या नहीं। फिर लोगों को चुप रहने की धमकी देते हुए आराम से चले गए। बुरी तरह घायल पंकज को लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। उसे गंभीर चोटे हैं लेकिन जान बच गई।



इधर, इस मारपीट का वीडियो कल देर रात से वायरल होना शुरू हुआ और एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह तक पहुँच गया। पुलिस भी वीडियो देखकर सक्रिय हो गई। एसएसपी ने क्राइम ब्रांच को टास्क किया की कि ये लफ़ंगे सूर्योदय तक गिरफ्त में होने चाहिए।

फिर क्या था, क्राइम ब्रांच ने रात में ही ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी। कुछ घंटे में खुद को डॉन कहने वाले मुजगहन के लफ़ंगे अमन बंजारे, राघव पटेल, साजन बंजारे, अनिल कुमार, प्रियांशु चंद्र तथा दो नाबालिगों को क्राइम ब्रांच और मुजगहन पुलिस ने दबोच लिया। थाने में सभी को वीडियो दिखाया गया और जमकर खातिरदारी की गई। सोमवार को सभी का जुलूस निकाला गया। सभी की चाल से लोगों को अंदाज़ा हो गया कि रायपुर क्राइम ब्रांच ने लफ़ंगी का अच्छे से इलाज कर दिया है। जुलूस को साथ सभी को कोर्ट में पेश कर दिया गया। सभी अब जेल की सलाखों के पीछे हैं।

# प्री-बीएड व डीएलएड प्रवेश परीक्षा को लेकर हुई बैठक



- नगर निगम आयुक्त ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश
- परीक्षा केंद्र में पेयजल-बिजली की उपयुक्त व्यवस्था करें : विश्वदीप

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप ने आज कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में बीएड-डीएड की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित करने अधिकारियों की बैठक ली। आयुक्त श्री विश्वदीप ने कहा कि परीक्षा दिवस से पूर्व परीक्षा कक्षों में रोशनी, पंखे, फर्नीचर, पेय जल व शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करें और साफ सफाई का विशेष ध्यान दें। परीक्षा केंद्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की उचित व्यवस्था करें। परीक्षों केंद्रों में उपयुक्त व्यवस्था करें और सभी अभ्यर्थी समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचे।

**प्री.बी.एड और प्री.डी.एल.एड प्रवेश परीक्षा 22 मई को:** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित प्री.बी.एड (B.Ed-25) और प्री.डी.एल.एड (DELED-25) प्रवेश परीक्षा 22 मई को 2 पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक संचालित की जायेगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए अपर कलेक्टर श्री नवीन कुमार ठाकुर को को-आर्डिनेटिंग सुपरवाइजर, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम प्रसाद रजक और रोजगार अधिकारी श्री केदार पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# रंग संस्कार महोत्सव के समापन समारोह में मशहूर अभिनेता मनोज जोशी के साथ शामिल हुए छत्तीसगढ़ी सिनेमा के अनुज शर्मा

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के रंग मंदिर में तीन दिवसीय 'रंग संस्कार महोत्सव' के समापन समारोह में हिंदी फिल्म जगत के मशहूर अभिनेता मनोज जोशी व सुपरस्टार अनुज शर्मा रहे मुख्य आकर्षण।



'रंग संस्कार महोत्सव' पिछले तीन दिनों से चल रहे इस आयोजन में चित्रकला, नाटक एवं कवि सम्मेलन जैसे अनेक विधाओं में प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने शानदार कला का प्रदर्शन दिया। इस अवसर पर हिंदी फिल्म जगत के मशहूर अभिनेता मनोज जोशी व सुपरस्टार अनुज शर्मा ने प्रतिभागियों को सम्मानित कर कार्यक्रम के सफल आयोजन पर व उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन पर हिंदी फिल्म जगत के मशहूर अभिनेता मनोज जोशी ,छत्तीसगढ़ी सिनेमा के सुपरस्टार पद्मश्री अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के अध्यक्ष एवं संस्कार भारती महानगर रायपुर के अध्यक्ष शशांक शर्मा, संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के प्रांतीय संरक्षक योगेश अग्रवाल जी सहित गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।ज्ज

# प्रदेश के 331 मेडिकल स्टोर में छापेमारी

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में आम लोगों को सस्ती और गुणवत्ता युक्त दवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार की सख्ती जारी है। औषधियों की कीमतों पर नियंत्रण और निगरानी के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 331 मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान 21 प्रतिष्ठानों में निर्धारित मूल्य का उल्लंघन पाया गया, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण के निर्देश पर राज्य में कार्यरत मूल्य निगरानी एवं संसाधन इकाई द्वारा की गई।

सीजीपीएमआरयू के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन को आवश्यक औषधियां निर्धारित कीमतों पर उपलब्ध कराई जाएं। इसी उद्देश्य से भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधीन कार्यरत एनपीपीए द्वारा 24 मार्च 2021 को छत्तीसगढ़ में मूल्य निगरानी एवं संसाधन इकाई की स्थापना की गई थी।



**21 दुकानों में निर्धारित मूल्य से ज्यादा दामों पर बेची जा रही थी दवाइयां**

यह इकाई ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर के प्रावधानों के अंतर्गत कार्य करते हुए प्रदेश में अधिसूचित औषधियों की कीमतों पर सतत निगरानी रखती है। सीजीपीएमआरयू, एनपीपीए की प्रमुख सहयोगी संस्था के रूप में कार्य करते हुए राज्य के विभिन्न औषधि प्रतिष्ठानों से जमीनी स्तर पर जानकारी एकत्र कर नियामक अनुपालन सुनिश्चित कर रही है।

सीजीपीएमआरयू के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया, च्वित्तीय वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में कुल 331 औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इनमें से 21 प्रतिष्ठानों में अधिसूचित मूल्य का उल्लंघन पाया गया है।ज्ज उन्होंने यह भी कहा कि च्इन सभी मामलों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के लिए नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी, नई दिल्ली के आईपीडीएमएस पोर्टल पर दर्ज कर लिया गया है। संबंधित संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

# राहुल गांधी ने खुद आरक्षण खत्म करने की बात कही थी उस पर कांग्रेस की चुप्पी क्यों है : केदार कश्यप

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के वन और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी में सोमवार को हुई कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस संविधान के नाम पर च्सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चलीज्ज की कहावत को चरितार्थ कर रही है। श्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस संविधान के नाम पर झूठा नैरेटिव सेट करके देश को बरगलाने की लाख कोशिश कर ले, लेकिन कांग्रेस के नितांत संविधान व लोकतंत्र विरोधी राजनीतिक चरित्र से वाकिफ देशवासी अब कांग्रेस के इस झाँसे में कतई नहीं आने वाले हैं।

श्री कश्यप ने कहा कि आज संविधान बचाने के नाम पर कांग्रेस मिथ्या प्रलाप कर रही है, जबकि कांग्रेस के शासनकाल में ही संविधान का सबसे ज्यादा मखौल उड़ाया गया। इससे अधिक शर्मनाक कृत्य और क्या हो सकता है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासनकाल में देश पर आपातकाल थोपकर न केवल मूल नागरिक अधिकारों व प्रेस की स्वतंत्रता का गला घोंटा गया था, अपितु विपक्षविहीन संसद में संविधान संशोधन करके संविधान की मूल प्रस्तावना तक को बदलने का पाप किया था। कांग्रेस ने न केवल पूरे देश को जेल बनाकर रख दिया था अपितु संसदीय लोकतंत्र और समूची संवैधानिक व्यवस्था को नष्ट-भ्रष्ट किया था। श्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली कोरी सियासी ढकोसलेबाजी है। संविधान की रचना से लेकर अब तक कदम-कदम पर संविधान की आत्मा को लहूलुहान करती आ रही कांग्रेस एक बार फिर मिथ्या प्रलाप करके अपने टूलकिट एजेंडे पर काम कर रही है। भारत में आरक्षण के नाम पर झूठ फैलाने वाली कांग्रेस अमेरिका में अपने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उस बयान पर खामोश क्यों है, जिसमें राहुल गांधी ने आरक्षण का खुलकर विरोध किया था। अब कांग्रेस किस मुंह से सँविधान की रक्षा की बात कर रही है? साम्प्रदायिक तुष्टीकरण जिस कांग्रेस की रग-रग में व्याप्त है, वह कांग्रेस लगातार संविधान की भावनाओं का खुला अपमान करके संविधान में निहित मूल्यों की रक्षा के नाम पर सिवाय पाखंड के कुछ नहीं कर रही है।



**कांग्रेस की संविधान यात्रा पर भाजपा का हमला**

श्री कश्यप ने कांग्रेस की वैचारिक दरिद्रता पर तंज कसते हुए कहा कि वामपंथ और विदेशी ताकतों से उधार में लिए गए विचारों से कांग्रेस जो नित-नये झूठे नैरेटिव चला रही है, उसमें वह अंततः मुंह की ही खाएगी। दरअसल संविधान और संवैधानिक व्यवस्थाओं का लगातार मखौल उड़ाने वाली कांग्रेस को संविधान बचाओ रैली के नाम पर पाखंड करने के बजाय आत्म मंथन करना चाहिए और संविधान, संवैधानिक व्यवस्थाओं व संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट-भ्रष्ट करने के लिए प्रायश्चित करना चाहिए। सत्ता-पिपासा के चलते कांग्रेस ने संविधान की आत्मा पर लगातार प्रहार किया है और अब कांग्रेस के लोग संविधान की किताब लहराते देशभर में संविधान को लेकर झूठ फैला रहे हैं। यह पाखंड कांग्रेस की वैचारिक दरिद्रता और दोहरे राजनीतिक चरित्र का परिचायक है।

# टीमवर्क और जवाबदेही के साथ काम करें शिक्षक-प्राचार्य : कलेक्टर

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज जे.आर. दानी कन्या विद्यालय में जिले के समस्त प्राचार्य और अधिकारियों की बैठक ली। शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तापूर्वक बनाने उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सभी प्राचार्य जवाबदेही और टीमवर्क के साथ काम करें। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्ययोजना बनाएं, हर शिक्षक अपनी जिम्मेदारी समझे और रिजल्ट ओरिएंटेड कार्य करें।



**कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग की बैठक**

कलेक्टर डॉ. सिंह ने शिक्षकों को शाला में नियमित रूप से उपस्थित रहने निर्देश दिया। शिक्षकों से उन्होंने कहा कि वार्षिक टाइम-टेबल बनाकर सिलेबस समय पर पूरा करें। शाला प्राचार्य अब बच्चों की कॉपी चेक करेंगे और जहां आवश्यकता होगी, सुझाव देंगे और बदलाव करेंगे। कलेक्टर डॉ. सिंह ने सभी से रूबरू होकर उनकी समस्याएं जानी और कहा कि शिक्षकों को अच्छे परिणाम देने प्रोत्साहित करे ताकि रायपुर जिले का परिणाम बेहतर हो। बैठक में संयुक्त संचालक श्री राकेश पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय खंडेलवाल, शाला प्राचार्य और समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# सिपेट में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 9 जून को होगी ऑनलाइन परीक्षा

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में सुनहरा अवसर एक बार फिर सिपेट के माध्यम से सामने आया है। केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान ने शैक्षणिक सत्र 2025 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसके लिए टेस्ट 2025 का आयोजन 9 जून को ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। संस्थान द्वारा संचालित रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 29 मई निर्धारित की गई है। राजधानी रायपुर के भनपुरी स्थित सिपेट संस्थान में आज पत्रकारों के लिए विशेष शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जहां संस्थान की गतिविधियों, तकनीकी सुविधाओं और रोजगार अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी गई।




संस्थान के प्रधान निदेशक डॉ. आलोक साहू ने बताया कि सिपेट अध्ययन, शोध, विकास एवं औद्योगिक तकनीक उन्नयन के क्षेत्र में एक अद्वितीय संस्थान है। रसायन व उर्वरक मंत्रालय एवं रसायन व पेट्रोरसायन विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत संपूर्ण देश में संस्थान विशिष्टता से संचालित है। छत्तीसगढ़ राज्य में सिपेट के दो केंद्र स्थापित हैं, जिनमें राजधानी रायपुर और ऊर्जा राजधानी कोरबा सम्मिलित हैं। रायपुर में प्लॉट नं. 48, औद्योगिक क्षेत्र भनपुरी तथा कोरबा में स्याहीमुड़ी ग्राम के एजुकेशन हब में स्थित है।

डॉ. आलोक साहू द्वारा बताया गया कि विगत 5 वर्षों में लगभग 900 से अधिक छात्रङ्कछात्राओं ने पढ़ाई की, जिन्हें 4 लाख से 8 लाख रुपए तक के वार्षिक पैकेज पर नियोजन दिलाया गया है। साथ ही बताया गया कि सिपेट के विभिन्न केंद्रों में डिप्लोमा से लेकर क्कद्धष्ठ की पढ़ाई तक की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

सिपेट में संचालित पाठ्यक्रमों, कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं सत प्रतिशत रोजगार के अवसरों के साथ-साथ, सिपेट में उपलब्ध तकनीकी सुविधाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए प्रदेश के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जगत के प्रतिनिधियों ने आज सिपेट के भनपुरी स्थित संस्थान का च्शैक्षणिक भ्रमणज्ज का कार्यक्रम आयोजित किया। साथ ही सिपेट के प्रधान निदेशक एवं प्रमुख डॉ. आलोक साहू से प्लास्टिक के क्षेत्र में रोजगार के अवसर एवं सिपेट की भूमिका पर सभी प्रतिनिधियों की चर्चा हुई।

# जूडो ने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। राज्य में एमबीबीएस और पीजी डॉक्टरों की अनुबंध पदस्थापन में हो रही देरी को लेकर जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति मेडिकल कॉलेज एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के अध्यक्ष डॉ. रेशम सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने यह ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश के लगभग 700 एमबीबीएस पासआउट डॉक्टर और 200 पीजी विशेषज्ञ डॉक्टर पिछले 3-4 महीनों से बॉन्ड के तहत अनुबंध पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इससे न केवल युवा चिकित्सकों के करियर पर असर पड़ रहा है, बल्कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी के कारण आम जनता को भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं।

**शीघ्र अनुबंध पदस्थापना की रखी मांग**

एसोसिएशन ने मांग की कि बॉन्ड सेवा की पदस्थापन प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से काउंसलिंग के माध्यम से प्रारंभ किया जाए, जिससे योग्य डॉक्टरों को उनकी योग्यता और पसंद के अनुसार कार्यस्थल मिल सके और वे शीघ्र सेवा में योगदान दे सकें।

**प्रमुख मांगें-** एमबीबीएस एवं पी जी डॉक्टर्स की शीघ्र अनुबंध पदस्थापना, स्थान आवंटन हेतु पारदर्शी काउंसलिंग प्रक्रिया लागू की जाए।राज्य के अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी दूर करने तत्काल निर्णय लिया जाए। डॉ. रेशम सिंह ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि चिकित्सा शिक्षा विभाग इस विषय को गंभीरता से लेकर आवश्यक कार्यवाही करेगा, जिससे राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ हो सकें ।

# हिट एंड रन के तीन पीड़ितों को मिली 2-2 लाख की राहत राशि

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। सड़क दुर्घटनाओं में तेजी से हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा हिट एंड रन मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022 लागू की गई है।

राहत राशि के लिए आवेदनकर्ता को प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR), मृत्यु प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), शव परीक्षण रिपोर्ट, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण और दुर्घटना से संबंधित अन्य दस्तावेजों के साथ अपने क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के पास आवेदन करना होता है।

रायपुर जिले में अब तक हिट एंड रन के 40 मामलों में कुल 80 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर दी गई है। इनमें से तीन पीड़ितों- श्रीमती तिजेश्वरी बाई साहू (रावाभाठा, रायपुर), श्रीमती रगसिल यादव (ग्राम पसौरी, तिल्दा-नेवरा) और श्री अशोक वर्मा (ग्राम निनवा, तिल्दा-नेवरा) को आज दो-दो लाख रुपये की राशि सीधे उनके खातों में भेजी गई।

उल्लेखनीय है कि हिट एंड रन की घटनाएं वह होती हैं, जहां कोई अज्ञात वाहन चालक किसी व्यक्ति, वाहन या संपत्ति को टक्कर मारकर बिना रुके, मदद किए या पुलिस को सूचना दिए मौके से फरार हो जाता है। ऐसे मामलों में पीड़ित या उनके परिजन सरकार से मुआवजा प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के तहत यदि किसी की मृत्यु होती है, तो मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये तथा यदि कोई व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होता है, तो उसे 50 हजार रुपये की राहत राशि दी जाती है।

# वक्ता मंच ने वृद्धाश्रम को सालभर के लिए डायपर गिफ्ट किया

**रायपुर,** 19 मई (देशबन्धु)। प्रदेश की प्रतिष्ठित सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच अपने समाज सापेक्ष कार्यों की कड़ी में रविवार की शाम सुंदर नगर स्थित प्रशामक अतिथि गृह (वृद्धाश्रम) पहुंची। उल्लेखनीय है कि इस सेंटर में अशक्त व बीमार निराश्रित बुजुर्गों की सेवा, चिकित्सा, देखभाल, आवास व भोजन का प्रबंध कुशलतापूर्वक किया जा रहा है। इस सेंटर में बिस्तर पर ही पड़े रहने वाले बीमार बुजुर्गों के लिए राकेश कुमार ने 1000 नग डायपर प्रदान किये गये। ये डायपर लगभग एक वर्ष तक के लिये पर्याप्त है।

वक्ता मंच के माध्यम से प्राप्त इस गिफ्ट से आश्रम के बुजुर्गों एवं संचालन समिति के सेवाभावी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। आश्रम की संचालिका ममता शर्मा ने कहा कि उन्हें प्रतिमाह लगभग 90 नग डायपर की जरूरत पड़ती है। डायपर थोड़े महंगे होने के कारण इसकी व्यवस्था करने में दिक्कत होती थी। लेकिन वक्ता मंच के माध्यम से राकेश कुमार व उनके परिवार द्वारा उपलब्ध इस गिफ्ट से सबको बहुत राहत मिली है। इस अवसर पर थिटे परिवार द्वारा बुजुर्गों हेतु रात्रि भोज भी दिया गया। अक्सर दानदाता अपने परिवार के दिवंगत स्वजनों की स्मृति में ऐसे आयोजन करते है द्य लेकिन इस परंपरा से हटकर राकेश कुमार द्वारा कैंसर से पीड़ित अंतिम स्थिति में पहुंच चुके अपने जीवित ससुर की ओर से अपनी सास व अन्य परिजनों के साथ यह गिफ्ट प्रदान किया गया जिसकी सर्वत्र सराहना की जा रही है द्य आज के आयोजन की प्रेरणा व मुख्य अतिथि युवा संस्था के प्रमुख व जी एस टी अधिकारी एम राजीव थे। कार्यक्रम में वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते, संयोजक शुभम साहू, डॉ गोपा शर्मा, ज्योति शुक्ला, प्रतिमा राजीव, मुकेश टिकरिहा, सुनीता कुमारी, अतल शुक्ला, अंकुर शुक्ला, उमा स्वामी, मानसी शर्मा, आशीष शुक्ला, चंद्रकला त्रिपाठी, डॉ इंद्रदेव यदु, दुर्गेश साहू, चंद्रशेखर साहू, डॉ भारती अग्रवाल, नीतू अग्रवाल सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे। समस्त उपस्थितजनों ने अगले कुछ घंटे आश्रम के बुजुर्गों के मध्य पारिवारिक माहौल में व्यतीत किए। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर 10 वर्ष के ओम शुक्ला ने अपनी पॉकेट मनी की बचत से एकत्र पैसों से समस्त बुजुर्गों को अमूल छाछ के पैकेट वितरित किए। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी है कि मंच द्वारा समाज व साहित्य सेवा के क्षेत्र में नये प्रकल्प आरम्भ किए जायेंगे।



उल्टा पुल्टा

चिंटू- मम्मी प्लीज ये रस्सी अपनी जीभ से काट दो।
मम्मी- बेवकूफ रस्सी जीभ से कैसे कट सकती है?
चिंटू- क्यों? कल ही तो पापा कह रहे थे कि आपकी जुबान कैंची की तरह चलती है।

## संपादकीय

### अभिभावकों के झगड़ों में पिसते बच्चे

*यह सचमुच बहुत दुर्भाग्यजनक है कि अभिभावकों के परस्पर मनमुटावों और झगड़ों का शिकार अक्सर बच्चे होते हैं। जिन परिवारों में बड़ों के बीच तनाव होता है उनका खामियाज़ा विभिन्न तरीकों से बच्चों को भुगतना होता है- फिर झगड़ा चाहे जिस भी कारण से हो। ऐसे बच्चों की उपेक्षा तो होती ही है, उन्हें मां-बाप ही नहीं, पूरे परिवार के लाड़-प्यार एवं देखभाल से वंचित होना पड़ता है। अक्सर झगड़े या विवाद में पड़े अभिभावकों का गुस्सा उन पर उतरता है। कभी वे उनसे गालियां सुनते हैं तो अक्सर उनके हाथों वे मार खाते हैं। विभिन्न तरह की प्रताड़नाएं भी उन्हें झेलनी पड़ती हैं। ऐसे परिवारों की आर्थिक स्थिति भी बिगड़ने लगती है जिससे बच्चों की सुविधाओं में कटौतियां होती हैं। कई बार तो यह भी देखा जाता है कि इसके कारण वे शिक्षा से तक वंचित कर दिये जाते हैं। जो आनंद एक सुखी परिवार के बच्चे उठाते हैं वह ऐसे बच्चों को नहीं मिलता जो कि उनका नैसर्गिक व संवैधानिक अधिकार होता है।*

*इस तरह के परिवारों के परिवेश का उन पर बहुत खराब असर होता है। ये बच्चे हमेशा डरे-सहमे से रहते हैं और उनका स्वाभाविक विकास नहीं हो पाता। कभी उन्हें पर्याप्त आहार नहीं मिलता तो कभी उनके स्वास्थ्य की उपेक्षा होती है। उन्हें कभी एक या कभी दोनों पक्षों (मां-बाप) की ओर से प्रताड़ना मिलती है। जब तक ऐसे अभिभावकों के बच्चे छोटे होते हैं तो उन्हें बात बहुत समझ में नहीं आती लेकिन जब वे बड़े हो जाते हैं तो उन्हें घर से नफ़रत हो जाती है। अक्सर वे खिन्न रहते हैं। यह भी देखा गया है कि वे घरों को छोड़ देते हैं। उनमें गुस्सा या कुंठा भर जाती है। बचपन हो या किशोरावस्था अथवा युवावस्था- वे हमेशा चिड़चिड़े और असहज रहते हैं।*

*सर्वाधिक घातक परिणाम जो झगड़ालू अभिभावकों के बच्चों को झेलना पड़ता है, वह है उनके साथ होने वाली शारीरिक हिंसा। इस मार-पीट से उन्हें चोटें पहुंचती हैं। कभी तो वे इतनी गम्भीर होती हैं कि बच्चे (किसी भी उम्र के हों) स्थायी रूप से विकलांग हो जाते हैं अथवा कई बार उन्हें मां या बाप के गुस्से का शिकार होकर अपनी जान तक गंवानी पड़ जाती है। जशपुर जिले के एक गांव ढोढ़ीबहार निवासी विमल मिंज को अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका थी। इसके चलते दोनों के बीच हरदम विवाद होता रहता था। गुरुवार को भी दोनों के बीच कहा-सुनी हुई। नाराज़ विमल धारदार हथियार लेकर पत्नी को मारने पर आमादा हो गया। वह भागने लगी। क्रोधित विमल ने वहीं खेल रही ढाई वर्ष की अपनी बेटी की गला रेत कर हत्या कर दी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना बताती है कि किस प्रकार से बच्चे ऐसे विवादों का फल भुगतते हैं।*

# मानदेय की मांग को लेकर सफाई कामगारों ने दिया नगर निगम में मौन धरना प्रदर्शन

**दुर्ग**, 19 मई (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले कामगारों ने आज अपने मानदेय की मांग को लेकर लगभग 3 घंटे तक नगर निगम परिसर में धरना देकर मौन प्रदर्शन किया। बाद में नगर निगम आयुक्त द्वारा दो दिनों में वेतन भुगतान का आश्वासन देने के बाद धरना वापस लिया गया। इन सभी कामगारों ने आज अपना रूटीन का कचरा कलेक्शन कार्य पूरा करने के बाद धरना प्रदर्शन किया। इस सिलसिले में सफाई मजदूर कामगार संघ के महामंत्री रवि कुमार सोनी ने कहा है कि यदि सफाई कामगारों को दो दिनों में मानदेय भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन का विस्तार किया जायेगा।



नगर निगम दुर्ग के 60 वार्डो में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कर कचरा संग्रहण केन्द्र ले जाने वाली स्वच्छता दीदियों को प्रतिमाह की 6 तारीख को उनका मानदेय मिल जाता था किंतु आज महिने की 19 तारीख हो जाने पर भी मानदेय न मिलने से आक्रोशित स्वच्छता दीदियों ने अपना रूटीन में किया जाने वाला कचरा कलेक्शन करके एसएलआर सेंटरों में पहुंचाने के बाद सुबह लगभग साढ़े 10 बजे नगर निगम परिसर में पहुंचे और बैठ गये। पूरा धरना प्रदर्शन मौन रहा। इस बीच इन्होंने न किसी से बात की और न नगर निगम के किसी अधिकारी कर्मचारी ने ही इनसे बात की। नगर निगम आयुक्त भी नगर निगम नहीं पहुंचे थे। दोपहर लगभग एक बजे इन सफाई कामगार मजदूर संघ के महासचिव रवि कुमार सोनी, दुर्ग जिला इकाई के महासचिव धरम नागेश ने मोबाईल पर नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल से बात की। श्री अग्रवाल ने दो दिनों के भीतर वेतन भुगतान कर देने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात धरना प्रदर्शन का समापन किया गया।

**दो दिनों में कर दिया जायेगा भुगतान : कमीश्नर**

इस संबंध में नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि एमसीसी (मिशन क्लीन सिटी) के तहत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के तहत कार्य कर रही दुर्ग नगर निगम 562 स्वच्छता दीदियों को नगर निगम द्वारा भुगतान किया जाता था। अब राज्य शासन का निर्देश है कि इन्हें एएलएफ के जरिये भुगतान किया जायेगा। यह भुगतान सीधे स्वच्छता दीदियों के बैंक खाते में जमा किया जायेगा। इस पर यह पूछे जाने पर इस व्यवस्था से नगर निगम को किस तरह का लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इससे लाभ हानि क्या ? राज्य शासन का आदेश तो पालन करना होगा।

उल्लेखनीय है कि इस योजना में दुर्ग नगर निगम में 562 स्वच्छता दीदियां कार्यरत है।

# गंजपारा में दिन दहाड़े 18 लाख की उठाईगिरी

**दुर्ग**, 19 मई (देशबन्धु)। गंजपारा वार्ड में आज दिनदहाड़े एक कलेक्शन एजेंट की स्कूटी में रखे 18 लाख रूपयों से भरे बैग को पार कर दिये जाने की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना के लगभग 6 घंटे बाद भी आरोपी का कोई सुराग नहीं मिला है। एसपी सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल का मुआइना कर चुके है। आसपास की दूकानों में लगे सीसीटीवी की सहायता से पुलिस जांच में लगी है। शहर की सीमाओं पर नाकेबंदी तक सभी थानों को भी मैसेज कर एलर्ट कर दिया गया है। कोतवाली पुलिस ने कलेक्शन एजेंट की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है।

- **मामला दर्ज, नाकेबंदी पर अब तक नहीं मिला कोई सुराग**

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर कलेक्शन एजेंट नमन चंदा कंपनी की स्कूटी की डिस्की में रकम रखकर एक बैंक में पैसा जमा करने गया। उसके बाद वह शेष रकम ले दूसरे बैंक के लिये रवाना हो गया। इसी बीच गंजपारा में लक्ष्मी ट्रेडर्स में कुछ काम होने से रूका और गाड़ी पार्क कर लक्ष्मी ट्रेडर्स चला गया। वहां से लौटकर देखा तो डिग्गी में पैसे नहीं थे। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# ग्रामीणों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़े, विधायक चंद्राकर ने दी अधिकारियों को हिदायत



- **अंजोरा ख में लगा समाधान शिविर**

**दुर्ग**, 19 मई (देशबन्धु)। सुशासन शिविर के अंतर्गत अंजोरा ख में समाधान शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में विधायक ललित चंद्राकर ने प्रदेश की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का विवरण देते हुए लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों को बार बार विभिन्न विभागों के दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़े। ग्रामीणों की मांगों व जरूरतों को लेकर वास्तविक स्थिति की स्पष्ट तौर पर पूरा जानकारी दें। विधायक ललित चंद्राकर ने इस अवसर पर ग्रामीणों को जल संरक्षण और बाल विवाह की रोकथाम को लेकर शपथ दिलाई।

शिविर में 15 ग्राम पंचायतों से 7 हजार 477 आवेदन मिले। इनमें 7 हजार 249 आवेदनों का निराकरण किया गया। जनपद पंचायत दुर्ग को 5 हजार 932 मिले आवेदनों में से 5 हजार 844 आवेदनों का निराकरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के कुल मिले 3 हजार 51 आवेदनों में से 3 हजार 44 आवेदनों का निराकरण किया गया। इसी तरह पेंशन के लिये, स्वच्छ मिशन, राशन कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं के तहत मिले आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई। 6 माह ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया 53 पुलिस कर्मियों का तबादला

**दुर्ग**, 19 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने आज जिले के 53 पुलिस कर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। जिसमें 11 एएसआईए 9 हवलदार और 33 आरक्षक शामिल है। लाइन से एएसआई संतोष कुमार सिंह एसीसीयू, दुर्ग थाना किरेन्द्र सिंह एसीसीयू, लाइन से खोमन प्रसाद पाण्डेय थाना कोतवाली दुर्ग, लाइन से दिनेश्वर रात्रे रानीतराई, लाइन से पुनीतराम वर्मा थाना भिलाई भठ्ठी, लाइन से शशिकांता थाना वैशाली नगर, लाइन से नेतराम पाल थाना खुर्सीपार, लाइन से राजेश तिवारी सुपेला, लाइन से ताल सिंह कुम्हारी, लाइन से करन सोनकर पाटन।

हवलदार दुर्ग कोतवाली से योगेश चंद्राकर एसीसीयू, लाइन से मनोज कुमार थाना दुर्ग कोतवालीए भिलाई नगर से प्रेमकुमार सिंह एसीसीयू, लाइन से खिलेश नेताम भिलाई नगर, लाइन से कांति कुमार रानीतराई, लाइन से विनोद कुमार लिटिया सेमरिया, लाइन से विनोद कुमार अमलेश्वर, लाइन से डिकेन्द्र तिवारी वैशाली नगर, लाइन से मनोज कुमार पुलगांव। आरक्षक पुरानी भिलाई विशाल कुमार एसीसीयू, दुर्ग कोतवाली नासीर बख्श एसीसीयू, सुपेला अजीत सिंह एसीसीयू।

- **11 एएसआई, 9 हवलदार, 33 आरक्षक का तबादला**

हीरामन कुमार साहू एसीसीयू, मोहन नगर कांति शर्मा एसीसीयू, सुपेला विवेक कुमार सिंह एसीसीयू, उतई शेखर भट्ट एसीसीयू, लाइन से मनीष पाण्डेय थाना उतई, लाइन से विवेक सिंह छावनी, लाइन से भूपेन्द्र हरदेव बोरी, लाइन से चंद्रशेखर यादव बोरी, लाइन से भूपेन्द्र कुमार चौकी नगपुरा, लाइन से खेमराज, चिरंजीव चौकी लिटिया सेमरिया, लाइन से संतोष निर्मलकर सुपेला, लाइन से तौषिक अकरम थाना ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# गुरू घासीदास वार्ड से चला महासफाई अभियान

## नालियों पर अतिक्रमण व डिस्पोजल कचरा देख भड़की महापौर

**दुर्ग**, 19 मई (देशबन्धु)। नगर निगम का महासफाई अभियान आज कसारीडीह जोन के अंतर्गत वार्ड 44 गुरू घासीदास वार्ड में चलाया गया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने गुरूघासीदास वार्ड की सभी सड़कों गलियों एवं बस्तियों में पैदल भ्रमण कर वहां की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने जगह जगह नालियों में किये गये अतिक्रमण व भवन निर्माण सामग्रियों सहित अन्य वस्तुएं रखकर मार्ग बाधित करने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ चल रहे अधिकारियों को संबंधित लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने नालियों में डिस्पोजल पड़े देखकर भी नाराजगी व्यक्त की और लोगों को दुबारा इस तरह नालियों के पानी को न रोकने की हिदायतें दी।



महापौर श्रीमती बाघमार ने नगर निगम की जमीन पर अवैध रूप से बिल्डिंग मटेरियल रखने पर कार्रवाई के निर्देश देते हुए अधिकारियों से कहा कि बिल्डिंग मटेरियल के व्यापारियों पर गुमाशता एवं ट्रेड लाइसेंस निरस्त कर चालानी कार्रवाई की जायेगी। ईडब्ल्यूएस कालोनी की क्षेत्र की गलियों पर भी किये गये अवैध कब्जों को हटाकर साफ सफाई कराने का निर्देश देते हुए अवैध कब्जा करने वालों को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के भी निर्देश साथ चल रहे अधिकारियों को दिये।

महापौर अलका बाघमार के साथ इस मौके पर स्वास्थ्य प्रभारी एमआईसी नीलेश अग्रवाल, नरेन्द्र बंजारे, वार्ड पार्षद मनीष कोठारी, उपअभियंता विनोद मांझी, प्रेरणा दुबे, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पंकज, सुरेश भारती सहित अन्य लोग थे।

# इंदिरा मार्केट से कुआं चौक, पटवा लाईन तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, सामानों की जब्ती की गई

**दुर्ग**, 19 मई (देशबन्धु)। नगर निगम का महासफाई अभियान आज कसारीडीह जोन के अंतर्गत वार्ड 44 गुरू घासीदास वार्ड में चलाया गया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने गुरूघासीदास वार्ड की सभी सड़कों गलियों एवं बस्तियों में पैदल भ्रमण कर वहां की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने जगह जगह नालियों में किये गये अतिक्रमण व भवन निर्माण सामग्रियों सहित अन्य वस्तुएं रखकर मार्ग बाधित करने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ चल रहे अधिकारियों को संबंधित लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने नालियों में डिस्पोजल पड़े देखकर भी नाराजगी व्यक्त की और लोगों को दुबारा इस तरह नालियों के पानी को न रोकने की हिदायतें दी।



महापौर श्रीमती बाघमार ने नगर निगम की जमीन पर अवैध रूप से बिल्डिंग मटेरियल रखने पर कार्रवाई के निर्देश देते हुए अधिकारियों से कहा कि बिल्डिंग मटेरियल के व्यापारियों पर गुमाशता एवं ट्रेड लाइसेंस निरस्त कर चालानी कार्रवाई की जायेगी। ईडब्ल्यूएस कालोनी की क्षेत्र की गलियों पर भी किये गये अवैध कब्जों को हटाकर साफ सफाई कराने का निर्देश देते हुए अवैध कब्जा करने वालों को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के भी निर्देश साथ चल रहे अधिकारियों को दिये।

महापौर अलका बाघमार के साथ इस मौके पर स्वास्थ्य प्रभारी एमआईसी नीलेश अग्रवाल, नरेन्द्र बंजारे, वार्ड पार्षद मनीष कोठारी, उपअभियंता विनोद मांझी, प्रेरणा दुबे, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पंकज, सुरेश भारती सहित अन्य लोग थे।

# विधिवत पोस्ट मॉर्टम एवं एमएलसी रिपोर्ट लेखन पर कार्यशाला

**दुर्ग**, 19 मई (देशबन्धु)। जिलाधीश सभागार में आज विजय अग्रवाल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग, अजय दानी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग तथा सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू की उपस्थिति में आपराधिक प्रकरणों में एमएलसी कर्ता एवं उपचार करने वाले डॉक्टर का साक्ष्य की दृष्टि से महत्वए अभियोजन साक्ष्य के रूप में उनकी भूमिका, मेडिकोलीगल प्रकरण एवं पोस्टमार्टम से संबंधित प्रकरणों में पुलिस जांच विवेचना में आने वाली विभिन्न व्यवहारिक समस्या एवं उनके निदान व आपसी समन्वय से प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर विस्तार से चर्चा की गयी।



कार्यशाला में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय दानी, फॉरेंसिक एक्सपर्ट डॉ पीयूष कुमार सिंह, डॉ काव्येश साहू, डॉ सीमांत सिंह द्वारा कार्यशाला में उपस्थित डॉ एवं पुलिस अधिकारीयों को विस्तार से एमएलसी पीड़ित के उपचार से संबंधित मेडिकल रिपोर्ट संबंधी दस्तावेज एवं पीएम रिपोर्ट में अभियोजन साक्ष्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया साथ ही विवेचना के दौरान साक्ष्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण बिंदुओं के समावेश किए जाने वाले बिंदुओं के बारे में बताया गया एवं आने वाले व्यवहारिक दिक्कतों पर चर्चा कर उनका निदान किया गया

कार्यशाला में उपसंचालक अभियोजन अनुरेखा सिंह, जिला अभियोजन अधिकारी

# उरला में ट्रेचिगं ग्राउण्ड हटाया जायें : बसपा

**दुर्ग**, 19 मई (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी की दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र इकाई ने उरला वार्ड में ट्रेचिंग बनाकर कचरा डंप किये जाने का विरोध किया है। कलेक्टर जनदर्शन में पार्टी के दुर्ग शहर विधानसभा अध्यक्ष सचिन गवई ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि उरला ट्रेचिंग ग्राउण्ड में शहर भर का कचरा कलेक्शन कर वहां लाकर जलाया जाता है। इससे वार्ड के निवासियों की दिनचर्या प्रभावित होने के साथ ही स्वास्थ्य संबंधित दिक्कते आ रही है। उन्होंने तत्काल ही उरला वार्ड में कचरा डंपिंग हटाने की मांग की है।

# परपोड़ी क्षेत्र में डराते मौत के आंकड़े

## अस्पताल में न शव वाहन, न एंबुलेंस, 45 डिग्री में 1 घंटे तक तड़पते रहे घायल

**परपोड़ी**, 19 मई (देशबन्धु)। परपोड़ी। प्रशासन लोगों की स्वास्थ्य को लेकर तमाम दावे कर ले लेकिन हकीकत कुछ और ही है। बीते दिनों शुक्रवार को परपोड़ी क्षेत्र में दो घटना हुई जिसमें भटगांव मार्ग के अंधे मोड़ पर दुपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इसमें देवरबीजा निवासी धनंजय भारती व ताकेश्वर बघेल घायल हो गए। दोनों घायल दोपहर 1:00 बजे की तपती और 45 डिग्री तापमान की गर्मी में 1 घंटे तक दुर्घटना स्थल पर तड़पते रहे।

**एसपी के वाहन से घायल पहुंचे अस्पताल**

वह तो क्षेत्र के दौर में निकले बेमेतरा के एसपी रामकृष्ण साहू को मीडिया के माध्यम से सूचना मिल गई तब कहीं जाकर घायल मरीजों को शासकीय अस्पताल परपोड़ी एसपी के वाहन से पहुंचाया गया। जहां घायलों को प्राथमिक उपचार मिल सका। लेकिन घायलों की मुसीबत यहां भी काम नहीं हुई क्योंकि परपोड़ी में एमबीबीएस डॉक्टर ना होने से आर एम ए ही पूरे इलाज की व्यवस्था देख रहे हैं। इसी प्रकार दूसरी घटना नगर के समीप ग्राम पथर्रीकला में हुई जहां हत्या एवं आत्महत्या का मामला सामने आया। पथर्रीकला पर भी शवों को पोस्टमार्टम के लिए ट्रैक्टर से ले जाया गया और वह भी पंचर हो गया ऐसे में शव वाहन एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था न होना स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।





**50 हजार की आबादी लेकिन एमबीबीएस डॉक्टर नहीं**

परपोड़ी एवं आसपास के 30 से 40 गांव स्वास्थ्य सुविधा के लिए शासकीय अस्पताल पर निर्भर हैं जिसमें परपोड़ी के अलावा दनिया, नवागांव बड़े पथर्री, छोटे पथर्री, पतझोरी, सुहागपुर, मुड़िया, बेंदरचूआ, चेचानमेटा, रानो, जानो, छोटे कोंगिया, बड़े कोंगिया, तुमड़ीपार, मासूलगोंदी, नवागांव, भटगांव, कब कामकावाड़ा, बंजारपुर, बुढेरा, बगडुमार, तिरियाभाठ, सोनपांडर, गोड़मर्रा, गातापार, गाड़ाडीह, अगार आदि गांव शामिल है। इन क्षेत्रों की 50 हजार आबादी शासकीय अस्पताल परपोड़ी पर निर्भर है लेकिन प्रशासन ने आज तक अस्पताल में एमबीबीएस चिकित्सक की व्यवस्था नहीं की है। ऐसे में प्राथमिक उपचार के बाद आर एम ए द्वारा तय किया जाता है कि मरीज को उपचार स्थानीय स्तर पर होगा या रेफर किया जाएगा। ऐसे मरीज के इलाज में हुआ निर्णय और समय के कारण हुई देरी से मरीज की मौत का कारण तक बन सकती है लेकिन प्रशासन के द्वारा इस लगातार लापरवाही की जा रही है।

**सुशासन तिहार में भी डॉक्टर की मांग अधूरी**

सुशासन तिहार में लोगों ने शासकीय अस्पताल में एमबीबीएस चिकित्सक की मांग की थी लेकिन सुशासन तिहार का एक माह गुजर गया। जब डॉक्टर ही नहीं है तो आखिर अस्पताल में इलाज होगा कैसे ? आम लोगों की मांग के बाद भी अस्पताल से डॉक्टर नहीं है। तब स्वास्थ्य की सेवाओं में सुधार सुशासन तिहार के जरिए तो हो ही नहीं सकता है। 50 हजार की आबादी स्वस्थ के लिए तरस रही है। यह ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

शासन द्वारा डॉ ओम वैष्णव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परपोड़ी में पदस्थ किया गया है।

**डॉ यशवंत धुर्वे**
मुख्य चिकित्सा अधिकारी

# काबुली वाले बाबा के उर्स पाक का कव्वाली जंगी मुकाबले के साथ समापन

**दुर्ग**, 19 मई (देशबन्धु)। दुर्ग शहर के ऐतिहासिक और कौमी एकता की मिशाल पेश करता छत्तीसगढ़ की मशहूर दरगाह हजरत बाबा सैय्यद अब्दुलरहमान शाह काबुली रहमतुल्लाह अलैह के 73वे उर्स मुबारक पर शानदार 5 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अंतिम दिन मशहूर कव्वाल शाकिब अली साबरी एवं गुलाम हबीब पेंटर के बीच शानदार जंगी कव्वाली का मुकाबला हुआ इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, थाना प्रभारी विजय यादव, पुष्पेंद्र भट्ट, ममता अली शर्मा शामिल हुए। सालाना उर्स पाक कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश देशलहरा और द्वारा बैच लगाकर सम्मान किया गया।



# यातायात पुलिस ने नगर निगम एवं लोनिनि को सड़क किनारे रोड मार्किंग करने भेजा पत्र

**दुर्ग**, 19 मई (देशबन्धु)। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) ने दुर्ग नगर निगम के आयुक्त एवं कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को परिपत्र भेजकर वे अपने अपने क्षेत्र में दुर्ग शहर के प्रमुख सड़कों एवं बाजार क्षेत्रों में सड़क किनारे सफेद पट्टी से रोड मार्किंग कराने का आग्रह किया है। उन्होंने दोनों ही संस्था प्रमुखों से कहा है कि रोड मार्किंग होने से भविष्य में किसी भी अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सकेगा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) ने उक्त दिनों विभागों लोक निर्माण एवं नगर निगम को भेजे गये परिपत्र में कहा है कि शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों जहां पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है और लोग अपने वाहन बेतरतीब रख देते है जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ऐसी स्थिति में सड़क के दोनों ओर सफेद पट्टी लगाकर रोड मार्किंग करना जरूरी है। ऐसे मार्गो में इंदिरा मार्केट से ग्रीन चौक, ग्रीन चौक से राजेन्द्र पार्क तक, जेल तिराहा से पोटिया तक एवं महाराजा चौक से बोरसी तक सड़क किनारे रोड मार्किंग करने के लिये कहा है।

# डॉ. पूजा को सहज योग ध्यान पर पीएचडी की उपाधि प्रदान



**धमधा,** 19 मई (देशबन्धु)। धमधा वार्ड क्रमांक 7 निवासी पूजा सोनकर को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) द्वारा जारी पीएच.डी. अधिसूचना के अनुसार, 'Impact of Sahaja Yoga Meditation on Selected Psychological Variable and Ventilatory Functions in Relation to Different Age Group' विषय पर सफल शोध के लिए च्डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (क्ण्ड्ढ.ष्ठ.)ज् की उपाधि प्रदान की गई है। यह शोध कार्य शारीरिक शिक्षा संकाय के अंतर्गत, प्रो. (डॉ.) राजीव चौधरी, शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के निर्देशन में संपन्न हुआ। डॉ. पूजा का यह शोध च्साहज योग ध्यानज् के मनोवैज्ञानिक एवं श्वसन कार्यों पर प्रभाव तथा विभिन्न आयु वर्गों में इसके तुलनात्मक प्रभावों पर केंद्रित था, जो कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य एवं जीवनशैली से संबंधित शोधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।डॉक्टर पूजा ग्राम मेड़ेसरा (मूल निवासी रवेली) श्री चिंता राम सोनकर की सुपुत्री और धमधा निवासी श्री वेदप्रकाश माली की धर्म पत्नी है तथा अभी वर्तमान में शासकीय महाविद्यालय चारामा जिला उ ब कांकेर में स्पोर्ट ऑफिसर के पद पर कार्यरत है।इस शोध के सफल संपादन एवं पीएच.डी. उपाधि की प्राप्ति पर विश्वविद्यालय परिवार, शारीरिक शिक्षा विभाग तथा समस्त शैक्षणिक समुदाय की ओर से डॉ. पूजा एवं उनके मार्गदर्शक प्रो. (डॉ.) राजीव चौधरी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं।

# ठगी का आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 19 मई। जमीन, सोने का सिक्का एवं गोवा टूर एण्ड ट्रवेल्स के नाम 70 लाख की थोखाधड़ी करने वाले आरोपी को दुर्ग पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरूद्ध पूर्व में थोखाधड़ी के दो प्रकरण बिलासपुर में दर्ज है। पुलिस प्रवक्ता श्रीमती पद्मश्री तंवर ने बताया कि प्रार्थीया श्रीमती सुषमा सिंह पति विरेन्द्र सिंह निवासी पुरानी भिलाई थाना पुरानी भिलाई ने शिकायत दर्ज की कि वर्ष 2022 में एक डिजायर ताज वेकेशन के नाम से सूर्या ट्रेजर आईलेन्ड में आफिस खोला गया था जहा पर डिजायर ताज वेकेशन के डायरेक्टर पिन्ट के द्वारा 10 साल की मेम्बर शीप लेने पर 1000 वर्गफीट जमीन, सोने का सिक्का एवं दूर एण्ड ट्रेवल्र्स में फ्लाईट से गोवा ट्रीप में रहने खाने पीने का खर्च कंपनी के द्वारा दिये जाने का लोक लुभवान स्कीम बताकर लोगो को अपने झांसा में लिया गया था। जिसके झांसा में आकर प्रार्थिया सुषमा सिंह, श्रीमती उषा देवी, संजना देवांगन, पंकज दिल्लीवार, श्रीमती एकता बंजारे, के, प्रियंका, ची. नागेश्वर, शंशाक सार्वा, एस. कल्याणी, श्रीमती गंगा बाई, अन्य लोगों से करीबन 70 लाख रू प्राप्त कर धोखाधड़ी किया गया है। थाना सुपेला चौकी स्मृति नगर में धारा 420, 34 कायम कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की पतासाजी हेतु निरीक्षक विजय यादव थाना प्रभारी सुपेला, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक गुरुविन्दर सिंह संधु के द्वारा टीम गठित कर आरोपी पिन्दु के संबंध में पता तलाश कर किया गया। जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी पिन्दु अपने ससुराल दुर्ग में छिपा है, टीम के साथ दबिश देकर आरोपी पिन्दु महाराष्ट्र को पकड़ा जाकर जिससे पुछताछ करने पर अपने साथी मयूर एवं प्रशांत के साथ मिलकर एक डिजायर ताज वेकेशन के नाम पर आफिस खोलकर लोगों को अधिक फायदा देने एवं दूर एण्ड ट्रेवल्र्स के नाम पर लोगों को गोवा फ्लाईट से घुमाने के नाम पर किस्त किस्त में रकम जमा कराकर घोखाघड़ी करना कबूल किया गया है । आरोपी पिन्दु को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक गुरुविन्दर सिंह संधु, प्रआर हरीश सिंह, आरक्षक कमल नारायण, हर्षित शुक्ला, का कार्यवाही में सराहनीय योगदान रहा।

## भोंगापाल महाउत्सव व भगवान बुद्ध की जयंती को लेकर राजनांदगांव में होगी बैठक

**राजनांदगांव,** 19 मई। आप सभी उपासकों को सूचित किया जाता है कि, छत्तीसगढ़ भोंगापाल मे भगवान बुद्ध के प्राचीन चैत्य की खोज की गयी। जिसके परिपेक्ष्य में राज्यस्तरीय भोंगापाल महाउत्सव एवम भगवान बुद्ध जयंती मनाने का निर्णय राज्यस्तरीय बैठक में लिया गया हैं। 22 मई दिन गुरुवार दोपहर 2.30 बजे पुर्व कलेक्टर एवं वर्तमान विधायक टेकाम एवं कमिशनर महादेव कावरे महोत्सव सम्बन्धी जानकारी देने हेतु बैठक लेने आरहे है। आप सभी से निवेदन ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में उपस्तित होने का। कष्ट करेंगे। स्थान– डॉ आंबेडकर भवन सिविल लाइन राजनांदगांव। समय – दोपहर 2.30 बजे अध्यक्ष बौद्ध कल्याण समिति राजनादगांव।

# सांसद ने कहा अब राष्ट्रीय मैच होंगे रिसाली में



**भिलाईनगर,** 19 मई (देशबन्धु)। प्रदेश का पहला रोल बॉल स्केटिंग फ्लोर का लोकार्पण रिसाली के आत्मानंद गार्डन में किया गया। इसके निर्माण में 16 लाख 10 हजार राशि खर्च की गई है। प्रदेश स्टेट रोल बॉल एसोशिएसन के अध्यक्ष व सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर शशि सिन्हा के आतिथ्य में आयोजित इस लोकार्पण कार्यक्रम में 25 से भी अधिक बच्चों ने प्रदेर्शन भी किया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि रिसाली में बने प्रदेश स्तर के पहला स्केटिंग ग्राउण्ड सम्यक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने विधायक की सक्रियता और उनकी सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि रिसाली भले ही छोटा हैए किन्तु यहां उल्लेखनीय कार्य के लिए चिन्हित है। विधायक ने ललित चंद्राकर ने लोकार्पण अवसर पर कहा कि इस ग्राउण्ड से अभ्यास कर बच्चे राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर रिसाली का नाम रोशन करे। माहापौर शशि सिन्हा ने सांसद और विधायक आभार व्यक्त किया। स्वागत भाषण सभापति केशव बंछोर व आभार प्रदर्शन आयुक्त मोनिका वर्मा ने की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सनीर साहू, डा. सीमा साहू, ममता यादव, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, माया यादव, शीला नारखेड़े, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष अनुपम साह, राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।

# सुशासन समाधान शिविर में 228 मांग और शिकायतें प्राप्त



**भिलाईनगर,** 19 मई। सुशासन समाधान शिविर 2025 में प्राप्त आवेदनों का निराकरण त्वरित रूप किया गया। शिकायत मिली थी कि घासीदास नगर सड़क नंबर 3 में नाली के ऊपर अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे नाली जाम हो जाने से परेशानी हो रही है। पानी सड़क पर बह रहा है। प्रभारी अधिकारी मौके पर पहुंच के देखे तो शिकायत सही था तुरंत जेसीबी से अतिक्रमण को खाली करवाया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने समाधान शिविर में पहुंचकर के इस बात की तारीफ किये। उनका कहना था कि शासन द्वारा सुशासन समाधान शिविर इसीलिए चलाया जा रहा है कि जिन समस्याओं का निराकरण तुरंत किया जा सके उसे तुरंत करना है। समाधान शिविर का उद्देश्य ही है की त्वरित निराकरण किया जाए। जो भी मांग एवं शिकायत के 228 नए आवेदन के आए हैं। उसको छांट करके शीघ्रतापूर्वक उसे पर कार्रवाई की जाएए जो मांग है निगम द्वारा निराकरण हो सकता तो करें। नहीं तो शासन को प्रपोज बना कर भेजें। जो भी आवश्यक मांग होगी शासन उसे पूरा करेगा। सभी विभाग के काउंटर पर जाकर के उन्होंने निरीक्षण किये। प्रत्येक व्यक्ति से जानकारी प्राप्त कर रहे थे। आठ गर्भवती महिलाओं को गोद भराई किया गया एवं पांच कुपोषित बच्चों को पोषण आहार किट प्रदान किया गया। गोद भराई के दौरान जवाहर नगर निवासी श्रीमती राधिका राहुल टंडन ने कहा यह मेरे जीवन का बहुत सुखद अवसर है जब इतने सारे लोग मिलकर के हमें शुभकामना दे रहे हैं। शिविर के दौरान एमआईसी सदस्य नेहा साहू, पार्षद महेश वर्मा, पीयूष मिश्रा, संतोष मौर्या, मुकेश अग्रवाल, संदीप सेन, संजय सिंह, नोहर वर्मा जोन आयुक्त ऐशा लहरे, डॉ पियाम सिंह, अभियंता अरविंद शर्मा, अर्पित बंजारे, श्वेता वर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, प्रभारी राजस्व अधिकारी शरद दुबे एवं सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दुर्घटना में घायल एएसआई से मिले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



**भिलाईनगर,** 19 मई (देशबन्धु)। वीति रात गदा चौक सुपेला के पास थाना सुपेला से सहायक उप निरीक्षक अमर दास गंगराले द्वारा वाहन चेकिंग दौरान बुलेट मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 07सीडब्ल्यू 8607 की महिला चालक इशिता राजपूत एवं पीछे बैठे राकेश उपाध्याय के द्वारा घड़ी चौक से गदा चौक की ओर से आते हुए वाहन से सउनि गंगेले को ठोकर मारने से वे वही गिर गये। जिससे श्री गंगेले के सिर के पीछे चोट लगा है उल्टी होने पर तत्काल अस्पताल में भर्ती किया गया। कर्तव्य के दौरान दुर्घटना से एएसआई गंगले के घायल होने की सूचना प्राप्त होने पर संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल अस्पताल पहुचे जहाँ डॉक्टरों से एएसआई श्री गंगेले के उपचार की जानकारी ली गई एवं श्री गंगेले के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव बेहतर उपचार का सांत्वना और इस हेतु जो भी आवश्यक होगा विभागीय मदद का भी आश्वासन दिया गया।

# लीज नवीनीकरण को लेकर प्रबंधन से की मांग

**भिलाईनगर,** 19 मई (देशबन्धु)। लीज नवीनीकरण के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा टाउनशिप के लाइसेंस से लीज में परिवर्तित दुकानदारों को समय सीमा पूरी होने के और उनके द्वारा समय पर सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्ताव देने के बाद भी अनुबंध के मुताबिक लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया को अधिकारियों ने लंबित कर रखा है । स्टील सिटी चेंबर के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने एच डी कुमारस्वामी केंद्रीय इस्पात मंत्री एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल को पत्र लिखकर बताया है कि नगर सेवा विभाग के अधिकारी दुकानों के लीज पंजीयन की अवधि समाप्त होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि उनको डिफाल्टर घोषित किया जाए और उन्हें नए दरों पर लीज अनुबंध करने के लिए बाध्य किया जाए। नगर सेवा विभाग के अधिकारियों की इस कार्यशैली का शहर के व्यापारियों ने पत्र लिखकर अपना विरोध दर्ज कराया है और अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन को पत्र भेजकर नगर सेवा विभाग की इस अवैधानिक कार्यशैली पर रोक लगाने की मांग की है अन्यथा किसी दिन नगर सेवा विभाग के अधिकारियों को स्टील सिटी चेंबर के पदाधिकारी के द्वारा कड़ा विरोध किया जावेगा। ज्ञानचंद जैन ने स्पष्ट किया है कि एक तरफ जिन दुकानदारों को लीज में कन्वर्ट करने के बाद लीज डीड की कॉपी बीएसपी प्रबंधन ने उपलब्ध नहीं कराई है, उन दुकानदारों के समक्ष एक विकट स्थिति का निर्माण हो गया है उन दुकानदारों को इस बात की जानकारी नहीं है कि उनकी लीज अवधि कब समाप्त होने वाली है और उन्हें किस प्रक्रिया से गुजर कर लीज अनुबंध भिलाई इस्पात प्रबंधन के साथ करना होगा।



ज्ञानचंद जैन ने जानना चाहा कि जब लीज अनुबंध मद में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने राशि प्राप्त कर ली है तो अनुबंध की प्रति क्यों नहीं दी जा रही है क्यों उन्हें नए दरो पर लीज नवीनीकरण के लिए बाध्य किया जा रहा है ।

नगर सेवा विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली ठीक नही होने का आरोप भी लगाया है। ज्ञानचंद जैन ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली अपना कर आवंटन धारकों को क्यों परेशान किया जा रहा है। ज्ञानचंद जैन ने पत्र के प्रति अभिजीत सिंह जिलाधीश दुर्ग को भी भेजते हुए इस प्रकरण को संज्ञान में लेने और संबंधित आवंटन धारकों को लीज अनुबंध के नियम अनुसार पंजीयन की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र को निर्देशित करने का निवेदन किया है ताकि शहर का वातावरण दूषित ना हो जिलाधीश से यह भी निवेदन किया गया है कि आपके द्वारा की जाने वाली कार्यवाही से स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई को अवगत कराने का कष्ट करें।

# दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस उन्नयन का समापन



**भिलाईनगर,** 19 मई (देशबन्धु)। भिलाई सीए ब्रांच द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस उन्नयन का समापन सीए भवन सिविक सेंटर में हुआ। भिलाई, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ ब्रांच के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कांफ्रेंस के द्वितीय दिवस आज देश के प्रख्यात टैक्स विशेषज्ञए लेखकए शिक्षाविदए चार्टर्ड अकाउंटेंट डॉण् गिरीश आहूजा ने प्रत्यक्ष कर में हुए नए बदलाव और टैक्स संहिता पर जानकारी दी। इसके अतिरिक्त विशेषज्ञ वक्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। प्रमुख वक्ता देश के प्रख्यात सीए डॉ. गिरीश आहूजा ने प्रत्यक्ष कर में हुए नए बदलावों की जानकारी साझा की। उन्होंने नए इनकम टैक्स बिलए हालिया बजट में हुए बदलावों और पुराने अप्रभावी सेक्शन की समाप्ति जैसे विषयों पर अपना वक्तव्य दिया। डॉ. आहूजा ने बताया कि सरकार जल्द ही नया इनकम टैक्स बिल लाने की दिशा में काम कर रही है, जिसका उद्देश्य पुराने और जटिल कानूनों को हटाकर एक सरल, पारदर्शी और करदाता हितैषी प्रणाली स्थापित करना है। इस बिल के आने से करदाताओं को कंप्लायंस में आसानी होगी और अनावश्यक विवादों की संख्या में कमी आएगी। उन्होंने बजट 2024 में प्रत्यक्ष कर से जुड़े महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला। जैसे ृ नई टैक्स स्लैब प्रणाली को और प्रभावशाली बनाना, रिटर्न फाइलिंग को आसान करना और डेडलाइन से जुड़े नियमों को लचीला बनाना। उन्होंने बताया कि बजट का सीधा प्रभाव छोटे और मध्यम व्यवसायों के साथ–साथ व्यक्तिगत करदाताओं पर पड़ेगा। जिससे टैक्स बेस का विस्तार होगा। डॉ.आहूजा ने यह भी बताया कि सरकार द्वारा कई निष्क्रिय और अप्रचलित सेक्शनों को हटाया गया है। जिनका अब कोई व्यावहारिक उपयोग नहीं रह गया था। इससे इनकम टैक्स एक्ट को अधिक स्पष्ट और सटीक बनाया गया है। चार्टर्ड अकाउंटेंट शुभम पटेल और चिनय सोलंकी ने श्चार्टर्ड अकाउंटेंसी प्रोफेशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव और उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे आधुनिक समय में टेक्नोलॉजी को अपनाकर सीए अपने कार्य को अधिक सटीक बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि आज की तेज़ गति से बदलती व्यावसायिक दुनिया में डेटा की मात्रा बहुत अधिक हो चुकी है चिनय सोलंकी और शुभम पटेल ने बताया कि सॉफ्टवेयर्स अब बड़ी मात्रा में इनवॉइसए लेन.देन और टैक्स डेटा को कुछ ही क्षणों में प्रोसेस कर सकते हैं। नागपुर से शुभम पटेल ने वित्तीय और लेखा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण ब्रांच चेयरमेन सीए राजेश बाफ्ना ने किया। कार्यक्रम के सेशन चेयरमैन राकेश ढोढी और राहुल बत्रा थे एवं आभार प्रदर्शन प्रभजीत सिंह जग्गी ने किया। नेशनल कांफ्रेंस के संयोजक अरविंद सुराना थे। कार्यक्रम में अमित राय, नितिन रूंगटा, महावीर जैन, पदम बरडिया, विकास गोलछा, अनिल झंवर, निकिता जैन, प्रभास जैन, एस डी राठी, प्रतीक अग्रवाल, तलविंदर सैनी, दिलीप जैनए सहित अंजलि सिंहए दीक्षा गणेशानि आदि बड़ी संख्या में सीए सदस्य एवं छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम की जानकारी ब्रांच के मीडिया प्रमुख पूर्व अध्यक्ष सीए मिनेश जैन ने दी।

# 4 करोड़ से नेवई पाटन मुख्य मार्ग होगा रोशन

**भिलाईनगर,** 19 मई (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली निगम क्षेत्र में तीन करोड़ सत्यासी लाख बैसठ हजार का भूमिपूजन किया। उन्होंने लोकार्पण और भूमिपूजन कर विकास कार्य को जनता को समर्पित किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने महापौर शशि सिन्हा की उपस्थिति में कहा कि उनके लिए जनता सर्वपरि है। दुर्ग ग्रामीण विधायक और केन्द्रीय मंत्री दर्जा प्राप्त ललित चंद्राकर ने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। विकास कार्य के लिए हमेशा वे नागरिकों के साथ खड़े है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विष्णू सरकार ने जो वादा किया उसे निभाया है। जो कार्य करने का वादा किया था उसे आज मूर्त रूप देने भूमिपूजन कर रहे है। विधायक ने निगम रिसाली क्षेत्र के अलग अलग वार्डो में भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने भी विधायक के प्रयासों की सराहना कर उन्हें साधूवाद दी। कार्यक्रम को सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू ने भी संबोधित किया। अतिथि के रूप में एमआईसी सनीर साहू, डा. सीमा साहू, ममता यादव, पार्षद हरीशचंद्र नायक, खिलेन्द्र चंद्राकर, ममता सिन्हा, गजेन्द्री कोठारी, टिकम साहू, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू आदि उपस्थित थे।



**रोशन होगा नेवई.पाटन मार्ग**

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नेवई–पाटन मुख्य मार्ग में ट्यूबलर पोल लगाने भूमिपूजन किया। अम्बेडकर स्कूल से रिसाली निगम की शरहद तक कुल 185 डिजाइनर पोल लगाकर सड़क के दोनो दिशाओं में रोशन किया जाएगा। विधायक ने जनसभा में कहा कि इस कार्य से सड़क दुर्घटना में कमी आएगी। उन्होंने उचित प्रकाश व्यवस्था का कार्य कर जनता को समर्पित किया है।

**विधायक ने श्रमवीरों का किया सम्मान**

जोरातराई के कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने उन श्रमवीरों का सम्मान किया। जिनके परिश्रम से समाज स्वस्थ्य जीवन जी रहा है। विधायक ललित ने नि:शुल्क सेवा देने वाले के साथ मितानिन, स्वच्छता मित्र और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का सम्मान किया। इस दौरान उन्होनें विभिन्न वार्डो के विकास कार्यो का भूमि पूजन किया।

# स्कूटी से दीनदयाल कालोनी पहुंचे विधायक, लोगों से मुलाकात की



**भिलाईनगर,** 19 मई (देशबन्धु)। विधायक रिकेश सेन को हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित इस कालोनी के लोगों ने भ्रमण करवाते हुए समस्याएं बताई। इस दौरान कालोनी की जर्जर पानी टंकी का तत्काल निरीक्षण कर उसे दुरूस्त करने और यदि डिस्मेंटल करने लायक हो तो गिरवा कर पुनर्निर्माण का जल्द प्रस्ताव देने श्री सेन ने निगम के जोन अधिकारी को निर्देश दिए। बड़े पेड़ों की शीघ्र करें छंटाई, मैदान में डोम शेड और मंच कालोनीवासियों ने बताया कि आस.पास के पेड़ों की वर्षो से छंटाई न होने के कारण आए दिन आंधी.तूफान में विद्युत लाईन प्रभावित होती है। श्री सेन ने एक सप्ताह के भीतर सभी पेड़ों की छंटाई करने के निर्देश दिए। कालोनी के लिए उन्होंने मंच और डोम शेड की घोषणा की। दीनदयाल कालोनी की रोड से लगे एपीक्योर द फेमिली लाउंज द्वारा खाली जमीन पर अवैध कब्जा की शिकायत कालोनीवासियों ने की। विधायक ने मौके पर पहुंच अधिकारी को फोन पर निर्देशित किया कि एपीक्योर को आबंटित जमीन की जांच कर खाली जमीन को अवैध कब्जा से मुक्त करवाएं। कालोनीवासियों ने बताया कि यहां आने वाले लोग उनकी कालोनी के आस पास गाड़ियां पार्क कर देते हैं और आए दिन इस लाउंज में पार्टी होने से काफी शोरगुल बाहर तक होता है।

# तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ का चुनाव सितम्बर में



**भिलाईनगर,** 19 मई (देशबन्धु)। प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ भवन का जीर्णोद्धार लोकार्पण कार्यक्रम संघ के प्रदेश अध्यक्ष जी आर चंद्रा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेश वाडेर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष आलोक जाधव, प्रदेश महामंत्री विजय लहरे, जिला अध्यक्ष रामचंद्र टांडी कार्यकारी जिला अध्यक्ष पीतांबर पटेल एवं मुख्य संरक्षक पीआर यादव के उपस्थिति में संपन्न हुआ। संघ के प्रदेश अध्यक्ष जी आर चंद्रा ने बताया कि संघ के भवन का जीर्णोद्धार लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संघ के प्रबंध कार्यकारिणी एवं सभा में कार्यकाल माह सितंबर 2025 तक वृद्धि की गई, साथ ही आगामी निर्वाचन संपन्न कराने हेतु निर्वाचन अधिकारी के रूप में सघ के मुख्य संरक्षक पी आर यादव, सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में उमेश मुदलियार, पूर्व प्रातिय महामंत्री आलोक जाधव प्रातिय कोषाध्यक्ष एवं पीतांबर पटेल जिला कार्यकारी अध्यक्ष रायपुर को मनोनीत किया गया है जो की माह सितंबर 2025 तक चुनाव कार्य संपन्न करेंगे। प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक मे महंगाई भत्ता सहित कर्मचारी हितों की अन्य मांगों को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में 18 जून को धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सोपा जाएगा। प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक में प्रमुख रूप से संघ के प्रदेश अध्यक्ष जी आर चंद्रा नरेश वाडेर, आलोक जाधव, रामचंद्र टांडी, पीतांबर पटेल, पी आर यादव, रामकुमार यादव, किशोर शर्मा, पवन शर्मा, उमेश मुदलियार, अजय श्रीवास्तव, अतुल शुक्ला, विजय लहरे, भानु प्रताप यादव, नंदकिशोर साहू, हिमाचल साहू, मनोज दुबे, विश्वनाथ परिहार, राधे लाल भारद्वाज, राजकुमार महानदिया, आनंद श्रीवास्तव, संजय शर्मा, साहिल मुदलियार, शुभम भट्ट, मनोज सोना, नारायण बाघ, होरीलाल छेदाइया, संतोष वर्मा, विश्वजीत मलिक, अमीना गाड़िया, पूजा बाजपेइ, उषा सोनी,नमिता निषाद, सोनाली तडके उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष भानु प्रताप यादव द्वारा दी गई है।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा



**भिलाईनगर,** 19 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका जामुल में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ऑपरेशन सिंदुर हम सेना के साथ हैं के लिए नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी के मार्गदर्शन मे तिरंगा यात्रा निकाला गया। देश भक्ति गाने के साथ तिरंगा यात्रा नगर पालिका जामुल कार्यालय से प्रारंभ हुआ। गीत संगीत के साथ नगर भ्रमण कर भारतीय सेना के साथ होने का परिचय देते हुए नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने ऑपरेशन सिंदुर के नारे में बताया कि हमारे राष्ट्र भारत के खिलाफ षड्यंत्र करने वाले के खिलाफ हर नागरिक हैं। तिरंगा यात्रा के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी न ऑपरेशन सिंदुर के समर्थन में हर वर्ग से शामिल होने का अपील किया। जिसमें जामुल के सभी दल के जनप्रतिनिधि, राजनितिक दलो के पदाधिकारी, सामाजिक संस्था के नागरिक एवं महिला समुह के सदस्य उपस्थित हुए। भारत के सेना के प्रति अपना समर्थन दिया गया। तिरंगा यात्रा में नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्नेवार पार्षद कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, निशा चन्नेवार, खम्हन ठाकुर, अधिकारी के.एन. ताम्रकार, सचिन भागवत, आशा जंघेल, रामू देवांगन, शिवनंदन देवांगन, हिम्मत मंडावी, दयालु जंघेल, रवि चौहान, बशीर खान, हर्षा मेहरा, राजनितिक दलों के पदाधिकारी प्रशांत गुप्ता, सोनू यादव, अनुप राय, उमेन्द वर्मा, दुर्योधन साहू, लेखराम साहू, तुकेश सेन, अनिता साहू, प्रीति वर्मा, संतोषी वर्मा, हेमलता साहू सहित आम नागरिक बड़ी संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

## महिला नगर सैनिक भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीयन 30 मई तक

**बलौदाबाजार,** 19 मई। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 55 महिला नगर सैनिक के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा में पात्र अभ्यार्थियो के भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। लिखित परीक्षा में शामिल होने हेतु व्यापम की साईट पर ऑनलाइन पंजीयन 30 मई 2025 तक करना होगा।

# नपं परपोड़ी में तिरंगा यात्रा निकली




**परपोड़ी,** 19 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत परपोड़ी में राष्ट्रीय सुरक्षा और देश की एकता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों सहित अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीणजन तथा नगरवासियों ने देशभक्ति के उत्साह के साथ भाग लिया।

तिरंगा यात्रा की शुरुआत नगर पंचायत कार्यालय से हुई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुज़री और पुनः कार्यालय आकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान च्भारत माता की जयज्, च्वंदे मातरम्ज् तथा च्एकता में शक्ति हैज् जैसे नारों से वातावरण देशभक्ति में रंग गया।

इस तिरंगा यात्रा को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग ज़िले के पहलगाम क्षेत्र में हाल ही में हुए आतंकी हमले से जोड़ा जा रहा है, जिसमें हिंदू श्रद्धालुओं को निशाना बनाकर निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या की गई। महिलाओं के सिंदूर को लक्ष्य बनाकर उनकी आस्था को रौंदने का प्रयास किया गया। यह न केवल मानवता पर, बल्कि भारत की संस्कृति और आत्मा पर एक सीधा आक्रमण था।

इस बर्बर हमले के बाद भारत सरकार ने तेज़ और निर्णायक कार्रवाई करते हुए च्ऑपरेशन सिंदूरज् शुरू किया। इस ऑपरेशन के तहत सुरक्षा बलों ने आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें मुँहतोड़ जवाब दिया। यह अभियान केवल सैन्य प्रतिकार नहीं था, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और भावनात्मक जवाब था, जिसमें भारत ने स्पष्ट कर दिया कि देश के सम्मान, श्रद्धा और नागरिकों की सुरक्षा के साथ कोई भी खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

परपोड़ी में निकाली गई यह तिरंगा यात्रा, ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम हमले के प्रति लोगों की संवेदनशीलता और एकजुटता का प्रतीक बनकर सामने आई। नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर यह संदेश दिया कि देश के वीर जवानों के साथ पूरा भारत कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

आज जब आतंकवाद देश की जड़ों को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है, तब आम जनता की यह सहभागिता दर्शाती है कि भारत न केवल सैनिक मोर्चे पर, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर भी एकजुट है। तिरंगा यात्रा ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारतवासी अब सिर्फ सहने वाले नहीं, बल्कि डटकर सामना करने वाले हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष पाषर्दगढ़ नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी करण स्वच्छता दीदी भाजपा के वरिष्ठ नेता लोग मौजूद रहे नगर के थाना प्रभारी डी ,एल,सोना एवं अन्य सिपाही तिरंगे यात्रा में शामिल हुए इस यात्रा में पूर्व सैनिक भी शामिल हुए।

## ग्राम जानो में निकली तिरंगा यात्रा

आज ग्राम जानो में भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाला गया, जिसमे भाजपा किसान मोर्चा परपोड़ी मंडल अध्यक्ष हेमंत कौशल, सरपंच लता कौशल उपसरपंच विनय पटेल, तारण कौशल, लूरू वर्मा राजेश वर्मा, दुकालू पटेल शंकर विश्वकर्मा, पवन वर्मा, मोहन पटेल, चंदू वर्मा बल्लू पटेल कान्हा पटेल के भारी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर पाकिस्तान के कई महत्वपूर्ण जगहों में क्षति पहुंचाई है जिससे पाकिस्तान हार मानकर युद्ध विराम के लिए गिड़गिड़ाने लगा,, भारतीय सेना के शौर्य पराक्रम से भारत को जीत मिली जिससे हमारे सेना के जवानों का मनोबल ऊंचा रहे हम सब देश वाशी हमारी सेना के प्रति गर्व है और आभार प्रकट करने के लिए ग्राम पंचायत जानो में तिरंगा यात्रा निकाल गया हैं प्रशासनिक स्तर पर तिरंगा यात्रा के लिए प्रेरित किया गया था जो बहुत अच्छी पहल है नरेंद्र मोदी की सरकार में देश सुरक्षित हाथों में हैं और आमजनता भी आश्वस्त है।




## जिला पंचायत में हुई फेडरेशन की बैठक




**डोंगरगढ़,** 19 मई। फेडरेशन साथी संस्कारधानी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की पहली बैठक जिला पंचायत राजनांदगांव में रखा गया था जिसमें फीफा परियोजना से नेशनल समन्वयक साहा जी स्टेट समन्वयक अनुराग लाल महिला बाल विकास विभाग से पिनाकी सर देवेंद्र सर के सानिध्य में फेडरेशन के पदाधिकारी का चयन प्रक्रिया किया गया जिसमें अध्यक्ष गिरवर राम साहू , उपाध्यक्ष भूषण दास साहू, सचिन सरिता यादव एवं कोषाध्यक्ष एवन साहू ने निर्विरोध चुना गया । माननीय कोमल सिंह राजपुत जी भाजपा जिला अध्यक्ष एवं किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष का आगमन से साथी फेडरेशन के नव नियुक्त पदाधिकारी को बधाई देते हुए अपने संबोधन में साथीसंस्कारधानी फेडरेशन को एक नई आयाम बताते हुए किसानों एवं संगठन तथा व्यापारियों के लिए एक बहुमूल्य प्लेटफार्म के रूप में उनसे लोगों को होने वाले आर्थिक एवं सामाजिक लाभ के बारे में बताया गया।फेडरेशन साथीसंस्कारधानी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड में राजनांदगांव जिले से 18 संकुल संगठन एवं 6 किसान संघ जुड़े हुए हैं जिनकी वर्तमान सदस्य संख्या 35000 से अधिक है। फेडरेशन मंडी परिसर में साथी परियोजना के तहत साथी बाजार के लिए 5 एकड़ क्षेत्रफल में नई तकनीकी के साथ व्यापार के लिए अपना मंडी, कृषि मॉल, मृदा परीक्षण केंद्र जैसे अन्य सुविधाओं प्लेईंग जॉन कैफे सिनेमा घर इत्यादियों का संचालन फेडरेशन के द्वारा जिला प्रबंधन कमेटी के निगरानी में किया जाना है जिसमें महिला समूह किसान संगठन और बड़े व्यापारियों एवं कुटीर उद्योग वाले छोटे-छोटे व्यापारी को रोजगार का अवसर मिलेगा ।किसानों एवं महिला संगठन जुड़कर काम कर रहे हैं जैसे खेती आजीविका कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराना एवं आपसी लेनदेन से सहयोग बढ़ाना तथा खेती के क्षेत्र में उन्नत खाद बीज दवाई उपलब्ध कराकर नई तकनीक का उपयोग करने का काम पहले से करते आ रहे हैं।

## स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने बारह सूत्रीय मांगों को लेकर खंड चिकित्सा अधिकारी साजा को सौंपा ज्ञापन

**परपोड़ी,** 19 मई (देशबन्धु)। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ, ब्लॉक- साजा जिला - बेमेतरा (छ.ग) ने प्रदेश स्वास्थ्य सचिव, संचालक और मिशन संचालक के नाम बारह सूत्रीय मांगों को लेकर खंड चिकित्सा अधिकारी साजा, डॉ ए. के. वर्मा को ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि आरएचओ संवर्ग से मूल कार्यों के अतिरिक्त तकनीकी रूप से जटिल ऑनलाइन डाटा एंट्री और रिपोर्टिंग जैसे कार्य करवाए जा रहे हैं, जबकि इसके लिए आवश्यक संसाधन और प्रशिक्षण उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। ज्ञापन सौंपते हुए , जिलाध्यक्ष राजेश जायसवाल, ब्लाक अध्यक्ष कविता वानखेड़े , ब्लाक उपाध्यक्ष सुषमा साहू , ब्लॉक सचिव नेतराम कनौजे, ब्लॉक कोषाध्यक्ष भूपेश विश्वकर्मा , ब्लॉक मीडिया प्रभारी सूरज साहू, सक्रिय सदस्य सरोज टोप्पो ने बताया कि अन्य विभागों में यह कार्य डाटा एंट्री आपरेटर, जेएसए और पीएडीए जैसे तकनीकी स्टाफ से कराया जाता है। जबकि आरएचओ संवर्ग का प्रशिक्षण क्लिनिकल, नर्सिंग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर केंद्रित होता है, न कि कंप्यूटर आधारित कार्यों पर। संघ का कहना है कि आनलाइन रिपोर्टिंग के लिए विशेष प्रकार के एप, वेबसाइट और विस्तृत डेटा प्रविष्टि की आवश्यकता होती है, जिसके लिए पर्याप्त समय और संसाधन चाहिए। आरएचओ पहले से ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं देने, भ्रमण, रजिस्टर संधारण और कार्यक्रम क्रियान्वयन जैसे कई महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहते हैं, जिससे ऑनलाइन कार्य के लिए समय निकालना संभव नहीं है। सीएचओ व आरएमए को आनलाइन कार्यों के लिए टेबलेट, लैपटॉप और भत्ता जैसे संसाधन एवं मानदेय प्रदान किया जाता है, जबकि आरएचओ संवर्ग को न तो संसाधन उपलब्ध हैं, न ही किसी प्रकार का अतिरिक्त भत्ता मिलता है। संघ से मुद्दों पर चर्चा कर समाधान निकाला जाए, ताकि कर्मचारियों को अनावश्यक दबाव से मुक्ति मिले और स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता बनी रहे।



## विश्वविद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर का समापन

**खैरागढ़,** 19 मई (देशबन्धु)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर (निःशुल्क समर कैंप) का समापन शुक्रवार 16 मई को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका द्वारा उद्घाटित इस शिविर में विश्वविद्यालय के गोद ग्राम दिलीपपुर, कोहकाबोड़, देवारीभाट के अलावा खैरागढ़ नगर एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्र के कक्षा चौथी से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न कलाओ का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस शिविर में भरतनाट्यम विभाग में 13, कत्थक विभाग में 31, लोक संगीत में 16, मूर्तिकला में 32, तबला में 45, गायन में 13 तथा चित्रकला में 116 स्कूली विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि ललित कला के प्रति इन छोटे बच्चों में बड़ी ललक है, पालकगण भी बड़े उत्साह से इन बच्चों को प्रतिदिन विश्वविद्यालय लाते और ले जाते रहे हैं। कम समय में भी हमारे गायन, वादन, नृत्य, मूर्तिकला व चित्रकला के गुणी शिक्षकों एवं संगीतकारों व शोधार्थीगणों ने बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा दी। उन्होंने सभी छात्रों को अपने अपने क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और आवश्यकता पड़ने पर हमेशा बच्चों का सहयोग करने की बात कही। उन्होंने सफल आयोजन के लिए प्रो.राजन यादव को साधुवाद दिया। इसके पश्चात तबला वादन के प्रशिक्षित विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक तबला वादन की प्रस्तुति दी गई जिसके बाद गायन विभाग के प्रशिक्षुओं ने सामूहिक गीत की प्रस्तुति दी। सामूहिक गीत के बाद भरतनाट्यम एवं कथक विभाग के प्रशिक्षित विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। अंत में लोक संगीत के प्रशिक्षार्थियों द्वारा पंथी गीत एवं सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी गई। उक्त सभी प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा एवं तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा प्रेक्षागृह गूंज उठा। प्रशिक्षार्थियों की प्रस्तुति के बाद कुलपति ने सभी छात्रों को प्रमाण पत्र का वितरण किया वहीं गर्मी के मौसम में कड़ी धूप से बचने बच्चों को सफेद रंग की टोपी का भी वितरण किया गया। प्रमाण पत्र लेकर बच्चों के चेहरे खिल उठे मानों उन्हें जीवन का कोई अमूल्य उपहार मिल गया हो। उक्त 10 दिवसीय कलात्मक शिविर की पालकों ने खूब प्रशंसा की और कुलपति सहित पूरे विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार जताया। कार्यक्रम के पश्चात कुलपति ने मूर्तिकला एवं चित्रकला विभाग के प्रशिक्षित विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया जिसकी उन्होंने खूब प्रशंसा की। समापन समारोह में अधिष्ठातागण प्रो. मृदुला शुक्ल, प्रो. नीता गहरवार, प्रो. नमन दत्त एवं डॉ.मानस साहू के अलावा विभाग अध्यक्ष, शिक्षकगण, ग्रामीणजन, नगरवासी एवं शोधार्थी सहित बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल, सहायक कुलसचिव विजय सिंह, संदीप किंडो, छगेंद्र उसेंडी, अमित सिंह व कन्हैया यादव का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ.देवमाईत मिंज एवं आभार व्यक्त प्रो. राजन यादव ने किया।



**आयोजन को लेकर पालकों में भी दिखा उत्साह, शिविर की सराहना की**

## चाकू दिखाकर लोगों को डराने वाले दो गिरफ्तार



**डोंगरगढ़,** 19 मई। पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों, संदिग्धों, चाकुबाजों एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही कर रही है इसी कड़ी में दिनांक-19.05.2025 को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिला कि 02 व्यक्ति मेला ग्राउण्ड छीरपानी डोंगरगढ़ के पास धारदार चाकू दिखाकर लोगों को डरा धमका रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर आरोपी 01. शिव चन्द्रवंशी पिता रविन्द्र चन्द्रवंशी उम्र- 19 साल निवासी रजानगर नाका के पास डोंगरगढ़ एवं 02. संजय साहू पिता स्व0 विजय साहू उम्र- 22 साल निवासी मजार के पास डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 को लोगों को चाकू दिखाकर डराते धमकाते रंगे हाथ पकड़कर आरोपियों से 02 नग बटनवाला धारदार चाकू जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध धारा- 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## शासन स्वास्थ्य मितान कर्मचारियों का पद किया समाप्त, आयुष्मान योजना कार्य पड़ा ठप




**डौण्डी/दल्लीराजहरा,** 19 मई (देशबन्धु)। आयुष्मान भारत योजना के स्वास्थ्य मितान कर्मचारियों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की छत्तीसगढ़ में चल रहे आयुष्मान भारत योजना जो कि भारत का एक अति महत्वकांक्षी स्वास्थ्य सहायता योजना है यह स्वास्थ सहायता योजना में हम कियोस्क ऑपरेटर वर्तमान पदनाम स्वास्थ मितान विगत 10 वर्षों ओर उससे भी पहले से कार्यरत है और राज्य के समस्त जिलों में लगभग 500 की संख्या में थर्ड पार्टी कंपनी के अंतर्गत कार्यरत थे जिन्हें अभी 30 अप्रैल से टेंडर ओर कियोस्क ऑपरेटर वर्तमान पदनाम स्वास्थ्य मितान पद को समाप्त कर दिया गया है जबकि महज 500 कि संख्या में कार्यरत स्वास्थ्य मितान कर्मचारी देश के पूरे राज्यों से छत्तीसगढ़ को आयुषमान योजना में बनने वाले आयुष्मान भारत कार्ड वय वंदन कार्ड ओर क्लेम प्रोसेसिंग के कार्य में देश में अग्रणी राज्य बनाकर रखा है फिर भी राज्य सरकार के द्वारा हम स्वास्थ्य मितान कर्मचारियो को बिना किसी आदेश के टेंडर को एक्सटेंड न करके समाप्त कर दिया गया हे और बार बार स्टेट नोडल एजेंसी में स्वास्थ्य मितान पद को समायोजन का ज्ञापन देने के बाद भी न ही समायोजित किया गया है वर्तमान में राज्य को अग्रणी बनाने वाले स्वास्थ्य मितान कर्मचारी पहले 4-5 महीने के वेतन से वंचित होते हुए अपने जॉब से भी हाथ धो बैठे हैं। बस राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग के लाडले मंत्री से निवेदन है कि इस महंगाई और हमारे मेहनत को देखते हुए हमारे भविष्य ओर परिवार के बारे में पुनः विचार करते हुए स्वास्थ्य मितान के पद को डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद में स्टेट नोडल एजेंसी के अंतर्गत समायोजित किया जाए जिससे आयुष्मान भारत योजना का कार्य सचारू रूप से चल सके। वहीं डौंडी आदिवासी क्षेत्र में एक ही आयुष्मान मित्र है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडी में है ब्लॉक सभी हितग्राहियो 1 मई से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए इधर उधर भटक रहे हैं।दूर दूर से ग्रामिण व शहरों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौडी में आकार भी आम जनता वापस लौट रहे हैं। जिसका फायदा कुछ च्वाईस सेंटरों में आयुष्मान कार्ड बनाने का 500 रूपय लेकर गरीब जनता का आर्थिक शोषण कर रहे हैं।

- **आदिवासी डौण्डी स्वास्थ्य केन्द्र में आयुष्मान योजना बंद,कार्ड बनाने लोग रहे भटक**
- **स्वास्थ्य मितान पद को डाटा एंट्री ऑपरेटर में किया जाए समायोजित**

## शिविर में 8 दिव्यांग बच्चों को सहायक किट वितरण

**पिथौरा,** 19 मई को आयोजित सुशासन शिविर खुटेरी (पिथौरा) में 08 दिव्यांग बच्चों को मुख्य अथिति श्रीमती रुपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद के साथ श्रीमती उषा धृतलहरे अध्यक्ष जनपद पंचायत, श्री ब्रम्हा पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, श्री देवेश निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा, एस डी एम श्री ओंकार ठाकुर, तहसीलदार श्री नितिन ठाकुर, सीईओ श्री चंद्रप्रकाश मनहर पिथौरा, श्रीमती सुशीला विश्वनाथ मांझी सरपंच ग्राम पंचायत खुटेरी द्वारा सहायक किट प्रदान किया गया, लाभान्वित बच्चों मे प्राथमिक शाला गहनागाँठा से युवराज साहू को लो विजन किट,प्राथ शाला बढ़ईपाली से आदित्य कोसरिया को रूक्रकिट, माध्य शाला घोघरा से कु. प्रियंका सेन को वाकर, प्राथ शाला बरतूँगा से कु.संध्या यादव को रूक्रकिट, प्राथ शाला घोंच से 1 समीर साहू को वाकर 2 सिद्धार्थ को वाकर, 3 कु.नोमीता को वाकर एवं हाइस्कूल बढ़ईपाली धारणा को लो विजन किट दिया गया. इस अवसर पर विभाग से श्रीमती संपा बोस एपीसी (समग्र शिक्षा) श्रीमती लक्ष्मी डडसेना बी ई ओ, श्री नरेश पटेल बी आर सी (पिथौरा), श्री अरुण देवता नोडल, श्री सुखदेव बरिहा ड्ढह्लश्च, श्री तेजराम यादव, श्री रोहिणी देवांगन, श्री कौतुक पटेल, श्री गंगा राम चौहान, श्री साहेब लाल नायक, श्री मनोज बरिहा, श्री मोहित पटेल, श्री अभिनंदन नाग आदि उपस्थित थे, आगे 21 मई को सपोस में आयोजित शिविर में लाभान्वित बच्चों को सहायक किट वितरण किया जायेगा।




## निधन

### श्रीमती उर्मिला पांडेय



**रायपुर,** 19 मई। शैलेंद्र नगर रायपुर की प्रतिष्ठित नागरिक श्रीमती उर्मिला पांडे का आज तड़के निधन हो गया वे लगभग 84 वर्ष की थी। वे मनोज, संजय पांडेय की मां व मधु,भावना की सास थी उनका अंतिम संस्कार आज मारवाड़ी शमशान गृह में किया गया। वे फ्रीडम फाइटर स्व. शिव वचन पांडेय की धर्मपत्नी थी। उन्हें अनेक संस्थाओं द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### डॉ. एमएस द्विवेदी



**भिलाईनगर,** 19 मई। समाजसेवी, लेखक, पत्रकार एवं राजनीतिक कार्यकर्ता डॉ. मिथिला शरण द्विवेदी का आज सुबह निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नी सुशीलादेवी, पुत्र अशोक, अरुण, पुत्री अर्चना त्रिपाठी एवं आराधना तिवारी, मनीषा, जमाता रामकृषण त्रिवेदी, एंव दुर्गेश तिवारी, अमित शुक्ला, पुत्रवधु शोभा एवं आभा और नाती पोतों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंत्येष्टि 20 मई मंगलवार सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम में संपन्न होगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### गंजपारा में दिन दहाड़े ...

यह इलाका काफी सघन और व्यवसायिक महत्व का क्षेत्र है। दोपहर 3 बजे दिनदहाड़े हुई इस घटना से लोग सकते में है। इसके बाद कलेक्शन एजेंट नमन चंद्रा ने कोतवाली पहुंचकर इस उठाईगिरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### ग्रामीणों को बार-बार...

के बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर हरवंश गिरी, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, हितेश पिस्दा,. जनपद पंचायत दुर्ग के सीईओ रूपेश पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, श्रद्धा साहू, तहसीलदार नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने...

कोतवाली दुर्ग, लाइन से दिलीप नेताम मोहन नगर, लाइन अश्वनी कुमार भिलाई भट्ठी, अंजनी प्रसाद, बलदेव महावीर खुर्सीपार, रानीतराई सेजय प्रकाश सिन्हा पुलिस लाइन दुर्ग, लाइन प्रमोद देवांगन अमलेश्वर, लाइन से संजय दुबे खुर्सीपार, लाइन से आशीष वर्मा छावनी, लाइन से मकसूदन यादव रानीतराईए लाइन से लता रंजक थाना दुर्ग कतोवाली, लाइन से देवकी साहू थाना मोहन नगर, लाइन से मधु देवी सुपेला, लाइन बुधवारा यादव छावनी, लाइन से कल्याणी थाना पुरानी भिलाई, लाइन से तारा सिंह जामुल, लाइन से रीना तिवारी उतई, उतई से हुलेश्वर प्रसाद साहू का पुलिस लाइन दुर्ग तबादला किया गया है।

### परपोड़ी क्षेत्र में...

सरकार के लिए एक चुनौती है । सुशासन तिहार के शेष बचे दिनों में प्रशासन को कोई व्यवस्था कर दे तो अलग बात है। ऐसा लग रहा है कि जन प्रतिनिधियों से अधिक अधिकारियों का दबदबा है।

## आदिवासी वृद्ध महिला न्याय हेतु लगा रही गुहार

**डोंगरगढ़,** 19 मई (देशबन्धु)। ग्राम चौथना स्थित एक आदिवासी परिवार को गाली गलौज को मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है मामले की शिकायत पीड़िता ने जिला कलेक्टर ,एसडीम व पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कर उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है । पीड़ीता घन्नी धुर्वे पति स्व0 शिवराम धुर्वे जाति गोंड निवासी ग्राम चौथना तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ0ग0 द्वारा अधिकारियों को की गई शिकायत में बताया गया कि ग्राम चौथना में लगभग 150 वर्षों से निवास करते आ रहे है, जो की मेरी भूमि से लगा हुआ संजय कुमार साठवने के द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण किया गया है जिस पर बिना सक्षम अधिकारी के द्वारा एंव बिना किसी प्रस्ताव के प्लाट कर अवैध कॉलोनी बनाया गया है और ना ही आज दिंनाक तक उक्त भूमि का संजय साठयने के द्वारा सीमाकंन भी नही कराया गया है, तथा संजय साठवने के द्वारा मेरी भूमि पर जबरदसत कब्जा किये जाने हेतु धमकाया जा रहा है, तथा उनके साथ संजय साठवने का साथी निलेश राय पिता सुरेश राव निवासी बुधवारीपारा वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़ के द्वारा भी मुझे धमकी देकर गंदी-गंदी गाली व मेरे मकान पर तोड़ने हेतु व्यक्तियों के लेकर आ गया था, जबकी मैं एक आदिवासी वृद्ध महिला हूं और संजय साठवने अत्यधिक धनवान व्यक्ति है जिससे वह अपने धन का दुरुपयोग कर बल का जबरदस्ती प्रयोग कर मेरी मकान को तोड़ने की कौशिश कर रहा है जिस कारण से मैं अत्यधिक भयभीत हो चुकी हूं कि कब मेरे मकान को संजय साठवने के द्वार तोड़ दे या मेरे साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो जावे । पीड़िता ने सजय साठवने के विरूद्ध उचित कार्यवाही करने की मांग शासन से की है ।



**मामला गाली गलौज व धमकी देने का**

## अमृत मिशन के तहत बने रेलवे स्टेशन का प्रधानमंत्री के हाथों 22 को होगा उद्घाटन



**डोंगरगढ़,** 19 मई (देशबन्धु)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 में दिन गुरुवार को वर्चुअल के माध्यम से नवनिर्मित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया जाना है जिसमे स्टेशन में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय व भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रेलवे के अधिकारी गण आमजन एवं पत्रकारों की उपस्थिति में सोमवार को आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें रेलवे के अधिकारियों ने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डोंगरगढ़ के प्रबुद्ध नागरिकगण एवं इलेक्ट्रॉनिक /प्रिंट मीडिया के पत्रकार साथीयों व डोंगरगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष रमन डोंगरे , सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ,भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमित सिंह बन्नोआना, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सविता दरगढ, लक्ष्मी यादव, कुलवंत कक्कड़ , ट्रस्टी अनिल गट्टानी, विजेंद्र सिंह ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, आवेश निगम, सहित वरिष्ठ नागरिकों से मिलकर रेलवे के अधिकारी गण रूपरेखा तैयार कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

# नवागढ़ के ग्राम प्रतापपुर में समाधान शिविर संपन्न, योजनाओं का मिला सीधा लाभ

■ खाद्य मंत्री ने किया स्टॉल का अवलोकन

■ हितग्राहियों को की सामग्री वितरण




**बेमेतरा,** 19 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम प्रतापपुर में आज समाधान शिविर का आयोजन जनकल्याण की एक मजबूत कड़ी के रूप में किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने शिविर में भाग लेकर योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ हितग्राहियों को प्रदान किया।

शिविर के दौरान स्कूली मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर मंत्री श्री बघेल ने उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड, नोनी सुरक्षा पासबुक, महिला-बाल विकास योजनाओं के प्रमाण पत्र, और आयुष्मान 'वय वंदना' कार्ड प्रदान किए गए। यह विशेष कार्ड वरिष्ठ नागरिकों को देशभर के किसी भी अस्पताल में ?5 लाख तक के नि:शुल्क इलाज की सुविधा प्रदान करता है, और इसकी पात्रता में कोई आय सीमा बाधा नहीं है।किसानों को कृषि स्प्रे मशीन, बैटरी चालित ट्राइसिकल वितरित किए गए, वहीं प्रधानमंत्री निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत टीबी मरीजों को पोषण युक्त फूड बास्केट प्रदान की गई।

### ग्रामीणों की समस्याओं पर सीधी सुनवाई

प्रतापपुर के हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान में आयोजित इस समाधान शिविर में क्लस्टर प्रतापपुर सहित 15 ग्रामों -जैसे ठेंगाभाट, झांकी, बोईरकचरा, हरदी, नेवसा आदि ङ्क से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए। उन्होंने समाधान पेटी में अपनी समस्याएं, शिकायतें और मांगें दर्ज कराईं, जिनका निराकरण मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ भी साझा किए गए।

### विभागीय स्टालों का अवलोकन- महिलाओं से संवाद

श्री बघेल ने महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित सामग्रियों को सराहा और समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनकी भागीदारी को प्रेरणादायक बताया। स्वास्थ्य स्टाल पर पहुँचकर उन्होंने स्वास्थ्य जांच और दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली।

### सरकार की नीतियों का जनहित में क्रियान्वयनः जनजन से जुड़ाव

मंत्री श्री बघेल ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा चलाया जा रहा सुशासन तिहार प्रदेश के कोने-कोने तक योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को पक्का मकान, धान खरीदी 3100 प्रति चिंटल की दर से, बोनस राशि, और माताओं-बहनों के लिए महतारी वंदन योजना जैसी योजनाएँ सामाजिक सुरक्षा की मिसाल हैं।

### भ्रष्टाचार पर सख्त रुखः जनता को भरोसा

श्री बघेल ने स्पष्ट कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी भी हितग्राही को कोई राशि देने की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई कर्मचारी या दलाल पैसे की मांग करता है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से निडर होकर अपनी समस्याएं सामने रखने का आह्वान किया।

शिविर में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) श्रीमती दिव्या पोटाई, श्री अजय साहू, पंच-सरपंचगण, जनप्रतिनिधि, और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समाधान शिविर ने यह सिद्ध किया कि शासन अब कागज़ों से निकलकर ज़मीन पर, लोगों के बीच पहुँचा है।

# देवरी में समाधान शिविर संपन्न



**बेमेतरा,** 19 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आज जिले के बेरला विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल, क्लस्टर ग्राम देवरी में सुशासन समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें देवरी सहित कुल 12 ग्राम पंचायतें—खर्रा, लावातरा, भिलौरी, लेंजवारा, तारालीम, भांड, सोरला, कुम्ही, देवरी, बहेरा, जामगांव और पाहंदा शामिल रहीं।

शिविर में कुल 49,758 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से अनुविभाग बेरला से 45,441 और देवरी क्लस्टर से 4,317 आवेदन शामिल रहे। प्राप्त आवेदनों में से 49,062 आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया गया, जबकि केवल 696 आवेदन लंबित हैं, जिनमें 692 आवेदन बेरला और 4 आवेदन देवरी क्लस्टर से संबंधित हैं। खाद्य, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, राजस्व, कृषि, पीएचई , विद्युत, रक्षा, जल संसाधन, पशुपालन, और मृत्यु प्रमाणन विभागों में सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए थे ।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक श्री दीपेश साहू द्वारा किया गया। उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय स्वयं भीषण गर्मी में औचक निरीक्षण कर रहे हैं और जनता से सीधे संवाद कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे इन शिविरों में भाग लें और महतारी वंदन योजना, बोनस वितरण, और पक्के मकानों के निर्माण जैसी योजनाओं का अधिकतम लाभ लें।विधायक ने शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित सामग्री जैसे राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासबुक, वय वंदन कार्ड और मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने अपने संबोधन में शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को मिले लाभों की जानकारी दी और कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं को सुगमता से आम जनता तक पहुँचाना है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रजक बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रह्लाद रजक, जिला पंचायत सदस्य प्रीतम चंदेल, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेयी, एसडीएम दीप्ती वर्मा, और क्षेत्र के पंच, सरपंच, एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया 7 जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के इस प्रयास को ग्रामीणों ने अत्यंत सराहा।

## बेमेतरा पुलिस की अपील

# खेतों और खुले स्थानों में झटका तारों में विद्युत प्रवाह न करें

**बेमेतरा,** 19 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा श्री मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार, डीएसपी श्री राजेश कुमार झा एवं डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा आम जनता से महत्वपूर्ण अपील की गई है।

आपको बता दे कि हाल के समय में यह देखने में आया है कि कई नागरिक खेतों, बाड़ियों और अन्य खुले स्थानों में झटका तार अथवा तार जालियों में बिजली प्रवाहित कर रहे हैं। इससे गौवंश और मानव जीवन को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है, जिससे कई बार जानमाल की हानि भी हो चुकी है।

बेमेतरा पुलिस की महत्वपूर्ण निर्देश खेत, बाड़ी एवं खुले स्थानों में झटका तार अथवा तार जालियों में विद्युत प्रवाह कदापि न करें। इस प्रकार की विद्युत प्रवाहित तारें दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं, जिससे गौवंश एवं मानव जीवन संकट में पड़ सकता है। खुले स्थानों में बिजली प्रवाहित करना कानूनन अपराध है, और इससे किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बेमेतरा पुलिस आमजन से अपील करती है कि सुरक्षा, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और इस दिशा-निर्देश का पालन करें। नागरिकों की जागरूकता एवं सहभागिता से ही समाज में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

# समाधान शिविर में विधायक साहू ने सुनी जनता की समस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

■ बेलगांव में 11 पंचायतों के ग्रामीणों ने लिया लाभ, योजनाओं की मिली सीधी जानकारी





**थानखम्हरिया/बरगा,** 19 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलगांव में आयोजित समाधान शिविर में साजा विधायक ईश्वर साहू ने विशेष रूप से सहभागिता कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस शिविर में बेलगांव सहित क्षेत्र की 11 पंचायतों ङ्क ठेलका, बेलगांव, बेलतरा, चिल्फी, भेंडरवानी, सोमईकला, संबलपुर, सोमईखुर्द, बरगड़ा, भरदा एवं धौराभाठा के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।

विधायक साहू ने विभिन्न विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। उन्होंने राशन कार्ड वितरण, जननी सुरक्षा योजना के तहत पोषण आहार वितरण, श्रमिक पंजीयन, राजस्व, आय/जाति/निवास प्रमाण पत्र, पीएम आवास, बिजली, स्वास्थ्य, कृषि आदि सेवाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने की प्रशंसा की।

उन्होंने शिविर में कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु प्रतिबद्ध है। यह शिविर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और सुशासन की भावना का सशक्त प्रतीक है।

समाधान शिविर में सभी विभागों द्वारा जनजागरूकता पर दिया गया विशेष जोर

पुलिस विभाग द्वारा मोबाइल फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी और वाहन नियमों की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को सतर्क रहने, अनजान कॉल और संदिग्ध ट्रांजेक्शन से सावधानी बरतने के सुझाव दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उपस्थित अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस योजना में कोई भी लेन-देन या रिश्वत नहीं की जानी चाहिए। पात्रता अनुसार सभी को लाभ मिलेगा और भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं है। विद्युत विभाग ने बिजली बिल, मीटर से संबंधित समस्याओं के समाधान के साथ उपभोक्ताओं को सुरक्षा के उपाय बताए। कृषि विभाग द्वारा फसलों के अनुदान, बीज वितरण एवं नवीन तकनीकों की जानकारी दी गई। राजस्व विभाग ने आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र से संबंधित प्रक्रियाएं बताई और मौके पर प्रमाण पत्र बनाए।

इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य, श्रम, महिला एवं बाल विकास, खाद्य सुरक्षा एवं सामाजिक कल्याण विभागों ने भी शिविर में सहभागिता कर आम जनता को उनके अधिकारों और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ओमप्रकाश जोशी, गोविंद पटेल, परमेश्वर वर्मा, जिला जनपद पंचायत सदास्य प्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू, भाजपा नेता ज्वाला सिंह राजपूत ,हेमंत साहू, अनिल सिंघानिया, तोषू सिंह वर्मा, रामकुमार साहू, लव पटेल, रवि निषाद, चन्द्रशेखर राजपूत, पीलु वर्मा, रमाकांत वर्मा, रमेश, मिथुन वर्मा, राजेश साहू, धरमपाल पटेल , आदर्श जोशी, गिरधारी निर्मलकर, भुपेंद्र वर्मा, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता इस आयोजन में उपस्थित रहे।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि 21 को

**बेमेतरा,** 19 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में भारत रत्न राजीव गांधी जी की 34वीं पुण्यतिथि आतंकवाद विरोध दिवस 21 में 2025 दिन बुधवार को राजीव भवन बेरला रोड बेमेतरा में मनाया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से माननीय रविंद्र चौबे जी पूर्व मंत्री माननीय गुरु रुद्र कुमार जी पूर्व मंत्री माननीय गुरु दयाल बंजारे जी पूर्व संसदीय सचिव एवं माननीय आशीष छाबड़ा जी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा एवं पूर्व विधायक बेमेतरा की उपस्थिति में होना है जिसमें ब्लॉक पदाधिकारी एन एस यू आई महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस मोर्चा संगठन एवं कांग्रेस प्रकोष्ठ सेवादल, किसान कांग्रेस, इंटक , अनुसूचित जाति जनजाति कांग्रेस जिला पँचायत सदस्यगण जनपद पँचायत सदस्यगण भारी संख्या में उपस्थित होवे।

# पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होलकर की 300 जयंती मे शामिल हुए सांसद भोजराज नाग एवं पूर्व विधायक रंजना साहू

**बालोद,** 19 मई (देशबन्धु)। लोकमाता मालवा की महारानी अहिल्या बाई होलकर के 300 वी जयंती पर भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्यरूप से कांकेर सांसद भोजराज नाग मुख्यवक्ता धमतरी की पूर्व विधायक रंजना साहू जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख विशेषरूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सांसद भोजराज नाग ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने लोकहित में अनेक मूलभूत सुविधा के कार्य किये उनके अदम्य साहस और वीरता की गाथा आज भी मालवा क्षेत्र में याद कर उनकी पूजा की जाती है। भारतीय संस्कृति को सहेजने वाली धर्मपरायण महिला अहिल्या बाई होलकर को मालवा सहित मध्यक्षेत्र में माता स्वरूप माना जाता है उन्हें क्षेत्र में लोकमाता का दर्जा प्राप्त है। तथा उनकी अनेक मंदिर बनवाये तथा उनकी मूर्ति स्थापित है जिसकी पूजा वहां की जनता करती है। आयोजन कार्यशाला की मुख्यवक्ता रंजना साहू ने अपने उद्बोधन में लोकमाता के जीवन पर विस्तार से बताया कि भारत में कई वीरांगनाओं ने जन्म लिया परंतु भू पटल पर अमित छाप छोड़ने वाली अहिल्याबाई होल्कर एक महान मराठा शासिका थीं जिन्होंने 1767 से 1795 तक मालवा क्षेत्र पर शासन किया वे एक कुशल शासक, कुशल प्रशासक और एक परोपकारी के रूप में जानी जाती हैं। अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौडी गांव में हुआ था और उनका निधन 13 अगस्त 1795 को इंदौर में हुआ वे अपने शासनकाल में मालवा क्षेत्र में हजारों कुएं तालाब और बावड़ी बनवाये और जल संचय का कार्य किया। उन्होंने मुगलों के द्वारा तोड़े गए अनेक मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया और नए मंदिर भी बनवाये वहीं नारी शिक्षा और किसानों की आय बढ़ाने जैसे अनेक लोकहित के कार्य उन्होंने किये। अहिल्याबाई का जन्म एक किसान परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम मनकोजी शिंदे था। जो अपने गांव के पाटिल थे। 12 वर्ष की उम्र में उनका विवाह मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव से हुआ पति की मृत्यु के बाद अहिल्याबाई विधवा हो गईं और उन्होंने अपने राज्य की देखभाल करना शुरू किया जीवन में उन्होंने इतने संघर्ष किया उनके लिए कहा जा सकता है पुरुषार्थ केवल पुरुष ही नहीं करते नई भी पुरुषार्थ करने में किसी से काम नहीं उनकी न्याय प्रीयता इतनी थी कि आसपास के राजा भी उनसे सलाह लेने आते थे। उन्होंने अपने पुरुषार्थ से अनेक राजाओं को पराजित किया पर दुर्भाग्य है कि ऐसी भारतीय वीरांगना को इतिहास से मिटाने का कुकृत्य कार्य यहां के इतिहासकारों ने किया है जो निंदनीय है नारी शक्ति का वास्तविक शुसाशन की पुरोधा रही जिनका पुरा जीवन समाजिक सुधार सुशासन की अवधारणा को धरातल पर साकार करने और संस्कृति पुनर्जागरण के लिए समर्पित रहा।



स्वागत उद्बोधन में जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा 300 वर्ष बाद पुण्यश्लोक लोक माता अहिल्याबाई होल्कर के बारे में जानने का सौभाग्य मिल रहा है उनके जीवन की प्रेरणा जन.जन तक पहुंचे इस हेतु कार्यक्रम की रचना हुई है। कार्यक्रम का आभार व्यक्त करते हुए निवर्तमान जिला अध्यक्ष पवन साहु ने कहा कि आज जन हित मे जो योजनाएं चलाई जा रही है प्रकृति के संरक्षण में जो उपाय किए जा रहे हैं लोक हित में जो सुशासन किया जा सकता है वो सभी कार्य 300 वर्ष पूर्व लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने किया था इससे पता चलता है कि वे कितनी दुर्दर्शी थी। कार्यशाला आयोजन में विशेषरूप से यशवंत जैन, पवन साहू कृष्णकांत पवार, लेखराम साहू, यज्ञदत्त शर्मा, अभिषेक शुक्ला, राकेश छोटू यादव, देवेन्द्र जायसवाल, नरेश यदु, ठाकुर राम चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष तोमन साहू, पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, तोरण साहु, लाल देवेंद्र सिंह टेकाम, सरस्वती टेमरिया, दीपा साहू, लक्ष्मी साहू, प्रभा नायक, मीना साहू, मोहंती चोरका, कुंती देवांगन, कांति सोनेश्वरी, नीतू सोनवानी, प्राची लालवानी, कमलेश सोनी, पुष्पेंद्र चंद्राकर सहित मंडल अध्यक्ष महामंत्री, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बालोद जिला कांट्रेक्टर संघ के नए अध्यक्ष बने विनोद बंटी शर्मा

■ संघ की बैठक में सर्वसम्मति से हुआ चयन, ठेकेदारों की समस्याओं के समाधान पर हुई गंभीर चर्चा



**बालोद,** 19 मई (देशबन्धु)। स्थानीय शीतल पैलेस में बालोद जिला कांट्रेक्टर संघ की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिले के सभी ब्लॉकों से आए ठेकेदारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संघ की गतिविधियों की समीक्षा करना, आगामी कार्ययोजना तय करना, संघ की वित्तीय स्थिति का आंकलन करना एवं संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करना था। बैठक में सर्वसम्मति से संघ के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। पूर्व अध्यक्ष गिरिजेश गुप्ता को संघ का संरक्षक बनाया गया वहीं विनोद बंटी शर्मा को बालोद जिला कांट्रेक्टर संघ का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए दीपेश जैन और रोहित चंदेल का चयन हुआ। दीपक चोपड़ा को सचिव और अमित दुबे को सह.सचिव बनाया गया। बैठक के दौरान नए कार्यकारिणी सदस्यों ने संगठन के भविष्य की दिशा पर गहन चर्चा की। निर्णय लिया गया कि जिले के विभिन्न विभागों में ठेकेदारों की लंबित भुगतानों और कार्यों से जुड़ी समस्याओं को शीघ्र हल करने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कलेक्टर से प्रतिनिधिमंडल स्तर पर बातचीत की जाएगी। साथ ही संघ ने सभी विभागीय कार्यों की निगरानी के लिए एक विशेष टीम के गठन की भी घोषणा की।

बैठक में संघ के वरिष्ठ संरक्षकगण कमलजीत ओबेराय, मोती गोयल, महेंद्र सिंह लाम्बा, विष्णु प्रताप सिंह, जाहिद खान, विवेक पांडे और ग्रिजेश गुप्ता ने संगठन को मार्गदर्शन प्रदान किया। संतोष साहू, शैलेश सिंह, अनिल चैनाणी, शंकर चैनानी, संजय दुबे, उमा मंत्री, अनिल यादव, रिंकू शर्मा, प्रमोद यादव, नरेंद्र देशलहरे, गजेंद्र साहू, आनंद राजपूत, प्रमोद सारडा, केश कुमार, भिखम, विनायक, महावीर टाटेड, साकेत साहू, रवि साहू, विष्णु देव सिंह, प्रमोद चौधरी, चंद्रेश नाहटा, रवि जायसवाल, मनोज सिन्हा, खेदू साहू, रेवत साहू, सहित जिले भर से ठेकेदारों की उपस्थिति रही। बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि संघ के लिए एक स्थायी कार्यालय हेतु भूमि चयन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी जिससे संगठनात्मक कार्यों में और अधिक पारदर्शिता और सुचारुता लाई जा सके। नवगठित टीम ने विश्वास दिलाया कि वे ठेकेदारों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। संगठनात्मक एकजुटता और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाएगीए ताकि संघ अधिक प्रभावशाली तरीके से कार्य कर सके।

# ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक बन रही 11 करोड़ की सड़क का किया निरीक्षण

**कवर्धा,** 19 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज सोमवार को ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक 11 करोड़ रूपए की लागत से बन रही 4.20 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन सड़क एवं नाली निर्माण की गुणवत्ता की गहन जांच की तथा स्वयं सब्बल से खुदाई कर निर्माण सामग्री की मजबूती परखी।



■ गुणवत्ताहीन कार्यों पर दी सख्त चेतावनी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया कि गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उन्होंने एक टीम गठित कर कार्य की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।

समृद्ध और सुव्यवस्थित कवर्धा की दिशा में अग्रसर शहर- कबीरधाम जिले का प्रमुख नगर कवर्धा अब च्चसमृद्ध कवर्धा - सुव्यवस्थित कवर्धाज्ज मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में शहर को सुव्यवस्थित, सुंदर और सुविधायुक्त बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं में ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक चौड़ी और पक्की सड़क निर्माण एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

यातायात, व्यापार और जीवनशैली को मिलेगा नया आयाम- सड़क निर्माण कार्य के पूर्ण होने से शहरवासियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी, साथ ही हाईटेक बस स्टैंड तक सुगम पहुँच भी सुनिश्चित होगी। यह मार्ग स्कूली छात्रों, व्यापारियों, यात्रियों और आम नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से न केवल शहर का यातायात तंत्र सुदृढ़ होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य शहरों से जुड़ने वाले मार्गों की प्रभावशीलता भी बढ़ेगी।

# प्रलोभन देकर धर्मांतरण का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा,** 19 मई (देशबन्धु)। थाना पंडातराई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कारीमाटी निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाना कवर्धा में प्रस्तुत किए गए लिखित आवेदन में उल्लेख किया गया कि चर्च परिसर में संचालित एक निजी विद्यालय के पदाधिकारी द्वारा बीमारी ठीक करने, आर्थिक सहायता देने तथा जीवन में सुधार लाने जैसे प्रलोभनों के माध्यम से धर्मांतरण का प्रयास किया गया।



उक्त आवेदन का थाना कवर्धा पुलिस द्वारा गंभीरता से परीक्षण कर प्राथमिक जांच की गई, जिसमें गवाहों के कथन, उपलब्ध तथ्यों एवं परिस्थितियों के आधार पर आरोपी जोस थॉमस, निवासी चर्च परिसर, कवर्धा के विरुद्ध ब्र्हस्र और छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस द्वारा आरोपी जोस थॉमस को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है जहां से उसे जेल भेजने की प्रक्रिया पूर्ण की गई है।

# शिक्षा के साथ-साथ परिवार को संस्कारिक बनाएं: हलधर साहू

■ एक दिवसीय कार्यशाला में सामाजिकजनों की उमड़ी भीड़




**बालोद,** 19 मई (देशबन्धु)। शिक्षा के साथ साथ परिवार को संस्कारिक बनाएं तभी हमारा समाज हमारा परिवार हमारा देश व राज्य विकास के पथ पर आगे बढेगा। तभी आप और हम समाज को स्वच्छ व स्वस्थ्य समाज बनाने में सफल हो पाएंगे। आज युवा वर्ग दिन प्रतिदिन नशे की गिरफ्त में समाते जा रहा है। तथा धर्मान्तरण के मामले समाज में अत्यधिक आने लगे हैं जिसका मूल कारण अंधविश्वास, रूढ़ीवादी व नशापान भी एक मूल कारण है। उक्त बांते बालोद तहसील साहू संघ द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान जिला साहू संघ के नवीन भवन में प्रदेश साहू संघ महामंत्री हलधर साहू ने मुख्य अतिथि के आसंदी से कहा। उपस्थित सामाजिक बंधुओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सोमन साहू ने आगे कहा कि आज हम आधुनिकता के चक्कर में सामाजिक संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं। शादी विवाह भी 16 संस्कारों में शामिल है। परंतु आज के शादी विवाह शाम को गोधूली बेला में संपन्न न होकर रातभर करा रहे हैं। फिर बाद में लोगों के द्वारा कहा जाता है कि हमने तो शादी पूरे रस्मों रिवाज के साथ किया है फिर परिवार में अंर्तकलह क्यों हो रहा है। जिला साहू संघ उपाध्यक्ष जितेन्द्र साहू ने सामाजिक नियमों को पूरे विस्तार के साथ उपस्थित लोंगों को बारिकी के साथ बतलाया और सामाजिक प्रश्नोत्तरी का बखूबी संतोषप्रद उत्तर सामाजिकजनों को प्रदान किए। इसी प्रकार उपस्थित सामाजिक महिला पुरूषों को अपने संबोधन में जिला साहू संघ उपाध्यक्ष एवं तहसील साहू संघ संरक्षक कृष्णा साहू ने सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

बालोद तहसील साहू संघ अध्यक्ष मदन सोनबरसा ने उपस्थित जनों को अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि मरे कार्यकाल के दौरान बालोद तहसील के विभिन्न ग्रामों में सामातिज जागरूकता लाने परिक्षेत्रीय अध्यक्षों के सहयोग से सामाजिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा चुका है। जंहा लगभग 96 ग्राम आता है और आज उन्ही सभी 96 ग्रामों के ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को आमंत्रित कर समाज में जनजागरूकता लाने समाजिक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिससे हम समाज में सामाजिक नियमों को बेहतरीन ढंग से परिपालन करा सकें और समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति की मदद कर सकें। तहसील स्तरीय सामाजिक एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान मुख्य रूप से बालोद तहसील साहू संघ अध्यक्ष मदन सोनबरसा, संरक्षक कृष्णा राम साहू, कोषाध्यक्ष तुकेश हिरवानी, सचिव विनीता साहू, उपाध्यक्ष रश्मि साहू, उपाध्यक्ष जयंत साहू, सहसचिव राधेलाल गुरूपंच, न्याय प्रकोष्ठ हेतंत साहू, द्रोणाचार्य साहू, मोहन रिच्छेद कलिहारी, जागेश्वरी साहू, वीणा साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष छगन साहू, हिमांचल साहू, गंगा प्रसाद साहू, ध्रुव कुमार साहू, डोमन साहू, मदन साहू, कुंजलाल साहू, पवन साहू, उमेश साहू, मीडिया प्रभारी किशोर साहू सहित बडी संख्या में सामाजिक महिला, पुरूष, युवा शामिल रहे जंहा सभी सम्मानीयजनों के लिए बालोद तहसील साहू संघ द्वारा भोजन की व्यवस्था किया गया था। कार्यक्रम का संचालन सहसचिव राधेलाल गुरूपंच झलमला एवं आभार प्रदर्शन मोहन रिच्छेद कलिहारी नयापारा बालोद ने किया।

# गर्मी के साथ नगर में बढ़ रही पानी की समस्या, मिशन सन्डे की टीम ने किया निरीक्षण




**खैरागढ़,** 19 मई (देशबन्धु)। भीषण गर्मी के साथ ही नगर में पेयजल की समस्या भी बढ़ती जा रही है। शुद्ध पेयजल के जगह गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर मिशन सन्डे की टीम ने रविवार को जमीनी हकीकत का जायजा लिया। संयोजक मनराखन देवांगन की अगुवाई में टीम ने वार्ड क्र. 1 पिपरिया और वार्ड क्र. 12 अमलीपारा में पहुँचकर नागरिकों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को जाना। पिपरिया बोर मे लगा मशीन तीन माह से बिगड़ा पड़ा है, वार्डवासी व स्थानीय पार्षद द्वारा कई बार इस संबंध मे नगर पालिका मे शिकायत भी की गई लेकिन आज पर्यन्त तक कोई भी काम नहीं हो पाया जिससे स्पष्ट है कि इतने गंभीर जल संकट को नगर पालिका द्वारा नजर अंदाज कर लापरवाही बरती जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिपरिया बोर में लगे मोटर पिछले तीन महीनों से खराब है जिसकी वजह से पानी की आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। लोगों की शिकायत है कि कई बार नगर पालिका को सूचना देने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संयोजक मनराखन देवांगन ने सीएमओ नरेश वर्मा से दूरभाष पर चर्चा कर मशीन की मरम्मत के निर्देश दिए। टीम जब अमलीपारा पहुँची तो वहाँ भी गंदे और बदबूदार पानी की आपूर्ति देखी गई। नागरिकों ने बताया कि यह पानी पीने योग्य नहीं है फिर भी उन्हें मजबूरी में इसी पानी का उपयोग करना पड़ रहा है। टीम ने नगर पालिका को अवगत कराते हुए जल्द से जल्द सफाई और मरम्मत कार्य करवाने की माँग की। नगर में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, केवल एक ही पानी टैंकर चालक है जिससे सभी वार्डों में पानी पहुँचाना संभव नहीं हो पा रहा है। इस विषय को लेकर सामान्य सभा में मनराखन द्वारा सवाल उठाया गया था जिस पर सीएमओ ने स्वयं यह बात स्वीकार की थी। नगर के अधिकतर वार्डों में पीने के पानी की भारी किल्लत है, सभी नदियाँ सूख चुकी हैं और नगर पालिका पूरी तरह विफल नजर आ रही है। संयोजक श्री देवांगन ने प्रशासनिक उदासीनता पर तीखा सवाल उठाया। मनराखन देवांगन ने आगे कहा कि नगर पालिका और सरकार में बैठे जनप्रतिनिधि कमीशनखोरी में व्यस्त हैं, आम जनता की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं है। तीन माह से खराब बोर का मरम्मत न होना इस बात का सबूत है कि नगर पालिका गहरी नींद में सोई हुई है। मिशन सन्डे की टीम में नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, अरुण भारद्वाज, पार्षद दिलीप लहरे, पार्षद प्रतिनिधि राधे पटेल, पूरन सारथी, रविंद्र सिंह गहरवार, शेखर दास वैष्णव, महेश यादव, सूरज देवांगन, भूपेंद्र वर्मा, सूर्यकांत यादव, राहुल बंजारे, अनिल यादव, राजा लहरे, हरिदर्शन सहित मिशन सन्डे टीम के कई सदस्य मौके पर मौजूद रहे।

# सुशासन त्यौहार नाम का, काम के लिए भटक रही जनता: राहुल तिवारी



**राजनांदगांव,** 19 मई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी ने विष्णु देव साय सरकार के सुशासन त्यौहार कार्यक्रम पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सुशासन त्यौहार केवल नाम का चल रहा है जनता आज भी मूलभूत सुविधाओ और अपनी आवश्यकताओं के लिए ऑफिस में बैठकर कुर्सी तोड़ रहे अधिकारियों के चक्कर काट रही है। सुशासन त्यौहार पर ग्रहण लगा रहे हैं कुछ अधिकारी एवं कर्मचारी जिन्हें भाजपा के नेताओं का संरक्षण प्राप्त है जो सिर्फ ऑफिस में बैठकर कुर्सी तोड़ने का काम कर केवल तनख्वाह बनाने का काम करते हैं। कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में तो भाजपा के नेता अधिकारी कर्मचारियों को नीचा दिखाकर सुशासन त्यौहार के जरिए खुद को महिमा मंडीत करने में लगे हैं। वही मूलभूत सुविधाओं को तरसते खुद बीमार हालत से दिख रहे सरकारी अस्पताल, सैकड़ो लंबीत पड़े राजस्व के मामले एस डी एम, तहसीलदार, पटवारी की कार्यशैली को उजागर कर रहे हैं। गांव गांव, गली गली में चल रहे अवैध शराब के धंधे आबकारी विभाग की कार्यशैली को उजागर कर रहे हैं। जगह जगह पुलिस और जांच नाके होने के बावजूद पुलिस के नाक के नीचे से लगातार हो रही पशु तस्करी जैसे अवैध काम सुशासन त्यौहार की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं। भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार सुशासन त्यौहार के बहाने जनता को ठग कर अपनी नाकामिया छुपाने की कोशिश कर रही है। साय सरकार तथाकथित सुशासन त्यौहार मनाने में मस्त है और पूरे प्रदेश की जनता अपराधियों से त्रस्त हैं। सवाल है ये कैसा सुशासन है जिसमें लगातार अपराध का गढ़ बनता जा रहा है छत्तीसगढ़।

■ अधिकारियों के टेबल में पड़ी जनता की फाइल और कुर्सी तोड़ते अधिकारी सुशासन का पोल खोल रहे

# डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में सुविधाओं के विस्तार एवं रेलवे का आधुनिकरण किया जा रहा



**राजनांदगांव/डोंगरगढ़,** 19 मई (देशबन्धु)। डोंगरगढ अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में सुविधाओं के विस्तार एवं रेलवे का आधुनिकरण किया जा रहा है जिसके अंतर्गत डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में कालका पारा की ओर स्टेशनन सौंदर्यीकरण एवं वेटिंग लांज, लिफ्ट,लैंडस्केपिंग,एक्सीलेटर आदि कार्यो का लोकार्पण आने वाली 22 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वर्चुअली किया जाना प्रस्तावित है इसी परिपेक्ष्य में डोंगरगढ़ के रेलवे स्टेशन में सांसद संतोष पाण्डेय के आथित्य में यह कार्यक्रम संपादित होना है कार्यक्रम को सफल बनाने के संबंध में दिनांक 19/05/2025 को नई स्टेशन बिल्डिंग परिसर के वेटिंग लांज में अमृत भारत स्टेशन के तहत बने डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन का 22 /05/2025 को उद्घाटन होना है जिसमें अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डोंगरगढ़ के प्रबुद्ध नागरिकगण एवं इलेक्ट्रॉनिक /प्रिंट मीडिया के पत्रकार साथीयों व डोंगरगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष रमन डोंगरे , सांसद प्रतिनिधि डॉ तरुण हथेल , कुलवंत कक्कड़ , बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्टी अनिल गट्टानी, भारतीय जनता पार्टी से मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह , परविंदर सिंह मोंटी, श्रीमती सविता दरगढ, श्रीमती लक्ष्मी यादव, विजेंद्र सिंह ठाकुर, सुमित मिश्रा, आवेश निगम, सहित वरिष्ठ नागरिकों से मिलकर रेलवे के अधिकारी गण रूपरेखा तैयार कर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की।।

# वन नेशन वन इलेक्शन माता अहिल्या की जंयती में विचार गोष्ठी का आयोजन



**दल्लीराजहरा,**19 मई(देशबन्धु) ।कांकेर लोक सभा स्तरीय ,वन नेशन वन इलेक्शन एवं लोकमाता अहिल्या बाई होलकर जी की 300 वीं जयंती मनाई गई व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग एवं वक्ता के रूप में बेमेतरा के पूर्व विधायक अवधेश चंदेल एवं राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, नपा दल्ली राजहरा के अध्यक्ष तोरण साहू,नगर पंचायत लोहारा के अध्यक्ष निवेंद्र टेकाम एवं इस कार्यक्रम के जिला संयोजक राकेश द्विवेदी भाजपा दल्ली राजहरा मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर साहू, मंडल महामंत्री रमेश गुजर एवं समस्त कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे रहे ।इस अवसर पर सांसद नाग ने कहा की देश के चुनाव व राज्यों के चुनाव अलग अलग होने से देश में आर्थिक खर्च का दबाव बढ़ता है साथ ही चुनाव आचार सहित लगने से विकास कार्यों में अवरूद्ध पैदा होता है आज के सूचना क्रांती डिजिटल युग में जनता का समय खराब होता जिससे एक देश एक चुनाव की आज अति आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा लोक माता अहिल्या बाई होलकर की जंयती पर उन्हें नमन करते हुए कहा की माता अहिल्या बाई होलकर को उनके न्यायप्रियता दूरदर्शिता और कुशल प्रशासन के लिए याद किया जाता है। उन्होंने अपने लोगों के लिए कई कल्याणकारी कार्य किये। इनके देश के प्रति योगदान देश सद याद रखेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधि पूर्व सैनिक व्यापारी बन्धु शिक्षकों को अपनी उपस्थिति देने एवं अपनी सहभागिता देने के लिए हृदय से धन्यवाद किया गया।

# भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा रैली

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गूंजे देशभक्ति नारे




**धमधा,** 19 मई (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने पर नगर पंचायत धमधा ने रविवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल ने हाथों में तिरंगा लेकर रैली का नेतृत्व किया, धमधा नगर में रविवार को सेना के शौर्य को नमन करते हुए तिरंगा रैली निकाली गई इसमें नगर वासियों ने उत्सह से हिस्सा लेते हुए देश की रक्षा में समर्पित हमारी सेना के अदम्य, साहस, वीरता और बलिदान का जयघोष किया, नगर युवा, बच्चे, बड़े बुजुर्ग, महिलाएं सभी वर्ग के लोगों ने तिरंगा यात्रा में सहभागिता निभाई । यात्रा में लोग हाथों में तिरंगा लिए गर्व और जोश से लबरेज नजर आए । देश भक्ति के नारे से नगर की गलियां गूंज उठी ।

इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को याद करते हुए सीमा पर तैनात भारतीय जवानों को सलामी दी गई । आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर या स्पष्ट संदेश दिया कि जनता देश सेवा और एकता के प्रति सदैव तत्पर है।

नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल ने रैली में शामिल नागरिकों को संदेश दिया कि भारत देश हमेशा अखंड रहेगा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आतंकवाद को मिटाने शुरू हुए अभियान ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा वे सेना के तीनों टुकड़ी में शामिल जवानों को नमन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया

इस अवसर पर प्रशान्त अग्रवाल, राजेंद्र ताम्रकार, नगर पंचायत उपाध्यक्ष बृजेन्द्र दानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट, पार्षद लक्ष्मीनारायण यादव, मलिक कुरैशी, डोमार सोनकर, दीप्ति गुप्ता, शशि यादव, कुमारी बाई टोन्द्रे ,चन्द्रिका भट्ट , मंजू धीवर, कुमारी धीवर, मनीषा ताम्रकार, धर्मपाल वर्मा, अशोक यादव, प्रीतम यादव, नवीन जैन,साजन ताम्रकार, पीयूष ताम्रकार, मन्ना महोबिया, पवन देवांगन,दीपक चौहान, गजेंद्र निर्मलकर, सुनील गुप्ता, भूषण धीवर, गौरव कुमार ताम्रकार, शैलेन्द्र निर्मल, करण ताम्रकार, वीर ताम्रकार, आदर्श शर्मा, तुषार राजपूत, पूर्व फौजी मोहन पटेल, सोनिया मिश्रा, नगर पंचायत के कर्मचारी प्रफुल्ल देवांगन,संतोष बंजारे,कमरुद्दीन कुरैशी, सहित स्वच्छता से जुड़े महिला कर्मचारी सहित अनेक लोग शामिल हुए।

# कबीरधाम जिले में प्रत्येक जनपद से एक-एक मॉडल ग्राम होगा विकसित

**कवर्धा,** 19 मई (देशबन्धु)। शासन के दिशा-निर्देश एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अंतर्गत जिले के प्रत्येक विकासखंड से एक-एक मॉडल ग्राम चयनित कर उन्हें विकसित किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत विकासखंड पंडरिया से मोहगांव, विकासखंड कवर्धा से बिरकोना, विकासखंड लोहारा से राजपुर और विकासखंड बोड़ला से बेन्दरची को चयनित किया गया है। इन ग्रामों को आदर्श मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयास किए जाएंगे। इन कार्यों में विशेष रूप से विभिन्न गतिविधियाँ की जाएगा।

जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत घर-घर कचरा संग्रहण के लिए महिला स्वच्छग्राही का चयन, कचरा संग्रहण के लिए ट्रायसाइकिल की व्यवस्था, महिला समूहों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना, सामुदायिक शौचालय एवं उनके समुचित उपयोग की व्यवस्था, सामुदायिक सोख्ता गड्ढा, नाडेप, सेग्रीगेशन शेड का निर्माण एवं रख-रखाव, ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देना, शौचालय विहीन बड़े परिवारों हेतु शौचालय निर्माण और कचरा प्रबंधन से संबंधित जागरूकता कार्य किए जाएंगे। मनरेगा योजना के तहत सेग्रीगेशन शेड, रेट्रोफिटिंग कार्य, सोख्ता गड्ढा एवं कंपोस्ट पिट का निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करना, अन्य समन्वित कार्य ग्राम सभा के एजेंडे में ओडीएफ मॉडल ग्राम की घोषणा की जाएगी। 15वें वित्त आयोग की स्वच्छता टाइड फंड राशि का स्वच्छता कार्यों में उपयोग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सामुदायिक शौचालयों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना, स्कूल शिक्षा विभाग के तहत बच्चों को शौचालय उपयोग की शिक्षा, स्कूलों में हाथ धुलाई एवं सूखा/गीला कचरा पृथक रखने हेतु डस्टबिन की व्यवस्था की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के तहत स्वच्छग्राही समूहों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं हेल्थ कार्ड बनवाना, मितानिनों के माध्यम से कचरा पृथकरण पर जागरूकता, महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों में शौचालयों की सफाई एवं स्थिति का अवलोकन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर कचरा पृथकरण के लिए प्रचार-प्रसार और श्रम विभाग के तहत स्वच्छग्राही महिलाओं को श्रम कार्ड बनवाने के लिए पहल की जाएगी।

# इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय व नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के बीच 3 वर्षों के लिए हुआ एमओयू




**खैरागढ़,** 19 मई (देशबन्धु)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ व शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के मध्य शनिवार 17 मई को समझौता (एम ओ यू) हुआ। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा एवं नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ की प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती ने दोनों संस्थाओं के बीच 3 वर्ष के लिए आपसी सहयोग एवं समन्वय (एम ओ यू) पर हस्ताक्षर किये। नेहरू महाविद्यालय में आयोजित समझौता ज्ञापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति डॉ. लवली शर्मा उपस्थित रहीं जिन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगो को कला को समझने का अवसर मिल रहा है जो बहुत ही महत्वपूर्ण है। एम ओ यू अपनेङ्कअपने विचार व संस्कृति को एक दूसरे को साझा करना है। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय व नेहरू महाविद्यालय के बीच हुए एम ओ यू को सार्थक बनाना है जिससे आप लोग लाभान्वित हो सके। नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ की प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती ने एम ओ यू के लिए कुलपति का आभार व्यक्त किया और कहा कि आपके इस सार्थक पहल से निश्चित ही कला का विस्तार होगा और विद्यार्थियों को कला से जुड़ने का अवसर मिलेगा। कुलपति के पदभार संभालने के बाद लगातार कलाओं का विस्तार होने लगा है। 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर के माध्यम से क्षेत्रीय विद्यार्थियों को विभिन्न कलाओं को सीखने का अवसर मिला। इसके बाद नेहरू महाविद्यालय के साथ हुए एम ओ यू से कलाओं का विस्तार जिले के बाहर भी होने लगा है। आने वाले समय में निश्चित ही वृहद स्तर पर कला का विस्तार होगा और कला प्रेमी इससे लाभान्वित होंगे।

# युक्तियुक्तकरण सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को विषय ज्ञान से वंचित करने की नीति: ओबीसी महासभा

**बालोद,** 19 मई (देशबन्धु)। ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम एवं ब्लॉक अध्यक्ष बालोद पवन कुमार साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि ओबीसी महासभा ने शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण को कक्षाओं की संख्या एवं विषय आधारित किये जाने का सुझाव दिया है। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण नीति 28 अप्रैल 2025 पूर्णत: 02 अगस्त 2024 का नकल है। जिसमें विद्यार्थी हित को पुन: अनदेखा किया गया है। ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ का कहना है कि प्राथमिक शिक्षा से विद्यार्थियों को कक्षावार विषय शिक्षक उपलब्ध नहीं होने से माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा स्तर के परीक्षा मूल्यांकन में गिरावट आ रहा है। सरकारी विद्यालयों के अधिकांश विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से होते हैं ।जोकि शाला के विद्यालय शिक्षण पर निर्भर रहते हैं। यदि दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जाता है तो विद्यार्थियों को कक्षावार विषय शिक्षक उपलब्ध नहीं होगा। जोकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विरुद्ध है। अत: युक्तियुक्तकरण नीति निर्देश बनाया जाना चाहिए। उन्होंने प्रश्न किया कि विगत वर्ष में जो नीति त्रुटिपूर्ण था हूबहू वही वर्तमान वर्ष में बिना सुधार के क्रियान्वयन करना युक्तिसंगत एवं व्यवहारिक नहीं है। सेटअप में परिवर्तन दोषपूर्ण है। इसे लागू करना बुद्धिमत्ता नहीं है। इससे शिक्षा व्यवस्था में प्रगति न होकर अध्ययन.अध्यापन का पतन ही होगा ।यदि विद्यार्थियों का प्राथमिक स्तर से भाषाध्विषय अवधारणा में स्पष्ट नहीं होगा तो माध्यमिकध्हायर सेकंडरी एजुकेशन में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायेंगे।

ओबीसी महासभा का मत है कि सेटअप में कक्षाओं की संख्या तथा विषयमान से विद्यार्थियों को शिक्षक मिलना गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए आवश्यक है। ओबीसी महासभा अनेक तथ्यों का उल्लेख कर ज्ञापन देंगे। प्राथमिक विद्यालय पहली से पांचवीं तक कक्षाओं की संख्या. 5, विषय संख्या दृ 4, पीरियड.20, सेटअप.2008 में 1़2, सेटअप मापदंड 2022 1़2, दर्ज संख्या में वृद्धि पर अतिरिक्त सहायक शिक्षक के पद स्वीकृत है। लेकिन युक्तियुक्तकरण नीति 2025 में पुन: 1़1 किया जा रहा है। जोकि युक्तियुक्त नहीं है। विचारणीय है कि 5 कक्षाओं को 1 प्रधानपाठक और 1 शिक्षक कैसे पढ़ायेंगे। गैर शिक्षकीय कार्य अलग है पूर्व माध्यमिक शाला कक्षा छठवीं से आठवीं तक कक्षाओं की संख्या 3 विषयों की संख्या 6 पीरियड 18 सेटअप 2008 में 1़4 सेटअप मापदंड 2022 में 1़4 दर्ज संख्या में वृद्धि पर अतिरिक्त शिक्षक के पद स्वीकृत है। लेकिन युक्तियुक्तकरण नीति 2024-25 में 1़3 किया जा रहा है! जोकि युक्तियुक्त नहीं है। 6 विषय 18 पीरियड को 1 प्रधानपाठक और 3 शिक्षक कैसे पढ़ायेंगे विचारणीय है। हाई स्कूल विषय 6 पीरियड 12 सेटअप 2008 में 1़6 सेटअप मापदंड 2022 में 1़5 दर्ज संख्या के अनुपात में अतिरिक्त व्याख्याता का पद स्वीकृत है। हायर सेकेण्डरी स्कूल कक्षा 11 एवं 12 वीं पीरियड. 32 सेटअप 2008 में 1़11संकायवार सेटअप मापदंड 2022 में 1़9 दर्ज संख्या के अनुपात में अतिरिक्त व्याख्याता का पद स्वीकृत है। व्यवस्थित अध्ययन.अध्यापन के लिए प्रत्येक विषय व्याख्याता की आवश्यकता है। ओबीसी महासभा का कहना है कि प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, हाई स्कूलध्उच्चतर माध्यमिक के सेटअप में परिवर्तन किया जाना शिक्षा व्यवस्था के लिये घातक है। विषय अध्यापन व्यवस्था कैसे होगा इस पर विचार किये बिना दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों की पदस्थापना करने की युक्तियुक्तकरण नीति शिक्षा व्यवस्था के लिए आत्मघाती कदम है। जिसके कारण न केवल वर्तमान पदस्थापना तथा भविष्य की पदोन्नति भी प्रभावित होगी। साथ ही प्राथमिकध्माध्यमिक के विद्यार्थियों को विषयध्कक्षा शिक्षक से वंचित होना पड़ेगा। शिक्षकों में रोष व्याप्त है कि शिक्षा की गुणवत्ता कैसे संभव होगा।

शिक्षक विहीन विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिये कक्षावार विषय शिक्षकों की उपलब्धता उचित है। लेकिन जिन विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिये विषय शिक्षक उपलब्ध हैं उनको दर्ज संख्या के आधार पर विषय शिक्षक विहीन करने का युक्तियुक्तकरण नीति अनुचित है। अतिशेष गणना में प्रधानपाठक प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक विद्यालय को शामिल करना पूर्णत: गलत है। पदोन्नति के पद को उसके फीडर पद के समकक्ष रखा जाना भर्ती नियम के विरुद्ध है। जोकि शिक्षा, शिक्षक और शिक्षार्थी तीनों के लिए अहितकर है। युक्तियुक्तकरण के दोषपूर्ण निर्देशों में सुधार आवश्यक है। विगत वर्ष 2024 में सचिव स्कूल शिक्षा एवं संचालक लोक शिक्षण को उपरोक्त तथ्यों से अवगत कराते हुए सुधार का आग्रह किया गया था लेकिन तथ्यों पर जमीनी हकीकत को युक्तियुक्तकरण 2025 के निर्देशों में पुन: नजरअंदाज किया गया है। ओबीसी महासभा का कहना है कि उठाये गये तथ्यों पर सुसंगत निर्णय होते तक इसके क्रियान्वयन पर रोक लगाया जाना उचित होगा।

# धोबी समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए विक्रांत



**खैरागढ़,** 19 मई (देशबन्धु)। धोबी समाज का वार्षिक सम्मेलन इस वर्ष छुईखदान ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम लोधी नवागाव में बड़े ही उत्साह और सामाजिक समर्पण के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में समाज के विभिन्न गाँवो से आए गणमान्य व्यक्तियों, युवा प्रतिनिधियों, महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य समाज के भीतर एकता, शिक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने पर जोर देना रहा। सम्मेलन की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजो के साथ हुई। इस सम्मेलन ( महासभा) में मुख्य अतिथि केसीजी जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में समाज को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समरसता के पथ पर आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने आगे कहा कि धोबी समाज अब सिर्फ एक परंपरागत समुदाय नहीं रहा, बल्कि यह शिक्षा, व्यवसाय और राजनीति के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना रहा है। ऐसे सम्मेलन समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम का समापन समाज के सभी वर्गों की सहभागिता के साथ हुआ, जिसमें आगामी वर्षों के लिए कार्ययोजना का खाका भी तैयार किया गया। इस दौरान केसीजी जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष घम्मन साहू, जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, छुईखदान मडंल भाजपा अध्यक्ष भावेश कोचर, दीना राम जंघेल, अशोक पाल, दिवाकर सोनी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उल्टा पुल्टा

भिखारी- भैया एक रुपया दे दो
भैया- कल आना कल
भिखारी- इसी कल-कल के चक्कर में तो इस कॉलोनी में मेरे हजारों रुपये फंसे हैं।

संपादकीय

## अभिभावकों के झगड़ों में पिसते बच्चे

यह सचमुच बहुत दुर्भाग्यजनक है कि अभिभावकों के परस्पर मनमुटावों और झगड़ों का शिकार अक्सर बच्चे होते हैं। जिन परिवारों में बड़ों के बीच तनाव होता है उनका खामियाज़ा विभिन्न तरीकों से बच्चों को भुगतना होता है- फिर झगड़ा चाहे जिस भी कारण से हो। ऐसे बच्चों की उपेक्षा तो होती ही है, उन्हें मां-बाप ही नहीं, पूरे परिवार के लाड़-प्यार एवं देखभाल से वंचित होना पड़ता है। अक्सर झगड़े या विवाद में पड़े अभिभावकों का गुस्सा उन पर उतरता है। कभी वे उनसे गालियां सुनते हैं तो अक्सर उनके हाथों वे मार खाते हैं। विभिन्न तरह की प्रताड़नाएं भी उन्हें झेलनी पड़ती हैं। ऐसे परिवारों की आर्थिक स्थिति भी बिगड़ने लगती है जिससे बच्चों की सुविधाओं में कटौतियां होती हैं। कई बार तो यह भी देखा जाता है कि इसके कारण वे शिक्षा से तक वंचित कर दिये जाते हैं। जो आनंद एक सुखी परिवार के बच्चे उठाते हैं वह ऐसे बच्चों को नहीं मिलता जो कि उनका नैसर्गिक व संवैधानिक अधिकार होता है।

इस तरह के परिवारों के परिवेश का उन पर बहुत खराब असर होता है। ये बच्चे हमेशा डरे-सहमे से रहते हैं और उनका स्वाभाविक विकास नहीं हो पाता। कभी उन्हें पर्याप्त आहार नहीं मिलता तो कभी उनके स्वास्थ्य की उपेक्षा होती है। उन्हें कभी एक या कभी दोनों पक्षों (मां-बाप) की ओर से प्रताड़ना मिलती है। जब तक ऐसे अभिभावकों के बच्चे छोटे होते हैं तो उन्हें बात बहुत समझ में नहीं आती लेकिन जब वे बड़े हो जाते हैं तो उन्हें घर से नफ़रत हो जाती है। अक्सर वे खिन्न रहते हैं। यह भी देखा गया है कि वे घरों को छोड़ देते हैं। उनमें गुस्सा या कुंठा भर जाती है। बचपन हो या किशोरावस्था अथवा युवावस्था- वे हमेशा चिड़चिड़े और असहज रहते हैं।

सर्वाधिक घातक परिणाम जो झगड़ालू अभिभावकों के बच्चों को झेलना पड़ता है, वह है उनके साथ होने वाली शारीरिक हिंसा। इस मार-पीट से उन्हें चोटें पहुंचती हैं। कभी तो वे इतनी गम्भीर होती हैं कि बच्चे (किसी भी उम्र के हों) स्थायी रूप से विकलांग हो जाते हैं अथवा कई बार उन्हें मां या बाप के गुस्से का शिकार होकर अपनी जान तक गंवानी पड़ जाती है। जशपुर जिले के एक गांव ढोढ़ीबहार निवासी विमल मिंज को अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका थी। इसके चलते दोनों के बीच हरदम विवाद होता रहता था। गुरुवार को भी दोनों के बीच कहा-सुनी हुई। नाराज़ विमल धारदार हथियार लेकर पत्नी को मारने पर आमादा हो गया। वह भागने लगी। क्रोधित विमल ने वहीं खेल रही ढाई वर्ष की अपनी बेटी की गला रेत कर हत्या कर दी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना बताती है कि किस प्रकार से बच्चे ऐसे विवादों का फल भुगतते हैं।

# बेटियों ने अपने पिता की अर्थी को कंधा और अंतिम संस्कार कर की अंतिम इच्छा की पूर्ति

## बेटियों ने ही मुखाग्नि दी, यह देख लोग हुए भावुक, आंखों से छलके आंसू

**नवापारा राजिम,** 19 मई (देशबन्धु)। स्थानीय दिगंबर जैन समाज के संजय राजू जैन का बीमारी के उपरांत 18 मई रविवार दोपहर 12रू30 बजे देह परिवर्तन हुआ उनका अंतिम संस्कार दोपहर 3रू30 स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया संजय राजू जैन की तीन बेटियां अदिति मुस्कान और श्रुति है पिता की अंतिम इच्छा भी यही थी कि मेरी बेटियां ही मेरा अंतिम संस्कार करें तीनों बेटियां ने अपने पिता का अंतिम संस्कार पूरे विधि विधान पूर्वक किया ।

**जैन समाज में पहली बार किसी कन्याओं ने दिया अपने पिता को कंधा और किया अंतिम संस्कार**

नगर के जैन समाज में या पहला मौका था जब किसी कन्याओं ने अपने पिता की मुखाग्नि या अथवा अंतिम संस्कार किया ह हालांकि समाज के कुछ लोगों ने इसका विरोध भी किया मगर घर वालों ने बताया कि उनके पिता की अंतिम इच्छा थी कि उनका अंतिम संस्कार उनकी बेटियां ही करें ।संजय राजू की अंतिम अंतिम इच्छा जनकर को समाज बौनी हो कर रह गई और अंकित अंतिम इच्छा की स्वीकृति दे दी ।

विदित हो कि बेटे ही नहीं बेटियां भी आज के समय में बेटों की तरह माता-पिता के प्रति पूरा फर्ज निभाती है बेटों की ओर से की जाने वाली धार्मिक रस्मों को निभा रही है पहले पिता को चिता में मुखाग्नि सिर्फबेटा ही दे सकता था बेटियां चिता को हाथ भी नहीं लगा सकती थीं इस रूढ़िवादी सामाजिक सोच से ऊपर उठकर बेटी अदिति, मुस्कान और श्रुति ने रविवार को अपने पिता का अंतिम संस्कार किया । जब बेटियों ने अंतिम संस्कार किया तो वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखों में आंसू आ गए । दरअसल पिता की जब अंतिम यात्रा निकाली तो तीनों बेटियों दोनों बहनों रंजनी और रंजन तथा दामाद हिमांशु आगे आए और अपने पिता की अर्थी को कंधा दिया, यही नहीं बेटियां घर से लेकर मुक्ति धाम तक पिता की शव यात्रा के साथ गई ।शमशान घाट में बेटियों ने पूरे रीति रिवाज के साथ पिता को मुखानी देकर उनकी अंतिम संस्कार किया ।वहीं बेटियों ने अपने दिल को कडा कर सभी रश्म निभाई । बेटियों ने कहा कि उनके पिता उन्हें बेटा ही मानते थे आज उन्होंने अपने अधिकार को पूरा किया संजय राजू जैन का जीवन बहुत ही धर्म पूर्वक बीता, धर्म के प्रति विशेष रूचि थी उन्होंने पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज को अपना गुरु मानकर त्यागियो सा जीवन जिया ।उन्होंने कुछ वर्षों तक समाज के बच्चों में संस्कार का बीज ओपन करने धार्मिक पाठशाला का भी कुशल संचालन किया स्वयं स्वाध्याय करते थे और नियमित रूप से समाज के लोगों को स्वाध्याय करते व कराते थे सभी साधु संतों के प्रति अटूट सेवा भाव था उनके आहार विहार और निहार की सभी क्रियो में प्रथम पंक्ति में रहते थे ।



# संजय राजू जैन का समाचार सुनकर प्रत्येक धर्मप्रेमी दु:ख का अनुभव कर रहा : संजय सिघंई

**नवापारा राजिम,** 19 मई (देशबन्धु)। नगर के दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य संजय जैन राजू अपने आप में समाज,, धर्म, गुरु सेवा को समर्पित एक ऐसा व्यक्तित्व था जिसके चले जाने का समाचार सुनकर प्रत्येक धर्म प्रेमी चाहे वह छत्तीसगढ़ का हो या कहीं अन्य प्रदेश का, जो उन्हे जानता था काफी दुख का अनुभव कर रहा है। वह काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। स्मृति शेष संजय जैन अपने आप में गुरु भक्ति की मिसाल थे। समाज सेवा के हर काम में अग्रणी भूमिका निभाते थे उक्त बातें दिगम्बर जैन समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं पूर्व पंचायत अध्यक्ष संजय सिघंई ने व्यक्त की ।आज से करीब 2 वर्ष पूर्व जब आचार्य श्री विद्यासागर गुरुदेव का सानिध्य डोंगरगढ़ में चल रहा था उस समय संजय राजू जैन को आचार्य श्री का मंगल आशीर्वाद प्राप्त हुआ था ताकि वह अति शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सके।



सैकड़ो किलोमीटर गुरुजी के साथ पद बिहार में रहकर अपनी गुरु के प्रति निष्ठा का भाव रखते थे

श्रीसिंघई ने आगे कहा कि गुरु भक्ति का आलम यह था कि वे सैकड़ो किलोमीटर गुरु जी के साथ पद बिहार में रहकर अपनी गुरु के प्रति निष्ठा का भाव रखते थे वहीं वे स्वकल्याण का मार्ग भी प्रशस्त किया करते थे। उन्होंने बताया कि गोमटेश्वर बाहुबली के हाल ही में संपन्न हुए महामस्तिकाभिषेक के 20 दिन बाद जब में आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के दर्शन हेतु गोमटेश्वर से लगभग 80 किलोमीटर दूर एक छोटे से गांव में कुंदार गिरी पर्वत के निकट पहुंचा तो

संजय राजू जैन उनके साथ पैदल चलते जा रहे थे। पूछा तो उन्होंने बताया कि विगत 20 दिनों से वह साथ में है। उनकी लगन के इस उदाहरण से उनके गुरु भक्ति को आंका जा सकता है कि राजिम से हजारों किलोमीटर दूर कर्नाटक के जंगल में गुरु जी के साथ पद बिहार कर उनकी सेवा में संलग्न रहना उनके गुरु भक्ति आंतरिक शुभभाव का ही दिग्दर्शन कराता है। जब भी वे मिलते थे गुरु >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# वार्ड 16 पहुंचकर नपाध्यक्ष ने सुनी नागरिकों की समस्या

**महासमुंद,** 19 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू सोमवार को शहर के वार्ड क्रमांक 16 पहुंचे। उन्होंने वार्ड के नागरिकों से मुलाकात कर उनक हाल जाना। तथा उनकी समस्याएं सुनकर समाधान का अश्वासन दिया। वार्ड के घरों.घर जाकर नागरिकों से सफाई, पानी आदि की जानकारी ली। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर अवलोकन किया। नागरिकों की मांग व समस्याओं को सुनकर श्री साहू ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। नालियों की नियमित सफाई, नलों से तीन समय पानी सतत उपलब्ध कराया जा रहा है। सोमवार को शिकायत मिलने पर महामाया मंदिर के पास बड़ी नाली में डंप कचरे की सफाई करवाई गई है। कचरा जाम होने से नाली में गंदगी व पानी निकासी नहीं हो पा रही थी। जेसीबी व सफाई कर्मी भेजकर तत्काल सफाई कराई गई। वार्ड भ्रमण के दौरान प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद धनेंद्र विक्की चंद्राकर उपस्थित थे।



# सकरी समाधान शिविर में 2069 हितग्राही हुए योजनाओं से लाभान्वित

**बलौदाबाजार,** 19 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत सकरी में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 2069 हितग्राहियो को लाभन्वित किया गया। शिविर में 10 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। क्लस्टर में कुल 4470 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 4438 मांग एवं 32 आवेदन शिकायत से सम्बंधित थे। समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं योजनाओं की जानकारी दी गई।



कलस्टर सकरी समाधान शिविर में सकरी, दशरमा, खम्हरिया, ठेलकी, कंजी, भरसेला, चाम्पा, पूरेना खपरी, परसाभदेर एवं रिसदा कुल 10 पंचायत शामिल हुए। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया जिसमें नवीन जांब कार्ड 3, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 7, केसीसी ऋण वितरण 6, खाद एवं बीज वितरण 5, माइक्रो एटीएम 5, स्वायाल हेल्थ कार्ड 5, गोदभराई 5, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मातृशक्ति 21 मई को सिंदूर के साथ मशाल रैली निकालेगी

**महासमुंद,** 19 मई (देशबन्धु)। भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम से पाकिस्तानी आतंकवाद का खात्मा कर उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने वाले वीर जवानों के सम्मान में सर्वदलीय महिलाओं के द्वारा 21 मई को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सिंदूर के साथ मशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है। सिंदूर और मशाल रैली के इस आयोजन की जानकारी देते हुए कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती सुधा साहू ने बताया की 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकियो के द्वारा पहलगाम में निर्दोष हिंदुओ का किये गए नरसंहार में कइयो महिलाओं का सिंदूर मिटा दिया गया और उनके सुहाग की निर्मम हत्या की गई जिससे पूरे देश और महिलाओं में आतंकवाद के खिलाफ तीव्र आक्रोश का माहौल है।



**तैयारी को लेकर हुई बैठक**

भारतीय सेना ने पाकिस्तान के द्वारा किये गए आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हुए उनके सैन्य ठिकानों को ध्वस्त करने में सफलता हासिल किया है। सुधा साहू ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सेना के सम्मान और महिलाओं के स्वाभिमान की रक्षा के लिए सभी महिला माता बहने 21 मई को स्थानीय लोहिया चौक से लाल साड़ी पहने हुए माथे और हथेलियों पर सिंदूर लगाकर मशाल के साथ एक रैली का आयोजन कर भारत माता की जय, जय हिंद और वंदे मातरम के जयघोष के साथ देशप्रेम की भावना के साथ रैली में शामिल होंगी। 21 मई को शाम 5 बजे से लोहिया चौक से निकाली जाने वाली इस सिंदूर यात्रा में सर्वदलीय महिलाओं और सभी मातृशक्ति से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है। कार्यक्रम की तैयारी के लिए हुई बैठक में प्रमुख रूप से ऐतराम साहू, देवीचंद राठी, महेंद्र सिका, राजेन्द्र चन्द्राकर, हुलसी चन्द्राकर, पार्वती साहू, सुजाता विश्वनाथन, मीना वर्मा, शुभ्रा शर्मा, मधु यादव, उत्तरा प्रहरे, प्रभा साहू, भारती चन्द्राकर, प्रीति मक्कड़, सुनीता देवांगन, सुनीता साहू, प्रभा साहू, उषा पॉल, दुर्गा सार्वा, दुर्गा चन्द्राकर, रेखा देवार, रेखा बेहरा, रमा महानंद, सूर्या ठाकुर, ऋषभ बाफना शामिल थे

# विशाल ठाकुर प्रेस क्लब अध्यक्ष बने, विक्रांत शर्मा निर्विरोध महासचिव चुने गए

**धमतरी,** 19 मई (देशबन्धु)। प्रेस क्लब धमतरी के विशाल ठाकुर अध्यक्ष बने। क्लब के सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है। गौरतलब है कि प्रेस क्लब धमतरी का चुनाव प्रेस क्लब भवन में रविवार को संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। यही वजह है कि मतदान शत प्रतिशत हुआ, जिसमें विशाल ठाकुर अध्यक्ष चुने गए। ज्ञात हो कि विशाल ठाकुर पूर्व में महासचिव का दायित्व बखूबी निभा चुके हैं। जिसका पूरा लाभ उसे अध्यक्ष बनने में मिला। चुनाव क्लब के महा संरक्षक दीपक लखोटिया, सुधीर गुप्ता एवं वरिष्ठ रंजीत भट्टाचार्य आदि चुनाव अधिकारी के मार्गदर्शन में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ ।नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल ठाकुर ने कहा कि जिस विश्वास के साथ सदस्यों ने अपना स्नेह देकर मुझे यह दायित्व सौपा है ।उसे वे कायम रखेंगे। सभी को साथ लेकर चल सभी पत्रकारों एवं संगठन हित में कार्य करने की बात कही।



**पत्रकारों में दिखा भारी उत्साह**

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मेघराज ठाकुर, एम.ए. फहीम, दीप शर्मा, मोहम्मद शाह अहमद, सुनील शर्मा, राजेंद्र माहेश्वरी, प्रेम मगेंद्र, आशीष मिन्नी, राजेश राय चुरा, सुभाष साहेब ,नरेश श्रोती, उमेश वशिष्ठ, पवन तिवारी ,राज सोनवानी, सत्येंद्र शर्मा, कमलेश पांडे, संजय जैन नरेश राखेचा, रामकृष्ण ठाकुर ,जुनैद रिजवी, लोकेश साहू, मोइन खान ,डॉक्टर भूपेंद्र साहू ,दिलीप देवांगन, यशवंत साहू, राजू देवांगन, संतोष सोनकर, दीप नारायण शर्मा ,बसंत सचदेव, दीपेश देवांगन ,दिनेश देवांगन ,चंद्र कांत साहू ,पवन साहू सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।

**विक्रांत बने निर्विरोध महासचिव**

प्रेस क्लब चुनाव अध्यक्ष एवं महासचिव पद के लिए था। महासचिव के लिए दो प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे, लेकिन विक्रांत शर्मा के समर्थन में प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस ले लिया, जिससे विक्रांत शर्मा निर्विरोध महासचिव बने। रविवार को अध्यक्ष चुनाव के बाद प्रेस क्लब भवन में चुनाव अधिकारियों ने अध्यक्ष एवं महासचिव को विधिवत प्रमाण पत्र प्रदान किया ।वहीं निर्विरोध महासचिव विक्रांत शर्मा ने सभी को साथ लेकर चल प्रेस क्लब की गरिमा के अनुरूप कार्य करने की बात कही है।

# समाज, धर्म और न्याय के प्रति समर्पित थी अहिल्या बाई : शंकर अग्रवाल

**धमतरी,** 19 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी देश भर में पुण्यश्लोका रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर पखवाड़े भर के विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई है। यह कार्यक्रम 21 मई से 31 मई तक चलेंगे। इसके अंतर्गत प्रदर्शनी, गोष्ठी, निबंध प्रतियोगिता, स्वच्छता कार्यक्रम जैसे अनेक कार्यक्रम जिला से लेकर पंचायत स्तर तक आयोजित किए जाएंगे। इसी को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन रविवार को अग्रसेन भवन धमतरी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेता शंकर अग्रवाल ने कहा कि एक नारी होते हुए भी रानी अहिल्या बाई होल्कर आज से 300 वर्ष पूर्व एक धर्मनिष्ठ, न्यायप्रिय वीर शासिका के रूप में सत्ता की जो बागडोर संभाली उसके लिए उन्हें पुण्यश्लोका, लोकमाता जैसी उपाधियों से नवाज़ा गया। छोटी उम्र में उनका विवाह मल्हार राव के पुत्र खांडेराव से हुआ और युवावस्था में ही परिवार के सभी पुरुष सदस्यों के वियोग के पश्चात उन्होंने सत्ता की बागडोर संभाली। उन्होंने दृढ़ता के साथ एक शासक के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभाली। रानी अहिल्या बाई समाज, धर्म और न्याय के प्रति समर्पित थी। भारत में ऐसा कोई भी प्राचीन धार्मिक स्थल नहीं है जिसको संवारने में उनका योगदान न रहा हो। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि अहिल्या बाई होल्कर का जो शासन करने का तरीका था वो आज की भारतीय राजनीति में भी पूरी तरह प्रासंगिक है। मोदी जी की कार्यशैली में रानी अहिल्या बाई के शासन नीति की झलक स्पष्ट देखी जा सकती है। ऐसी महान शख्सियत के विषय में इस देश के बहुत कम लोगों को जानकारी है। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को पढ़ने और जानने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने बताया कि रानी अहिल्या बाई की जन्मजयंती के कार्यक्रमों को मंडल स्तर तक ले जाने के लिए मंडल में टीम बनाई गई है। जिले से प्रत्येक मंडलों में 2-2 वक्ता भेजे जायेंगे जो नीचे तक जाकर उनके विषय में गोष्ठियां करेंगे। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने विस्तार से रानी अहिल्या बाई की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पति के साथ सती होने की इच्छा रखने वाली रानी अहिल्या बाई को नियती ने इस देश की सेवा के लिए भेजा था। उन्होंने तीस वर्षों तक देश की सेवा की। धर्म के प्रति समर्पित रानी अहिल्या बाई ने मुगलों और अंग्रेजों का सामना करते हुए भी अपनी प्रजा तथा भारत की धर्म और संस्कृति की रक्षा की। कार्यक्रम के जिला संयोजक शशि पवार ने बताया कि रानी अहिल्या बाई होल्कर महान शासक थी। देश में षडयंत्र पूर्वक ऐसे महान विभूतियों के इतिहास को छिपाया गया। उनके योगदान को देश के हर नागरिक को जानना चाहिए यही कारण है भारतीय जनता पार्टी उनकी जयंती पर बड़े पैमाने पर आयोजन कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, पिंकी शिवराज शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण >> शेष पृष्ठ 9 पर >




- **अहिल्या बाई होल्कर की नीति भारतीय राजनीति में आज भी प्रासंगिक है : रामू रोहरा**
- **अहिल्या बाई होल्कर के कृतित्व को आम जनों तक ले जाने भाजपा ने की कार्यशाला**

# लापरवाही पड़ी भारी, ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**बलौदाबाजार,** 19 मई (देशबन्धु)। उच्च अधिकारियो के निर्देशों का अवहेलना तथा कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेठी के सचिव रोमनाथ ध्रुव के द्वारा नव निर्वाचित सरपंच को प्रभार देने में अत्यधिक विलम्ब किया गया। इसके साथ ही मुख्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने, जनपद की बैठक से अनुपस्थित रहने, 15 वें वित्त का ऑडिट नहीं कराने एवं ग्राम पंचायत का रोकड़ पंजी लम्बे समय तक पूर्ण नहीं कराने, सुशासन तिहार में सौंपे कार्य का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन नहीं करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया लेकिन नोटिस का भी जवाब नहीं दिया गया। इस कारण छतीसगढ़ पंचायत सेवा नियम 1999 भाग दो के नियम 4 के तहत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। ग्राम पंचायत अमेठी का प्रभार ग्राम पंचायत गुर्रा के सचिव को सौंपा गया है। निलंबन अवधि में सचिव रोमनाथ का मुख्यालय जनपद पंचायत भाटापारा नियत किया गया है। नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# तुमगांव नपं अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज

**महासमुंद,** 19 मई (देशबन्धु)। तुमगांव में तिरंगा यात्रा के पहले नगर पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष में विवाद मामले में उपाध्यक्ष सावित्री निर्मलकर की शिकायत पर पुलिस ने नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू पर अश्लील गाली.गलौज और जान से मारने की धमकी के आरोप में उनके खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

तुमगांव थाना अंतर्गत वार्ड.13 निवासी व नगर पंचायत उपाध्यक्ष सावित्री उत्तम निर्मलकर ने थाने में शिकायत की है कि नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू व उनके पूरे परिवार ने नगर पंचायत कार्यालय में तिरंगा यात्रा के दौरान सभी पार्षद व कार्यालय के कर्मचारियों के सामने अश्लील गाली.गलौज करते हुए जान से मारने आमादा हो गया और इसके पहले भी मेरे चारपहिया वाहन को रोककर बीच रास्ते में जान से मारने की धमकी दे चुका है। इनके द्वारा शासकीय संपत्ति को बिना नीलाम, बिना सूचना बिना रसीद कटवा, चोरी कर ले जाता है मेरे द्वारा मना करने पर जान से मारने की धमकी देता रहता है। फिलहाल पुलिस शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

मालूम हो कि शनिवार को तुमगांव में तिरंगा यात्रा निकलने से पूर्व यहाँ के नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू और उपाध्यक्ष सावित्री निर्मलकर के बीच विवाद हो गया। जिसके आधे घंटे बाद अध्यक्ष बलरामकांत साहू के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इधर, उपाध्यक्ष सावित्री निर्मलकर व उनके समर्थक यात्रा में शामिल नहीं हुए और मामले की शिकायत लेकर वे एसपी कार्यालय पहुंचे और अध्यक्ष के खिलाफअश्लील गाली.गलौज व जान से मारने की धमकी की शिकायत की। बाद पुलिस ने अध्यक्ष श्री साहू के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

# युक्तियुक्तकरण नीति से प्रत्येक शाला में एक शिक्षक पद घटाया गया: एसोसिएशन

- 2 शिक्षक 5 कक्षा कैसे पढ़ाएंगे ?
- प्रायमरी, मिडिल व कामर्स के एक–एक पद सभी स्कूल में समाप्त होंगे
- निजी शाला को प्रोत्साहन का नियम है वर्तमान युक्तियुक्तकरण
- एकतरफा नीति को लागू किया जा रहा है, आपत्ति दावा क्यो नही,?

**नवापारा राजिम,** 19 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला रायपुर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला व प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा द्वय ने कहा है कि मुख्यमंत्री जी युक्तियुक्तकरण में दखल देंवे – 2008 के सेटअप का पालन कराएं, क्योकि युक्तियुक्तकरण के वर्तमान नियम में प्रत्येक शाला में एक शिक्षक पद घटाया गया इससे प्राथमिक शाला में 2 शिक्षक 5 कक्षा को कैसे पढ़ाएंगे? युक्तियुक्तकरण की वर्तमान नीति में प्रायमरी, मिडिल व कामर्स के एक एक शिक्षकों की संख्या सभी स्कूल में समाप्त किये गए है, स्वाभाविक रूप से निजी शाला को प्रोत्साहन का नियम है वर्तमान युक्तियुक्तकरण की नीति। कम शिक्षक होने से कक्षा संचालन भी संभव नही, इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। युक्तियुक्तकरण नीति को एकतरफा लागू किया जा रहा है, नीति के सम्बंध में विभाग द्वारा आपत्ति दावा क्यो नही लिया गया ?



युक्तियुक्तकरण की दोषपूर्ण नीति से शिक्षा विभाग में शिक्षा की गुणवत्ता गिरेगी व कम शिक्षक होने से निजी शालाओ को लाभ मिलेगा, सामान्य व निम्न वर्ग के पालक के बच्चे को उचित शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। सेटअप शिक्षा विभाग के शालाओं में पद का मूल आधार है अत: 2008 को जारी सेटअप का समुचित क्रियान्वयन हो, युक्तियुक्तकरण के दोषपूर्ण व विसंगतिपूर्ण बिंदुओं को शिक्षा विभाग अलग करें, इसके बाद शिक्षकों की व्यवस्थापन के विषय में सोंचे।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला,योगेश सिंह ठाकुर, सुखनंदन साहू, आयुष पिल्ले,जीतेन्द्र मिश्रा,अंजुम शेख,टिकेश्वरी साहू,कन्हैया कंसारी, अतुल शर्मा,सीएल साहू, हरीश दीवान,गोपाल वर्मा,बुद्धेश्वर बघेल, रविंद्र सॉन्गसुरतान,मनोज मुछावड सहित अनेक शिक्षकों ने मांग किया है कि अतिशेष के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही किया जावे और 2008 के सेटअप का शालाओ में पालन किया जावे।

नीति में सबसे बड़ी विसंगति तो यही है कि प्रत्येक शाला में एक–एक पद न्यूनतम छात्र संख्या पर कम किया गया है साथ ही एक ही परिसर के शालाओं को सम्बद्ध करने कहा गया है, इससे शाला का प्रबंध कमजोर होगा और इस नियम के तहत सम्बद्ध शालाओ के प्रधान पाठक पद को खत्म किया जा रहा है, इससे शिक्षकों की पदोन्नति नही होगी। प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक, प्रधानपाठक (प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक) के पदों पर पहले पदोन्नति किया जावे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पालन किया जावे एवम शिक्षक संगठनों के विरोध व सुझाव पर बैठक व चर्चा कर सेटअप 2008 का पालन करते हुए नियमानुसार व्यवस्थापन किया जावे, इस हेतु छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा विस्तृत सुझाव दिया गया है।

# गौ ग्राम जनजागरण यात्रा




**नवापारा राजिम,** 19 मई (देशबंधु )। श्री गोपाल गौशाला नयापारा राजिम द्वारा निकसल गई गौ ग्राम जन जागरण अभियान यात्रा 13 मई से 17 मई तक 5 दिनों की यह गौ ग्राम यात्रा नवापारा नगर,पसरसगांव घोट (सुंदर नगर), कोलियरी,लखना,चंपारण डगनिया (रामपुर),और जौंदा जौंदी नवागांव मंदलोर सुंदरकेरा,परसदा छाटा सोनीसिली ,आलेखूंटा, उमरपोटी, दादरझोरी , पिपरौद,तर्री,दुलना, पटेवा चिपरीडीह, डोंगीतराई ,हसदा और अंत में कुर्रा गांव में 17 मार्च 2025 दिन शनिवार को गौ ग्राम जन जागरण अभियान यात्रा का समापन हुआ. जिसमें मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर साध्वी प्रज्ञा भारती ,अध्यक्षता श्रीमती पुष्पा डमेश साहू सरपंच ग्राम पंचायत कुर्रा, विशेषअतिथि ,डॉ राजेंद्र गदिया समाजसेवी, गोपाल यादव प्रांत सह कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, युधिष्ठिर चंद्राकर पूर्व प्रदेश सचिव किसान मोर्चा छत्तीसगढ़, श्रीमती योगिता सिन्हा ,तनु मिश्रा, किरण तिवारी, राजिम के तत्वाधान में संपन्न हुआ. जिसमें डमेश साहू सरपंच प्रतिनिधि, , सभी ग्राम पंचायत के पंचगण, चंदू कंसारी उपाध्यक्ष गोपाल गौशाला, रूपेंद्र चंद्राकर सह सचिव गोपाल गौशाला , डॉक्टर वर्मा , श्रीकोठारी राजिम, सुंदर सिंह ठाकुर, श्रीमती लता लखन सिन्हा सरपंच तर्री डॉक्टर ओगरे , नंदकिशोर राठी कोषाध्यक्ष, मनीराम साहू राजिम गौशाला, पंडित ब्रह्म दत्त शर्मा ,डोमन पात्रे एवं सभी ग्रामवासी की उपस्थिति में हुआ । कार्यक्रम में वक्तस श्री गोपाल यादव डॉ राजेंद्र गढ़िया गिरधारी अग्रवाल युधिष्ठिर चंद्राकर और मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर साध्वी प्रज्ञा भारती दीदी, के द्वारा गौ माता के उपयोगिता संवर्धन संरक्षण के बारे में विस्तार से संदेश दिया गया ।

# बरोंडा बाजार स्कूल में समर कैंप का आयोजन

**महासमुंद** 19 मई (देशबंधु)। शासकीय प्राथमिक शाला बरोंडा बाजार में ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत अलग.अलग दिन पेपरकार्फ्ट, ऊनी आर्ट, क्ले आर्ट के अंतर्गत अलग.अलग मटेरियल से तरह.तरह की चीजे बनाना सहायक शिक्षण सामग्री बनाना सीखे और सिखाए जा रहे। इस कैंप के संचालिका शिक्षिका श्रीमती रामेश्वरी साहू ने बताया कि दिन की शुरुआत रोज योग, प्राणायाम एवं मेडिटेशन से होता है। समर कैम्प मे बच्चे बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। श्रीमती साहू ने बताया बच्चे सुबह अपने 2 घंटे का भरपूर उपयोग कर रहे है। आज समापन दिवस पर खूब मस्ती भरे गेम्स ने बच्चों का दिल दिल जीत लिया। पूरे कार्यक्रम का मार्ग दर्शन डॉ अशोक गिरि गोस्वामी, जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा महासमुंद ने किया, तथा वालंटियर के रूप में प्रभा चक्रधारी एवं वंदना साहू ने भरपूर सहयोग किया। आज समापन दिवस पर शाला के सभी शिक्षक ।शिक्षिका उपस्थित होकर कार्यक्रम का गौरव बढ़ाया।



# भगवान शिव एवं माता पार्वती की विवाह में बाराती बने श्रोता

## शिवपुराण में शिव–पार्वती की कथा सुन भाव–विभोर हुए श्रोता

**भखारा,** 19 मई (देशबन्धु)। ग्राम भैंसबोड़ में छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया दुर्गा उत्सव समिति व गंजीर परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 13 मई से 19 मई तक श्री शिव पुराण कथा का आयोजन किया गया है7 जिसमें छठे दिवस के रूप में कथा वाचक पंडित युवराज पाण्डेय जी अमलीपदर गरियाबंद के द्वारा शिव–पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया गया। प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने शिव विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुईं और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया। इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुईं। बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उसकी शादी की चिंता सताने लगी। कहा कि माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया।उन्होंने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत–पिशाचों के साथ बरात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए, लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार किया। विवाह प्रसंग के दौरान शिव–पार्वती विवाह की झांकी आकर्षक का केंद्र रही।भागवत कथा के दौरान धार्मिक भजन गाए गए। जिन पर श्रद्धालु जमकर थिरके। पंडित जी ने माँ गंगा की जन्म, उत्पत्ति एवं तपस्या की कथा भी भक्तों को रस पान कराया 7 आज 19 मई को सप्तम दिवस एवं अंतिम दिवस के रूप में श्री राम गीता, कपिलातर्पण,सहस्त्रधारा यज्ञ, पूर्णाहुति एवं अन्न संत तर्पणम की कथा होगी 7 आज की कथा सुबह 9 बजे से प्रारम्भ होगी ।



# पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप हेतु 31 मई तक नवीनीकरण आवेदन आमंत्रित

**बिलाईगढ़,** 19 मई(देशबंधु)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा विभागीय पोर्टल पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन https://postmatric-scholarship.cg.nic.in में ऑनलाईन आवेदन किया जाता है। नवीनीकरण अंतर्गत

- छात्रवृत्ति भुगतान की संभावित तिथि 10 जून

शासकीय संस्थाओं को 07 दिवस तथा अशासकीय संस्थाओं को अधिकतम 10 दिवस में नवीनीकरण का आवेदन 31 मई 2025 तक जमा करना होगा, जिसका संभावित भुगतान तिथि 10 जून 2025 निर्धारित है।

वर्तमान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का ऑनलाईन भुगतान वर्ष में एक बार जनवरी से मार्च के मध्य किया जाता है। व्यापक लोकहित एवं छात्रहित को ध्यान में रखते हुए सघन एवं सतर्क रूप से छात्रवृत्ति का भुगतान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत अनिवार्य अभिलेख के परीक्षण उपरांत शिक्षा सत्र 2025–26 के प्रारंभ में जारी किये जाने का निर्णय लिया गया है। वर्ष 2025–26 में नवीनीकरण एवं नवीन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण हेतु समय–सीमा का निर्धारण किया गया है।

# अवैध रूप से 19 किग्रा गांजा परिवहन करते दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायिक डिमांड पर भेजा जेल

**बिलाईगढ,** 19 मई (देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रूपेंद्र नारायण साय के नेतृत्व में उड़ीसा से बसना होते हुए बिलाईगढ़ तरफ से मुंगेली की ओर की ओर जा रहे एक डिजायर कार क्रमांक ष्टत्र 10 क्क्न 0857 से अवैध मादक पदार्थ की परिवहन की सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया रेड कार्यवाही दौरान आरोपीगण 01 पुरुषोत्तम साहू पिता नेतराम साहू उम्र 24 साल 02 सुरेंद्र लहरे पिता उबारन लहरे उम्र 27 साल सकिनान कुधूरूताल थाना लालपुर जिला मुंगेली छ0ग0 से 19 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 190000 रुपया तीन मोबाइल सिम लगा हुआ कीमती 21000 रुपया एवं एक डिजायर कर पुरानी इस्तेमाल कीमती 600000 एवं नगद 3000 रुपया कुल जुमला 814000 को बरामद किया गया जिसे विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया( संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रूपेंद्र नारायण साय सउनि देवनारायण साहू प्रधान आरक्षक 109 नरेंद्र साव आरक्षक 274 राहुल खुटे 148 सुरेश कुमार बर्मन 271 बलराम लहरे 134 पुरुषोत्तम राठौर एवं समस्त स्टाफ का योगदान रहा।



# जिले से सर्वाधिक किसान पीएम किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित

**बलौदाबाजार,** 19 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले से सर्वाधिक किसानों को लाभ मिल रहा है। योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों की संख्या में बलौदाबाजार–भाटापारा जिला प्रदेश में पहले स्थान पर है।19 वीं किश्त में जिले के 1,34,269 किसानों को 31.38 करोड़ रुपये से अधिक राशि का हस्तान्तरण उनके बैंक खातों में किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत भूमिधारक पात्र कृषक परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान किया जाता है। पात्र कृषको को वर्ष में 6000 हजार रुपये की राशि 2–2 हजार रुपये के तीन किश्तों में प्रदान की जाती है।

- 134269 किसानों को 31.38 करोड़ का हस्तान्तरण

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में योजना का व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार ग्राम पंचायत स्तरीय पीएम किसान सैचुरेशन कैम्पेन एवं सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविरों के माध्यम से जिले के विकासखंड कार्यालय एवं मैदानी अधिकारियों के द्वारा किसानों के बीच उनके आधार सिडेड बैंक में धनराशि जारी होने तथा योजना अंतर्गत पंजीयन की स्थिति एवं शेष पात्र किसानों का नवीन पंजीयन, ई–केवायसी, भूमि विवरण, बैंक आधार सिडिंग आदि की जानकारी से अवगत कराया जा रहा है।बैंक में डीबीटी सक्रिय नहीं होने की स्थिति में हितग्राही स्वयं बैंक शाखा में सम्पर्क कर डीबीटी सक्रिय कराने या पोस्ट ऑफिस में डीबीटी के साथ नवीन खाता खुलवाने की जानकारी भी दी जा रही है। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत भूमि स्वामी किसान परिवार जिनके नाम में भूमि दर्ज है एवं उस पर खेती होती हो तो परिवार से एक सदस्य लाभ ले सकता है। फार्मर रजिस्ट्री में पंजीयन होना जरुरी है। पंजीयन के लिए पीएम किसान स्व घोषणा पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बी–1 एवं ऋण पुस्तिका की छाया प्रति, आधार लिंक मोबाइल नंबर, डीबीटी सक्रिय बैंक पासबुक की छायाप्रति आवश्यक है। पीएम किसान पोर्टल की विभागीय वेबसाईट से किसान स्वयं या ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन उपरांत समस्त दास्तावेज क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पास 7 दिवस के भीतर जमा कराना अनिवार्य होगा।

# बरौंडा मे सिंदूर विजय तिरंगा यात्रा निकाली




**खरोरा,** 19 मई (देशबन्धु)। तिल्दा जनपद के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत बरौंडा मे आपरेशन सिंदूर विजय तिरंगा यात्रा निकाली गई।

विगत दिनों पहलगाम मे आतंकवादी द्वारा निहत्थे निर्दोश लोगों के ऊपर धर्म पूछ पूछ कर गोली मारी गई थी जिससे कुल 27 लोगों को मौत के घाट उतारा। उक्त घटना से आक्रोशित पूरे भारतवासीयों ने बदला लेने का निर्णय लिया और माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा उक्त घटना को ऑपरेशन सिंदूर नाम देकर पाकिस्तान के दुर्दांत आतंकवादियों के अड्डे को मिसाईल से नेस्तनाबूध करते हुए अनेक आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा। उक्त घटना से भारत व पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़कर युद्ध छिड़ गए और इस दोनों देश के युद्ध मे पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी अंतत– आतंकिस्तान पाकिस्तान युद्ध मे हार गये और भारत विजयी हुए। जिसके उपलक्ष्य मे युद्ध सिंदूर ऑपरेशन विजय तिरंगा रैली दिवस के रुप मे भारत के वीर जवानों को याद करते हुए विजयी विश्व तिरंगा प्यारा –झंडा ऊंचा रहे हमारा के गगन भेदी नारा , देश,भक्ति गीत व ग्रामवासियो ने हाथ मे तिरंगा उठाये प्रत्येक गली मे तिरंगा विजय रैली निकाली ।रैली मे मनरेगा श्रमिकों,स्कूली बच्चे व ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों तथा समस्त ग्रामवासी रैली निकाली । विजय तिरंगा यात्रा मे सरपंच नीलू मढ़रिया,उपसरपंच इंदिरा कुर्रे,सचिव सुरेंद्र कुमार पटेल,रोजगार सहायक जगदेव कंडरा,जयप्रकाश चौहान कोटवार,प्रधान पाठक कुंजनदास कुरे,टोपसिंग टंडन,शिक्षक सुनील पाटकर,विधान मंडल,पंच जवाहर साहू,लालदास गिलहरे,इंदिरा देवॉगन,अंजनी साहू,घनश्याम धीवर,ऊषा जॉगड़े,प्रियंका निर्मलकर ,लता देवॉगन सहित ग्रामवासी रैली मे रहे ।

# खरेंगा में समाधान शिविर, साढ़े 9 हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण

**धमतरी,** 17 मई (देशबन्धु)। धमतरी विकासखण्ड के खरेंगा में आज समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान सुशासन तिहार में मिले मांग, शिकायत और समस्या संबंधी कुलं 9 हजार 741 आवेदनों की जानकारी दी गई। इनमें से से 9 हजार 525 आवेदन मांग और 216 आवेदन शिकायत से संबंधित थे। इनमें से 9 हजार 500 मांग संबंधी आवेदन और 213 शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। समाधान शिविर में 75 हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। इसके साथ ही 60 हितग्राहियों की नि:शुल्क सिकलसेल जांच की गई। रायपुर संभागायुक्त श्री महादेव कावरे ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन–प्रशासन शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत जान रहा है और आमलोगों की परेशानियों को कम करने के सभी संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं लोगों की भलाई के लिए हैं और सभी को इनका अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए। संभागायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित पूरी सरकार, अधिकारी–कर्मचारी गांव–गांव तक पहुंच रहे हैं और लोगां की समस्याओं–परेशानियां का निराकरण कर रहे हैं। उन्होंने इस दौरान उपस्थित अधिकारियों से खरेंगा क्लस्टर में मिले आवेदनों के निराकरण की भी जानकारी ली और कई शासकीय योजनाओं के बारे में बताया। श्री कावरे ने ग्रामीणों से पीएम आवास योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान योजना, श्रम विभाग की योजनाओं से लेकर राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तक की जानकारी ली। श्री कावरे ने आगामी प्रत्येक समाधान शिविर में स्वास्थ्य विभाग को लोगों की स्वास्थ्य जांच के लिए मोबाईल यूनिट और पशुधन विकास विभाग को पशुओं की स्वास्थ्य जांच के लिए मोबाईल यूनिट अनिवार्यत: उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए।



- 75 हितग्राहियों को मिला शासकीय योजनाओं का लाभ
- 60 हितग्राहियों की सिकलसेल जांच भी हुई

शिविर में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसडीएम पीयूष तिवारी सहित जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, धमतरी विधायक ओंकार साहू, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्षी नेहरू निषाद, जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन, धमतरी जनपद पंचायत की अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू और जनपद सदस्य गीतेश्वरी साहू तथा हरनारायण साहू भी मौजूद रहे। खरेंगा में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम पंचायत उड़ेना, झिरिया, देवरी, दोनर, सेमरा बी, सिवनीखुर्द, बारना, झुरानवागांव, अमेठी, कलारतराई, बंजारी, परसुली, दर्री, खरेंगा, भंवरमरा, सारंगपुरी, देवपुर और ढीमरटिकुर के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

75 हितग्राहियों को मिला शासकीय योजनाओं का लाभ

खरेंगा में आयोजित समाधान शिविर में कुल 75 हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिला। इनमें श्रम विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, जनपद पंचायत धमतरी द्वारा 8 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश, 10 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास के तहत घर की चाबी, 10 हितग्राहियों को नया राशन कार्ड का वितरण किया गया। शिविर में 9 हितग्राहियों को नये जॉब कार्ड भी दिए गए। इसी तरह राजस्व विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को बी–1 की नकल और 3 हितग्राहियों को किसान किताब का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 महिलाओं की गोदभराई, 3 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया और 2 बच्चां को पोषण किट का वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को ट्रायसाइकिल और 2 को व्हील चेयर दी गई। उद्यानिकी विभाग द्वारा शिविर स्थल पर सब्जी बीज के पौधे वितरित किए गए। खरेंगा माध्यमिक शाला के 6 विद्यार्थियों को गणवेश और 7 बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड भी दिए गए।

# रोहांसी में प्रीमियर लीग रात्रिकालीन सद्भावना मैच का आयोजन



**पलारी,** 19 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत रोहांसी के मिनी स्टेडियम में आयोजित विशेष रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट सदभावना मैच का सफल आयोजन किया गया। यह मैच नगर पंचायत के खिलाड़ियों, व्यापारी संघ, पार्षदगण, पूर्व खिलाड़ी एवं अन्य इच्छुक टीमों के बीच आपसी सौहार्द और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

इस आयोजन में नगर पंचायत के खिलाड़ियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। सभी टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, किंतु अंतत:शोले टीम रोहांसीज्ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के समापन पर उपस्थित अतिथियों द्वारा विजेता टीम को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि आगे भी ऐसे आयोजन कर खिलाड़ियों को मंच प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम में सुंदरलाल साहू कामता प्रसाद घृतलहरे भोजराम साहू, जितेंद्र कन्नौजे, बोधराम साहू, भूपेंद्र साहू, योगेश, जितेंद्र, किशन, मोइन, खेलावन, उमेश, राकेश, तोरण एवं आयोजक समिति के सदस्य गण उपस्थित थे। सद्भावना मैच के समापन पश्चात ऋक्रके बाकी मैच का प्रारंभ दिनांक 18 मई से होगा।

## महिला नगर सैनिक भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीयन 30 मई तक

**बलौदाबाजार,** 19 मई। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 55 महिला नगर सैनिक के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा में पात्र अभ्यार्थियो के भर्ती हेतु छतीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। लिखित परीक्षा में शामिल होने हेतु व्यापम की साईट पर ऑनलाइन पंजीयन 30 मई 2025 तक करना होगा।



# सुशासन के माध्यम से हम विकसित भारत संकल्प की ओर बढ़ रहे : गुरु खुशवंत साहेब

**आरंग,** 19 मई (देशबन्धु)। सोमवार को ग्राम पंचायत टेकारी हाई स्कूल परिसर में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें तेरह ग्राम पंचायत की सहभागिता रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास विभाग प्राधिकरण गुरु खुशवंत साहेब ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार को आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए संकल्पित बताया, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को दोहराते हुए कहा कि प्रदेश सरकार लगातार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर रही है एवं विकास के लिए शिविर के माध्यम से सभी ग्राम पंचायत के ग्राम वासियों को लाभान्वित किया जा रहा है उन्होंने कहां की सुशासन के माध्यम से जल संकट जैसी समस्या का भी निवारण हो रहा है एवं सड़क,पानी, नाली, बिजली, नए भवन आदि सभी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है तथा नारी सशक्तिकरण की दिशा में महतारी सदन के लिए 24 लख रुपए भी स्वीकृत किए जा रहे हैं तथा शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु आह्वान करते हुए आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष टाकेस्वरी मुरली साहू, जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर ,जनपद सदस्य गण राजू मनहरे, पद्मिनी साहू ,कृष्णा महेश साहू एवं जनपद सभापति अमर मांडले, मंडल अध्यक्ष गोपाल वर्मा एवं जनप्रतिनिधि गण हेमंत कश्यप महेश साहू आदि की उपस्थिति रही। तथा एसडीएम आरंग पुष्पेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि लगभग सभी मांगो एवं शिकायतों पर ध्यान दिया गया है तथा कुछ जटिल प्रकरण एक महीने के भीतर निराकरण कर लिए जाएंगे वहीं जनपद सीईओ कुमार सिंह लहरे ने संख्यात्मक आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि मांग के 7168और शिकायत के 188 आवेदन पर निराकरण की कार्यवाही की गई है।

इस अवसर पर हितग्राहियों को श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, जाति प्रमाण पत्र, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, कृषि सामग्री ,पौधा वितरण, सब्जी बीज



### ग्राम पंचायत टेकारी में आयोजित हुआ समाधान शिविर

वितरण, आयुष्मान कार्ड, अन्नप्राशन एवं गोद भराई किट, मछली जाल किट,बालिका स्वच्छता किट,राशन कार्ड, व्हील चेयर, ट्राई साइकिल आदि प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सरपंच गण हेमा यादव, राजेंद्र टंडन, त्रिवेणी वर्मा ,सूरज शर्मा, लीना वर्मा, गजेंद्र निषाद, इंदु भारती, कुंज बिहारी वर्मा, नंदलाल डहरिया ,अंजू वर्मा, घसिया राम साहू, हीरामन साहू, अशोक कुमार बंदे, संतोष कुमार वर्मा, पंच गण, अन्य जनप्रतिनिधि गण एवं तहसीलदार विनोद साहू एडिशनल सीईओ मारुति राव, शिविर प्रभारी एसडीओ जल संसाधन मोहनलाल देवांगन, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, संकुल समन्वयक गण सुरेंद्र चंद्र सेन, युवराम साहू, नरेंद्र ठाकुर ,उगेश साहू, हेमलाल वर्मा,शैलेंद्र शुक्ला आदि मंच संचालन टीम अरविंद वैष्णव ,महेंद्र पटेल, भूषण जलक्षत्री एवं 40 से भी अधिक शासकीय विभाग के प्रमुख, कर्मचारी गण, रोजगार सहायक, एडीओ,ग्राम सचिव, करारोपण अधिकारी एवं ग्राम पंचायत टेकारी, खौली , कठिया, अमेरी, सकरी( जावा ),खमरिया, गुजरा, पिपरहट्टा, कुकरा , जरौद, उमरिया, रीवा ,लखोली आदि के ग्राम वासियों की अच्छी खासी उपस्थिति रही।

### 62 लाख की लागत सीसी रोड निर्माण भूमिपूजन

नगर पालिका आरंग के वार्ड नं 17 कंपोजिट बिल्डिंग के सामने में अधोसंरचना मत से 62 लाख रुपए के सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष हिरामन कोसले , पार्षद नरेन्द्र लोधी , संतोष लोधी, राकेश शर्मा , उमाकांत यादव , पार्षद प्रतिनिधि डॉ तोषण साहू , विक्रम परमार ,राकेश सोनकर , पूर्व पार्षद सतीश सोनकर ,नरेंद्र साहनी, पालिका इंजीनियर केसनाथ साहू व कर्मचारी उपस्थित रहे।




# पीएम श्री शास. प्राथ. शाला झिलमिला में समर कैंप



**सरायपाली,** 19 मई (देशबन्धु)। समर कैंप के छठवें दिवस के कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियां कराई गई । प्रात: 7-30 बजे एकत्रित विद्यार्थियों को प्रशिक्षक वर्षा नंद के द्वारा गतिविधि में खेल एवं व्यायाम का मजेदार अभ्यास कराया गया। जिसमें गीत - नृत्य भी शामिल रहा।संगीत के क्षेत्र में प्रसिद्ध गायक एवं हारमोनियम वादक कलाकार प्रदीप छत्रे (प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला पालसाभाड़ी) के द्वारा मां सरस्वती वंदना, राजगीत च्अरपा पैरी के धार च्च के गीत और छत्तीसगढ़ी लोकगीतों का गायन अभ्यास कराया गया। तबला में संगतकार शैलेंद्र नायक ने सहयोगी के रूप में भाग लिया। इसी समय समग्र शिक्षा अभियान जिला मुख्यालय महासमुंद से निरीक्षण हेतु अधिकारी सम्पा बोस एपीसी (पेडागॉंजी) का आकस्मिक निरीक्षण हुआ।सभी विद्यार्थीयों ने उनका अभिवादन किया स्वागत में स्वयं द्वारा तैयार किए गए कागज के फूलों से स्वागत किया। बच्चों से व्यक्तिगत संवाद कर उनके रुचियों एवं कैंप के गतिविधियों की जानकारी लिया। जिसमें प्रशंसा और मार्गदर्शन के साथ उन्होंने संतुष्टि जाहिर किया। सभी बच्चों को चॉकलेट का भी वितरण अधिकारी महोदया द्वारा किया गया। सभी विद्यार्थियों को स्वल्पाहार देकर आज के कार्यक्रम का समापन किया गया। कैंप के सफल संचालन में वर्षा नंद, प्रदीप छत्रे, शैलेंद्र नायक, शीला विश्वास, भरत लाल बारिक शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों का भरपुर सहयोग रहा। आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक सोमदेव तिवारी द्वारा किया गया।

# उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के कैमरा ट्रैप में पहली बार युरेशियन ऊदबिलाव की तस्वीर कैद



**गरियाबंद,** 19 मई। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में पहली बार यूरेशियन ऊदबिलाव की कैमरा ट्रैप से रिकॉर्डिंग हुई है। यह जीव जंगल की फूड चेन में अहम भूमिका निभाता है। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की टीम ने यह रिकॉर्डिंग की। टीम पिछले तीन साल से छत्तीसगढ़ जैव विविधता बोर्ड के ओटर अध्ययन प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। इससे पहले मरवाही और कोरबा में भी ऊदबिलाव की रिकॉर्डिंग हो चुकी है। इस बार रिकॉर्डिंग उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में हुई। कैमरा ट्रैप लगाने का काम विज्ञान सभा ने डीएफओ वरुण जैन के मार्गदर्शन में किया। इस काम में वन विभाग का सहयोग अहम रहा। डीएफओ वरुण जैन और उनकी टीम बाघों के साथ ऊदबिलाव और अन्य वन्यजीवों के संरक्षण में भी सक्रिय हैं। इस सर्वेक्षण में विज्ञान सभा की टीम में जूलॉजिस्ट और प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर निधि सिंह, बॉटनिस्ट दिनेश कुमार, जनविज्ञानी विश्वास मेश्राम, पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ वाय के सोना, प्राचार्य फ्रैंक अगस्टिन नंद, पक्षी विज्ञानी सर्वज्ञा सिंह और सुमित सिंह शामिल रहे। वन विभाग से डीएफओ वरुण जैन के साथ एसीएफ जगदीश दर्रो, राजेंद्र सोरी, रेंज ऑफिसर ठाकुर और उप वन परिक्षेत्र अधिकारी नाग ने योगदान दिया। डीएफओ वरुण जैन ने बताया कि प्राकृतिक रहवास में ऊदबिलाव की यह लाइव रिकॉर्डिंग छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे भारत के लिए अहम है। ऊदबिलाव की मौजूदगी किसी जंगल की जैव विविधता की मजबूती का प्रमाण होती है। यह रिकॉर्डिंग उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व और छत्तीसगढ़ दोनों के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे वन्यजीवों की फूड सीरीज और उनके आवास की जानकारी मिलती है।

### चेतन चौहान बने सर्वसम्मति से राजपूत क्षत्रिय चौहान आरंग राज पंजीयन क्र. 5980 के उपाध्यक्ष मनोनीत




**नवापारा- राजिम,** 19 मई। चेतन सिह चौहान एक बार फिर सर्वसम्मति से राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज आरंग राज पंजीयन क्रमाक 5980 का उपाध्यक्ष मनोनीत हुए है। इस उपलब्धि पर नवापारा के राजपूतक्षत्रिय चौहान समाज नवापारा के अध्यक्ष कृष्ण कुमार चौहान सहित सामाजिक सदस्यों ने इस गरिमामय पद के लिए शुभकामनाएँ दिये ।

# 10वीं व 12वीं के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले जिले के 33 मेधावी छात्रों व उनके प्राचार्य सम्मानित

**गरियाबंद,** 19 मई (देशबन्धु)। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें कक्षा 10 वीं और 12 वीं में उत्कृष्ट अंको से उत्तीर्ण होने वाले 33 मेधावी छात्रो और उनके प्राचार्यो को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर बीएस उइके ने प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। इसमें कक्षा 10 वीं के 23 और 12 वीं 11 छात्र शामिल है। इस अवसर पर कलेक्टर उइके ने बेहतर परिणाम के लिए मेधावी छात्रो और उनके प्राचार्यो को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि इस बार बोर्ड परीक्षा परिणाम में गरियाबंद जिले ने शानदार प्रदर्शन किया है। साथ ही दसवी और बारहवी दोनो कक्षा के परिणाम में सुधार हुआ है। 12वीं का परिणाम 90.17 प्रतिशत और 10वीं का 80.70 प्रतिशत रहा। बेहतर परिणाम के साथ ही जिले के रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। दो साल पहले 12 वी में जिला राज्य में 22 वें स्थान में था अब चौथे पर आ गया हैं वही 10 वीं में 19 वे स्थान से 14 वें स्थान पर आ गया है। कलेक्टर ने इस सुधार का श्रेय गौरव गरियाबंद अभियान को दिया है। उन्होने कहा कि अभियान के तहत नवाचारी गतिविधियो के साथ लगातार शिक्षण कार्य में सुधार हुआ। जिसके चलते इस बार परीक्षा परिणाम में अप्रत्याशित वृध्दि हुई। इसके लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों को भी बधाई दी। इस दौरान नए शिक्षा सत्र के लिए कलेक्टर ने समझाइश दी कि शिक्षक लेशन प्लान बनाकर तैयारी करवाएं। कमजोर विषयों में सुधार करें। बच्चों को सैद्धांतिक के साथ प्रायोगिक तरीके से भी समझाएं। जुलाई से ही सिलेबस को छोटे हिस्सों में बांटकर पढ़ाई शुरू करवाएं। इससे समय पर कोर्स पूरा होगा और बच्चे परीक्षा के लिए तैयार रहेंगे। नीट और जेईई की तैयारी के लिए भी कार्ययोजना बनाकर काम करें। जिला शिक्षा अधिकारी एसके सारस्वत ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में 12वीं के परिणाम में 8 प्रतिशत और 10वीं में 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 10वीं में प्रथम श्रेणी में 37 प्रतिशत और 12वीं में 45 प्रतिशत उर्त्तीण हुए है। 10वीं में शत-प्रतिशत परिणाम वाले स्कूलों की संख्या 6 से बढ़कर 23 हुई। 12वीं में यह संख्या 6 से बढ़कर 11 हो गई। समारोह में डीईओ ए के सारस्वत, गौरव गरियाबंद के नोडल श्याम चंद्राकर, मनोज केला, डीएमसी के एस नायक, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।



### राजिम विधायक के प्रयास से पिपरछेड़ी गांव की भाविका साहू को मिलेगा स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ



**गरियाबंद,** 19 मई। राजिम विधायक रोहित साहू के प्रयास से पिपरछेड़ी गांव की 9 वर्षीय भाविका साहू को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ मिलेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया। विभाग ने तय किया कि भाविका को हर माह 4 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। यह राशि उसे 18 वर्ष की उम्र तक मिलेगी। मिशन वात्सल्य योजना के तहत जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि भाविका की मां का निधन 2018 में हो गया था। पिता गजानंद साहू 20 साल से 82 प्रतिशत दिव्यांग हैं। वे कोई काम करने में सक्षम नहीं हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। विधायक की सूचना पर जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम ने भाविका के घर जाकर स्थिति देखी। जांच के बाद विभाग ने सामाजिक परीक्षण कराया। दस्तावेजों की जांच की गई। इसमें अंतिम कक्षा की अंकसूची, संरक्षक का आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता, माता-पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र और स्कूल में अध्ययनरत प्रमाण पत्र शामिल हैं। अब गरियाबंद जिले में इस योजना से 264 बच्चे लाभ ले रहे हैं। भाविका और उनके पिता ने राज्य सरकार और महिला एवं बाल विकास विभाग का आभार जताया।

# शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार

### बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा शराब कोचियाओं पर लगातार कार्रवाई



**बिलाईगढ़,** 19 मई (देशबंधु)। थाना प्रभारी बिलाईगढ़ शिवकुमार धारी के नेतृत्व में थाना बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा शराब कोचियों पर लगातार कार्रवाई कर 18 मई को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बनाहिल के शिव कुमार साहू उर्फ दारा अपने चकना दुकान के में हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं देसी प्लेन शराब भारी मात्रा बिक्री करने हेतु रखा है की सूचना पर रेड कार्यवाही कर रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी शिवकुमार साहू उर्फ़ दारा पिता कोदाराम साहू उम्र 45 वर्ष ग्राम बनाहिल थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से कुल 03 लीटर महुआ शराब एवं 15 लीटर 480द्बद्य देसी प्लेन शराब कुल 18 लीटर480द्बद्य शराब कीमती 7180 रू को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ,जिसे मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण की सम्पूर्ण कार्यवाही में स्ढ्ढ शिव कुमार धारी,स्ढ्ढ प्रकाश ।ß्रस्ढ्ढ किशोर खटकर ।ß्रस्ढ्ढ भंवरलाल काटले आर हेमंत जाटवर कमल कुर्रे समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

### शिव वर्मा बने राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम के प्रदेश उपाध्यक्ष, दास साहू प्रदेश महासचिव



**कोहका नेवरा,** 19 मई। राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम के संबंध शाखा नरेंद्र मोदी विचार मंच/मिशन न्यू इंडिया के प्रदेश महासचिव दास जी साहू ने बताया कि तिल्दा नेवरा के देशबंधु संवाददाता एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के शहर अध्यक्ष शिव वर्मा को राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा साहब जी के सहमति से , राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम संबंध शाखा नरेंद्र मोदी विचार मंच/मिशन न्यू इंडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर भारत माता के सेवा करने एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने हेतु नियुक्ति दिया गया है। प्रदेश महासचिव दास जी साहू ने शिव वर्मा के नियुक्ति करते हुये हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### भाजपा कुरुद महामंत्री के द्वितीय कार्यकाल के लिए हार्दिक आभार : प्रभात बैस



**कुरूद,** 19 मई। गत दिवस भाजपा कुरुद मण्डल कार्यकारिणी का विस्तार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार एवम प्रदेश महामंत्री रामु रोहरा , तथा पूर्व केबिनेट मंत्री,राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य,कुरुद विधानसभा के लोकप्रिय विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन पर ,जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस के अनुशंसा -अनुमोदन पर किया गया। जिसके तहत कुरुद मण्डल महामंत्री का पुनः दायित्व मिलने पर प्रभात बैस ने प्रदेश नेतृत्व,जिला नेतृत्व,मण्डल नेतृत्व तथा कुरुद के लोकप्रिय विधायक ,प्रदेश प्रवक्ता अजय चंद्राकर जी का आभार व्यक्त किया ,भाजपा के सभी दायित्यवान पदाधिकारियों,कार्यकर्ता,सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों चुनाव के सभी प्रत्याशीगण ,शुभचिंतकों,मित्रो का भी आभार व्यक्त किया और आगे कहा की भाजपा के प्रखर राष्ट्वादी विचारधारा,गांधीवादी दृश्टिकोण,सकारात्मक पंथनिरपेक्षता,मूल्य आधारित राजनीति,लोकतांत्रिक निष्ठा पर आधारित कार्य करना सौभाग्य की बात है भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व,प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कार्यकर्ता वर्षभर समाज हित ,देश हित में राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर कार्य करते है चाहे सत्ता पक्ष में हो या विपक्ष में हो। आज भाजपा केवल पार्टी नही जन आन्दोलन बन चुका है चाहे कैसी भी परिस्थिति हो पार्टी के भाई बहन कार्य करने से पीछे नही हटते।

# शिविर में 8 दिव्यांग बच्चों को सहायक किट वितरण



**पिथौरा,** 19 मई को आयोजित सुशासन शिविर खुटेरी (पिथौरा) में 08 दिव्यांग बच्चों को मुख्य अथिति श्रीमती रुपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद के साथ श्रीमती उषा धृतलहरे अध्यक्ष जनपद पंचायत, श्री ब्रम्हा पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, श्री देवेश निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा, एस डी एम श्री ओंकार ठाकुर, तहसीलदार श्री नितिन ठाकुर, सीईओ श्री चंद्रप्रकाश मनहर पिथौरा, श्रीमती सुशीला विश्वनाथ मांझी सरपंच ग्राम पंचायत खुटेरी द्वारा सहायक किट प्रदान किया गया, लाभान्वित बच्चों मे प्राथमिक शाला गहनागाँठा से युवराज साहू को लो विजन किट,प्राथ शाला बढ़ईपाली से आदित्य कोसरिया को स्र्क्र किट, माध्य शाला घोघरा से कु. प्रियंका सेन को वाकर, प्राथ शाला बरतूँगा से कु.संध्या यादव को स्र्क्रकिट, प्राथ शाला घोंच से 1 समीर साहू को वाकर 2 सिद्धार्थ को वाकर, 3 कु.नोमीता को वाकर एवं हाइस्कूल बढ़ईपाली धारणा को लो विजन किट दिया गया. इस अवसर पर विभाग से श्रीमती संपा बोस एपीसी (समग्र शिक्षा) श्रीमती लक्ष्मी डडसेना बी ई ओ, श्री नरेश पटेल बी आर सी (पिथौरा), श्री अरुण देवता नोडल, श्री सुखदेव बरिहा ड्ढह्म्श्व, श्री तेजराम यादव, श्री रोहिणी देवांगन, श्री कौतुक पटेल, श्री गंगा राम चौहान, श्री साहेब लाल नायक, श्री मनोज बरिहा, श्री मोहित पटेल, श्री अभिनंदन नाग आदि उपस्थित थे, आगे 21 मई को सपोस में आयोजित शिविर में लाभान्वित बच्चों को सहायक किट वितरण किया जायेगा।

## निधन

### श्रीमती उर्मिला पांडेय



**रायपुर,** 19 मई। शैलेंद्र नगर रायपुर की प्तिष्ठित नागरिक श्रीमती उर्मिला पांडे का आज तड़के निधन हो गया वे लगभग 84 वर्ष की थी। वे मनोज, संजय पांडेय की मां व मधु,भावना की सास थी उनका अंतिम संस्कार आज मारवाड़ी शमशान गृह में किया गया। वे फ्रीडम फाइटर स्व. शिव वचन पांडेय की धर्मपत्नी थी। उन्हें अनेक संस्थाओं द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### डॉ. एमएस द्विवेदी



**भिलाईनगर,** 19 मई। समाजसेवी, लेखक, पत्रकार एवं राजनीतिक कार्यकर्ता डॉ. मिथिला शरण द्विवेदी का आज सुबह निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नी सुशीलादेवी, पुत्र अशोक, अरुण, पुत्री अर्चना त्रिपाठी एवं आराधना तिवारी, मनीषा, जमाता रामकृषण त्रिवेदी, एंव दुर्गेश तिवारी, अमित शुक्ला, पुत्रवधु शोभा एवं आभा और नाती पोतों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंत्येष्टि 20 मई मंगलवार सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम में संपन्न होगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### संजय राजू जैन का समाचार ...

भक्ति और समाज सेवा की चर्चा करते थे ।

कम उम्र 55 वर्ष की अल्पायु में उनके चले जाने पर सभी शुभ चिंतकों ने ह्रदय से दुख जताया

श्री सिघंई ने अंत में कहा कि उन्हें एक समाजसेवी के बिछड़ने की पीडा है। उनकी भव्य आत्मा के प्रति श्रद्धा भाव रखते हुए परिवार जनों के साथ संवेदना का भाव है। दिवंगत आत्मा को उच्च गति प्राप्त हो एवं शोकाकुल परिवारजन इस बज्रपात को सहने की शक्ति रख सकें ऐसी ईश्वर से प्रार्थना है। उनके इतने कम उम्र 55 वर्ष की अल्पायु में चले जाने पर सभी शुभ चिंतकों ने ह्रदय से दुख जताया एवं हार्दिक नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलिदेते है ।

### सकरी समाधान शिविर में...

बी 1 खसरा 55, स्वामित्त्व कार्ड 55 सहित कुल 2069 हितग्राही लाभान्वित हुए। इसके साथ ही विकासखंड भाटापारा के सिंगारपुर पलारी के ओड़ान एवं कसडोल के बल्दाकछार में भी समाधान शिविर आयोजित किया गया।

### समाज, धर्म और न्याय...

सार्वा, निरंजन सिन्हा, कमलेश ठोकने, निर्मल बरडिया, कविंद्र जैन, अविनाश दुबे, चेतन हिंदुजा, नरेश सिन्हा, राजेंद्र गोलछा, अर्चना चौबे, बीथीका विश्वास, गौकरण साहू, ज्योति साहू, ज्योति जैन, बलजीत छाबड़ा, कौशल्या देवांगन, महेश गोटा, अंगिरा ध्रुव, सहित जिला स्तर के सभी प्रमुख पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नए पदाधिकारियों के साथ नई ऊर्जा और दिशा बागबाहरा शहर मंडल गठित

**बागबाहरा,** 19 मई (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा के बागबाहरा शहर मंडल में नए पदाधिकारियों का गठन प्रदेश एवम जिला पदाधिकारियों द्वारा मनोनीत कर हुआ है, जिससे संगठन की गतिविधियों में नई ऊर्जा और गति आएगी। नए पदाधिकारी मंडल के विभिन्न वर्गों के साथ समन्वय स्थापित कर पार्टी संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाएंगे और पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे।

बागबाहरा शहर मंडल के अध्यक्ष डिंपल डाली ध्रुव ने कहा कि नए पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी कि वे पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएं और पार्टी की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाएं। वे पार्टी संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे और पार्टी की मजबूती के लिए प्रयासरत रहेंगे।

हमें पूरी आशा है कि नए पदाधिकारी और कार्यकर्ता मिलकर संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे और पार्टी की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाएंगे। हमें विश्वास है कि नए पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे और पार्टी की मजबूती में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।



नए पदाधिकारियों के गठन से पार्टी की मजबूती में वृद्धि होगी और पार्टी की गतिविधियों को और अधिक गति मिलेगी। कार्यकर्ता नए पदाधिकारियों के साथ मिलकर काम कर पार्टी की मजबूती के लिए प्रयासरत रहेंगे और हम सभी को साथ मिलकर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करना होगा।

नए पदाधिकारियों की सूची निम्नलिखित है- उपाध्यक्ष - चंद्रशेखर ध्रुव, तुकाराम चंद्राकर, नारायण तांडी, काजल साहू, महामंत्री - अतुल गांडेचा, कुलेश्वर देवांगन, कोषाध्यक्ष - अरविंद छाबड़ा, मंत्री - अशोक दीप, प्रेमलता बघेल, पार्वती नायक, मीडिया प्रभारी - डेविड कुमार साहू

इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं विधानसभा सह संयोजक एवम पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम रूपेश साहू, पूर्व मंडल महामंत्री हरमीत बग्गा, आबिद खान और पूर्व मंडल मीडिया प्रभारी तुलसी यादव ने नए पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नए पदाधिकारी पार्टी की मजबूती और विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और हम सभी को साथ मिलकर पार्टी को आगे ले जाने के लिए काम करना होगा।

# रोहांसी में प्रीमियर लीग रात्रिकालीन सद्भावना मैच का आयोजन



**पलारी,** 19 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत रोहांसी के मिनी स्टेडियम में आयोजित विशेष रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट सदभावना मैच का सफल आयोजन किया गया। यह मैच नगर पंचायत के खिलाड़ियों, व्यापारी संघ, पार्षदगण, पूर्व खिलाड़ी एवं अन्य इच्छुक टीमों के बीच आपसी सौहार्द और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस आयोजन में नगर पंचायत के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, किंतु अंतत:शोले टीम रोहांसीज्ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर उपस्थित अतिथियों द्वारा विजेता टीम को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि आगे भी ऐसे आयोजन कर खिलाड़ियों को मंच प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में सुंदरलाल साहू कामता प्रसाद घृतलहरे भोजराम साहू, जितेंद्र कन्नौजे, बोधराम साहू, भूपेंद्र साहू, योगेश, जितेंद्र, किशन, मोइन, खेलावन, उमेश, राकेश, तोरण एवं आयोजक समिति के सदस्य गण उपस्थित थे। सद्भावना मैच के समापन पश्चात ररूक्रके बाकी मैच का प्रारंभ दिनांक 18 मई से होगा।

# एक देश एक चुनाव को लेकर व्याख्यान माला कार्यक्रम में सांसद रुपकुमारी एवं उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन हुए शामिल

**भाटापारा,** 19 मई (देशबन्धु)। चेम्बर आफिस कामर्स एवं अधिवक्ता संघ द्वारा च्एक देश एक चुनावज् पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में बतौर महासमुंद सांसद रुपकुमारी चौधरी, उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा शामिल हुए। अपने संबोधन में सांसद रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि एक देश एक चुनाव राष्ट्र को विकसित बनाने की दिशा में कारगर होगा। देश को हर साल चुनाव करवाने की झंझट से मुक्ति मिलेगी। वहीं वित्तीय बोझ भी कम होगा। रुपकुमारी ने आगे कहा की एक राष्ट्र एक चुनाव का उद्देश्य मतदाताओं के लिये सुविधा और आसानी सुनिश्चित करना होता है। मतदान प्रतिशत में वृद्धि होती हैं आर्थिक स्थिरता और विकास में वृद्धि होती है। चुनाव नीतिगत निष्क्रियता को रोकता है। सरकारी खजाने पर वित्तीय बोझ कम होगा। वहीं चुनाव से जुड़े विवादो में भी कमी आएगी।



कार्यक्रम को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, शिवरतन शर्मा ने सम्बोधित करते हुआ कहा कि देश को अब एक साथ चुनाव की जरूरत है। हर साल कहीं न कहीं चुनाव होते हैं। इससे प्रशासन पर बोझ बढ़ता है। विकास कार्य रुकते हैं। बार-बार आचार संहिता लगने से योजनाएं अधर में लटक जाती हैं, शासन- प्रशासन का सामान्य कामकाज भी प्रभावित होता है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे तो समय और खर्च दोनों की बचत होगी। जनप्रतिनिधि पूरे कार्यकाल में जनता की सेवा कर सकेंगे।

शिवरतन शर्मा ने बताया कि 1952 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते थे। बाद में कुछ राज्यों में विधानसभा समय से पहले भंग होने से यह सिलसिला टूट गया। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव से दीर्घकालिक नीतियां प्रभावित होती हैं। एक साथ चुनाव से सरकारों को स्थिरता मिलेगी।

कार्यक्रम को चेम्बर आफ कामर्स के सुभाष भट्टर, जिलाध्यक्ष भाजपा आनंद यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश यदु ने भी सम्बोधित कर अपने विचार साझा किये...

कार्यक्रम के उपरान्त महेश्वरी भवन से हटरी बाजार होकर रामसप्ताह तक आपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सेना के साहस, शौर्य, पराक्रम, समर्पण को सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई..

इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी, पूर्व विधायक सनम जांगड़े, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, बब्बू मुंधडा, महिला आयोग सदस्य लक्ष्मी वर्मा, जिलापंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु, आशीष जायसवाल, गिरधर गोविंदनी, मुकेश सोनी, कमलेश कुकरेजा, सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण, प्रबुद्धजन, गणमान्यजन, पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिजन उपस्थित थे.

# इस सड़क पर भारी वाहनों की पार्किंग जानकर भी अनजान बने हुए हैं जिम्मेदार



**भाटापारा,** 19 मई (देशबन्धु)। पार्किंग अहम है लेकिन सुरक्षित आवागमन के लिए बनाया गया लिंक रोड जब पार्किंग के काम आने लगे, तो जाम का लगना स्वाभाविक ही है।

बीते एक पखवाड़े से कृषि उपज मंडी के सभी हिस्से जाम से बुरी तरह प्रभावित हैं। मंडी की दीवार से लगकर गुजरने वाली सड़क भी जाम के घेरे में आ चुकी है क्योंकि यह सड़क बड़ी वाहनों के पार्किंग के लिए सुरक्षित ठिकाना बन चुकी है। करीब ही है यातायात पुलिस कार्यालय लेकिन नजर नहीं आती सड़क पर खड़ी भारी वाहनें। फलत-प्रांगण में प्रवेश और निकास की व्यवस्था चौपट हो चुकी है।

**सड़क पर पार्किंग:** लिंक रोड। आबादी वाले क्षेत्र भारी वाहनों की आवाजाही से परेशान न हों। यह उद्देश्य था निर्माण का लेकिन अब यही रोड परेशानी की बड़ी वजह बन रही है क्योंकि सड़क के दोनों किनारे ट्रांसपोर्टरों की भारी वाहनों के घेरे में आ चुके हैं। इसलिए आवाजाही पहले जैसी आसान नहीं रही। यानी प्रांगण से लगता तीसरा हिस्सा भी जाम की चपेट में आ चुका है।

**बढ़ रही नाराजगी:** लिंक रोड के किनारों पर बनी कॉलोनी, मंदिर और व्यावसायिक प्रतिष्ठानें भी अब जाम की समस्या से जूझ रहीं हैं क्योंकि दोनों किनारो पर भारी वाहनों की पार्किंग बना दी गई है। ऐसे में सुरक्षित आवाजाही अब दिन में भी कठिन होने लगी हैं, इसलिए धरना की सुगबुगाहट यहां भी देखी जा रही है।

**देंगे ज्ञापन:** लिंक रोड के किनारे वाली कॉलोनियों के रहवासी और व्यापारिक प्रतिष्ठानें अब प्रशासन से मुलाकात की तैयारी कर रहीं हैं। ज्ञापन देकर मांग उठाई जाएगी कि सड़क के दोनों किनारे पार्किंग पर रोक लगाई जाए ताकि सुरक्षित आवागमन की राह आसान हो सके। अब देखना यह है कि लिंक रोड की इस अवैध पार्किंग को प्रशासन हटाता है या नहीं ?

# ग्राम पंचायत तुलसी नेवरा में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों के सम्मान में रैली

**तिल्दा नेवरा,** 19 मई (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत तुलसी नेवरा में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों का सम्मान करने के लिए को देशभक्ति, जोश और एकजुटता से भरी विशाल तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन देखा। यह आयोजन ग्राम पंचायत से शुरू हुआ, जहां सैकड़ो की संख्या में नागरिक राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत होकर एकत्र हुए। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति की तरंगों से गूंज उठा।



इस गरिमामय तिरंगा यात्रा का नेतृत्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमति शैल महेंद्र साहू ने किया। यात्रा में शामिल जिला पंचायत सदस्य श्रीमति शैल महेंद्र साहू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सुरक्षा एजेंसियों का एक सशक्त जवाब है. खासतौर पर जिस बहादुरी से ' *कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह इस मिशन को अंजाम दिया, वह सराहनीय है. हमें उन पर गर्व हैं ।तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत तुलसी सरपंच गुलाब चंद आडिल, उपसरपंच मनीषा वर्मा , समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# छेरकापुर में अवैध शराब बिक्री पर पूरी तरह से रोक, ग्रामीण हुए एकजुट

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 19 मई (देशबन्धु)। समीप ग्राम छेरकापुर में शराब की बिक्री पर रोक लगाने हेतु गांव वाले एकजुटता दिखाए है। यह अभियान 12 मार्च 2025 से चालु किया गया था अब लगभग पुरी तरह से शराब ब्रिकी बंद हो गया है। गांव में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ शराब बेचते पाए जाने पर वाले व्यक्ति पर 21000 रुपये का जुर्माना और बताने वाले को 15,000 रुपये का इनाम देने का प्रावधान है। गांव के लोगों ने मिलकर यह फैसला लिया है क्योंकि शराब के कारण कई दु:खद घटनाएं हुई है और हो रही हैं। एकता और जागरूकता के कारण उक्त निर्णय सफलता की ओर है। चूंकि गांव के लोग शराब के नकारात्मक प्रभावों से अवगत हैं और इस समस्या से निपटने के लिए एकजुट हो गए हैं। अब इस चल रहे योजना शराबबंदी होने से गांव में शांति का माहौल है जिससे ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।



वहीं गांव के मुलभूत समस्या व जनहीत को देखते हुए गांव में सरपंच कुमुदिनी साहु, उपसरपंच पंकज कुमार साहु व पंचों एवं ग्रामीणों द्वारा पेयजल संकट पर नवीन कुंओ का खुदाई करवाया जा रहा है। इस दौरान पंचगण त्रिभुवन साहु, भानु राम साहू, दिनेश साहू, देवानंद चंद्रवंशी, तेजराम बंजारे, नागेश्वरी चंद्राकर, सरोजिनी साहू, रुक्मणी धृतलहरे, दुर्गेश्वरी साहू, दुर्गा ध्रुव, नीतू यादव, हीरा साहू, अंजनी महिलांगे, शीला चतुर्वेदी, केतकी साहू, विजय लक्ष्मी सेन, ग्राम कोटवार उमेश्वर मानिकपुरी नागरिक गण टामन कन्नौजे, सतीश कुमार सिरमौर, झड़ी साहू, मालिक राम वर्मा, सोम कुमार धृतलहरे, मनोज रामायण, कार्तिक, लकेश्वर साहू, लेखराम साहू, ताम्रध्वज साहू, महेश्वर वर्मा, खेल कुमार साहू तथा अन्य ग्रामीणों द्वारा खुशी व्यक्त करते हुए पंचायत मंडली को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# ग्राम गुडेलिया बना छत्तीसगढ़ का मॉडल विकसित गांव : बृजमोहन अग्रवाल

**भाटापारा,** 19 मई (देशबन्धु)। विकसित गांव गुडेलिया में समाधान शिविर 2025 का आयोजन किया गया ।जिसमें विशेष रूप से सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शिविर मेंअपनी सहभागिता देते हये ग्राम गुडेलिया के शिविर में आए ग्रामीणों द्वारा रखे गये मांगों पर विकास की अनेक घोषणायें करते हये अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। ग्राम गुडेलिया में उपवन गार्डन निर्माण तथा पुस्तकालय एवं सुसज्जित लाईब्रेरी के अलावा अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र का उन्होंने लोकारपण किया। उक्त अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़राज्य में सरकार की विभिन्न योजनाओं केरियान्वयन में भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुडेलिया ग्राम पंचायत के अधीन हुए कार्यो यएवं क्रियान्वयन का यह प्रदर्शन प्रदेश में सरकार की योजनायें मॉडल स्वरूप की परिकल्पना को दर्शाती है, जहां हर वर्ग के लिये



शासन की विकास योजनाओं को सुसज्जित ढंग से जनता तक पहुंचाया जा रहा एवम शहरों जैसे कार्य ग्राम पंचायत गुड़ेलिया में किया जा रहा है सांसद ने कहा कि मैं आए हुए सभी सरपंचों से निवेदन करता है कि आप सभी भी गुड़ेलिया गाव के जैसे अपने गाव को विकसित करने का प्रयास करे , सभी सरपंचों के लिए गुड़ेलिया सरपंच संकेत अग्रवाल को एक रोल मॉडल बताया उक्त अवसर पर बड़ी तादाद में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुयेप्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहंचे यही सुशासन त्यौहार की मंशा है । उन्होंने गांव, गरीब, किसान का सच्चा हितैषी विष्णुदेव सरकार को बताते हये कहा कि ब्लाक के गुडेलिया गांव में इतने अधिक विकास कार्य कराये गये हैं कि पूरे प्रदेश में भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुडेलिया की ही चर्चा है। यह गांव मॉडल गांव के रूप में पूरे प्रदेश में लोगों को प्रेरणा देने का कामकर रहा है। उक्त अवसर पर सरपंच एवम सरपंच संघ अध्यच संकेत अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गांववासी उपस्थित थे।

# माता एवं भारत माता हमारे लिए सबसे पहले : अलका चंद्राकर

**बागबाहरा,** 19 मई (देशबन्धु)। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जिम्मेदार पाकिस्तान देश पर ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से माकूल जवाब देते हुए पाकिस्तान के आतंकवादी अड्डे को तहस नहस करते मुंह तोड़ जवाब दिया गया ऑपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक के बैनर तले ग्राम पतेरापाली में भव्य तिरंगे यात्रा निकाला गया पूरे उत्साह उमंग के साथ ग्रामवासी सरपंच उप सरपंच समाज प्रमुख मितानिन आंगनवाड़ी रोजगार सहायक आदि शामिल होते हुए रैली तिरंगा झंडा के साथ देशभक्ति नारे लगाते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया गया इस अवसर पर उपस्थित अलका चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा आज सेना के साथ देश का हर वर्ग हर धर्म हर जाति के लोग साथ हैं सेना के पराक्रम वीरता को सलाम करते हैं मातृशक्ति सोफिया कुरेशी व्योमिका सिंह द्वारा ऑपरेशन सिंदूर का नेतृत्व करते हुए पाकिस्तान के सैकड़ो आतंकवादी और उनके ठिकाने को नष्ट किया गया हमारे लिए जननी एवं जन्मभूमि सबसे प्रथम है देश सुरक्षित है तो हम सब सुरक्षित हैं देश का नेतृत्व आज सशक्त हाथों में है आज गांव-गांव में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से तिरंगा यात्रा निकाला गया जो हम सबके देश के प्रति प्रेम सेना के प्रति अगाध प्रेम को प्रदर्शित करता है हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारे आन बान शान का प्रतीक है इस अवसर पर सरपंच पद्मिनी बांधे केशव यादव संतू चंद्राकर डोमार यादव ललित बांधे नेहा पटेल भूखन ठाकुर अनीता पटेल पूर्णिया शुक्ला संतोषी ठाकुर सेवक पटेल नेपाल ठाकुर पदमां बांधेसहित ग्रामवासी उपस्थित थे।




# पुलिस द्वारा ई-साक्ष्य एवं आईओ मितान मोबाइल एप प्रशिक्षण कार्यशाला का किया गया आयोजन



## एसपी भावना गुप्ता ने बेहतर कार्य करने वालों को किया प्रोत्साहित

**बलौदाबाजार,** 19 मई (देशबन्धु)। ई-साक्ष्य एवं आई ओ मितान मोबाइल ऐप की समुचित जानकारी एवं इसकी कार्यप्रणाली को भली-भांति समझने के लिए पुलिस मुख्यालय छ.ग.रायपुर के निर्देशानुसार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विभिन्न 5 चरणों में ई-साक्ष्य एवं आई ओ मितान मोबाइल ऐप कार्यशाला का आयोजन किया गया। नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम में निहित प्रावधान, अंतर्गत अपराधिक प्रकरणों की विवेचना के दौरान साक्ष्य संग्रहण हेतु ई-साक्ष्य मोबाइल ऐप एवं घटनास्थल निरीक्षण कर उसका फोटोग्राफविडिओ अपलोड आदि हेतु आई ओ मितान मोबाइल ऐप तैयार किया गया है। इस मोबाइल ऐप की सहायता से विभिन्न साक्ष्यों का किसी प्रकरण में संग्रहण करने एवं संपूर्ण घटनास्थल का निरीक्षण कर इसकी विस्तृत जानकारी अपलोड करने का कार्य किया जाता है।

कार्यशाला में जिले के अलग-अलग अनुविभागों में पदस्थ पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को ई-साक्ष्य एवं आई ओ मितान के संबंध में प्रशिक्षक प्रधान आरक्षक विनोद सिंह एवं प्रतिदिन अलग-अलग प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न थाना चौकी से कुल 150 की संख्या में विवेचकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

18 मई 2025 को पुलिस कम्युनिटी हाल बलौदाबाजार में उक्त प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को ई-साक्ष्य एवं आई ओ मितान प्रशिक्षण कार्यक्रम में मिले निर्देशों एवं ज्ञान का अधिक से अधिक लाभ लेकर बेहतर एवं उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना रेडक्रास के तत्वाधान में जल संरक्षण व हमर चिरई, हमर चिन्हारी थीम पर विशेष जागरूकता अभियान

**नवापारा-राजिम,** 19 मई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम सोनेसिली में नगर के महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना रेडक्रास के तत्वाधान में जल संरक्षण व हमर चिरई, हमर चिन्हारी थीम पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया । इस भीषण गर्मी में जल संरक्षण एवं पक्षियों का संरक्षण कैसे किया जाय, जागरूकता अभियान में ग्राम सोनेसिली के उप-सरपंच ताराचंद साहू पंच विजय साहू, कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरके रजक सहित छतीस स्वयंसेवको की विशेष भूमिका रही। ताराचंद साहू ने कहा कि येपेड़ पौधों की लगातार कटाई से पक्षियों व वन प्राणियों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। हम सभी पर्यावरण की रक्षा करें। पशु पक्षी व वन्य प्राणी है तो मानव जीवन है। तथा जल संरक्षण के बारे मे जानकारी दिये हमें आगे आकर इनकी रक्षा करनी होगी जल का उपयोग व बचाओ, जल है तो जीवन है । इस नेक कार्य के लिए स्वयंसेवको एवं कार्यक्रम अधिकारी की प्रशंसा करनी होगी, जिन्होंने पेड़ो में मिट्टी के बर्तन व लकड़ी के सोपले बांधकर जा रहे हैं ताकि पक्षियों को जल व दाने मिल सके। उनकी सुरक्षा करना अब हम सबकी जवाबदारी है। इस तरह के पहल सभी ग्राम मे होनी चाहिएं कार्यक्रम संयोजक डॉ. आर. के. रजक ने बताया की पेड़ पौधों के साथ-साथ पशु-पक्षियों का पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका है. ।




# जेठ महीना में गर्मी चरम पर इसलिए यह महीना तप, संयम और सेवा का प्रतीक माना जाता : डॉ स्वामी राजेश्वरानंद

**नवापारा राजिम,** 19 मई (देशबन्धु)। हिंदू धर्म में ज्येष्ठ माह का विशेष महत्व होता है। यह महीना वैशाख के बाद आता है और हिंदू पंचांग का तीसरा महीना होता है। ज्येष्ठ माह को आम बोलचाल में जेठ महीना भी कहा जाता है। इसमें गर्मी अपने चरम पर होती है। इसलिए यह महीना तप, संयम और सेवा का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक दृष्टि से इस माह में जल सेवा, व्रत, पूजा और दान-पुण्य का विशेष महत्व बताया गया है। खासकर किसी प्यासे को शर्बत या ठंडा पानी पिलाना अत्यंत पुण्यकारी माना गया है।



**ज्येष्ठ मास कब से कब तक:** इस साल ज्येष्ठ मास की शुरुआत 13 मई 2025, मंगलवार से हो रही है और यह 11 जून 2025, बुधवार को समाप्त होगा। ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 12 मई की रात 10.25 बजे शुरू होकर 13 मई की रात 12.35 बजे तक रहेगी। इसी आधार पर पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ मास की गणना 13 मई से मानी जाएगी।

**ज्येष्ठ माह का धार्मिक महत्व:** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बजरंगबली की भगवान राम से पहली मुलाकात ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले मंगलवार को हुई थी। इसलिए इस माह में पड़ने वाले सभी मंगलवार को 'बड़ा मंगल' या 'बुढ़वा मंगल' के नाम से जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस माह में हनुमान जी और भगवान राम की पूजा-अर्चना करने से विशेष लाभ होता है और जीवन में सुख-शांति आती है। साथ ही, इस दिन दान-पुण्य करने से भी बहुत पुण्य मिलता है। कई स्थानों पर इस दिन हनुमान मंदिरों में भंडारे और जल सेवा भी आयोजित की जाती है।

# नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण के लिए 30 मई तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार,** 19 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत् जिले के युवाओं के लिए बलौदाबाजार में संचालित कोर्स जनरल ड्युटी असिस्टेंट, सोलर पेनल इंस्टॉलेशन टेक्नीशियन, गुड सर्विस टैक्स (जीएसटी), जल वितरण संचालक, योगा इंस्ट्रक्टर, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, फिश सीडग्रोवर, गार्डनर एवं भाटापारा में संचालित कोर्स मोबाईल फोन हार्डवेयर रिपेयर टेक्नीशियन, रिटेल सेल्स एसोसिएट, कसडोल में संचालित कोर्स मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिग उपरोक्त कोर्स में नि:शुल्क प्रशिक्षण दी जायेगी। शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 10वी, 12वी उत्तीर्ण, उम्र 18 से 45 वर्ष होना चाहिए। आवश्यक दस्तावेज, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 02 नग पासपोर्ट फोटो, राशन कार्ड, जिला कौशल विकास प्राधिकरण बलौदाबाजार, संयुक्त जिला कार्यालय, परिसर कक्ष क्र.-70 एवं जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सकरी बलौदाबाजार में 30 मई 2025 तक आवेदन जमा कर सकते है।